www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शुक्रवार, 23 मई 2025 । वर्ष – 67 । अंक –37 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु
प्रेस पंजीयन- 06072/59



■ अजब-गजब कहानियों के ज़रिए जारी है ताजपोशी
■ डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन युद्ध शांति वार्ता की जिम्मेदारी पोप पर डाली
पृष्ठ 6

■ नेतन्याहू ने दोहराया गाजा पर पूर्ण कब्जे का इरादा
■ शहबाज शरीफ ने दिया भारत के साथ सऊदी अरब में वार्ता का प्रस्ताव
पृष्ठ 7

म्हात्रे होंगे इंग्लैंड दौरे पर भारत की अंडर 19 के कप्तान, सूर्यवंशी को भी मिली जगह
पृष्ठ 8

# बसव राजू सहित 27 नक्सलियों के शव लाए गए, दो शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि







**नारायणपुर**, 22 मई (देशबन्धु)। 21 मई को अबूझमाड़ के जंगलों में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 27 माओवादियों को ढेर कर दिया. इनमें नंबला केशव राव उर्फ बसव राजू भी शामिल है। सभी माओवादियों के शवों को हेलिकाप्टर के माध्यम से आज नारायणपुर जिला मुख्यालय लाए गए। बस्तर के आईजी पी सुंदरराज और अन्य अधिकारी 21 मई को नारायणपुर के अबूझमाड़ के जंगल क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में डीआरएफ द्वारा मारे गए 27 नक्सलियों के शवों का निरीक्षण किया।

डीजीपी अरुण देव गौतम ने कहा कि अबूझमाड़ मुठभेड़ के दौरान एक डीआरजी का जवान शहीद हुआ। वहीं मुठभेड़ की समाप्ति के बाद वापस लौट रहा एक डीआरजी का जवान आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आ गया। दोनों जवानों के पार्थिव शरीर भी नारायणपुर जिला मुख्यालय लाए गए. दोनों जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।

ऑपरेशन से जुड़ा हुआ एक और वीडियो भी ग्राउंड जीरो से सामने आया है, जिसमें नक्सलियों के शव को बरामद करने के बाद जवान सफलता का जश्न मना रहे हैं. बता दें, छत्तीसगढ़ के नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र अबूझमाड़ में नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ा ऑपरेशन चल रहा था। 19 मई 2025 को अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादी नेताओं की उपस्थिति के पुख्ता इनपुट के आधार पर अलग-अलग जिलों की डीआरजी की टीमें सर्चिंग अभियान में निकली हुई थीं. इसी दौरान 21 मई की सुबह माओवादी दस्ते ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू की, जिसके जवाब में सुरक्षाबलों ने साहसपूर्वक और रणनीतिक तरीके से कार्रवाई करते हुए माओवादी महासचिव और शीर्ष नेता नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजु, बीआर दादा, गगन्ना समेत 27 नक्सलियों का ढेर कर दिया।

# पीएम मोदी ने प्रदेश के 5 अमृत स्टेशनों का किया उद्घाटन

## मुख्यमंत्री साय अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन उद्घाटन कार्यक्रम में हुए शामिल



■ रायपुर मंडल का उरकुरा, भिलाई और भानुप्रतापपुर स्टेशन और नागपुर मंडल का डोंगरगढ़ स्टेशन शामिल

**रायपुर**, 22 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वर्चुअल माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के पांच अमृत स्टेशन सहित देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घघाटन किया। इन स्टेशनों का उन्नयन यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में आयोजित उद्घघाटन कार्यक्रम में शामिल हुए ।छत्तीसगढ़ के जिन अमृत स्टेशनों का उद्घघाटन हुआ उनमें बिलासपुर मंडल का अम्बिकापुर स्टेशन, रायपुर मंडल का उरकुरा, भिलाई और भानुप्रतापपुर स्टेशन और नागपुर मंडल का डोंगरगढ़ स्टेशन शामिल हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आदिवासी बहुल सरगुजा जिले का मुख्यालय अंबिकापुर सहित छत्तीसगढ़ के 5 रेल्वे स्टेशन अब रेल्वे मानचित्र में प्रमुख स्टेशन के रूप में शामिल हो गए हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ में अमृत स्टेशनों के सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। अंबिकापुर में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री राम विचार नेताम, वित्त ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, लोकसभा सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक राजेश अग्रवाल, उद्धेश्वरी पेकरा, शंकुतला पोंते, मुख्य सचिव अमिताभ जैन संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा, आई.जी. दीपक झा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में कुल 1337 स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिनमें से पूर्ण हुए 103 अमृत स्टेशनों का आज लोकार्पण किया गया हैं।

इन स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप दिया गया है ।साथ ही स्थानीय लोक कला, संस्कृति और परंपराओं को भी स्टेशन डिज़ाइन में स्थान दिया गया है. इन अमृत स्टेशनो में उपलब्ध सुविधाओं में भव्य प्रवेश द्वार, आकर्षक साज-सज्जा, हाई मास्ट लाइटिंग, आधुनिक प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, मॉर्डन टॉयलेट, दिव्यांगजन के लिए सुगम रैंप, प्लेटफॉर्म शेल्टर, कोच इंडिकेशन सिस्टम और डिजिटल डिस्प्ले आदि शामिल हैं।

# अबूझमाड़ के बाद बीजापुर में पांच नक्सली ढेर, 2 जवान घायल

**बीजापुर।** शीर्ष माओवादी नेता नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजु को एक दिन पहले मार गिराने के बाद भी सुरक्षाबल का अभियान जारी है। गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत पीडिया के जंगलों में जारी मुठभेड़ में डीआरजी ने पांच नक्सलियों को मार गिराया है। इस दौरान दो जवानों के घायल होने की खबर है। वहीं नारायणपुर में आईईडी ब्लास्ट में एक जवान शहीद हो गया है।

एक दिन पहले ही बुधवार को अबूझमाड़ के घने जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए अब तक के सबसे बड़े अभियान में डीआरजी के जवानों ने माओवादी संगठन के महासचिव और शीर्ष नेता नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजु के साथ कुल 27 नक्सलियों को मार गिराया था। इसके बाद भी सुरक्षाबल के जवानों ने बिना विराम लिए नक्सलियों के खात्मे में जुटे हुए हैं। अबूझमाड़ ऑपरेशन अभियान के दौरान कल 21 मई को शाम लगभग 7 बजे आईईडी की चपेट में आने से बीजापुर के डीआरजी जवान रमेश हेमला शहीद हो गए। इससे पूर्व 21 मई को ही सुबह नक्सली हमले का बहादुरी से सामना करते हुए नारायणपुर जिले के औरचा थाना क्षेत्र के ग्राम भटबेडा का निवासी डीआरजी टीम के सदस्य खोटलूराम कोर्राम शहीद हो गए थे। दोनों शहीद जवानों का पार्थिव शरीर नारायपुर जिला मुख्यालय में लाया गया।

## सार संक्षेप

### सत्यपाल मलिक गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक इस समय अस्पताल में भर्ती हैं, जिसकी जानकारी उनके सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर दी गई है। उनकी यह जानकारी ऐसे समय पर आई है, जब उनके खिलाफ सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की है। उन्होंने अस्पताल से अपने बेड की तस्वीर भी शेयर की है।

### ज्योति मल्होत्रा को चार दिन की रिमांड पर भेजा

**हिसार।** जासूसी कांड में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। उसकी पांच दिनों की पुलिस रिमांड खत्म होने वाली थी, जिस वजह से उसे कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट ले जाया गया, जहां कोर्ट ने फिर से उसे चार दिनों के लिए पुलिस रिमांड में भेजने का आदेश दिया।

### किश्तवाड़ में दो आतंकी ढेर, एक जवान भी हुआ शहीद

**जम्मू।** जम्मू -कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में गुरुवार को संयुक्त सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो आतंकियों को ढेर कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक, इस अभियान के दौरान एक जवान घायल हो गया जिसने बाद में दम तोड़ दिया। मुठभेड़ अभी जारी थी क्योंकि अनुमान के अनुसार, मुठभेड़ में अभी भी दो आतंकी घिरे हुए थे। फिलहाल आतंकियों के मारे जाने की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी था।

### पांच शहरों के लिए 10,900 इलेक्ट्रिक बसों को मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारी उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि पीएम ई-ड्राइव योजना के मौजूदा चरण के तहत बेंगलुरु को लगभग 4,500, हैदराबाद को 2,000, दिल्ली को 2,800, अहमदाबाद को 1,000 और सूरत को 600 इलेक्ट्रिक बसें दी जाएंगी।

### पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ईमेल के जरिए दी गई है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट को ईमेल के जरिए उड़ाने की धमकी मिलने के बाद से परिसर में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने हाईकोर्ट परिसर को आनन-फानन में खाली करवाया।

# वक्फ कानून पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली**, 22 मई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद बृहस्पतिवार को तीन मुद्दों पर अपना अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया। जिसमें 'अदालतों द्वारा वक्फ, वक्फ बाई यूजर या वक्फ बाई डीड' घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति भी शामिल है।



■ केंद्र सरकार ने संसद की तरफ से पूरी प्रक्रिया के पालन के बाद कानून बनाने का हवाला दिया

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अंतरिम आदेश सुरक्षित रखने से पहले करीब तीन दिन तक वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, राजीव धवन और अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें सुनीं, जो संशोधित वक्फ कानून के विरोध में याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सरकार का पक्ष रखा। केंद्र ने इस अधिनियम का दृढ़ता से समर्थन करते हुए कहा कि वक्फ अपनी प्रकृति से ही एक धर्मनिरपेक्ष अवधारणा है और संवैधानिकता की धारणा के इसके पक्ष में होने के मद्देनजर इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। वहीं, याचिकाकर्ताओं की पैरवी कर रहे सिब्बल ने इस कानून को 'ऐतिहासिक कानूनी और संवैधानिक सिद्धांतों से पूर्ण विचलन' तथा 'गैर-न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से वक्फ पर कब्जा करने' का जरिया बताया। सिब्बल ने कहा, यह वक्फ संपत्तियों पर सुनियोजित तरीके से कब्जा करने का मामला है। सरकार यह तय नहीं कर सकती कि कौन से मुद्दे उठाए जा सकते हैं।

### ईडी ने सारी हदें पार की : सुप्रीम कोर्ट

तमिलनाडु शराब दुकान लाइसेंस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सारी हदें पार कर दी हैं। जब राज्य सरकार की जांच एजेंसी इस मामले में कार्रवाई कर रही है तो ईडी को हस्तक्षेप करने की जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ईडी देश के संघीय ढांचे का उल्लंघन कर रही है।

# दो ट्रकों के बीच आमने-सामने टक्कर के बाद वैन टकराई, लगी आग से वैन चालक की मौत, 5 घायल



**बलौदाबाजार**, 22 मई (देशबन्धु)। बलौदाबाजार जिले के पलारी थाना क्षेत्र के संडी व कोदवा के बीच बुधवार रात एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण हुए इस सड़क हादसे में एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो गई और पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पलारी थाना क्षेत्र के संडी और कोदवा गांव के बीच हुई इस दुर्घटना ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया है। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और जलती वैन की लपटों में फंसे चालक की दर्दनाक मौत ने सभी को झकझोर दिया।

बुधवार रात लगभग 8 बजे के करीब दो ट्रक आमने-सामने से टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और सड़क पर हंगामे जैसा दृश्य उत्पन्न हो गया। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक यात्री वैन ट्रक से जा टकराई। कहा जा रहा है कि वैन चालक को सामने हुए हादसे का अंदाजा नहीं हो पाया और जब तक ब्रेक लगाया जा सकता, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। टक्कर के बाद वैन में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी वैन आग की लपटों में घिर गई। चारों तरफचीख-पुकार मच गई, ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। इस हादसे में वैन चालक सेवक साहू की मौके पर ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

# पुलिस मुख्यालय में कल से शनिवार का अवकाश खत्म

**रायपुर**, 22 मई (देशबन्धु)। पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) में आने वाले शनिवार से छुट्टी नहीं रहेगी। यानी फुल वर्किंग होगी। डीजीपी अरुणदेव गौतम ने अफसरों के साथ विचार-विमर्श के बाद तय किया था कि शनिवार की छुट्टी से काम प्रभावित हो रहे हैं। पीएचक्यू में छुट्टी शुरू होने का असर पुलिस से जुड़ी सभी एजेंसियों में जल्द नजर आ सकता है। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की हो रही है कि क्या पुलिस मुख्यालय में शनिवार की छुट्टी बंद होना सिर्फ इशारा है। क्या कुछ समय के भीतर महानदी मंत्रालय, इंद्रावती भवन और नया रायपुर की तमाम एचओडी बिल्डिंग्स समेत सभी सरकारी विभागों में भी शनिवार की छुट्टी खत्म कर दी जाएगी और छत्तीसगढ़ में जल्दी ही फाइव डेज वीक की व्यवस्था खत्म करके पुराना सिक्स डेज सिस्टम लागू किया जा सकता है।

■ महानदी, इंद्रावती, एचओडी में भी लागू होगा !

पुलिस मुख्यालय में शनिवार की छुट्टी बंद भी हो गई, तो पुलिस अनुशासित कैडर है इसलिए किसी तरह के विरोध का सवाल ही नहीं उठता। वैसे भी पीएचक्यू समेत तमाम प्रमुख दफ्तर अघोषित रूप से शनिवार को खुल ही रहे हैं, क्योंकि अफसर जाते ही हैं। अफसरों का स्टाफ भी पहुंचता है, केवल बाकी कर्मचारियों की छुट्टी रहती है। शनिवार को छुट्टी होने से शुक्रवार की आधे दिन की वर्किंग प्रभावित होने लगी है। सभी विभागों में शुक्रवार को फर्स्ट हाफ के बाद से ही सैटरडे-सनडे की छुट्टी का माहौल बनने लगता है। दूसरा, दो दिन की पूरी छुट्टी और फ्राइडे के सेकंड हाफ में भी ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

# कश्मीर पर किसी की मध्यस्थता मंजूर नही : जयशंकर

**नई दिल्ली**, 22 मई (एजेंसियां)। विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने आतंकवाद को कतई बर्दाशत नहीं करने की भारत की नीति को दोहराते हुए जोर देकर कहा है कि इसे जम्मू कश्मीर के साथ जोड़ कर नहीं देखा जाना चाहिए, जो भारत तथा पाकिस्तान के बीच का द्विपक्षीय मुद्दा है और इसमें किसी तरह की मध्यस्थता की कोई जगह नहीं है। नीदरलैंड की यात्रा पर गए श्री जयशंकर ने एक पत्रिका को दिए साक्षात्कार में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के खिलाफ भारतीय कार्रवाई की एकजुट होकर सराहना करनी चाहिए। आतंकवाद को जम्मू कश्मीर मुद्दे से जोड़ने से संबंधित प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत के लिए आतंकवाद इससे 'एकदम अलग मुद्दा' है। यह अंतर्राष्ट्रीय अपराध है जिसे किसी भी तरीके से माफ नहीं किया जा सकता या उचित नहीं ठहराया जा सकता। कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप या अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की मध्यस्थता की पेशकश से जुड़े सवाल पर श्री जयशंकर ने साफ शब्दों में कहा , इसमें मध्यस्थता की कोई गुंजाईश नहीं है यह दोनों देशों के बीच एक द्विपक्षीयमुद्दा है ।विदेश मंत्री ने कहा, जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि 1947 में पाकिस्तान के भारत से अलग होने पर यह भारत में शामिल हो गया।

# हमारी सेना पाकिस्तान को घुटनों पर लाई : मोदी

**बीकानेर**, 22 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर में एक सभा को संबोधित करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि हमने 22 अप्रैल का बदला 22 मिनट में ले लिया। पीएम मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, '22 अप्रैल के हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतंकियों के 9 सबसे बड़े ठिकाने तबाह कर दिए। दुनिया ने और देश के दुश्मनों ने भी देख लिया है कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है। उन्होंने कहा,





हमारी सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दी। तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। राजस्थान की ये वीर धरा हमें सिखाती है कि देश और देशवासियों से बड़ा और कुछ नहीं है। 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था। वो गोलियां पहलगाम में चली थी, लेकिन उन गोलियों से 140 करोड़ देशवासियों का सीना छलनी हुआ था। इसके बाद हर देशवासी ने एकजुट होकर संकल्प ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

### खोखले भाषण देना बंद करें : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर राहुल गांधी पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने देश के सम्मान से समझौता कर लिया है। अब खोखले भाषण देना बंद कर दीजिए। एक्स पर पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा कि मोदी जी, खोखले भाषण देना बंद कीजिए। सिर्फ इतना बताइए कि आतंकवाद पर आपने पाकिस्तान की बात पर भरोसा क्यों किया? ट्रंप के सामने झुककर आपने भारत के हितों की कुर्बानी क्यों दी? आपका खून सिर्फ कैमरों के सामने ही क्यों गरम होता है? आपने भारत के सम्मान से समझौता कर लिया!

रिपोर्ट

## फिच ने भारत की विकास दर का अनुमान बढ़ाया, चीन के विकास अनुमान को घटाया

# भारत के जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.4 फीसदी किया

**नई दिल्ली, 22 मई (एजेंसियां) वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने गुरुवार को अगले पांच वर्षों के लिए भारत के जीडीपी वृद्धि अनुमान को 0.2 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया। इसकी वजह हाल के वर्षों में देश की श्रम शक्ति भागीदारी दर में तेज वृद्धि होना है।**

फिच ने कहा, भारत की ट्रेंड ग्रोथ के लिए हमारा अनुमान 6.4 प्रतिशत है, जो पहले 6.2 प्रतिशत था। हमें लगता है कि हाल के वर्षों से टीएफपी वृद्धि धीमी हो जाएगी और लंबी अवधि के औसत 1.5 प्रतिशत के अनुरूप होगी। टोटल-फैक्टर प्रोडक्टिविटी (टीएफपी), जिसे मल्टी-फैक्टर उत्पादकता भी कहा जाता है, को आमतौर पर कुल उत्पादन (जीडीपी) और कुल इनपुट के अनुपात के रूप में मापा जाता है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने चीन के विकास अनुमान को 0.3 प्रतिशत अंक घटाकर 4.3 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 4.6 प्रतिशत था ।यह बदलाव अगले पांच वर्षों में 10 उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं के लिए संभावित जीडीपी वृद्धि के फिच के संशोधित आकलन का हिस्सा है।

फिच ने बताया कि भारत के लिए संशोधित अनुमान श्रम उत्पादकता के बजाय श्रम इनपुट (मुख्य रूप से कुल रोजगार में) से अधिक योगदान को दिखाता है।

रेटिंग एजेंसी ने श्रम बल डेटा के संशोधित मूल्यांकन के आधार पर अपने अनुमानों में भी बदलाव किए हैं।

फिच ने कहा कि भागीदारी दर से योगदान को संशोधित कर ऊपर की ओर कर दिया गया है, जबकि पूंजी गहनता के अनुमानित योगदान को कम कर दिया गया है ।फिच रेटिंग्स ने कहा, हमारे संशोधित अनुमान से पता चलता है कि श्रम उत्पादकता के बजाय श्रम इनपुट (कुल रोजगार) का योगदान अधिक है। हाल के वर्षों में भारत की श्रम शक्ति भागीदारी दर में तेजी से वृद्धि हुई है; हमें उम्मीद है कि यह प्रोडक्टिविटी बढ़ती रहेगी। फिच रेटिंग्स के निदेशक रॉबर्ट सिएरा ने कहा, उभरते बाजारों में संभावित वृद्धि का हमारा नया अपडेट अब 3.9 प्रतिशत पर है, जो नवंबर 2023 में प्रकाशित हमारे 4 प्रतिशत अनुमान से मामूली गिरावट दर्शाता है। यह मुख्य रूप से चीन में कम संभावित वृद्धि को दर्शाता है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने कहा कि चीन की कम क्षमता का कारण कमजोर पूंजी गहनता और श्रम शक्ति भागीदारी में तेज गिरावट हो सकती है। पिछले महीने जारी आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

# देश

**उवाच**



नक्सलवाद पर कार्रवाई की तारीफ की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्राथमिकता से नक्सलवाद को खत्म कर रही है। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ केंद्र सरकार सख्त कदम उठाते हुए लगातार नक्सलियों को पकड़ने के लिए अभियान चला रही है। कई बार पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ हो चुकी है: **उपेंद्र कुशवाहा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 41.0 | 31.0 |
| मुंबई | 31.0 | 29.0 |
| कोलकाता | 34.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 37.0 | 28.0 |

# कांग्रेस के बिना एनडीए को नहीं हराया जा सकताः पप्पू यादव

## बिहार का चुनाव राहुल गांधी के नेतृत्व में लड़ने की जरूरत

**पटना,** 22 मई (एजेंसियां)। पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने गुरुवार को साफ लहजे में कहा कि कांग्रेस के बिना एनडीए को नहीं हराया जा सकता। बिहार का चुनाव राहुल गांधी के नेतृत्व में लड़ने की जरूरत है, तभी हम सफल हो सकते हैं।

पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान महागठबंधन की सरकार बनने पर मुकेश सहनी के उपमुख्यमंत्री बनने को लेकर दिए गए बयान पर निर्दलीय सांसद ने कहा, 'यह उनकी अपनी व्यक्तिगत राय है। वे नेता हैं और उनको अधिकार है अपनी मांग रखने का। मैं कांग्रेस का कार्यकर्ता हूँ और मैं इतना ही कह सकता हूं कि कांग्रेस के बगैर एनडीए को नहीं हराया जा सकता है। सभी जाति, धर्म, वर्ग का कांग्रेस नेता राहुल गांधी के प्रति सम्मान है। एसटी, एससी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, ऊंची जाति के लोग हों, सभी की उम्मीदें राहुल गांधी हैं।'



उन्होंने आगे कहा कि बिहार का चुनाव हमें राहुल गांधी के नेतृत्व में लड़ने की जरूरत है, तभी हमें सफलता मिलेगी। आज राष्ट्र के सवाल पर या स्वाभिमान के सवाल पर, युवाओं के मुद्दों पर सभी की उम्मीद राहुल गांधी बन गए हैं। इधर, बिहार में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव में वार-पलटवार के बीच सांसद पप्पू यादव ने कहा कि 15 साल राजद की सरकार और 20 साल एनडीए की सरकार, दोनों लोगों ने मिलकर बिहार

**सभी जाति, धर्म, वर्ग का कांग्रेस नेता राहुल गांधी के प्रति सम्मान है। एसटी, एससी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, ऊंची जाति के लोग हों, सभी की उम्मीदें राहुल गांधी हैंः पप्पू यादव**

को बर्बाद किया। आज बिहार में सबसे बुरी स्थिति स्वास्थ्य विभाग की है। कहीं अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन नहीं है तो कहीं एमआरआई नहीं है।

उन्होंने कहा कि केवल पैसे के लिए भवन पर भवन बन रहे हैं। पहले ठेकेदारी होगी, उसके बाद वसूली होगी। न वहां डॉक्टर होंगे, न दवाई होगी। विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव भी चार साल उपमुख्यमंत्री रहे, स्वास्थ्य विभाग भी इनके पास था। उन्होंने आगे स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को भी नसीहत देते हुए कहा कि आलोचना सहनी चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री हैं तो लोग अपेक्षा करेंगे। स्वास्थ्य विभाग की स्थिति सही नहीं है।

## सीजफायर नहीं होता तो आज पीओके हमारा होता : इमरान मसूद



**लखनऊ।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर में पीएम मोदी के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा कि जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया है। इमरान मसूद ने कहा कि हमें तो पीओके की उम्मीद थी। लेकिन, सीजफायर का ऐलान हो गया। कांग्रेस सांसद ने कहा कि बीकानेर में पीएम मोदी ने जो कहा है, वह बिल्कुल सही कहा है, उनके पास इनपुट होगा। इसीलिए, जनता के सामने उन्होंने कहा, लेकिन, उन्हें यह भी बताना चाहिए कि हमने इन आतंकियों को मार गिराया। हमें उम्मीद थी कि हम पीओके पर नियंत्रण कर लेंगे। हमारी सेना तो पीओके में घुस गई थी। पीओके पर बटन दबाना था, लेकिन सीजफायर का बटन दबा दिया। अगर सीजफायर नहीं होता तो आज पीओके भारत का होता। उन्होंने सीजफायर पर कहा कि क्या हम ट्रंप के गुलाम हैं, नहीं हैं तो फिर सीजफायर क्यों? सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के विदेश जाने पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि देश के भीतर हमारे जो भी मतभेद हो सकते हैं, वह हमारा आंतरिक मामला है। लेकिन, जब हम विदेश जाएंगे, तो हम एकता के साथ जाएंगे, हम देश के लिए बोलेंगे, हम केवल भारत के हितों का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# कौन बनेगा यूपी का अगला डीजी?

## अगले हफ्ते रिटायर हो रहे प्रशांत कुमार को क्या मिलेगा सेवा विस्तार

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 22 मई (देशबन्धु)। यूपी पुलिस के नए मुखिया को लेकर चर्चाएं एक बार फिर तेज हो गई हैं। वर्तमान कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार का सेवाकाल इस माह समाप्त हो रहा है, और अभी तक उनकी जगह लेने वाले अधिकारी को लेकर सरकार की ओर से कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक, राज्य सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग को डीजीपी नियुक्ति के लिए कोई प्रस्ताव नहीं भेजा है, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि प्रदेश को एक बार फिर कार्यवाहक डीजीपी से ही संतोष करना पड़ सकता है।

पिछले वर्ष राज्य सरकार ने 'पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2024' को मंजूरी जरूर दी थी, जो डीजीपी चयन की प्रक्रिया को पारदर्शी और नियमानुसार करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा था। हालांकि उस नियमावली के तहत अब तक चयन समिति का गठन नहीं हो सका है। ऐसे में नियमित डीजीपी की नियुक्ति की संभावना फिलहाल बहुत कमजोर नजर आ रही है। 1990 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी



प्रशांत कुमार के सेवा विस्तार को लेकर भी अटकलें तेज हैं। यह याद रखना जरूरी है कि वर्ष 2017 में सरकार बनने के बाद सुलखान सिंह को सेवा विस्तार दिया गया था, जो एक नजीर बन सकता है। अगर प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं दिया जाता है, तो राज्य सरकार के पास 1990 बैच के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों में से किसी को कार्यवाहक डीजीपी बनाने का विकल्प खुलेगा।

पीवी रामाशास्त्री (डीजी जेल) और डॉ. संजय एम. तरडे (डीजी टेलीकॉम) का सेवाकाल भी इसी माह 31 मई को समाप्त हो रहा है, जिससे उनकी उम्मीदों पर विराम लगता दिख रहा है। वहीं, इसी बैच के बीके मौर्य (डीजी होमगार्ड) और एमके बशाल को कार्यवाहक डीजीपी बनने का मौका मिल सकता है। रेणुका मिश्रा, संदीप सांलुके और

■ **राज्य सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग को डीजीपी नियुक्ति के लिए कोई प्रस्ताव नहीं भेजा**

दलजीत सिंह चौधरी वरिष्ठता सूची में प्रशांत कुमार से ऊपर हैं, लेकिन अब तक उन्हें लेकर कोई सक्रिय चर्चा नहीं हुई है। ऐसे में हो सकता है उन्हें भी मौका दिया जाए। इसके अलावा तिलोत्तमा वर्मा, जो नवंबर तक सेवावान हैं, भी एक संभावित नाम के रूप में देखी जा रही हैं।

1991 बैच के राजीव कृष्ण (डीजी विजिलेंस) और केंद्र में डीजी एसपीजी के पद पर तैनात आलोक शर्मा को भी अगले पूर्णकालिक डीजीपी के रूप में प्रबल दावेदार माना जा रहा है। दोनों अधिकारी न केवल वरिष्ठ हैं, बल्कि उनका प्रशासनिक अनुभव भी उन्हें इस दौड़ में मजबूत बनाता है। योगी सरकार में अब तक आठ डीजीपी बदले जा चुके हैं, जिनमें से सुलखान सिंह, ओपी सिंह, हितेश चंद्र अवस्थी और मुकुल गोयल पूर्णकालिक डीजीपी रहे हैं। जबकि डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान, डॉ. आरके विश्वकर्मा, विजय कुमार और प्रशांत कुमार ने कार्यवाहक डीजीपी के रूप में सेवा दी है।

## सार संक्षेप

### केंद्र ने की आवास परियोजनाओं में दिव्यांगजनों के लिए 4 फीसदी आरक्षण की घोषणा

**नई दिल्ली।** आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने गुरुवार को समावेशी शासन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए केंद्र सरकार के आवास योजना में दिव्यांगजनों के लिए 4 फीसदी आरक्षण की घोषणा की है। यह पहल दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के अनुरूप है और इसका उद्देश्य सार्वजनिक सेवाओं में समानता, सम्मान और पहुंच सुनिश्चित करना है। मंत्रालय की ओर से जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, 'केंद्र सरकार के आवास के आवंटन में विकलांग व्यक्तियों को 4 प्रतिशत का आरक्षण प्रदान किया जाएगा, जो सार्वजनिक सेवाओं में समानता, सम्मान और पहुंच की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।'

### रान्या राव सोना तस्करी मामले में मंत्री जी परमेश्वर के संस्थानों पर ईडी रेड

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने गुरुवार को अभिनेत्री रान्या राव से जुड़े सोना तस्करी मामले में जी परमेश्वर के स्वामित्व वाले मेडिकल कॉलेज पर हुई ईडी की छापेमारी पर कहा कि जब हम पब्लिक लाइफ में होते हैं, तो लोगों को उपहार के रूप में बहुत कुछ देते हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कभी हम लोगों को 10 हजार देते हैं, तो कभी 5 लाख, तो कभी 10 लाख। मुझे पूरी उम्मीद है कि अगर जी परमेश्वर ने कुछ दिया भी होगा, तो वह उपहार के रूप में दिया होगा। उन्होंने अभिनेत्री रान्या राव के संदर्भ में कहा कि जो कुछ भी उस महिला ने किया है, वह निश्चित तौर पर गलत है। कानून अपना काम करेगा। रही बात जी परमेश्वर की, तो मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हम एक दिन में कई लोगों से मिलते हैं। ऐसी स्थिति में हमें मालूम नहीं पड़ता है कि हमें किसने क्या दिया है या हमने किसको क्या दिया है। लेकिन, अब ईडी इस मामले में हस्तक्षेप कर चुकी है, तो कानून अपना काम करेगा।

### आउटसोर्सिंग की नियुक्तियों में भी आरक्षण, कैबिनेट से नियमावली मंजूर

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित झारखंड कैबिनेट की बैठक में सरकारी कार्यालयों और उपक्रमों में आउटसोर्सिंग के आधार पर नियुक्ति, वेतनमान और उनकी सेवा शर्तों को लेकर मैन्युअल (नियमावली) के गठन को मंजूरी दी गई है। ऐसे कर्मियों की नियुक्ति अब कम से कम 5 साल के लिए की जाएगी। इसके बाद उन्हें तीन साल का सेवा विस्तार दिया जा सकेगा। नियुक्ति में आरक्षण के नियमों का पालन किया जाएगा। आउटसोर्स सर्विस प्रोवाइडर के लिए यह अनिवार्य होगा कि वे सभी कर्मियों को एक न्यूनतम वेतनमान देना सुनिश्चित करें।

## अमृत भारत स्टेशन योजना

# हाई-मास्ट लाइटिंग, आधुनिक प्रतीक्षालय से लैस हुआ बूंदी स्टेशन

■ **उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान बूंदी में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शिरकत की**

**बूंदी,** 22 मई (एजेंसियां)। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत राजस्थान के बूंदी रेलवे स्टेशन को 7 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया गया है। इस उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान बूंदी में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शिरकत की। इस दौरान बूंदी विधान सभा के विधायक हरिमोहन शर्मा और अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। बूंदी स्टेशन पर भव्य प्रवेश द्वार, हाई मास्ट लाइटिंग, आधुनिक प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, मॉर्डन टॉयलेट और दिव्यांगजन के लिए सुगम रैंप जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। प्लेटफॉर्म पर शेल्टर,कोच इंडिकेशन सिस्टम और सूचना के लिए डिजिटल डिस्प्ले लगाए गए



**देश के 103 अमृत रेलवे स्टेशन के लोकार्पण के साथ स्टेशनों के अंदर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिले, ट्रेन का इंतजार करते समय यात्रियों को कोई परेशानी न हो इसका ध्यान रखा गया हैः ओम बिरला, अध्यक्ष लोकसभा**

हैं। सभी सुविधाओं को दिव्यांगजन अनुकूल बनाया गया है। इस स्टेशन का कायाकल्प 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत किया गया है। इस दौरान लोकसभा स्पीकर बिरला ने भी शिलापट्ट का अनावरण किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि देश के 103 अमृत रेलवे स्टेशन के लोकार्पण के साथ स्टेशनों के अंदर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिले, ट्रेन का इंतजार करते समय यात्रियों को कोई परेशानी न हो इसका ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि रेलयात्रा गरीब और मध्यम वर्ग करता है। गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को स्टेशनों पर पीने का पानी, बैठने की सुविधा, शौचालय की सुविधा के साथ डिस्प्ले बोर्ड भी लगा हो, यह सारी सुविधाएं बूंदी रेलवे स्टेशन पर हैं।

उन्होंने कहा कि बूंदी रेलवे स्टेशन पर विरासत, संस्कृति, धरोहर के साथ-साथ आधुनिकता भी दिखाई देगी। पीएम ने पूरे देश के अंदर स्टेशनों को उस क्षेत्र की विरासत के साथ विश्वस्तरीय बनाया है।

# जो सरकार चूहा नहीं पकड़ पा रही है, वह अपराधियों को क्या खाक पकड़ेगी : तेजस्वी

**पटना,** 22 मई (देशबन्धु)। पटना में क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान हुई ताबड़तोड़ फायरिंग में तीन लोगों को गोली लगी है। बिक्रम से कांग्रेस के बागी विधायक सिद्धार्थ और दो अन्य पर फायरिंग करने का आरोप लगा है। अब इस घटना को लेकर सियासत शुरू हो गई है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इसको लेकर सरकार पर बड़ा हमला बोला है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि जो सरकार चूहा नहीं पकड़ पा रही है, चूहा नहीं मार पा रही है वह अपराधियों को क्या खाक पकड़ेगी। उन्होंने कहा की बिहार में अपराधियों का बिल्कुल बोलबाला है। पुलिस की गुंडागर्दी चरम सीमा पर चली गई है, इसे कोई देखने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि अपराधियों को सरकार नहीं पकड़ रही है और निर्दोष लोगों को थाने बुला बुलाकर मार रही है। यहां तक कि महिलाओं को पीटा



जा रहा है लेकिन कोई देखने वाला नहीं है, क्योंकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचेत अवस्था में हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि आज बिहार की हालत काफी खराब है। वहीं तेजस्वी यादव ने एक बार फिर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को चैलेंज किया है कि जहां भी उनका स्वास्थ्य व्यवस्था पर डिबेट करना है करें। सरकार उनकी है, जगह वह तय करें, समय वह तय करें, हमें एक दिन पहले बता दें, मैं उनसे डिबेट करने को तैयार हूं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के मंदिर विधानसभा में तो मंगल पांडेय का तो मुंह नहीं खुलता है तो वह क्या डिबेट करेंगे।

**अतिपिछड़ा वर्ग के उत्थान, विकास, बेहतरी के लिए हम दृढ़ संकल्पित : तेजस्वी यादव**

बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने गुरुवार को अतिपिछड़ा वर्ग के विभिन्न सामाजिक संगठनों, कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों के साथ संवाद किया और उनकी समस्याओं एवं मांगों को ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान उन्होंने कहा कि अतिपिछड़ा वर्ग के उत्थान, विकास, बेहतरी और कल्याण के लिए हम दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार हमारे कार्यकाल में बढ़ाई गई 65 प्रतिशत आरक्षण सीमा को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल नहीं कर इस वर्ग का नुकसान कर रही है।

## पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगार जब तक मारे नहीं जाते, ऑपरेशन सिंदूर अधूराः राउत

**मुंबई,** 22 मई (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर तब तक पूरा नहीं माना जाएगा, जब तक पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगार आतंकियों का सफाया नहीं हो



जाता। उन्होंने कहा कि हमले के दोषियों को मौत की सजा मिलनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार को भी कठघरे में खड़ा करते हुए कई सवाल पूछे। मीडिया से बातचीत में राउत ने पहलगाम के गुनहगारों का जिक्र किया। बोले, '22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने हमारी माताओं और बहनों का सिंदूर उजाड़ दिया। 26 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या की गई। हमारे मन में एक सवाल बना हुआ है कि जिन आतंकियों ने इस हमले को अंजाम दिया, वे कहां गए। सरकार ने उनके खिलाफ क्या किया? संजय राउत ने आगे कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार ने पाकिस्तान को जवाब दिया। कुछ दिन दोनों देशों के बीच तनाव भी रहा। लेकिन, फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एंट्री से सीजफायर की घोषणा हुई। अब ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सरकार सांसदों को विदेश यात्रा पर भेज रही है। अच्छी बात है, भेजा जाना चाहिए। लेकिन, एक माह पहलगाम आतंकी हमले को चुके हैं। एक सवाल का जवाब तो केंद्र सरकार को देना चाहिए कि वे आतंकवादी कहां गए, जिन्होंने पहलगाम में हमारे निर्दोष लोगों की हत्या की। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर तब तक पूरा नहीं होगा, जब तक 6 आतंकवादियों का पूरी तरह से खात्मा नहीं हो जाता।

## पहलगाम नरसंहार का पूरा हुआ एक माह

# कभी गुलजार थी पर्यटकों से जन्नत-ए-कश्मीर, अब वीरानियों का दामन थाम लिया

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 22 मई (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले ने ना केवल मासूम जिंदगियों को निगल लिया, बल्कि जम्मू कश्मीर के पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गहरी चोट दी है। कश्मीरियों की आशाएं अब सुरक्षा बहाल होने और देश-दुनिया के पर्यटकों के दोबारा लौटने पर टिकी हैं। लेकिन फिलहाल, जन्नत-ए-कश्मीर सन्नाटे और डर के साए में जी रही है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले को एक महीना बीत चुका है, लेकिन इसका खौफ अभी भी पूरे कश्मीर घाटी पर छाया हुआ है। इस हमले में 26 निर्दोष और निहत्थे पर्यटकों को आतंकवादियों ने बेरहमी से गोली मार दी थी। अब जबकि गर्मी का मौसम अपने चरम पर



है, तब भी जम्मू कश्मीर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर वीरानी और सन्नाटा पसरा हुआ है।

टूर ऑपरेटर शौकत मीर के शब्दों में, हमले ने ना सिर्फ इंसानियत को शर्मसार किया बल्कि कश्मीर के हजारों लोगों की आजीविका छीन ली। होटल मालिकों, टैक्सी चालकों, दुकानदारों और स्ट्रीट वेंडर्स को भारी नुकसान हो रहा है। टैक्सी की किस्त भरना, ऑफिस किराया देना तक मुश्किल हो गया है। डल झील के किनारे ड्राई फ्रूट और केसर बेचने वाले व्यापारी अली कहते थे कि इस मौसम में तो हमें 15

■ **इस हमले में 26 निर्दोष और निहत्थे पर्यटकों को आतंकवादियों ने बेरहमी से गोली मार दी थी**

एक्स्ट्रा स्टाफ रखना पड़ता था, लेकिन इस बार दुकान में ताले लगाने की नौबत आ गई है। कई दिन से कोई बिक्री नहीं हुई।

श्रीनगर की डल झील, जो आमतौर पर गर्मियों में पर्यटकों से गुलजार रहती है, आज सूनी और शांत है। न तो शिकारे में बैठकर झील की सैर करते सैलानी दिखते हैं, न ही किनारे पर भीड़भाड़। शिकारा चलाने वाले बिलाल के बकौल, पिछले 24 दिन से मेरा शिकारा वहीं खड़ा है, कोई सवारी नहीं। पिछले साल तो तीन शिफ्ट में हम लोग शिकारा चला रहे थे। डल झील के आसपास के होटल, हाउसबोट, रेस्टोरेंट और दुकानें खाली पड़ी हैं।

हालांकि पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक कर के 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया। जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना ने भारत पर ड्रोन हमलों की कोशिश की, लेकिन भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें नाकाम कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने सीमा पर संघर्ष विराम का प्रस्ताव दिया। श्रीनगर के लाल चौक जैसे सेल्फी हॉटस्पॉट और फोटोग्राफी स्थलों पर भी एक अजीब सी खामोशी है। जहां हर दिन सैकड़ों पर्यटक तस्वीरें खींचा करते थे, वहां अब सन्नाटा है। कश्मीरी काहवा बेचने वाले सलामत रूंदे गले से कहते थे कि ऐसा सन्नाटा मैंने कोविड के समय के बाद पहली बार देखा है।

# अवसर कोई भी हो अपने राजनीतिक एजेंडे से अलग नहीं हटते प्रधानमंत्री मोदी

■ जयशंकर गुप्त

**देवलाली, (नासिक),** 22 मई (देशबन्धु)। अवसर कोई भी हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने राजनीतिक एजेंडे से अलग नहीं हटते। आज उन्होंने राजस्थान के सीमावर्ती देशनोक (बीकानेर) पुनर्विकसित अमृत रेलवे स्टेशन पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए देश के 18 राज्यों में 103 पुनर्विकसित अमृत रेलवे स्टेशनों का एक साथ लोकार्पण करते समय भी अपने 40 मिनट के भाषण में आधा समय पहलगाम में आतंकी हमले, आपरेशन सिंदूर की 'सफलता' आदि के बहाने राष्ट्रवाद को समर्पित किया।

उन्होंने पहलगाम में आतंकी हमले का जिक करते हुए कहा कि 22 अप्रैल को आतंकवादियो ने धर्म पूछ कर बहनों का सिंदूर उजाड़ दिया था। आतंकवादियों की गोलियों ने हमारे 140 करोड़ देशवासियों का सीना छलनी कर दिया था। हमने जवाब के लिए अपनी सेनाओं को पूरी छूट दे दी थी। हमारी सेनाओं ने पहलगाम के जवाब में 22 मिनट के भीतर पाकिस्तान में आतंकवादियों के 9 बड़े ठिकाने तबाह कर दिया। उन्होंने कहा कि सिंदूर जब बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है, इसे देश और दुनिया ने भी देख लिया। हमने पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया।



■ **अमृत रेलवे स्टेशनों के लोकार्पण के दौरान आधे समय ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का राग गाया**

उन्होंने कह कि यह संयोग ही है की पांच साल पहले पुलवामा में आतंकवादी हमले के जवाब में बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक के बाद उनकी पहली सभा राजस्थान के चुरू में ही हुई थी। और अभी पांच साल बाद आपरेशन सिंदूर के बाद पहली जनसभा राजस्थान के ही सीमावर्ती देशशनोक, बीकानेर में हो रही है। पांच साल पहले बालाकोट सर्जिकल स्ट्राईक के बाद कहा था, देश नहीं मिटने दूंगा, देश नहीं झुकने दूंगा। आज, जो सिंदूर मिटाने निकले थे उन्हें मिट्टी में मिलाया है। शोध प्रतिशोध का खेल नहीं यह न्याय का नया स्वरूप है। पाकिस्तान के रहीम यार खान एयर बेस को हमारी सेना ने तबाह कर दिया है। पाकिस्तान से बातचीत केवल आतंकवाद के खात्मे और पीओके वापस लेने पर होगी। उन्होंने कहा कि हम एटम बम की गीदड़ भभकियों से डरनेवाले नहीं हैं। मां भारती का सेवक मोदी सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है लेकिन लहू गर्म हो रहा है। मोदी की रगों में बह रहे लहू में सिंदूर गर्म हो रहा है। विदेशों में पाकिस्तान का असली चेहरा दिखाने के लिए सभी राजनीतिक दलों के सांसदो के सात प्रतिनिधि मंडल जा रहे हैं। कार्यक्रम में श्री मोदी के भाषण से पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भाषण में भी राजस्थान सरकार की उपलब्धियों के साथ ही आतंकी हमला और जवाब में आपरेशन सिंदूर के बहाने श्री मोदी का महिमामंडन ही छाया रहा। कार्यक्रम में मौजूद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के 11 वर्षों के शासन में रेलवे के मूल भूत ढांचे के विकास पर प्रकाश डाला और बताया कि पिछले 11 वर्षों में 34 हजार किमी नई रेल पटरियां बिछी हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी जो कहते हैं, वह करते भी हैं। परियोजनाओं की नीव भी मोदी जी रखते हैं और उनका उद्घाटन-लोकार्पण भी मोदी जी ही करते हैं। इस अवसर पर श्री मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में रेलवे के आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास पर अभूतपूर्व काम हुआ है। पहले के मुकाबले इस काम पर छह गुना खर्च हो रहा है। वह हवाई अड्डों की तरह ही देश के रेलवे स्टेशनों को भी अत्याधुनिक सुविधाओं से सज्जित कर ट्रेनों के नेटवर्क का भी आधुनिकीकरण करने में लगे हैं। 70 रेल मार्गों पर वंदे भारत एक्सप्रेस गाड़ियां चल रही हैं। 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास पर काम चल रहा है। इन्हें अमृत स्टेशन का नाम दिया है। उन्होंने कहा कि विकास के साथ इन स्टेशनों पर विरासत के भी दर्शन होंगे। कुछेक पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों के नाम गिनाते हुए उन्होंने उनके धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को भी बताया। नासिक में उपनगरीय देवलाली स्टेशन को पुनर्विकसित करने के पीछे भी एक बड़ा कारण पास में ही विनायक दामोदर सावरकर का जन्मस्थान भगुर गांव है जो देवलाली से 3 किमी दूर है। मोदी सरकार और संघ परिवार सावरकर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बरक्श खड़ा करने की है। स्टेशन पर उनका एक बड़ा होर्डिंग लगा है। नासिक रेलवे स्टेशन से चार किमी दूर देवलाली स्टेशन मुख्य रूप से आर्मी कैंट से जुड़ा है। यहां सिर्फ दो-तीन रेल गाड़ियां रुकती हैं। तकरीबन 10.44 करोड़ रु. की लागत से इसका पुनर्विकास किया गया है।

रेलवे के सूत्रों के अनुसार देश जिन 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का आज प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्चुअल लोकार्पण किया, उन सभी स्टेशनों पर रेलवे ने लोकार्पण समारोह का आयोजन किया जिसमें श्री मोदी के भाषण का सीधा प्रसारण हुआ।

**'तेनाली रामा' में अनंतय्या की भूमिका में नजर आएंगे अंकित भारद्वाज**

**मुंबई।** एक्टर अंकित भारद्वाज धारावाहिक 'तेनाली रामा' में शामिल हो गए हैं। वह इसमें रहस्यमय, आकर्षक युवक अनंतय्या की भूमिका निभाएंगे। अनंतय्या सम्मानित जनरल राघवन (प्रदीप सोनी द्वारा अभिनीत) का बेटा है। अपने बेजोड़ आकर्षण के साथ, वह आसानी से दिल जीत लेता है, खासकर धरणी (मृणाली शिर्के द्वारा अभिनीत) का। हालांकि, उसके असली इरादे बाद में ही सामने आते हैं। अनंतय्या के रूप में अपनी भूमिका के बारे में रोमांचित, भारद्वाज ने कहा कि अनंतय्या उन दुर्लभ पात्रों में से एक है जो प्यार और डर के बीच एक महीन रेखा पर चलता है। जिस चीज ने मुझे सबसे ज्यादा आकर्षित किया, वह थी उसकी अप्रत्याशितता; वह सौम्य, रोमांटिक और शांत दिखाई देता है, लेकिन उस आकर्षण के नीचे महत्वाकांक्षा और अंधेरे से भरा दिमाग है।

# सेहत व स्वाद का खजाना है जंगल जलेबी

- भारत व दक्षिण पूर्व एशिया के कई क्षेत्रों में पाया जाती है जंगल जलेबी
- त्वचा रोग में लेप और काढ़ा दोनों रूपों में पत्तियां उपयोगी
- फल खांसी और दमा में लाभकारी
- सूजन, त्वचा रोग व मधुमेह में भी उपयोगी

**नई दिल्ली**, 22 मई (एजेंसियां)। मिठाई के रूप में दुकानों पर बेची जा रही जलेबी से तो सभी परिचित हैं। लेकिन क्या आने कभी सुना है कि जलेबी पेड़ पर भी उगती है। मतलब जलेबी के भी पेड़ होते हैं और इसका स्वाद भी मीठी चीनी की चासनी में लिपटी जलेबी से कुछ कम नहीं होती। यह जलेबी केवल स्वाद के लिए ही नहीं जानी जाती बल्कि इसके अंदर सेहत का खजाना भी छुपा हुआ है। इसको जंगल जलेबी के नाम से जाना जाता है।

जंगल जलेबी एक स्वादिष्ट फल है, जिसे देश के अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग नाम से जाना जाता है। जंगल जलेबी को गंगा इमली, मद्रास थॉर्न या किकर के नाम से भी जाना जाता है। यह एक मीठा और पौष्टिक फल है जो भारत और दक्षिण पूर्व एशिया के कई क्षेत्रों में पाया जाता है। इसे जंगल जलेबी इसलिए कहते हैं जंगल में उगने और जलेबी की तरह गोल होने की वजह से इसे जंगल जलेबी कहते हैं। तासीर में यह फल ठंडा होता है और यही वजह है कि गर्मी के दिनों में इसका उपयोग आपको शीतलता प्रदान करता है।



जंगल जलेबी एक कांटेदार पेड़ होता है, इसमें बेलनाकार फल लगते हैं जो जलेबी जैसे मुड़े हुए होते हैं। इसका स्वाद खट्टा-मीठा होता है। यही वजह है कि यह फल बच्चों और खासकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय है।

जंगल जलेबी का आयुर्वेदिक दृष्टि से भी काफी महत्व है। यह फल खांसी और दमा में लाभकारी होता है। सूजन, त्वचा रोग व मधुमेह में भी इसे उपयोगी माना गया है।

जंगल जलेबी का फल पाचन में सुधार करने के साथ-साथ खून को भी साफ करता है। इसके बीज कब्जनाशक होते हैं और पेट के कीड़ों को नष्ट करते हैं। वहीं दांतों और मसूड़ों के रोगों में इसके छाल उपयोगी होते हैं। त्वचा रोग में लेप और काढ़ा दोनों रूपों इसकी पत्तियां उपयोगी होती हैं।

जंगल जलेबी के फल को कच्चा खाया जा सकता है या फिर सुखाकर चूर्ण बनाकर भी इसे खाया जा सकता है। वहीं इसके बीज को चूर्ण बनाकर शहद के साथ खाया जा सकता है।

दस्त व खांसी में इसके छाल का काढ़ा दिन में 2 बार लिया जा सकता है। ग्रामीण भारत में जंगल जलेबी को औषधीय पौधे के साथ-साथ बच्चों के लिए प्राकृतिक टॉफी के रुप में भी जाना जाता है। इसके फल न सिर्फ स्वाद में शानदार होते हैं, बल्कि पेट की गर्मी को शांत करने में भी मददगार होते हैं।

### शोधकर्ताओं का अध्ययन में दावा

# गर्भनिरोधक गोली से महिलाओं में क्रिप्टोजेनिक स्ट्रोक का खतरा तीन गुना

- युवा वयस्कों में होने वाले 40 प्रतिशत तक इस्केमिक स्ट्रोक का कारण
- सीआईएस से पीड़ित 18-49 वर्ष की 268 महिलाओं व 268 स्ट्रोक-मुक्त नियंत्रणों को शोध में किया शामिल

**नई दिल्ली,** 22 मई (एजेंसियां)। गर्भनिरोधक गोलियां या एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टिन युक्त संयुक्त गर्भनिरोधक लेने से युवा महिलाओं में क्रिप्टोजेनिक स्ट्रोक (बिना किसी ज्ञात कारण के स्ट्रोक) का खतरा तीन गुना बढ़ सकता है। एक स्टडी में इस बात का दावा किया गया है।



जिन स्ट्रोक का कारण पता नहीं चलता, उन्हें क्रिप्टोजेनिक स्ट्रोक कहते हैं। यह युवा वयस्कों में होने वाले 40 प्रतिशत तक इस्केमिक स्ट्रोक का कारण होता है। इसके लगातार बढ़ते मामले के बाद भी गर्भनिरोधक दवाओं के प्रयोग से होने वाले जोखिम पर अब तक कम ध्यान दिया गया है।

इस्तांबुल विश्वविद्यालय के न्यूरोलॉजी विभाग की प्रमुख लेखिका डॉ. माइन सेजगिन ने कहा कि हमारे निष्कर्ष गर्भनिरोधक गोलियां के उपयोग से होने वाले स्ट्रोक के जोखिम के साक्ष्य की पुष्टि करते हैं।

उन्होंने कहा कि खास बात यह है कि अन्य ज्ञात जोखिम कारकों को ध्यान में रखने के बाद भी यह संबंध मजबूत रहता है, जिससे लगता है कि इसमें कुछ अतिरिक्त कारण, जैसे जेनेटिक या जैविक, शामिल हो सकते हैं।

इस शोध में यूरोप के 14 केंद्रों में क्रिप्टोजेनिक इस्केमिक स्ट्रोक (सीआईएस) से पीड़ित 18-49 वर्ष की 268 महिलाओं और 268 स्ट्रोक-मुक्त नियंत्रणों को शामिल किया गया था। शोधकर्ताओं का कहना है कि गहन अध्ययनों की जरूरत है, वह चिकित्सकों को सलाह देते हैं कि जिन महिलाओं में रक्त वाहिका संबंधी जोखिम कारक या इस्केमिक स्ट्रोक का इतिहास हो, उन्हें गर्भनिरोधक दवाएं लिखते समय सावधानी बरतनी चाहिए। डॉ. सेजगिन ने कहा कि हमारे निष्कर्षों से युवा महिलाओं में स्ट्रोक के जोखिम का अधिक सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने की प्रेरणा मिलेगी, विशेष रूप से उन महिलाओं में जिनमें अतिरिक्त स्वास्थ्य जोखिम पहले से हैं।

इसके बाद, शोधकर्ताओं ने गर्भनिरोधक गोलियों के उपयोग और स्ट्रोक के बढ़ते जोखिम के बीच देखे गए संबंध के अंतर्निहित जैविक और आनुवंशिक तंत्रों का पता लगाने की योजना बनाई है, ताकि यह बेहतर ढंग से समझा जा सके कि हार्मोनल गर्भनिरोधक स्वतंत्र रूप से स्ट्रोक के जोखिम को कैसे बढ़ा सकते हैं।

# 'पातालगरुड़ी', एक जादुई पौधा, जो हर नशा छुड़ाने फायदेमंद

- 'पातालगरुड़ी' का इस्तेमाल करने से नींद को बेहतर बनाने में मदद
- चिड़चिड़ापन व बेचैनी, को कम करने में इसका उपयोग

नई दिल्ली, 22 मई (एजेंसियां)। शराब या फिर दूसरे नशीले पदार्थ का सेवन सिर्फ आपके शरीर के लिए ही नहीं बल्कि आपके पूरे परिवार के लिए घातक साबित हो सकता है। नशे की लत से छुटकारा दिलाने के लिए यूं तो कई रिहैब सेंटर हैं लेकिन हमारे आयुर्वेद में एक ऐसी औषधि का भी वर्णन है जो इस लत को सहजता से दूर कर सकती है।



इसका नाम 'पातालगरुड़ी' है, जिसे जलजमनी, छिरहटा ऐसे अनेक नामों से जाना जाता है। इस पौधे का उपयोग आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा में विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से निजात दिलाने के लिए किया जाता है।

यह औषधीय पौधा खासतौर पर उन लोगों के लिए काफी फायदेमंद है जो शराब और भांग का नशा करते हैं। शराब-भांग का नशा करने वाले लोगों में एक चीज काफी सामान्य होती है कि वे काफी तनाव महसूस करते हैं। 'पातालगरुड़ी' से तनाव और चिंता दूर होती है, क्योंकि इसमें रेसर्पिन जैसे सक्रिय यौगिक होते हैं, जो तंत्रिका तंत्र को शांत करने में मदद करते हैं। शराब और भांग की लत अक्सर मानसिक तनाव या चिंता से जुड़ी होती है, और 'पातालगरुड़ी' का उपयोग तनाव को कम करके लत को नियंत्रित करने में सहायक हो सकता है। यह मस्तिष्क में डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर को संतुलित करता है, जो नशे की इच्छा को कम कर सकता है।

शराब और भांग का नशा करने वाले लोगों में अनिद्रा की समस्या होती है। लेकिन, 'पातालगरुड़ी' का इस्तेमाल करने से नींद भी भरपूर मिलती है। वो इसलिए क्योंकि इसमें सेडेटिव (शांतिदायक) गुण होते हैं, जो नींद को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं, जिससे नशे की लालसा कम हो सकती है। इसके लगातार इस्तेमाल से शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थ (टॉक्सिन्स) बाहर निकलते हैं। यह लिवर को स्वस्थ रखने में मदद करता है, जो शराब के अत्यधिक सेवन से क्षतिग्रस्त हो सकता है।

इसके अलावा, मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और नशे की लत से जुड़े मनोवैज्ञानिक लक्षणों, जैसे चिड़चिड़ापन और बेचैनी, को कम करने में इसका उपयोग किया जा सकता है। इस औषधीय पौधे के बारे में आपने जान लिया। लेकिन, इस पौधे का इस्तेमाल करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें। आयुर्वेदिक विशेषज्ञ की सलाह के बिना इसका इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। ज्यादा मात्रा में इसका सेवन करने से कई तरह के दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं।

# कोरोना को हराकर बोलीं शिल्पा शिरोडकर 'अब अच्छा महसूस कर रही हूं'

**मुंबई,** 22 मई (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस और 'बिग बॉस 18' की पूर्व कंटेस्टेंट शिल्पा शिरोडकर ने कोविड-19 से ठीक होने की खबर सुनाई है। एक्ट्रेस की सेहत में सुधार की खबर से उनके फैंस काफी राहत महसूस कर रहे हैं। शिल्पा ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर



अपनी सेहत के बारे में जानकारी दी और लिखा कि फाइनली, ठीक हो गई, अच्छा महसूस कर रही हूं, आप सभी के प्यार के लिए धन्यवाद। सुपर खुशहाल गुरुवार kबता दें कि 19 मई को शिल्पा ने अपने कोरोना पॉजिटिव होने की खबर लोगों को दी थी। उन्होंने न केवल अपने कोविड पॉजिटिव होने के बारे में जानकारी दी, बल्कि फैंस को सावधानी बरतने की नसीहत भी दी थी।

शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर लिखा था कि हेलो दोस्तों! मेरा कोविड टेस्ट पॉजिटिव आया है। सुरक्षित रहें और मास्क पहनें। शिल्पा को यह दूसरी बार कोविड हुआ है। इससे पहले साल 2021 में भी उनकी कोरोना वायरस की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही तेलुगू फिल्म 'जटाधारा' में नजर आएंगी। इस फिल्म के जरिए सोनाक्षी सिन्हा तेलुगू सिनेमा में डेब्यू करने जा रही हैं। यह पैन-इंडिया तेलुगू-हिंदी सुपरनेचुरल फैंटेसी थ्रिलर फिल्म है। इसमें शिल्पा और सोनाक्षी के साथ-साथ सुदीरे बाबू, रवि प्रकाश, दिव्या विजय, और रेन अंजलि भी अहम किरदार में नजर आएंगे। शिल्पा के करियर पर नजर डालें तो शिल्पा ने बॉलीवुड में 50 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। साल 1989 में फिल्म 'भ्रष्टाचार' में वह नजर आईं। साल 1991 में फिल्म 'हम' में उन्होंने अमिताभ बच्चन और रजनीकांत के साथ काम किया। इसके अलावा, 'किशन कन्हैया', 'योद्धा', 'बेनाम बादशाह', 'दो मतवाले', 'दंडनायक', 'आंखें', 'गोपी-किशन', 'बेवफा सनम', 'खुदा गवाह', 'अपराधी', 'हम हैं बेमिसाल', 'मृत्युदंड' जैसी कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया।

# संजय दत्त, आयुष शर्मा स्टारर फिल्म को आखिरकार मिला 'माई पंजाबी निकाह' नाम

**मुंबई,** 22 मई (एजेंसियां)। संजय दत्त और आयुष शर्मा अभिनीत आगामी फिल्म का शीर्षक 'माई पंजाबी निकाह' है और इसका प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। इस कॉमेडी फिल्म में अन्नू कपूर भी हैं। हाल ही में सोहेल खान ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म के बारे में जानकारी शेयर की। उन्होंने फिल्म का नाम 'माई पंजाबी निकाह' भी बताया। उन्होंने बताया कि फिल्म में मुख्य किरदारों के अलावा एक खूबसूरत रहस्यमयी लड़की भी होगी, हालांकि उन्होंने उसका नाम गुप्त रखा।



सोहेल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भी मुलाकात की। उन्होंने कैप्शन में एक लंबा नोट भी लिखा, जिसमें फिल्म की जानकारी, मंत्रियों और नौकरशाहों से अपनी मुलाकात का ब्यौरा दिया गया है।

उन्होंने लिखा कि संजय दत्त, अन्नू कपूर, आयुष शर्मा अभिनीत और एक खूबसूरत रहस्यमयी लड़की से परिचय कराने वाली मेरी अगली फिल्म 'माई पंजाबी निकाह' की यात्रा, पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात के साथ शुरू हुई है, जिन्होंने फिल्म के लिए अपना आशीर्वाद दिया है।

उन्होंने आगे बताया कि मैं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर बहुत भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं, जिन्होंने हरियाणा राज्य में फिल्म के फिल्मांकन के लिए अपना समर्थन और सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। अंत में मैं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को तहे दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं, जो अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर मुझसे मिले और मुझे पंजाब में भी अपने पसंदीदा प्रोजेक्ट को फिल्माने के लिए प्रोत्साहित किया। मैं अभिभूत हूं और सभी वरिष्ठ राजनेताओं का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं, जो हमारा सहयोग कर रहे हैं।

# प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र से मरीजों को मिल रही आर्थिक मदद

**जौनपुर,** 22 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के जौनपुर में जन औषधि केंद्र ने लोगों के जीवन को सुलभ बना दिया है। यहां के स्थानीय लोगों का कहना है कि जन औषधि केंद्र पर बाजार में मिलने वाली दवाओं के मुकाबले भारी छूट मिलती है। इससे हमारी बचत होती है। इसके लिए लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की है। उनका कहना है कि दवाओं पर मिलने वाली छूट से जो पैसा बचता है, उसका इस्तेमाल हम किसी और मद में कर रहे हैं। इससे उनको आर्थिक मदद भी मिल रही है।

स्वर्गीय उमानाथ जिला अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का लाभ मरीजों को मिल रहा है।




औषधि केंद्र संचालक कर्मवीर कृष्ण राव बताते हैं कि जब से सरकार की यह योजना आई है, तब से यहां के मरीजों को बेहतर लाभ मिल रहा है। मरीजों को 50 प्रतिशत से लेकर 90 प्रतिशत तक छूट मिल रहा है। सरकार की इस योजना से गरीबों को काफी लाभ हो रहा है। जब जनऔषधि केंद्र नहीं खुला था तब मरीज एक रुपए के पर्चे पर दो हजार से ज्यादा की दवाओं को लेकर जाते थे। इस योजना के बाद से वही मरीज 100 से 200 रुपए में दवाएं लेकर जा रहे हैं।

दवा लेने आए हर्षित सिंह बताते हैं कि यहां से हम लोगों को 60 से 70 प्रतिशत का लाभ मिलता है। अगर यह योजना और पहले आई होती तो हम लोगों का काफी पैसा बच जाता। उन पैसों का उपयोग कहीं और कर सकते थे। उपभोक्ता सुरेंद्र रामलखन यादव ने बताया कि जन औषधि केंद्र से हम लोगों को बहुत फायदा हो रहा है, यहां से हमको 70 से 80 प्रतिशत का लाभ मिल रहा है। सरकार की इस योजना से बहुत बचत है। अशोक शर्मा ने बताया कि हम लोगों को यहां से 50 से 60 प्रतिशत का फायदा मिल जाता है, इस योजना के तहत सभी को काफी लाभ मिल रहा है।

# सोते समय मुंह पर टेप लगाने का सोशल मीडिया का चलन पैदा कर सकता है गंभीर खतरा

- खर्राटे से लेकर ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया जैसी स्थितियां शामिल
- 'वायु प्रवाह में बाधा उत्पन्न होने से मौजूदा नींद संबंधी विकार और भी बदतर

**नई दिल्ली,** 22 मई (एजेंसियां)। क्या आप सोशल मीडिया पर चल रहे इस ट्रेंड को फॉलो करते हैं कि सोते समय मुंह पर टेप लगाना मुंह की बजाय नाक से सांस लेने में मदद करता है? सावधान रहें, इससे दम घुटने का गंभीर खतरा हो सकता है।

एस्फिक्सिएशन एक ऐसी स्थिति है, जिसमें शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है, जिसके कारण प्राय: सांस लेने में कठिनाई होती है या दम घुटने लगता है।



जब नाक के रास्ते बंद हो जाते हैं, तो सांस नाक से मुंह में चली जाती है। मुंह से सांस लेने को नींद में गड़बड़ी से जोड़ा गया है, जिसमें खर्राटे से लेकर ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया जैसी स्थितियां शामिल हैं, जिसमें नींद के दौरान सांस बार-बार रुकती और शुरू होती है।

हालांकि, हाल ही में सोशल मीडिया द्वारा प्रचारित एक चलन के तहत कुछ लोग मुंह से सांस लेने से रोककर नींद में खलल पैदा करने वाली श्वास संबंधी बीमारी का इलाज करने के लिए रात में अपने मुंह को टेप से बंद कर लेते हैं।

कई सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स और मशहूर हस्तियों ने माउथ टेपिंग की सिफारिश की है, जिनका दावा है कि इससे बेहतर नींद, बेहतर ओरल हेल्थ और एंटी-एजिंग परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। ब्रिटेन के वेस्टर्न विश्वविद्यालय के ओटोलैरिंगोलॉजिस्ट और स्लीप सर्जन डॉ. ब्रायन रोटेनबर्ग ने कहा कि हमारे शोध से पता चलता है कि सोते समय मुंह को बंद करना खतरनाक है, खासकर उन लोगों के लिए जो शायद यह नहीं जानते कि उन्हें स्लीप एपनिया है।

उन्होंने कहा कि ये लोग अनजाने में अपने लक्षणों को बदतर बना रहे हैं और खुद को हृदय रोग जैसी गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं के अधिक जोखिम में डाल रहे हैं।

शोधकर्ताओं ने कुल 213 रोगियों के मुंह को बंद करने के संभावित लाभों का मूल्यांकन करने के लिए टेप या अन्य उपकरणों का उपयोग किया तथा इसके लिए 10 पूर्व प्रकाशित अध्ययनों का मूल्यांकन किया।

पीएलओएस वन पत्रिका में प्रकाशित शोध-पत्र में टीम ने कहा कि इस अभ्यास से 'वायु प्रवाह में बाधा उत्पन्न होने से मौजूदा नींद संबंधी विकार और भी बदतर हो सकते हैं।

श्वसन तंत्र पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है, तथा नाक में रुकावट होने पर मरीजों के दम घुटने का खतरा बढ़ सकता है।'

10 अध्ययनों में से दो ने सुझाव दिया कि हल्के अवरोधक से मामूली सुधार हो सकता है। हालांकि, अन्य अध्ययनों में कोई सबूत नहीं मिला कि मुंह पर टेप लगाने से मुंह से सांस लेने, नींद में गड़बड़ी या स्लीप एपनिया के इलाज में मदद मिल सकती है।

# गर्भावस्था में 'साइलेंट किलर' से रहें सावधान

- सिरदर्द, धुंधला या दोहरी दृष्टि, हाथ-पैर में सूजन, पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द, उल्टी जैसे लक्षण
- जीवनशैली में बदलाव जैसे मॉर्निंग वॉक, व्यायाम, योगा, तनाव कम करने से होगा लाभ

**नई दिल्ली,** 22 मई (एजेंसियां)। हर साल 22 मई को विश्व प्री-एक्लेम्पसिया दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान होने वाली एक गंभीर अवस्था प्री-एक्लेम्पसिया के प्रति जागरूकता फैलाना है। इसी कड़ी में नोएडा स्थित सीएचसी भंगेल की सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. मीरा पाठक ने प्री-एक्लेम्पसिया के लक्षण, कारण और बचाव के उपाय बताए।

डॉ. पाठक ने बताया कि प्री-एक्लेम्पसिया एक प्रेगनेंसी से जुड़ा डिसऑर्डर है जो लगभग पांच से आठ प्रतिशत गर्भवती महिलाओं में देखने को मिलता है। इसे साइलेंट किलर भी कहा जाता है क्योंकि इसके लक्षण बहुत सूक्ष्म होते हैं और तब तक सामने नहीं आते जब तक जानलेवा स्थिति न बन जाए। उन्होंने कहा कि आमतौर पर प्रेगनेंसी के 20 हफ्ते के बाद अगर महिला का ब्लड प्रेशर 140/90 से ऊपर चला जाता है, शरीर में सूजन आ जाती है और यूरिन में प्रोटीन की मात्रा बढ़ जाती है, तो इसे प्री-एक्लेम्पसिया माना जाता है। इन तीनों में से कोई भी दो लक्षण मौजूद हों, तो तत्काल सतर्कता जरूरी है।

उन्होंने बताया कि प्री-एक्लेम्पसिया का प्रमुख कारण प्लेसेंटा में होने वाली असामान्यता होती है। इसके जोखिम कारकों में कम उम्र (18 वर्ष से कम), अधिक उम्र (40 वर्ष से अधिक), पहली प्रेगनेंसी, पहले से हाईपरटेंशन, हार्ट, लंग्स, डायबिटीज या थायरॉइड जैसी बीमारियां, पहले की प्रेगनेंसी में प्री-

विश्व प्री-एक्लेम्पसिया दिवस



एक्लेम्पसिया होना, ट्विन या मोलर प्रेगनेंसी, और अधिक वजन शामिल हैं।

डायग्नोसिस के बारे में बात करते हुए डॉ. पाठक ने बताया कि अधिकतर महिलाओं में कोई विशेष लक्षण नहीं होते, लेकिन नियमित जांच के दौरान हाई बीपी (140/90 या उससे ऊपर) पाया जाता है। इसके अन्य लक्षणों में सिरदर्द, धुंधला या दोहरी दृष्टि, हाथ-पैर में सूजन, पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द, उल्टी, एक महीने में चार किलोग्राम से अधिक वजन बढ़ना, पेशाब में झाग या मात्रा में कमी शामिल हैं। गंभीर मामलों में मरीज को दौरे (फिट्स) आ सकते हैं या वह कोमा में जा सकती है।

प्री-एक्लेम्पसिया की जटिलताओं की बात करें तो डॉ. पाठक ने बताया कि अनियंत्रित बीपी से ब्रेन स्ट्रोक, दौरे, हेल्प (एचईएलएलपी) सिंड्रोम (लीवर पर असर, ब्लीडिंग टेंडेंसी बढ़ना, प्लेटलेट काउंट घटना), हार्ट फेल्योर, किडनी फेल्योर और कोमा तक की स्थिति हो सकती है। भ्रूण के लिए यह स्थिति और भी खतरनाक हो सकती है - जैसे मिसकैरेज, गर्भ में बच्चे की मृत्यु, आईयूजीआर (अंतर्गर्भाशयी विकास मंदता), अमनियोटिक फ्लूइड की कमी और प्रीमैच्योर डिलीवरी।

उन्होंने बताया कि इस स्थिति का उपचार मुख्यत: ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग और प्रोटीन की जांच से शुरू होता है। साथ ही जीवनशैली में बदलाव जैसे मॉर्निंग वॉक, व्यायाम, योगा, तनाव कम करने से लाभ होता है। प्रोसेस्ड फूड, चीनी, नमक और तैलीय भोजन से परहेज की सलाह दी जाती है। आवश्यकता अनुसार ब्लड प्रेशर कंट्रोल की दवाएं भी दी जाती हैं। लेकिन इसका डेफिनिटिव ट्रीटमेंट डिलीवरी ही होती है। यदि महिला की स्थिति स्थिर है और कोई ऑर्गन डैमेज नहीं है तो प्रेगनेंसी को 37 हफ्तों तक सुरक्षित ले जाया जाता है और फिर डिलीवरी करवाई जाती है, चाहे वह नार्मल हो या सीजेरियन। लेकिन यदि मरीज की हालत बिगड़ती है, ब्लड प्रेशर कंट्रोल नहीं होता, ऑर्गन्स पर प्रभाव दिखने लगता है या मरीज को दौरे आने लगते हैं तो डॉक्टर मां की जान बचाने के लिए तुरंत प्रीमैच्योर डिलीवरी करते हैं।

देशबन्धु

रायपुर, शुक्रवार 23 मई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# नक्सलवाद के खिलाफ बड़ी सफलता

21 मई का दिन छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ छेड़े गए अभियान में काफी खास बन गया है। सुरक्षा बलों ने एक सुनियोजित अभियान चलाकर 27 नक्सलियों को मार गिराया है। मरने वालों में ईनामी नक्सली सीपीआईएम महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ़ बसवराजू का नाम भी शामिल है। बसवराजू का नाम कई बड़ी हिंसक घटनाओं से जुड़ा रहा है। 2010 में दंतेवाड़ा 76 सीआरपीएफ जवानों की मौत, 2013 का झीरम घाटी हमला, जिसमें कांग्रेस की पहली पंक्ति के तमाम नेता मारे गए थे, 2019 का गढ़चिरौली हमला जिसमें 15 क्यूआरटी जवान मारे गए थे, ऐसी कई और घटनाओं की योजना बसवराजू ने ही बनाई थी, ऐसा दावा है। कई छद्म नामों से भूमिगत रहते हुए नक्सल कार्रवाइयों को अंजाम देने वाले बसवराजू ने बीटेक की पढ़ाई की थी, लेकिन कॉलेज में रहते हुए ही उग्र वामपंथी विचारधारा से प्रभावित होकर नंबाला केशव राव ने अपनी राह अलग बना ली। बसवराजू को मारना सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता बताई जा रही है, क्योंकि इसके बाद नक्सल संगठन कमजोर पड़ेगा यह दावा सरकार और पुलिस प्रशासन का है।

बुधवार को नक्सल आंदोलन के खिलाफ इस बड़ी सफलता पर भाजपा की राज्य और केंद्र सरकार दोनों अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। इसे डबल इंजन सरकार की बड़ी उपलब्धि के तौर पर पेश किया जा रहा है। वैसे भी अमित शाह ने 2019 में ही नक्सलवाद को खत्म करने का लक्ष्य रखा था। अब सरकार मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने की योजना बना रही है। छत्तीसगढ़ में मिली हालिया सफलता पर अमित शाह ने ट्वीट किया कि, 'नक्सलवाद के खिलाफ़ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में ऐसा पहली बार है कि हमारे बलों ने एक महासचिव स्तर के नेता को मारा है. मैं इस बड़ी सफलता के लिए हमारे बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करता हूं।' अमित शाह ने यह भी बताया कि ऑपरेशन 'ब्लैक फॉरेस्ट' के पूरा होने के बाद, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सलियों को गिरफ़्तार किया गया है और 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। वहीं सत्तारूढ़ भाजपा भी काफी गदगद है। कांग्रेस ने भी इस सफल अभियान के लिए खुशी जाहिर की है, मगर इस कामयाबी पर अपना हिस्से का दावा भी ठोंक दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मैं इस बड़ी सफलता के लिए सभी जवानों को बधाई देता हूं.. जब हम सरकार में थे तब 600 गांवों को नक्सल मुक्त बनाया गया था। हमने लोगों में विश्वास पैदा किया और उन्हें भूमि अधिकार दिए, उनके कर्ज़ माफ़ किए और यहां तक कि उन्हें उनकी ज़मीनें भी वापस दिलाई। अभी जो ऑपरेशन चल रहे हैं, वे बचे हुए इलाक़ों में हैं।'

जाहिर है इतनी बड़ी सफलता पर श्रेय लेने की होड़ तो रहेगी ही, क्योंकि अविभाजित मध्यप्रदेश के जमाने से छत्तीसगढ़ नक्सलवाद के चंगुल में रहा। भाजपा और कांग्रेस दोनों की सरकारें दोनों राज्यों में रहीं, दोनों दलों की सरकारों ने अपने-अपने शासनकाल में नक्सलवाद के खिलाफ अभियान चलाए और दोनों पर ही नक्सलियों के खात्मे की आड़ में मासूमों को निशाने पर लेने के आरोप भी लगे। अब भाजपा का पलड़ा केंद्र सरकार के सहयोग की वजह से अधिक भारी हो गया है, क्योंकि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पूरे समन्वय से काम कर रही हैं। ऐसे में यह तथ्य अपने आप उभरता है कि नक्सलवाद जैसी गंभीर समस्या को हल करने में राजनैतिक स्वार्थ आड़े आ जाते हैं।

बहरहाल, ऑपरेशन ब्लैक फारेस्ट के बाद अब दावा किया जा रहा है कि तिरुपति से पशुपति तक फैला लाल गलियारा अब बंद होने की कगार पर है। माओवाद की कमर टूट चुकी है। माओवादी अब वार्ता करना चाहते हैं, लेकिन सरकार उन्हें हथियार रखने पर मजबूर कर चुकी है, लिहाजा वे बेबस हैं। बसवराजू के बाद माओवादियों के पास अब कोई बड़ा नेतृत्व नहीं बचा जो युद्ध की रणनीतियां बनाएं और बड़े अभियानों को लागू करवाए। ऐसे तमाम दावों से तस्वीर यही बन रही है कि नक्सलवाद अब खत्म होने को ही है और केन्द्रीय गृहमंत्री का जो दावा है कि मार्च 26 तक यह काम पूरा जाएगा, वह भी सही साबित होगा।

इन दावों को करने का यही वक्त भी है, लेकिन इन्हीं के साथ कुछ सवाल भी उठ रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि नक्सलियों के बड़े नामों को खत्म करने के बाद भी क्या उन कारणों को खत्म किया जा सका है, जिनसे नक्सल आंदोलन शुरु हुआ था। पाठक जानते हैं कि 60 के दशक के अंतिम बरसों में प.बंगाल में नक्सलबाड़ी गांव से इस आंदोलन की शुरुआत हुई थी क्योंकि पूंजीवाद से निकला शोषण और अन्याय गरीब किसानों और मजदूरों की जिंदगी को अपनी चपेट में ले चुका था। अपने हक के लिए उठाई गई आवाज़ हिंसक कार्रवाइयों में लिप्त हुई और धीरे-धीरे नक्सलवाद का दायरा इतना बढ़ गया कि भारत का एक बड़ा हिस्सा इसकी गिरफ्त में आया। पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह ने इसे देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया था। उन्होंने भी ऑपरेशन ग्रीन हंट के तहत सभी नक्सल प्रभावित राज्यों की एकीकृत लड़ाई नक्सलवाद के खिलाफ शुरु की थी। वर्ना 2007-08 के पहले बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे सारे राज्य अपने-अपने अभियान नक्सलवाद के खिलाफ चलाते थे। इस ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने माओवादियों के गढ़ में घुसना शुरु कर दिया था, तभी से माओवादी बैकफुट पर जा रहे थे। लेकिन बीच-बीच में कुछ बड़ी घटनाओं को अंजाम देकर उन्होंने अपना आतंक बनाए रखने की कोशिश की। इसलिए अभी यह कहना शायद जल्दबाजी होगी कि माओवाद की कमर टूट गई है। क्योंकि जब तक समाज में अन्याय और शोषण के कारण बने रहेंगे, तब तक नक्सलवाद को भी सिर उठाने का बहाना मिलता रहेगा।

नक्सलवादियों ने छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र ऐसे तमाम राज्यों में घने जंगलों में अपने ठिकाने बनाए हैं और इन जंगलों के नीचे अकूत प्राकृतिक संपदा है। इस संपदा पर उद्योगपतियों की गिद्धदृष्टि बनी हुई है, जबकि इन जंगलों में रहने वाले लोग तरह-तरह से शोषित और प्रताड़ित हो रहे हैं। क्या भाजपा सरकार इस बड़ी सफलता के मौके पर यह बात भी दम से कह सकती है कि आदिवासियों के हुकूक और प्राकृतिक संपदा पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट में नक्सलियों के पास से बड़ी संख्या में अत्याधुनिक हथियार, कई महीनों का राशन और कई अन्य संसाधन भी बरामद हुए हैं। इतना सब उनके पास घने जंगल के भीतर कैसे पहुंचा, क्या सरकार के पास इसका जवाब है। इतनी बड़ी कामयाबी को भुनाने के मौके भाजपा के पास बने रहेंगे, पहले उसकी कोशिश यही होनी चाहिए कि नक्सलवाद पनपने के कारण खत्म करे।

# अजब-गजब कहानियों के ज़रिए जारी है ताजपोशी



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

> मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह पर भी मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के संज्ञान लेने के बाद एफआईआर दर्ज़ की गई लेकिन न कोई गिरफ़्तारी हुई और न ही इस्तीफ़ा। कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी को 'आतंकवादी की बहन' बताने पर पार्टी और सरकार की चुप्पी बताती है कि उसे मंत्रियों को हर बयान पर संरक्षण देना है और शिक्षाविदों को डराना। मासूम हैं वे बहस करने वाले जो सत्ता के इस व्यवहार को हिन्दू-मुस्लिम का फर्क बता रहे हैं।

अध्यात्म और भारतीय पौराणिक ग्रंथों के विवेचनाकार देवदत्त पटनायक एक जगह लिखते हैं कि प्राचीन काल से ही गाथाओं के माध्यम से सत्ता की स्थापना होती आई है। राजा में देवत्व का अंश बताया जाता था। यूं तो राजा अक्सर वंश विशेष से ही चुने जाते थे लेकिन जब ऐसा भी नहीं हो पाता था तब जो भी चुना जाता था, उसे लेकर यही साबित किया जाता था कि उस पर देवताओं की असीम कृपा है। वह परम प्रतापी और विलक्षण है। तब ऐसा कौन कर पाता था और किसे यह जिम्मेदारी दी जाती थी? कौन यह स्थापित करता था कि इस पर देवताओं की कृपा है और यह आम से बहुत अलग और विशेष है? क्योंकि ऐसा न होने पर प्रजा का उस पर विश्वास होना संभव नहीं होता था जिससे राजकाज में बाधा आती थी। इसके लिए प्राचीन भारत के वैदिक काल में दूसरों पर राज करने के इच्छुक महत्वाकांक्षी क्षत्रप ब्राह्मणों द्वारा अनुष्ठान करवाते थे और इन अनुष्ठानों के सफ़लतापूर्वक पूरे होने का तात्पर्य यह था कि देवता उस क्षत्रप के साथ हैं। अग्निष्टोम, अग्निचयन, अश्वमेध यानी वाजपेयी और हिरण्यगर्भ यजुर्वेद और ब्राह्मण साहित्य में अनुष्ठान का ब्यौरा मिलता है। फिर भी केवल इतना पर्याप्त नहीं था। बाद के दौर में ब्राह्मण कथाकार बन गए और उन्होंने राजा के राजत्व की पुष्टि करने के लिए कथाएं बताईं जिनसे साबित हो जाता था कि राजाओं का उद्गम अलौकिक है।

वैसे यहां यह बताने की ज़रूरत नहीं है कि आधुनिक भारत में किसने खुद को अलौकिक और नॉन बायोजिकल बताने की कोशिश की। आज का मुख्यधारा का मीडिया कहानियां सुनाने की भूमिका में है। बस, किसी तरह देवत्व स्थापित हो जाए। येन-केन बस वह यही स्थापित करने में लगा रहता है कि यह सत्ता दूध से धुली हुई है और इसका जयकारा नहीं लगाया तो अनर्थ हो जाएगा, राज्य कष्टों से घिर जाएगा। हम सब जानते हैं कि निकट अतीत में किन-किन रूपों को स्थापित करने के प्रयास समय-समय पर हुए। तब के संजय (महाभारत युग में युद्ध का सीधा हाल सुनाने वाले) ने तो धृतराष्ट्र को युद्ध का सीधा हाल ही जस का तस सुनाया था, आज का दौर तो उन्माद पैदा कर 'ज़ोम्बी जनरेशन' बना रहा है। वो ज़ोम्बी जो मुर्दा होकर भी अपनी जानलेवा हरकतों से किसी को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। अभी हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय मुख्यधारा के मीडिया की जो भूमिका रही, उस पर पूरी दुनिया में बहस-बातचीत हो रही है कि आख़िर इस उत्तेजना की ज़रूरत क्या थी, जिसने शौर्य और वीरता के असली पराक्रम को जनता तक नहीं पहुंचने दिया। युद्ध जिसका दूसरा नाम केवल ज़िन्दगियों का ख़ात्मा है, उसकी इतने उन्मादी ढंग से वकालत क्यों की जा रही है? वह भी सदियों से शांति का संदेश देने वाली भारत भूमि से। राम, महावीर, बुद्ध, नानक और कबीर की धरा से ऐसे विध्वंस के संदेश क्यों? क्या केवल सत्ता को स्थापित और खुश करने के लिए? फिर जो मीडिया की भूमिका इतनी ही छोटी, सीमित और अविश्वसनीय हो गई है तब उस पर वह भरोसा भी क्यों किया जाए? सत्ता तो चाहती है कि जनता पहले मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह के सांप्रदायिक, स्त्री विरोधी और अश्लील बयान को सुने, फिर समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव के जातिसूचक बयानों को और फिर अली खान महमूदाबाद की फेसबुक पोस्ट में ऐसी उलझे कि सवाल-जवाब का स्तर बस गिरता ही चला जाए।

अली खान हरियाणा में स्थित अशोका यूनिवर्सिटी में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर और हेड हैं। वे अपने विषय के स्कॉलर माने जाते हैं। उनकी राय सुनी जाती है। कैंब्रिज और दमस्कस यूनिवर्सिटी से उनकी पढ़ाई हुई है और वे उस अशोका यूनिवर्सिटी में पढ़ाते हैं जिसकी बुनियाद लिबरल एजुकेशन की रही है। जब वह प्रोफ़ेसर अपनी बात कहता है तब बजाय उसे समझने के राज्य सरकार उसे तुरंत जेल में डाल देती है, पूछताछ के लिए रिमांड पर ले लेती है। कल्पना कीजिये कि आप रात में अपनी कोई बात लिखकर सोए हों और अगले दिन पुलिस फ़ोर्स इस तरह आपको गिरफ़्तार करने घर में दाखिल हो जैसे आप कोई आतंकवादी हों। गर्भवती पत्नी की फ़रियाद का भी कोई असर नहीं होता। तब क्या हम देश में लिखने-बोलने की आज़ादी को ख़त्म कर केवल दमन का शासन स्थापित कर रहे हैं? यही तो लिखा था प्रो. अली ने कि 'अनेक दक्षिणपंथी टिप्पणीकार कर्नल सोफ़िया कुरैशी की प्रशंसा कर रहे हैं, यह खुशी की बात है लेकिन ये लोग अगर इसी तरह ऐसे लोगों के लिए भी आवाजें उठाएं जो मॉब लिंचिंग, गैर-कानूनी बुलडोज़र और सत्तादल की शह पर चलाए गए साम्प्रदायिक नफ़रत के शिकार हुए हैं, वे सरकार से मांग करें कि इन्हें भारतीय नागरिक के तौर पर सुरक्षा दी जाए तो देश आगे बढ़ेगा। दो महिला सैनिकों के ज़रिए जानकारी देने का नज़रिया बेहतरीन है लेकिन इस नज़रिये को हक़ीक़त में बदलना चाहिए नहीं तो यह केवल सरकार का दिखावा या पाखंड माना जाएगा।' सुप्रीम कोर्ट से अली को ज़मानत मिल गई है लेकिन उन्हें पासपोर्ट जमा करने के लिए कहा गया है और हिदायत दी गई है कि जांच तक आप इस मामले में कुछ नहीं लिखेंगे और मीडिया से भी बात नहीं करेंगे। न्यायालय को पोस्ट लिखने का समय भी सही नहीं लगा। अब सरकार शायद इसे अपने हिसाब से देखेगी। इससे उसकी समय, भावना और अभिव्यक्ति पर नियंत्रण की सोच को बल मिलेगा। लोकतंत्र पर नए पहरे होंगे। बेशक ज़मानत बड़ी राहत है।

मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह पर भी मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के संज्ञान लेने के बाद एफआईआर दर्ज़ की गई लेकिन न कोई गिरफ़्तारी हुई और न ही इस्तीफ़ा। कर्नल सोफ़िया कुरैशी को 'आतंकवादी की बहन' बताने पर पार्टी और सरकार की चुप्पी बताती है कि उसे मंत्रियों को हर बयान पर संरक्षण देना है और शिक्षाविदों को डराना। मासूम हैं वे बहस करने वाले जो सत्ता के इस व्यवहार को हिन्दू-मुस्लिम का फर्क बता रहे हैं। वे कह रहे हैं कि ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि उनके नाम में अली है और उनका नाम विजय है। यह गिरफ़्तारी इस आधार पर नहीं बल्कि सत्ता को आईना दिखाने वालों को सबक सिखाने के लिए है। यह बताने के लिए कि, 'सावधान, ऐसा लिखोगे तो कुचले जाओगे'। नाम का ध्यान तो केवल इसलिए रखा जाता है कि इससे मुद्दा बनता है, चीखने वाली बहस बनती है। आप बहस करना बंद कर दीजिए, मुद्दा खुद अपनी मौत मर जाएगा लेकिन इसमें किसकी दिलचस्पी है? जिस मीडिया को ऑपरेरशन सिंदूर के दौरान ही कम लोगों ने देखा, उसे ज़िंदा रखने के लिए ऐसे ही मसलों की तलाश रहती है। अगर आप 'विजय बनाम अली' करते रहेंगे तभी तो कहानियां बनती रहेंगी और प्राचीन काल की तरह गाथाओं के माध्यम से सत्ता भी निर्बाध चलती रहेगी। बेशक सुप्रीम कोर्ट ने जहां प्रोफ़ेसर अली को ज़मानत दी, मंत्री विजय की नामंजूर कर दी।

सत्ता को स्थापित करने के लिए अजब-गजब कहानियों का यह दौर आधुनिक और नए भारत में नहीं चलना चाहिए। देवदत्त पटनायक के अनुसार, पश्चिम भारत की एक कहानी में ऋषियों की मुलाक़ात ऐसे पुरुष से हुई थी जो नाग के फन के नीचे सोए रहकर धूप से बचते थे या फिर कुछ शेर से दो-दो हाथ कर लेते थे। गुजरात के चावड़ा राजवंश के अनुसार एक राजकुमार इसलिए अलौकिक बताए गए क्योंकि वह झूले में पड़े रहते थे और धूप उन्हें स्पर्श भी नहीं कर पाती थी जबकि ऐसा पेड़ की छाया के स्थिर रहने के कारण होता था। आज ऐसी हर कहानी के जवाब विज्ञान के पास हैं। आज़ाद भारत में सब नागरिक बराबर और समान हैं। सब में देवत्व है क्योंकि सबके जन्म लेने की प्रक्रिया भी एक है। हां, प्रशिक्षण और अभ्यास ज़रूर किसी को भी खास बना सकता है।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन युद्ध शांति वार्ता की जिम्मेदारी पोप पर डाली

■ टी एन अशोक

> बहुप्रतीक्षित ट्रंप-पुतिन कॉल से पहले, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं ने कहा कि उन्होंने रविवार को ट्रंप से बात की। ब्रिटिश सरकार ने एक बयान में कहा कि वह 'पुतिन से शांति वार्ता को गंभीरता से लेने का आग्रह कर रही है।' बयान में कहा गया है कि उन नेताओं ने 'रूस द्वारा युद्धविराम और शांति वार्ता में गंभीरता से शामिल न होने पर प्रतिबंधों के इस्तेमाल पर भी चर्चा की'-

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन और रूस के साथ चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपने शांति प्रयासों को लगभग बंद कर दिया है, क्योंकि सोमवार को तथाकथित दोस्त रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी दो घंटे की बातचीत नो एंट्री ज़ोन में समाप्त हो गयी। वेटिकन अब रूसी और यूक्रेनी नेताओं के बीच शांति वार्ता की मेजबानी करने के लिए दृश्य में प्रवेश कर गया है।

कोई नहीं जानता कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने शिकागो में जन्मे पोप लियो-14 से मदद मांगी या नहीं, ताकि वे उन्हें बचा सकें और वार्ता की मेजबानी कर सकें, ताकि दोनों नेता उनकी बात सुन सकें। लेकिन वीपी जेडी वांस ने वास्तव में शिकागो के नये पोप लियो-14 से मुलाकात की और यूक्रेन सहित वैश्विक स्थिति के बारे में बताया।

ट्रम्प ने यूक्रेन में युद्ध के 'रक्तपात' को रोकने के प्रयास में सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की और अन्य नेताओं से अलग-अलग कॉल में बात की। लेकिन राष्ट्रपति की शांति पहल अनिर्णायक रही, जिससे वे निराश हो गये। ट्रम्प ने अपने सोशल नेटवर्क ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि- रूस और यूक्रेन अब 'तुरंत' युद्ध विराम पर सीधी बातचीत करेंगे।

हालांकि, यह स्पष्ट नहीं था कि ये वार्ता किस रूप में होगी या कब होगी। ट्रम्प ने कहा कि वेटिकन ने वार्ता की मेजबानी करने में रुचि व्यक्त की है। उन्होंने कहा, 'इसके लिए शर्तें दोनों पक्षों के बीच बातचीत से तय होंगी, क्योंकि ऐसा केवल इसलिए हो सकता है, क्योंकि वे वार्ता के विवरण जानते हैं, जिसके बारे में किसी और को पता नहीं होगा।' पुतिन के साथ ट्रम्प की कॉल दो घंटे से अधिक समय तक चली और 'बहुत जानकारीपूर्ण और बहुत खुली थी,' पुतिन ने रूसी राज्य मीडिया को बताया।

ट्रम्प ने ज़ेलेंस्की के साथ अपनी बातचीत के बारे में बहुत कम कहा, जिनसे उन्होंने सबसे पहले बात की, सिवा इसके कि उन्होंने ज़ेलेंस्की और अन्य नाटो देशों के नेताओं को वार्ता के बारे में सूचित कर दिया था। व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने कोई और जानकारी देने से इनकार कर दिया। ज़ेलेंस्की के अनुसार, ट्रंप ने सोमवार को ज़ेलेंस्की से दो बार बात की, एक बार आमने-सामने, पुतिन के साथ ट्रंप की कॉल से पहले, और फिर यूक्रेनी और नाटो नेताओं के साथ एक कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान।

ज़ेलेंस्की ने ट्वीट किया, 'मैंने राष्ट्रपति ट्रंप से फिर से कहा कि-यूक्रेन पूर्ण और बिना शर्त युद्धविराम के लिए तैयार है।' उन्होंने लिखा, 'अगर रूसी हत्याओं को रोकने के लिए तैयार नहीं हैं, तो उन पर कड़े प्रतिबंध लगाये जाने चाहिए।' 'रूस पर दबाव उसे वास्तविक शांति की ओर ले जाएगा - यह दुनिया भर में सभी के लिए स्पष्ट है,' रोम में एनबीसी न्यूज के साथ सोमवार को एक साक्षात्कार में, जहां पोप लियो-14 ने उनका स्वागत किया, उपराष्ट्रपति जेडी वांस ने कहा, यह जोड़ते हुए कि 'हमने पोप के साथ राष्ट्रपति की प्रमुख शांति पहलों के बारे में बात की। हमने इस बारे में बहुत बात की कि इज़राइल और गाजा में क्या चल रहा है। हमने रूस-यूक्रेन की स्थिति के बारे में बहुत बात की। भविष्य की भविष्यवाणी करना कठिन है, लेकिन मुझे लगता है कि, न केवल पोप, बल्कि पूरे वेटिकन ने, आप जानते हैं, वास्तव में मददगार होने की इच्छा व्यक्त की है, और उम्मीद है कि एक शांति समझौते को सुविधाजनक बनाने के लिए मिलकर काम करना है। भविष्य की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती, लेकिन यह बहुत सार्थक था, और मुझे उम्मीद है कि देश के लिए इसका फल मिलेगा।'

इस बीच, पुतिन के प्रवक्ता दिमित्रीपेसकोव ने कॉल से पहले कहा कि रूस 'अमेरिका को बहुत महत्व देता है' और 'अमेरिकी पक्ष का आभारी है।' पत्रकारों के साथ एक ब्रीफिंग में, उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका 'शांतिपूर्ण तरीकों से हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है, तो यह वास्तव में बेहतर है।' पेसकोव से ट्रंप और पुतिन की व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की संभावना के बारे में भी पूछा गया, जिसकी संभावना अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को जताई थी। पेसकोव ने कहा, 'यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगा कि वे खुद क्या फैसला करते हैं।' उन्होंने कहा कि तारीखों और अन्य विवरणों के संदर्भ में दोनों नेताओं द्वारा बैठक पर 'काम करने की जरूरत है'।

बहुप्रतीक्षित ट्रंप-पुतिन कॉल से पहले, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं ने कहा कि उन्होंने रविवार को ट्रंप से बात की। ब्रिटिश सरकार ने एक बयान में कहा कि वह 'पुतिन से शांति वार्ता को गंभीरता से लेने का आग्रह कर रही है।' बयान में कहा गया है कि उन नेताओं ने 'रूस द्वारा युद्धविराम और शांति वार्ता में गंभीरता से शामिल न होने पर प्रतिबंधों के इस्तेमाल पर भी चर्चा की'- कुछ ऐसा जिसकी ट्रंप पहले भी धमकी दे चुके हैं। फरवरी 2022 में शुरू होने के बाद से यूक्रेन पर रूसी आक्रमण को समाप्त करने के लिए कई दौर की शांति वार्ताएं हो चुकी हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सभी कब्जे वाली भूमि को रूसी के रूप में मान्यता देने, रूस को वे सभी क्षेत्र दिये जाने की मांग कर रहे हैं जिन पर उसका दावा है लेकिन उसका पूर्ण नियंत्रण नहीं है। फिर यह गारंटी भी कि यूक्रेन कभी भी नाटो में शामिल नहीं होगा, और वह रूस के खिलाफ प्रतिबंधों को हटाना चाहते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की रूसी सैनिकों की पूरी तरह वापसी, कैदियों और अपहृत यूक्रेनी बच्चों की वापसी, युद्ध अपराधों के लिए रूसी नेताओं पर मुकदमा चलाने और आगे रूसी आक्रमण को रोकने के लिए सुरक्षा गारंटी की मांग कर रहे हैं।

रूसी और यूक्रेनी अधिकारियों के बीच पहली बैठक आक्रमण शुरू होने के चार दिन बाद, 28 फरवरी 2022 को बेलारूस में हुई और बिना किसी नतीजे के समाप्त हुई। बाद में वार्ता के दौर हुए- मार्च 2022 में बेलारूस-यूक्रेन सीमा पर और तुर्की के अंताल्या में। तुर्की में बातचीत से एक समझौता हुआ जिसके अनुसार यूक्रेन नाटो में शामिल होने की योजना को छोड़ देगा और अपनी सेना पर सीमाएं लगायेगा, जबकि पश्चिमी देशों से सुरक्षा गारंटी होगी और रूस द्वारा क्रीमिया पर कब्ज़ा करने को मान्यता देने की आवश्यकता नहीं होगी। मसौदा संधि पर लगभग सहमति बन गयी थी, लेकिन सुरक्षा गारंटी और बुचा नरसंहार पर असहमति ने अंततः वार्ता की सफलता को रोक दिया।

डोनाल्ड ट्रम्प के संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद 2025 में नये सिरे से बातचीत शुरू हुई। ट्रम्प ने इस साल 12 फरवरी को पुतिन के साथ फ़ोन पर बात की और उसके तुरंत बाद अमेरिकी अधिकारियों ने ज़ेलेंस्की से मुलाक़ात की। सऊदी अरब शांति वार्ता के लिए प्राथमिक मेज़बान देश के रूप में उभरा। अमेरिका-रूस शिखर सम्मेलन के बाद, ट्रम्प और ज़ेलेंस्की के बीच संबंध खराब हो गये, जिसकी परिणति 28 फ़रवरी को दोनों के बीच हुई बैठक में हुई जिसमें अमेरिकी अधिकारियों ने यूक्रेनियों को बीच में ही चले जाने के लिए कहा और एक नियोजित यूक्रेन-अमेरिका खनिज राजस्व सौदे को छोड़ दिया। बैठक के बाद, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन ने यूक्रेन में सैनिकों के साथ 'इच्छुक गठबंधन' द्वारा संरक्षित युद्ध विराम की योजना बनायी। मार्च से रूस और यूक्रेन दोनों द्वारा कभी-कभी कुछ सीमित युद्ध विराम पर सहमति होती रही है।

## आपके पत्र

### समरसता से परिष्कृत विकास की अवधारणा

देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं, जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाति ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू-मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमा चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है।

आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन न हो जाए? सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा।

आवश्यकता यह है कि हमें राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा। फिर चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हो या समावेशी राष्ट्रवाद हो। समाज की मुख्यधारा में राष्ट्रवाद को एक प्रमुख अस्त्र बनाकर देश की प्रगति में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। भारत में आजादी के 75 वर्ष बाद भी ब्रिटिश हुकूमत की तरह गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी, नक्सलवाद, आतंकवाद, सांप्रदायिकता, भाषावाद एवं क्षेत्रीय विघटनकारी प्रवृत्तियां सर उठाये घूम रही हैं, हम इन पर अभी तक प्रभावी नियंत्रण नहीं लगा पाए हैं। हमें इन सब विसंगतियों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नागरिकता एवं भारत राष्ट्र की विकास की अवधारणा को राष्ट्रवाद से जोड़कर आर्थिक विकास को एक नया आयाम देना होगा, तब जाकर भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक रूप से मजबूत एवं आत्मनिर्भर बन सकेगा।

**-संजीव ठाकुर**



## ललित सुरजन की कलम से

### लाहौर: गुलाबी पगड़ी, शाकाहारी दावत

*'लाहौर मुलाकात आकस्मिक नहीं थी इसका एक अनुमान उस गुलाबी पगड़ी से होता है, जो प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ ने अपनी नातिन की शादी में अगले दिन पहनी। खबर है कि यह पगड़ी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें भेंट की है। यह भेंट उन्होंने कब दी होगी? अगर श्री शरीफ के विगत वर्ष श्री मोदी के शपथ ग्रहण में आने पर उन्हें उपहारस्वरूप दी गई हो तब तो बात वहीं समाप्त हो जाती है। यह कयास भी लगाया जा सकता है कि मोदीजी ने विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के हाथों इसे भेजा हो, जब वे पिछले माह पाक विदेश मंत्री से मिलने इस्लामाबाद जा रही थीं और तब शरीफ साहब के घर जा उनके पूरे परिवार से मिलकर आईं। उस समय उन्होंने श्री शरीफ की बेटी से यह भी कहा था कि अपनी दादी को बता देना कि मैंने उनसे जो वायदा किया था उसे पूरा करने की कोशिश करूंगी। पाकिस्तान के प्रतिष्ठित अखबार डॉन के स्तंभकार शोएब दानियल ने पूछा है कि यह वायदा क्या था?'*

**(देशबन्धु में 31 दिसंबर 2015 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/12/

## पावन प्रसंग

### अपने अंत:करण को टटोलें

असत्य और अनाचार के सामाजिक एवं शासकीय दंड से बचा जा सकता है। चतुरता के ऐसे अनेक तरीके निकाल लिए जाते हैं; जिनसे अपराधी- दुराचरण करने वाले का पता ही न चले। पता चल भी जाए तो पुलिस, कानून, अदालत को बहका देने और बच निकलने के भी हजार रास्ते बना लिए जाते हैं।

अपराधियों में से दस प्रतिशत भी नहीं पकड़े जाते, जो पकड़े जाते हैं, उनमें से दस प्रतिशत भी समुचित दंड नहीं भुगतते। जिन्हें दंड मिलता है, वे और भी अधिक ढीठ, निर्लज्ज बनकर पूरी निर्भयता, निश्चिंतता के साथ वैसे ही कुकर्म करते हैं। ऐसा अंधेर चल पड़ने पर भी किसी को यह नहीं मान बैठना चाहिए कि पाप के दंड से पूर्णतया बचाव हो गया। भगवान के घर एक दिन जाना ही होगा और वहां न्याय की तुला पर तौला ही जाएगा। वहां चतुरता काम नहीं आती और कुकर्मी को कराहते हुए अपने कुकृत्यों का फल भोगना ही पड़ता है।

कुकृत्यों का लेखा-जोखा हमारा अचेतन

मस्तिष्क भी नोट करता रहता है। वहाँ ऐसी स्वसंचालित प्रक्रिया स्थापित है, जो उन पाप-अंकनों के आधार पर दु:ख-दंड की व्यवस्था यथावत बनाती रहती है। शारीरिक और मानसिक रोगों के रूप में, स्वभाव की विकृति के कारण जिसका मन शुद्ध है, उसका स्वजनों से मनोमालिन्य के रूप में, अपने ही मनोविकारों से उत्पन्न विक्षेपों के रूप में अंत: संस्थान बेतरह खिन्न-उद्विग्न रहता है। बाहर के लोगों को प्रतीत भले ही न हो, पर वह स्वयं अशांत और बेचैन ही बना रहता है। नींद न आने से लेकर घबराहट भरी मन:स्थिति किसी नारकीय दंड से कम नहीं। जेलखानों में भी उतना शारीरिक कष्ट नहीं होता, जितना मानसिक विक्षोभ से होता है परंतु अपराधी प्रवृत्तियां अपने ही अचेतन मन के माध्यम से शारीरिक और मानसिक व्याधियों से घेर देती हैं और कुकर्मी उस स्वसंचालित विधि-विधान के आधार पर स्वयं ही दंड का भागी बनता रहता है। क्रोध, आवेश, चिंता, भय, हर्षातिरेक, कामोत्तेजना आदि के अवसर पर नाड़ी संस्थान उत्तेजित हो उठता है, रक्तचाप बढ़ जाता है। श्वास की गति तीव्र हो जाती है। त्वचा की उष्णता में बढ़ोत्तरी होती है यह सर्वविदित है।

ठीक इससे मिलता-जुलता एक अदृश्य आवेश उस समय होता है; जब मनुष्य छिपाने का, ठगने का, झूठ बोलने व छल करने का प्रयत्न करता है। जानकारी को- मन:स्थिति को यथावत प्रकट कर देने की प्रक्रिया सरल और सुगम है। उसमें किसी प्रकार का अतिरिक्त तनाव उत्पन्न नहीं होता पर छिपाने में अपने सही व्यक्तित्व को दबाना पड़ता है। वास्तविकता को छिपाकर अन्य प्रकार की स्थिति प्रकट करने पर भीतर ही अंत:संघर्ष शुरु हो जाता है। स्वाभाविकता असली रूप में प्रकट होने के लिए प्रस्तुत रहती है। पर छल या दुराव के अवसर पर उस वास्तविकता को पूरी तरह दबाना पड़ता है और एक कल्पित स्थिति गढ़कर प्रकट करनी पड़ती है। इस मनगढ़ंत में बहुत मानसिक शक्ति खर्च होती है। इससे भी ज्यादा दबाव तब पड़ता है, जब अवास्तविकता को वास्तविकता जैसे ढंग से प्रकट करने का हाव-भाव, उच्चारण, कथन इस तरह उतारना पड़ता है कि कथन, अभिनय खरा उतरे।

**- युग निर्माण योजना**

## ग्रीस में आया 6.0 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी जारी

**एथेंस,** 22 मई (एजेंसियां)। ग्रीस में 6.0 तीव्रता का भूकंप आया है, जिसके बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया कि ग्रीस के क्रेते के तट के पास गुरुवार को 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। जर्मन रिसर्च सेंटर ने बताया कि भूकंप सुबह 6:19 बजे आया, जो क्रेते के उत्तर-पूर्व में एलौंडा से 58 किमी दूर और 60 किमी गहराई में था। भूकंप के कारण यूरोपीय अधिकारियों ने सुनामी की चेतावनी भी जारी की। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस भूकंप के कारण कोई क्षति नहीं हुई है। भूकंप क्रेते और आसपास के द्वीपों में महसूस किया गया और इस कारण स्थानीय लोग भी घबरा गए। रिपोर्ट्स के अनुसार भूकंप के बाद कई झटके महसूस किए गए।

# देश विदेश

# नेतन्याहू ने दोहराया गाजा पर पूर्ण कब्जे का इरादा

- ■ ट्रंप से मतभेद की खबरों को बताया बेबुनियाद
- ■ नेतन्याहू ने हमास की शर्तों को किया खारिज



**यरूशलम,** 22 मई (एजेंसियां)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पर पूरी तरह से कब्जा करने के अपने इरादे को दोहराया और युद्ध समाप्ति के लिए किसी भी प्रकार के समझौते की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि गाजा में 20 बंधक अब भी जीवित हैं, जबकि 38 अन्य के मारे जाने की आशंका है।

पश्चिम यरूशलम स्थित अपने कार्यालय में बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेतन्याहू ने अपनी मंशा जाहिर की। फिलिस्तीनी संगठन हमास ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि वह युद्ध समाप्ति, गाजा से इजरायली सेना की वापसी और फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में इजरायली बंदियों को एकमुश्त रिहा करने के लिए तैयार है। नेतन्याहू ने इन शर्तों को खारिज कर दिया है। इसके बजाय उन्होंने फिलिस्तीनी प्रतिरोध समूहों के निरस्त्रीकरण की मांग की है और गाजा पर पूरी तरह से फिर से कब्जा करने पर जोर दिया है। नेतन्याहू ने दावा किया कि एक बार ये लक्ष्य हासिल हो जाने के बाद, इजरायल तथाकथित ट्रंप योजना को लागू करने के लिए आगे बढ़ेगा जिसे व्यापक रूप से गाजा से फिलिस्तीनियों के पुनर्वास की रूपरेखा के रूप में देखा जाता है। नेतन्याहू ने ट्रंप की खाड़ी यात्रा के बाद अमेरिकी प्रशासन के साथ मतभेद की अटकलों को भी खारिज कर दिया।

## नफरत व कट्टरता की अमेरिका में कोई जगह नहीं : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार देर रात (अमेरिकी समयानुसार) वाशिंगटन में कैपिटल यहूदी संग्रहालय के बाहर इजरायली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या किए जाने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे यहूदी विरोधी कृत्य बताया है। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी के अनुसार, पीड़ित इजरायली दूतावास के एक पुरुष और एक महिला कर्मचारी हैं, जिनको अज्ञात हमलावर ने म्यूजियम से बाहर निकलते समय गोली मार दी। अधिकारियों ने हत्या की पुष्टि की और इसे यहूदी-विरोधी भावना से प्रेरित अपराध मानकर एक बहु-एजेंसी जांच शुरू की। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि डीसी में ये भयानक हत्याएं, जो स्पष्ट रूप से यहूदी-विरोधी हैं, इन्हें अब खत्म होना चाहिए। नफरत और कट्टरता का अमेरिका में कोई स्थान नहीं है। पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना। बहुत दुख की बात है कि ऐसी चीजें भी हो सकती हैं, भगवान आप सभी का भला करे। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी हत्याओं की निंदा की और कहा, यह कायराना, यहूदी-विरोधी हिंसा का एक निंदनीय कृत्य था। कोई गलती न करें, हम जिम्मेदार लोगों का पता लगाएंगे और उन्हें न्याय के कटघरे में लाएंगे। इजरायल में अमेरिकी राजदूत माइक हुकाबी ने भी घटना पर गुस्सा व्यक्त किया। उन्होंने इसे आतंक का भयानक कृत्य बताया।



## शहबाज शरीफ ने दिया भारत के साथ सऊदी अरब में वार्ता का प्रस्ताव

**इस्लामाबाद,** 22 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को सऊदी अरब में भारत के साथ वार्ता की पेशकश की। उन्होंने कहा कि अमेरिका दोनों देशों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है। राजधानी इस्लामाबाद में पत्रकारों से बात करते हुए प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा कि, भारत और पाकिस्तान के बीच अगर वार्ता होती है तो वह एनएसए स्तर पर होगी। बातचीत का एजेंडा कश्मीर, पानी, आतंकवाद और व्यापार पर केंद्रित होगा। पाकिस्तान-भारत वार्ता के दौरान ये मुख्य बिंदु होंगे। शहबाज ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव धीरे-धीरे कम हो रहा है, दोनों पक्षों के डीजीएमओ एक-दूसरे से बातचीत करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि अगर दोनों कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के बीच वार्ता होती है तो पाकिस्तान का नेतृत्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार करेंगे। वार्ता के लिए सऊदी अरब तटस्थ स्थान हो सकता है। अमेरिका मध्यस्थता कर सकता है। लेकिन भारत ने अभी तक बातचीत के लिए किसी तटस्थ स्थान पर सहमति नहीं जताई है। पाकिस्तान के पीएम ने कहा कि जनरल असीम मुनीर को फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत करने का फैसला संघीय कैबिनेट में परामर्श और नवाज शरीफ से मंजूरी मिलने के बाद सरकार ने लिया था।



■ भारत ने अभी तक बातचीत के लिए किसी तटस्थ स्थान पर सहमति नहीं जताई

## सुडोकू 6921

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 7 | 8 | | 6 | | 4 |
| | 5 | 8 | | 2 | 4 | | | |
| 4 | | | | 5 | | 1 | 8 | |
| 2 | | | | | 6 | | 1 | 9 |
| | 3 | 9 | 2 | | 8 | 4 | 6 | |
| 8 | 4 | | 5 | | | | | 7 |
| | 8 | 3 | | 1 | | | | 6 |
| | | | 4 | 3 | | 2 | 9 | |
| 9 | | 4 | | 6 | 5 | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 23 मई, 2025 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11

### राशिफल

मेष - आप का दिन अस्वस्थता और चिंता में गुजरेगा। सर्दी, कफ और बुखार आपको हो सकता है। किसी का भला करने की जगह आज अपने काम में ही व्यस्त रहें। किसी से पैसों का लेन-देन न करें।

वृषभ - आज का दिन सावधानीपूर्वक गुजारें। आप का मन अनेक प्रकार की चिंताओं में रहने वाला है। स्वास्थ्य बिगड़ सकता है और आंखों में पीड़ा होने की संभावना है। आत्मीयजनों एवं परिवारजनों से विरोध होगा।

मिथुन - आपका तन-मन स्वस्थ और आनंद में रहेगा। ऑफिस में लोग आपके काम की प्रशंसा करेंगे। अधिकारी भी आपके काम की सराहना करेंगे। प्रोत्साहन देंगे। आपकी पदोन्नति भी हो सकती है।

कर्क - आज आप धार्मिक काम में व्यस्त रहने वाले हैं। कहीं धार्मिक यात्रा पर जाना हो सकता है। तन-मन से आप खुश रहेंगे। आपकी किस्मत चमकने की पूरी संभावना है। दोस्तों के साथ भी अच्छा समय व्यतीत कर सकेंगे।

सिंह - आज का दिन थोड़ा परेशानी से भरा है। आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। खान-पान में ध्यान नहीं रखने से बीमारी के पीछे खर्च होगा। मन में नेगेटिविटी को न आने दें। पारिवारिक सदस्यों के साथ संभलकर रहना पड़ेगा।

कन्या - आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। प्रिय व्यक्ति के साथ आपकी निकटता आपको आनंदित करेगी। अपने वैवाहिक जीवन में अधिक आत्मीयता का अनुभव करेंगे। आप प्रिय पात्रों के साथ समय बिताना पसंद करेंगे।

तुला - आपके घर में सुख- शांति बनी रहेगी। अच्छे अवसर आएंगे। काम में सफलता और प्रतिष्ठा दोनों प्राप्त होगी। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। किसी जरूरी जगह पर खर्च की संभावना है। नौकरी में आपकी प्रगति होगी।

वृश्चिक - आपका स्वास्थ्य थोड़ा नाजुक रहेगा। संतान की तकलीफ चिंता का कारण बन सकती है। किसी काम के पूरा नहीं होने से अपयश मिल सकता है। आपको शेयर- सट्टे के काम में आज नहीं पड़ना चाहिए।

धनु - आज आप में शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अभाव रहेगा। परिवार में क्लेश कलह का वातावरण रहने से आपका मन उदास रहेगा। अनिद्रा सताएगी। माता के स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरतें।

मकर - दैनिक काम में परिस्थिति आपके अनूकूल होने से आप स्वस्थ रहेंगे। पारिवारिक जीवन की समस्या हल होगी। जायदाद और संपत्ति से सम्बंधित विवाद हल होंगे। आपको व्यापार में वित्तीय लाभ हो सकता हैं।

कुंभ - यदि आप वाणी पर अंकुश रखेंगे, तो बहुत-सी परेशानियों से बच सकेंगे। किसी विवाद में आज ना पड़ें। कोई अनावश्यक खर्च आपको परेशान कर सकता है। आपको किसी भी काम में मनोनुकूल सफलता नहीं मिलेगी।

मीन - आपका दिन मौज मस्ती से भरपूर रहेगा। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। किसी शुभ प्रसंग के आयोजन की संभावना है। नए काम शुरू करने के लिए भी दिन अच्छा है।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

# नए विध्वंसक जहाज की लांन्चिंग के दौरान हुई दुर्घटना : उत्तर कोरिया

यह एक गंभीर दुर्घटना व आपराधिक कृत्य था, जो पूरी तरह से लापरवाही और अनुभवहीनता की वजह से हुआ। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है : **किम जोंग-उन**



**सियोल,** 22 मई (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया ने गुरुवार को कहा कि पिछले दिन एक नए युद्धपोत को लांच करने के समारोह के दौरान एक गंभीर दुर्घटना घटी। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने इस घटना को एक आपराधिक कृत्य बताते हुए कहा है कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि बुधवार को पूर्वी बंदरगाह शहर चोंगजिन में एक शिपयार्ड में नवनिर्मित 5,000 टन के विध्वंसक जहाज को लॉन्च करने के समारोह के दौरान दुर्घटना हुई। घटना के दौरान उत्तर कोरिया के कई नेता भी उपस्थित थे। यह घटना अनुभवहीनता और परिचालन में लापरवाही का परिणाम हो सकती है क्योंकि स्टर्न लॉन्च स्लाइड पहले निकल गई और फंस गई। इस दौरान युद्धपोत के निचले भाग के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए, इससे युद्धपोत का संतुलन बिगड़ गया।

केसीएनए के मुताबिक इस घटना के बाद उत्तर कोरिया के नेता किम ने कहा कि यह एक गंभीर दुर्घटना और आपराधिक कृत्य था, जो पूरी तरह से लापरवाही और अनुभवहीनता की वजह से हुआ। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने जून में होने वाली सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया की पूर्ण बैठक से पहले युद्धपोत की स्थिति को ठीक करने और दुर्घटना की जांच का आदेश दिया। किम ने कहा कि युद्धपोत की तत्काल बहाली केवल एक व्यावहारिक मुद्दा नहीं है, बल्कि एक राजनीतिक मुद्दा है।

## उत्तर कोरिया ने कई क्रूज मिसाइलें दागी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की सेना ने गुरुवार को कहा कि उत्तर कोरिया की तरफ से पूर्वी सागर की ओर कई क्रूज मिसाइलें दागीं गई हैं। यह घटना प्योंगयांग के एक नए युद्धपोत के प्रक्षेपण के दौरान हुई गंभीर दुर्घटना के ठीक एक दिन बाद हुई। उत्तर कोरिया ने पहले कहा था कि बुधवार को एक नए नौसैनिक विध्वंसक के प्रक्षेपण समारोह के दौरान उसके कुछ हिस्से नष्ट हो गए थे। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने इसे एक आपराधिक कृत्य बताया जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।



ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा, सुबह करीब 9 बजे दक्षिण हैमग्योंग प्रांत के सोंडोक क्षेत्र से उत्तर कोरिया के मिसाइल प्रक्षेपण का पता चला। हालांकि मिसाइलों की संख्या के बारे में कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिली।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**दो ट्रकों के बीच ...**

ही जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई। आग लगने के बाद वे वैन में फंस गए और बाहर निकल नहीं पाए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उन्होंने मदद की कोशिश की, लेकिन आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि कोई भी पास नहीं जा सका। वहीं वैन में सवार मोहन भारद्वाज और उनके परिवार के दो अन्य सदस्य घायल हो गए। ट्रक चालक और ट्रेलर क्लीनर भी इस हादसे में चोटिल हुए हैं। सभी घायलों को तत्काल पलारी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि घायलों की हालत स्थिर है लेकिन दो की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

**इलाज कराकर लौट रहे थे घर, बीच रास्ते में काल ने घेरा-**

जानकारी के अनुसार मोहन भारद्वाज अपने परिवार के साथ रायपुर से इलाज कराकर वापस अपने गांव गोड़ा लौट रहे थे। वेन में सवार सभी लोग अपने घर के नजदीक ही पहुंचे थे कि यह दर्दनाक हादसा हो गया। परिवार वालों की खुशियों भरी वापसी की राह अचानक शोक में बदल गई।

**चीखें, लपटें और धुआंरू भयावह दृश्य-**

घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि दुर्घटना के बाद वैन से धुएं और आग की लपटें निकलने लगीं। अंदर फंसे लोगों की चीखें सुनाई दे रही थीं। आग बुझाने की कोशिश में कई ग्रामीण भी झुलसते-झुलसते बचे। कुछ युवकों ने बहादुरी दिखाते हुए वैन का दरवाजा खोलकर घायलों को बाहर निकाला। लेकिन सेवक साहू को बाहर निकालने में सभी असफल रहे।

**फायर ब्रिगेड की कड़ी मशक्कत से बुझी आग-**

सूचना मिलते ही पलारी पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग इतनी भयंकर थी कि उसे काबू करने में लगभग 30 मिनट लग गए। तब तक वैन पूरी तरह जल चुकी थी और ट्रक को भी भारी नुकसान पहुंच चुका था। फायर ब्रिगेड द्वारा बुझाई गई आग के बाद पुलिस ने मलबे की जांच शुरू की।

**तहसीलदार पहुंचे मौके पर, पुलिस ने किया केस दर्ज-**

घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पलारी थाना प्रभारी ने बताया कि वैन और ट्रक के बीच भयानक टक्कर हुई है, जिसमें एक व्यक्ति की मौत और पांच घायल हुए हैं। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है कि दुर्घटना की मूल वजह क्या रही ट्रक की रफ्तार, खराब ब्रेक या कोई और लापरवाही।

एक साल में तीसरा बड़ा हादसा, सवालों के घेरे में ट्रैफिक व्यवस्था-

यह पहली बार नहीं है जब बलौदाबाजार पलारी मार्ग पर इस तरह का भीषण हादसा हुआ है। कुछ महीने पहले भी इसी स्थान पर टैंकर और ट्रक की टक्कर में चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। बार-बार हो रहे इन हादसों ने न केवल प्रशासन पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता भी पैदा कर दी है।

**पुलिस मुख्यालय में कल से...**

वर्किंग के प्रभावित रहने की बातें आम लोगों से शासन तक पहुंच रही हैं। सरकार तथा शासन के सारा आला अफसर शनिवार की छुट्टी को लेकर खामोश हैं, लेकिन इस मुद्दे पर क्लास-वन वाले सारे अफसर यह जरूर कहते हैं कि शनिवार को वे किसी न किसी काम से दफ्तर में रहते ही हैं। कई बार महत्वपूर्ण वीडियो कांफ्रेंसिंग भी शनिवार को ही रखी जाती हैं, जिनमें जिले तक के अफसरों का शामिल होना जरूरी रहता है।

ऐसी चर्चाएं हैं कि अगर शनिवार की छुट्टी खत्म भी की जाती है तो इसका प्रभाव अफसरों पर नहीं पड़ेगा, क्योंकि ज्यादातर को शनिवार को दफ्तर आ ही रहे हैं। ऐसे में पुलिस मुख्यालय के बाद अब यह चर्चाएं फैल रही हैं कि धीरे-धीरे सभी सरकारी विभागों में शनिवार की छुट्टी खत्म होने लगेगी। हालांकि यह सब अभी चर्चाओं तक ही सीमित है। इन तमाम कयासों की किसी स्तर पर पुष्टि नहीं हो रही है तथा शासन इस मामले में खामोश है।


**हमारी सेना पाकिस्तान को ...**

लिया था कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा देंगे। आज आपके आशीर्वाद से देश की सेना के शौर्य से हम सब उस प्रण पर खरे उतरे हैं।'

**ये न्याय का नया स्वरूप है**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ये शोध-प्रतिशोध का खेल नहीं, ये न्याय का नया स्वरूप है। ये 'ऑपरेशन सिंदूर' है। ये सिर्फ आक्रोश नहीं है, ये समग्र भारत का रौद्र रूप है। ये भारत का नया स्वरूप है। पहले घर में घुसकर वार किया था, अब सीधा सीने पर प्रहार किया है। आतंक का फन कुचलने की यही नीति है, यही रीति है। यही भारत है, नया भारत है।

## वर्ग पहेली 6921



**बायें से दायें:-**

१. प्राचीन कालीन, प्राचीन काल की बातों के अनुसंधान तथा अध्ययन संबंधी
४. कारखाना, लोहे-लकड़ी की चीजों के निर्माण या अन्य वस्तुओं के निर्माण की जगह
६. किसी चीज का टूटा हुआ हिस्सा
७. हिमालय की बर्फीली चोटियों पर प्राप्त बड़े-बड़े पदचिन्हों वाला कल्पित रहस्यमय प्राणी, येति
८. पैरों की धूल
१०. रवैया, रीति-रिवाज, तौर-तरीका
११. जिस किसी कारण वश अपने स्थान या पद से हट जाना पड़ा हो, पदच्युत
१३. एक प्रकार का श्वांस रोग
१४. सौगंध, कसम, हलफ़
१५. सिरमौर (उर्दू)
१७. लौटा या लौटाया हुआ, पुनः प्राप्त
१९. सूचित करना
२१. ध्यान बंटा कर दिया गया धोखा
२१. कलंकित
२४. नगरवासी

**ऊपर से नीचे:-**

१. धार्मिक कृत्य कराने वाला
२. व्यंग्य या चुटीली बातें करना (मुहावरा)
३. कड़वी एवं अप्रिय बात
४. कठोरता
५. चालाक, काइयां, चोर, गठकतरा (उर्दू)
९. जनता की भावना
११. दानव, राक्षस
१२. मोती, सीप से उत्पन्न
१३. या
१४. बलि चढ़ाकर शांति-रक्षा का प्रयास करने वाला
१५. साथ चलने वाला, साथी
१६. किसी के शरीर या वातावरण की उष्णता
१८. चिड़िया, पक्षी (उर्दू)
१९. बहरा
२०. अबोध, मूर्ख (उर्दू)
२३. किसी फल आदि का निचोड़, आनंद भाव

### वर्ग पहेली-6920

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प | रा | २ का | ष्ठा | ■ | ■ | ३ बे | ल | ४ गा | म |
| रि | ■ | न | ■ | ५ अ | द्दा | ई | ■ | यि | ■ |
| ६ प | ता | का | ■ | वि | ■ | ७ मा | र | का | ८ ट |
| क्व | ■ | क | ■ | ९ भ | वा | नी | ■ | ■ | र |
| ■ | १० उ | च्चा | ११ यु | क्त | ■ | ■ | १२ अ | टू | ट |
| ■ | जा | ■ | द्ध | ■ | १३ अ | चं | भा | ■ | रा |
| १४ ना | ला | १५ य | क | ■ | पि | ■ | १६ व | १७ र | ना |
| स | ■ | ज | ■ | १८ आ | तु | १९ र | ■ | सा | ■ |
| २० म | हि | मा | ■ | लं | ■ | २१ ज | हा | ल | २२ त |
| झ | ■ | २३ न | क | ब | ज | नी | ■ | ■ | म |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास


1568 - नीदरलैंड ने स्पेन से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
1915 - प्रथम विश्व युद्ध इटली लंदन संधि के अपने हिस्से को पूरा करने के लिए मित्र राष्ट्रों में शामिल हुए।
1919 - जयपुर राजघराने की राजमाता रही महारानी गायत्री देवी का जन्म।
1923 - राजस्थानी भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार अन्नाराम सुदामा का जन्म।
1930 - प्रसिद्ध भारतीय इतिहासकार तथा पुरातत्त्ववेत्ता राखालदास बंद्योपाध्याय का निधन।
1934 - ऑटो-लाइट स्ट्राइक टोलेडो की लड़ाई में समाप्त हो गई।
1948 - यूएस कंसुल जनरल के थॉमस सी वासन, की हत्या यरूशलेम, इज़रायल में हुई।
1949 - जर्मनी के संघीय गणराज्य के लिए मूल कानून घोषित किया गया।
1995 - जावा प्रोग्रामिंग भाषा का पहला संस्करण जारी किया गया।
1998 - उत्तरी आयरलैंड में एक जनमत संग्रह में गुड फ्राइडे समझौता स्वीकार किया गया था।
2004 - बंगलादेश में तूफ़ान के कारण मेघना नदी में नाव डूबने से 250 डूबे।
2006 - अलास्का स्ट्रेटोवोल्कोनो माउंट क्लीवलैंड में विस्फोट हुआ।
2010 - तेलुगू चलचित्र गीतकार वेतुरी सुंदरम्मा मूर्ति का निधन।
2010 - भारत के उच्चतम न्यायालय ने बिना विवाह किये महिला और पुरुष का एक साथ रहना अपराध नहीं माना।
2013 - स्कागिट नदी पर इंटरस्टेट पांच पुल वाशिंगटन के माउंट वर्नोन में गिर गया।

**तैयारी** *अगले सप्ताह रूस-यूक्रेन शांति वार्ता की मेजबानी कर सकता है वेटिकन*

# रूस व यूक्रेन के बीच 16 मई को इस्तांबुल में हुई थी बातचीत

**हेलसिंकी,** 22 मई (एजेंसियां)। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने राष्ट्रीय चैनल येल को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच बातचीत अगले हफ्ते वेटिकन में हो सकती है। स्टब ने बुधवार शाम कहा कि इस बातचीत में शायद अमेरिका और यूरोप के कुछ देश भी शामिल होंगे। उन्होंने इस संभावित बैठक को यूक्रेन में चल रहे युद्ध को खत्म करने की कोशिशों की ओर एक अच्छा और सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह संभव है कि अगले हफ्ते वेटिकन में यूक्रेन, रूस, अमेरिका और यूरोप के लोगों की एक बैठक हो। उन्होंने कहा कि शांति लाने की कोशिशों में यूरोपीय देशों की भूमिका बढ़ती जा रही है।

**हम अब ऐसे दौर में जा रहे हैं जहां यूरोप भी इसमें शामिल हो रहा है-और यही हम शुरुआत से चाहते थे : अलेक्जेंडर स्टब**



स्टब ने कहा कि हम अब ऐसे दौर में जा रहे हैं जहां यूरोप भी इसमें शामिल हो रहा है-और यही हम शुरुआत से चाहते थे। सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्टब और कुछ दूसरे यूरोपीय नेताओं से फोन पर बात की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस कोशिश का स्वागत किया। रूस और यूक्रेन के बीच बातचीत 16 मई को इस्तांबुल में हुई थी।

19 मई को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ट्रंप से फोन पर दो घंटे से ज्यादा बात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने यूक्रेन में चल रहे युद्ध को खत्म करने के तरीकों पर चर्चा की।

इस कॉल के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और कुछ यूरोपीय नेताओं से बात की और उन्हें पुतिन के साथ अपनी बातचीत के बारे में जानकारी दी। स्टब ने कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को सुलझाने में अपनी मध्यस्थ की भूमिका नहीं छोड़ी है।

## रोम में होगी ईरान-अमेरिका के बीच पांचवें दौर की वार्ता : अलबुसैदी

**मस्कट।** ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद बिन हमूद अलबुसैदी ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच पांचवे दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता शुक्रवार को रोम में होगी। यह घोषणा उनके आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में दी गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के परमाणु कार्यक्रम और अमेरिकी प्रतिबंधों को लेकर रुकी हुई कूटनीति को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से यह वार्ता ओमान द्वारा संचालित की जा रही है।



## दुनिया को जानें

### मंगल मिशन की तैयारी में जुटा दक्षिण कोरिया, अमेरिका से मांगा सहयोग

**सोल,** 22 मई (एजेंसियां)। कोरिया एयरोस्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (केएएसए) के प्रमुख ने कहा है कि दक्षिण कोरिया ने अमेरिका के साथ मिलकर भविष्य में मंगल ग्रह पर जाने वाले मिशनों में भाग लेने की संभावना पर काम शुरू कर दिया है। इसके लिए एक खास टीम (टास्क फोर्स) बनाई गई है, जो इस दिशा में योजना बनाएगी और जरूरी तैयारियां करेगी। योनहाप समाचार एजेंसी के मुताबिक, यह बात एजेंसी के प्रमुख ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। यह कार्यक्रम साचियोन शहर में हुआ, जो सोल से 290 किलोमीटर दूर है। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस एजेंसी की पहली सालगिरह के मौके पर आयोजित की गई थी। साचियोन में ही एजेंसी का मुख्य दफ्तर है।

केएएसए के प्रमुख यून यंग-बिन ने कहा कि अमेरिका अब अपने अंतरिक्ष बजट का ध्यान तेजी से मंगल ग्रह की ओर कर रहा है। वहां इंसानों को भेजने और उनकी मौजूदगी स्थापित करने की ठोस योजनाएं बन रही हैं। कोरिया में हमने हाल ही में सोचना शुरू किया है कि हमें इस समय क्या कदम उठाने चाहिए। यंग-बिन ने कहा कि हमने हाल ही में एक टास्क फोर्स गठित किया है।

# खेल जगत

## किदांबी श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में, एचएस प्रणॉय हुए बाहर

बुकित जलील। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने गुरुवार को मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जीत दर्जकर अगले दौर में जगह बनाई। वहीं मिश्रित युगल में तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने भी क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। आज यहां एक्सियाटा एरिना केएल स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में 59 मिनट तक चले मुकाबले में किदांबी ने आयरलैंड के न्हाट गुयेन को सीधे गेम में 23-21, 21-17 हराकर अगले दौर में जगह बनाई। किदांबी ने पहले गेम की शुरुआत से ही अपना दबदबा कायम रखते हुए अपनी बढ़त बनाए रखा। न्हाट ने किदांबी को कड़ी टक्कर दी, लेकिन आखिर में किदांबी ने अंक अर्जित कर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भी किदांबी ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन जारी रखते हुए आयरलैंड के बैडमिंटन खिलाड़ी को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।



# हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी आज शीर्ष दो में जगह बनाने उतरेगी

## विराट के बूते आरसीबी अब हैदराबाद को भी हराकर शीर्ष दो की ओर मजबूत कदम बढ़ाने उतरेगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 22 मई (देशबन्धु)। भारत को बीते बरस वेस्टइंडीज में आईसीसी टी 20 विश्व कप जिताने के बाद टी 20 और बीते हफ्ते टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कहने वाले विराट कोहली की एक अधूरी हसरत यह है कि वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अब तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) क्रिकेट खिताब नहीं जिता पाए हैं। 2025 आईपीएल में सबसे ज्यादा सात अर्द्धशतकों सहित 505 रन बनाने वाले विराट कोहली के बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत आरसीबी फिलहाल 12 मैचों में आठ जीत व केकेआर के खिलाफ अपना पिछला मैच बारिश के चलते बेनतीजा समाप्त होने से मिले एक अंक और तीन हार के साथ कुल 17 अंकों के साथ अपनी बेहतर नेट रन रेट के चलते दूसरे स्थान पर है और प्ले ऑफ में स्थान बना चुकी है।

अपने सबसे कामयाब सबसे ज्यादा 18 विकेट चटकाने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के सरहद पर पाकिस्तान की नापाक हरकत के मौजूदा आईपीएल के स्थगित होने और चोट के चलते ऑस्ट्रेलिया लौट जाने से जरूर आरसीबी का गेंदबाजी संतुलन गड़बड़ाया है। अनुभवी विराट कोहली और दो दो अर्द्धशतक जड़ने वाले कप्तान रजत पाटीदार (11 मैच, 239 रन) और ओपनर फिल साल्ट (9 मैच, 239) के बूते आरसीबी अब लखनऊ में प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी फिलहाल आठवें स्थान पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ पूरी तरह चौकस हो अब शुक्रवार को लखनऊ स्थानांतरित किए गया मैच भी जीत शीर्ष दो की ओर मजबूत कदम बढ़ाने उतरेगी। आरसीबी ने केकेआर के खिलाफ बारिश से धुलने से पहले अपने पिछले लगातार चार मैच जीते थे और वह अपनी इसी बढ़िया लय को लखनऊ में एसआरएच के खिलाफ भी जारी रखने के मकसद से उतरेगा। आरसीबी ने एसआरएच से अपने पिछले पांच में तीन मैच जीते हैं और इसी सिलसिले का आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। अब गुजरात टाइटंस (12 मैच, 18 अंक), आरसीबी(12 मैच, 17 अंक), पंजाब किंग्स (12 मैच, 17 अंक) और मुंबई इंडियंस अपने घर मुंबई में दिल्ली कैपिटल्स पर बुधवार रात 58 रन से जीत के साथ उसे बाहर कर 13 मैचों में आठ जीत और पांच हार के साथ कुल 16 अंकों के साथ प्ले ऑफ में स्थान पक्का कर चुकी है। एक दिलचस्प बात यह है कि गुजरात टाइटंस, आरसीबी और पंजाब किंग्स सभी के दो दो लीग मैच बाकी है और तीनों टीमों 20 या इससे ज्यादा अंको के साथ लीग का अपना अभियान समाप्त कर चुकी है।



■ हैदराबाद के तेज गेंदबाज कमिंस व हर्षल से आरसीबी को चौकस रहना होगा

### आरसीबी ने बेथेल की जगह सीफर्ट को शामिल किया

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने जैकब बेथेल के अस्थायी प्रतिस्थापन के रूप में न्यूजीलैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट को शामिल किया है, जो 29 मई से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाली व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए इंग्लैंड लौटेंगे। सीफर्ट, जिन्होंने 66 टी20 मैच खेले हैं और उनके नाम 1,540 रन हैं, 2 करोड़ रुपये में आरसीबी में शामिल होंगे। बेथेल शुक्रवार को लखनऊ में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले आखिरी से पहले के लीग मैच के बाद आरसीबी कैंप छोड़ देंगे।

## जडेजा ने की सूर्या की जमकर तारीफ

**नई दिल्ली,** 22 मई (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस के विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव जब-जब वानखेड़े के मैदान पर उतरते हैं, उनके बल्ले से रनों की बरसात होती है। हालत यह हो जाती है कि विपक्षी गेंदबाज उन्हें आउट करने के लिए नहीं, बल्कि बचने का प्रयास करने लगते हैं। कुछ ऐसा ही वानखेड़े में बुधवार को डीसी-एमआई के एक महत्वपूर्ण मैच में देखने को मिला। इस मैच में सूर्यकुमार की एक विस्फोटक पारी ने मुंबई इंडियंस को प्लेऑफ का टिकट दे दिया। सूर्यकुमार की बल्लेबाजी देख पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा भी खुद को रोक नहीं पाए हैं। जडेजा ने सूर्यकुमार यादव की बल्लेबाजी की जमकर तारीफ की। जडेजा ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि कि वह जानते थे कि उन्हें क्या करना है। एक छोर को उन्होंने संभाले रखा और नमन को मौका दिया कि वह भी खुलकर अपने शॉट्स खेले। फिर भी, ये दोनों अविश्वसनीय थे। मुझे लगता है, सूर्यकुमार यादव ने एक असाधारण पारी खेली, लेकिन यह नमन धीर थे, जिन्होंने 19वें ओवर में दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज को आड़े हाथ लिया। चौके और छक्कों की बारिश की। मैच के अंतिम दो ओवरों में मुंबई ने काफी रन लूटे। जडेजा ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों के पास इन दोनों का कोई जवाब नहीं था। आखिरी दो ओवरों में 48 रन बनाना - ऐसे समय में जब आप 18 ओवर तक सिर्फ 130 रन तक ही पहुंचे थे। जिस तरह से आखिरी के दो ओवर में रन बनाए गए।

## म्हात्रे होगे इंग्लैंड दौरे पर भारत की अंडर 19 के कप्तान, सूर्यवंशी को भी मिली जगह

**नई दिल्ली,** 22 मई (देशबन्धु)। बल्ले से धमाल कर अपने तीसरे ही मैच में फिलहाल शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस के खिलाफ तूफानी शतक से सुर्खियों में आए बिहार के समस्तीपुर के मात्र 14 बरस के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को मुंबई के 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे की अगुआई में 24 जून से 23 जुलाई, 2025 इंग्लैंड में इंग्लैंड की अंडर 19 टीम के खिलाफ 27 जून से 7 जुलाई तक पांच यूथ वन डे मैच सीरीज खेलने वाली भारत की अंडर 19 क्रिकेट टीम में चुना गया है। इंग्लैंड की अंडर 19 टीम से उसके घर में पांच वन डे मैच की यूथ सीरीज के लिए चुनी गई भारत की अंडर 19 टीम का चयन बृहस्पतिवार को जूनियर क्रिकेट चयन समिति ने किया। इसकी जानकारी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने बृहस्पतिवार को दी। वैभव सूर्यवंशी ने नौवें स्थान पर रही राजस्थान रॉयल्स के लिए सात मैचों में एक शतक और एक अर्द्धशतक सहित 252 रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने पर आखिरी चरण में आखिरी स्थान पर रही सीएसके टीम में जगह पाने पर आयुष म्हात्रे ने छह मैच खेल कर 204 रन और इसमें उनकी आरसीबी के खिलाफ तीसरे मैच में खेली 94 रन की पारी भी शामिल है लेकिन उन की तेज पारी के बावजूद सीएसके को हार झेलनी पड़ी थी। वैभव ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 101, पंजाब किंग्स के खिलाफ 40 और आखिरी मैच में राजस्थान रॉयल्स के लिए 33 गेंदों में 57 रन की तूफानी खेली। वैभव की शतकीय पारी से राजस्थान ने गुजरात टाइटंस को अर्धशतकीय पारी से सीएसके को हराया।

भारत की अंडर 19 अपने इंग्लैंड दौरे में सबसे पहले 24 जून लाफबरो यूनिवर्सिटी मैदान पर एक वार्म अप खेलेगी। भारत की अंडर 19 टीम पांच मैचों की यूथ सीरीज में इंग्लैंड अंडर 19 टीम के खिलाफ पहला वन डे मैच 27 जून को होव में, दूसरा वन डे मैच 30 जून को नॉर्थम्पटन में, तीसरा वन डे मैच भी 2 जून को नॉर्थम्पटन में, चौथा वन डे मैच जून को व पांचवा आखिरी वन डे मैच 7 जून को वूस्टर में खेलेगी।



वैभव व म्हात्रे ने आईपीएल में हाल ही में किया धमाल

भारत की अंडर 19 टीम इसके बाद इंग्लैंड की अंडर 19 से 12 से 15 जून तक बेकेनहम तथा 20 से 23 जून तक चेम्सफर्ड में चार चार दिन के दो मैच खेलेगी।

**भारत की इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली अंडर 19 क्रिकेट टीम इस प्रकार है :** आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, म्युलराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (उप कप्तान व विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आर एस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, हेनिल पटेल, युद्ध जीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद इनान, आदित्य राणा, अनमोलजीत सिंह।

**स्टैंडबाय खिलाड़ी :** नमन पुष्पक, दी दीपेश, वेदांत त्रिवेदी, विकल्प तिवारी, अलंकृत रपोली (विकेटकीपर)।

## यूएई ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया, सीरीज भी जीती

**शारजाह,** 22 मई (एजेंसियां)। हैदर अली (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद आलीशान शराफ (नाबाद 68) और आसिफ खान (नाबाद 41) की विस्फोटक पारियों की बदौलत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 मुकाबले में पांच गेंदे शेष रहते बंगलादेश के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज करते हुए तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है। टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ यूएई की दूसरी सीरीज जीत है। शारजाह स्टेडियम में बुधवार की रात खेले गये टी-20 मुकाबले में यूएई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत खराब रही और उसने 57 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिये। बंगलादेश के बल्लेबाजे हैदर अली की घातक गेंदबाजी के आगे बेबस नजर आये।

### गिल ने सुदर्शन के साथ अपनी साझेदारी पर कहा कि

# 'हमें प्रतिद्वंद्वी को मात देना पसंद है'

**नई दिल्ली,** 22 मई (एजेंसियां) गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल ने खुलासा किया कि 'विपक्ष को मात देने का कौशल' ही साई सुदर्शन के साथ उनकी बल्लेबाजी साझेदारी को इतना प्रभावी बनाता है। उन्होंने कहा कि स्थितियों को पढ़ना और स्थिति का आकलन 'करना' ही उनकी टीम की सामरिक जागरूकता की कुंजी है, जो आईपीएल 2025 में उनकी सफलता के लिए महत्वपूर्ण है।आईपीएल 2025 में सलामी जोड़ी के रूप में, सुदर्शन और गिल ने 76.27 की औसत से 839 रन बनाए हैं, जिसमें सात 50 से अधिक की साझेदारी शामिल है - जिनमें से तीन 100 के आंकड़े को पार कर गई हैं। इस जोड़ी ने रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के लिए टी20 में सबसे बड़ी साझेदारी की, जिसमें उन्होंने पहले विकेट के लिए 205 रनों की नाबाद साझेदारी की,



जिससे जीटी ने दिल्ली कैपिटल्स पर 10 विकेट की जीत के साथ प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। गिल ने जियोहॉटस्टार के जेन बोल्ड के एपिसोड में कहा कि मुझे लगता है कि हम जिस तरह से बल्लेबाजी करते हैं, वह बिल्कुल एक जैसा नहीं है, लेकिन बाएं-दाएं का संयोजन मदद करता है। हम दोनों विकेटों के बीच बहुत अच्छी तरह से दौड़ते हैं, और हम ऐसे खिलाड़ी हैं जो गेंदबाजों सहित प्रतिद्वंद्वी को मात देना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि टी20 क्रिकेट में, खासकर इम्पैक्ट प्लेयर नियम की शुरुआत के बाद, विपक्ष को मात देने का कौशल थोड़ा कम हुआ है। लेकिन मुझे लगता है कि हमारी टीम अभी भी इसे बहुत अच्छी तरह से करती है। अच्छे सीमेंट विकेटों पर खुलकर स्विंग करना आसान है, लेकिन असली कौशल परिस्थितियों को पढ़ने, स्थिति का आकलन करने और लगातार लड़ने योग्य स्कोर बनाने में निहित है - मेरा मानना है कि यही हमारी सफलता की कुंजी है।

> 'विपक्ष को मात देने का कौशल' ही साई सुदर्शन के साथ उनकी बल्लेबाजी साझेदारी को इतना प्रभावी बनाता है। उन्होंने कहा कि स्थितियों को पढ़ना और स्थिति का आकलन 'करना' ही उनकी टीम की सामरिक जागरूकता की कुंजी है : शुभमन गिल

## इंग्लैंड की महिला टीम ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया

**कैंटरबरी,** 22 मई (एजेंसियां)। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सोफिया डंकली (नाबाद 81) और हीथर नाइट (43) की बेहतरीन पारियों की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 21 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया।सेंट लॉरेंस ग्राउंड में बुधवार की रात खेले गये मुकाबले में इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए कप्तान हेली मैथ्यूज ने आखिर तक मोर्चा संभाले रखा। मैथ्यूज ने 67 गेंदों में 16 चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 100) रनों की पारी खेली। इसके अलावा मैंडी मैंगरु (17) और शबीका गजनबी ने (11) रनों का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। वेस्टइंडीज की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 146 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की महिला टीम के लिए लॉरेन बेल ने दो विकेट लिये। लिंसी स्मिथ, एमिली आरलट और ईसी वोंग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए डेनिएल वायट और सोफिया डंकली की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये (51)रन जोड़े।

### सार संक्षेप

## मुकेश कुमार पर 10 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना

**मुम्बई।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मुकेश कुमार को बुधवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल के आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत लेवल एक के उल्लंघन के लिए दोषी पाया गया। इसके लिए उन पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया। यह मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण, कपड़ों, ग्राउंड उपकरण या फिटिंग्स के दुरुपयोग से संबंधित है। उन्होंने मैच रेफरी डैनियल मनोहर द्वारा लगाए गए दंड को स्वीकार कर लिया है। मुकेश ने कल शाम मैच के दौरान अपने चार ओवरों में दो विकेट लेकर 48 रन दिये थे। उनके द्वारा फेंके गये 19वें ओवर में सूर्यकुमार यादव और नमन धीर ने 6, 1, 4, 6, 6, 4 कुल 27 रन बटोरे थे। इस सत्र में मुकेश अब तक खेले 11 मैच में 32.63 की औसत और 10.11 की इकोनॉमी से 11 विकेट लिए हैं।

## नागालैंड, मणिपुर ने पेनकैक सिलाट में बाजी मारी

**दीव,** 22 मई (एजेंसियां)। नागालैंड और मणिपुर ने गुरुवार को दीव के सुंदर घोघला बीच पर खेलो इंडिया बीच गेम्स (केआईबीजी) 2025 के चौथे दिन पेनकैक सिलाट प्रतियोगिताओं में दो-दो स्वर्ण पदक जीते। टैंडिंग (लड़ाकू) श्रेणी में आठ स्वर्ण पदक दांव पर लगे थे, गुरुवार सुबह मुकाबले शुरू हुए और दोपहर तक दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव, महाराष्ट्र, दिल्ली और जम्मू और कश्मीर ने एक-एक स्वर्ण पदक जीत लिया। टैंडिंग पेनकैक सिलाट में एकमात्र ऐसी श्रेणी है जो लड़ाकू है, जिसका अर्थ है कि जहां राज्य और केंद्र शासित प्रदेश एक-दूसरे से लड़ते हैं। बाकी श्रेणियां कलात्मक हैं जहां खिलाड़ी जजों को लुभाने के लिए अपनी चाल, मुद्रा, सुंदरता आदि पर निर्भर करते हैं। इसलिए, चूंकि टैंडिंग एक संघर्षपूर्ण खेल है, इसलिए यह कई बार खूनी संघर्ष का रूप ले लेता है, जैसा कि दिन के पहले फाइनल में हुआ, जो अंडर 45 किग्रा पुरुष वर्ग का था। दादरा और नगर हवेली तथा दमन दीव के प्रसन्ना नरेंद्र बेंद्रे ने तीसरे और अंतिम राउंड के अंत में उत्तर प्रदेश के प्रशांत के मुंह पर अपने पैरों से वार किया। बेंद्रे पर इसके लिए पांच अंक का जुर्माना लगाया गया, लेकिन यह उन्हें प्रतियोगिता का अपना दूसरा स्वर्ण जीतने से नहीं रोक सका।

### सुडोकू 6921 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 |
| 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 4 | 9 | 7 | 3 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 3 | 1 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 5 | 3 | 4 | 6 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 8 | 4 | 6 | 5 |
| 8 | 4 | 6 | 5 | 9 | 1 | 3 | 2 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 5 | 4 | 6 |
| 5 | 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 | 8 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, CHATESHWAR PRASAD S/O SEVAK RAM resident of HNO.23, KHAS PARA, RATEDIH UTTAR BASTAR KANKER. DISRTICT- KANKER-494337 (C.G.) have changed my old name CHATESHWAR PRASAD S/O SEVAK RAM so in future I should be recognized by my new name that is CHATESHWAR PRASAD SINHA S/O SEVAK RAM in all Government and other documents.

**CHATESHWAR PRASAD SINHA**
HNO.23, KHAS PARA, RATEDIH UTTAR BASTAR KANKER. DISRTICT- KANKER-494337 (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PREMLATA W/O TOSHAN CHANDRAKAR resident of 1/2-A, SECTOR 1, AVANTI VIHAR, TELIBANDHA, RAIPUR, (C.G.) 492001 have changed my old name PREMLATA W/O TOSHAN CHANDRAKAR so in future I should be recognized by my new name that is PREMLATA CHANDRAKAR W/O TOSHAN KUMAR CHANDRAKAR in all Government and other documents.

**PREMLATA CHANDRAKAR**
1/2-A, SECTOR 1, AVANTI VIHAR, TELIBANDHA, RAIPUR, (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, TOSHAN CHANDRAKAR S/O DAULAT RAM resident of 1/2-A, SECTOR 1, AVANTI VIHAR, TELIBANDHA, RAIPUR, (C.G.) 492001 have changed my old name TOSHAN CHANDRAKAR S/O DAULAT RAM so in future I should be recognized by my new name that is TOSHAN KUMAR CHANDRAKAR S/O DAULAT RAM in all Government and other documents.

**TOSHAN KUMAR CHANDRAKAR**
1/2-A, SECTOR 1, AVANTI VIHAR, TELIBANDHA, RAIPUR, (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KHUSHABOO BAKTANI D/O NANDLAL LAL BAKTANI resident of HOUSE NO. A-17 , SECTOR-01 BAJAJ COLONY , NEW RAJENDRA NAGAR , RAIPUR , (C.G.) 492001 have changed my old name KHUSHABOO BAKTANI D/O NANDLAL LAL BAKTANI so in future I should be recognized by my new name that is MAHI KEWLANI W/O AAKASH KEWLANI in all Government and other documents.

**MAHI KEWLANI**
HOUSE NO. A-17 , SECTOR-01 BAJAJ COLONY , NEW RAJENDRA NAGAR , RAIPUR , (C.G.) 492001

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै कुदशिया बानो पति अमिफ खान निवासी 25 मंडी गेट, तालाब के पास महात्मा गाँधी वार्ड पंडरीतराई रायपुर (छ.ग.) 492004 यह शपथ करती हुं कि मैंने अपना यह पुराना नाम बानो खान को त्याग कर नया नाम कुदशिया बानो रख ली हुं।

अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम कुदशिया बानो से ही जाना पहचाना जावे।

**कुदशिया बानो**
पति अमिफ खान निवासी 25 मंडी गेट, तालाब के पास महात्मा गाँधी वार्ड पंडरीतराई रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02-ए**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00057 रायपुरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440722100226

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00057 के अंतर्गत ग्राम रायपुरा के वर्तमान भूमिस्वामी मालती वर्मा पिता/पति स्व. आशाराम वर्मा पता गायत्री नगर डंगनिया रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 379/4 0.0154 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मधुकर वर्मा पिता/पति आशा राम वर्मा पता शम्भवी रोमनस्क्यू विला के बगल में पार्क सिरिन लाभांडी रायपुर, कैलाश मढरिया पिता/पति आशा राम वर्मा पता शम्भवी रोमनस्क्यू विला के बगल में पार्क सिरिन लाभांडी रायपुर, मीना वर्मा पिता/पति सनत वर्मा पता शम्भवी रोमनस्क्यू विला के बगल में पार्क सिरिन लाभांडी रायपुर, नीलु वर्मा पिता/पति आशा राम वर्मा पता शम्भवी रोमनस्क्यू विला के बगल में पार्क सिरिन लाभांडी रायपुर, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.05.2025 को समय सुबह 11 बजे न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02-ए पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**ईश्तहार**

**पत्र क्र./20844/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025**
**रायपुर, दिनांक 16.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20844**
**वार्ड का नाम- 52 -डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR4446K0030A जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती Priya mandhani पिता/पति श्री/श्रीमती Virendra mandhani के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती कृतिका वासवानी पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री दिलीप वासवानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन (10)**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**फर्द-ईश्तहार**

क्रमांक/202503115600032/अ-27/2024-25
ग्राम चंगोराभाठा प.ह.नं. 59
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 22.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण (1) श्री रमेश कुर्वे (2) चंद्रकिशोर कुर्वे दोनों पिता स्व. यादोराव कुर्वे दोनों निवासी तरूण नगर कुशालपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदकगण के संयुक्त रूप से ग्राम चंगोराभाठा, प.ह.नं. 59 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 150/49 रकबा 0.0160 हे. भूमि धारित की जाती है। यह कि उक्त भूमि को आवेदकगण के मध्य खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदकगण द्वारा निवेदन किया गया है। जिसके परिप्रेक्ष्य में हल्का पटवारी द्वारा फर्द बंटवारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसमें उक्त भूमि में से पक्षकारों के हिस्से में निम्नानुसार भूमि प्राप्त होना प्रस्तावित किया है :-

पक्षकारों का नाम-रमेश कुर्वे पिता यादोराव कुर्वे, खसरा नंबर 150/49 का भाग, रकबा हे. 0.008, लगान 225, पक्षकारों का नाम-चंद्रकिशारे कुर्वे पिता यादोराव कुर्वे, खसरा नंबर 150/49 का भाग, रकबा हे. 0.008 हे., लगान 225

उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 30.05.2025 को होगी ।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 30.05.2025 को स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 22.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00080 माना ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440726200056

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00080 के अंतर्गत ग्राम माना के वर्तमान भूमिस्वामी शैलेन्द्र कहोलिया पिता/पति रामनरेश कहोलिया पता माना कैम्प रायपुर, राजकुमार कहोलिया पिता/पति रामनरेश कहोलिया पता माना कैम्प रायपुर, बृजमोहन कहोलिया पिता/पति रामनरेश कहोलिया पता माना कैम्प रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 669/5 0.0299 में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता सुखवीर सिंग पिता/पति विजय सिंग पता वार्ड क्रमांक 48 गुरूद्वारा अमरदास निवास देवपुरी रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.06.2025 को समय सुबह 11 बजे न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00073 देवपुरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440725700137

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00073 के अंतर्गत ग्राम देवपुरी के वर्तमान भूमिस्वामी रायपुर विकास प्राधिकरण पिता/पति पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 401/3 0.0297 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता देवेश तलरेजा पिता/पति राजेश तलरेजा पता बजरंग वार्ड भाटापारा तहसील व जिला बलौदाबाजार छ.ग., जिया कुकरेजा पिता/प्रति प्रकाश कुकरेजा पता सिंधी धर्मशाला के पास तेलीबांधा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.06.2025 को समय सुबह 11 बजे न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-16**
**तहसील व जिला-रायपुर**
**सीमांकन सूचना**

दिनांक 22.05.2025

विषय-आवेदक/आवेदिका ओंकार सिंह ठाकुर पिता/पति लक्ष्मीनारायण निवासी द्वारा आवेदित ग्राम मटिया प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. रायपुर-16 स्थित भूमि खसरा नंबर 55, 494/9, 454/10 रकबा 0.261, 0.291, 0.251 हे. के सीमांकन/बटांकन में उपस्थित होने के संबंध में।

संदर्भ- न्यायालय अति./नायब तहसीलदार धरसींवा के सीमांकन आदेश/ज्ञापन क्रं. वा./अति./ना.तह./2025 धरसींवा दिनांक... के संदर्भ में।

उपरोक्त विषयांकित भूमि का सीमांकन न्यायालय अति. ना. तहसीलदार धरसींवा के संदर्भित ज्ञापन के परिपालन में दिनांक 26.05.2025 को पूर्वान्ह अपरान्ह 9 बजे से मेरे द्वारा हल्का पटवारी के सहयोग से किये जाने हेतु नियत है।

क्योंकि आप उक्त खसरा नंबर की भूमि के संलग्न भूमि धारक बटांकन धारी है। अत: उल्लेखित नियत दिनांक को पटवारी हल्का नंबर 12 के मटिया स्थित कार्यालय में स्वयं यया अपने अभिभाषक वैद्य अभिकर्ता के माध्यम से अपनी भूमि के स्वत्व संबंधी आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर दस्तावेज के अनुरूप आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

सूचनोपरांत अनुपस्थिति की स्थिति में भी सीमांकन कार्य किया जावेगा एवं पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगा।

अत: सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-16 (सारागांव)**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VIJAY SOOD S/O KRISHNA GOPAL SOOD resident of NILAYA APARTMENT D BLOCK, 3RD FLOOR,VIP STREET, VIP ROAD NEAR GOLDEN SKY VIP ROAD PURENA (AMLIDIH), RAVIGRAM, RAIPUR, (C.G.) 492006 have changed my old name VIJAY SOOD S/O KRISHNA GOPAL SOOD so in future I should be recognized by my new name that is VIJAY KUMAR SOOD S/O KRISHNA GOPAL SOOD in all Government and other documents.

**VIJAY KUMAR SOOD**
NILAYA APARTMENT D BLOCK, 3RD FLOOR,VIP STREET, VIP ROAD NEAR GOLDEN SKY VIP ROAD PURENA (AMLIDIH), RAVIGRAM, RAIPUR, (C.G.) 492006

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 05**
**तहसील धरसींवा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/अ-6अ/2025
धरसींवा, दिनांक 08.05.2025
ग्राम कुथरैल प.ह.नं. 05
रा.नि.मं. 20 सिलयारी कुरूद
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती हेमलता वर्मा पिता स्व. श्री कार्तिकराम वर्मा एवं अन्य एक तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा अभिलेख सुधार बाबत् आवेदन पत्र पेश किया है कि ग्राम कुथरैल प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. रायपुर- 20 सिलयारी तहसील धरसींवा जिता रायपुर स्थित भूमि खसरा नं. 82, 176/4 रकबा क्रमश: 0.1620, 0.4050 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में रामबाई, रामवती, पारवती, सुशीला, नीरा पिता स्व. कार्तिकराम वर्मा के संयुक्त नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त खाते में त्रुटिवश सह खातेदार आवेदिका का नाम हेमलता वर्मा पिता स्व. कार्तिकराम वर्मा के स्थान पर रामबती पिता कार्तिकराम दर्ज हो गया है, एवं आवेदिका कि बहन सह खातेदार भारती वर्मा पिता स्व. कार्तिकाराम वर्मा के स्थान पर नीरा पिता स्व. कार्तिकराम दर्ज हो गया है। आवेदिका द्वारा राजस्व अभिलेख में सह खातेदारो हेमलता वर्मा एवं भारती वर्मा दोनों पिता स्व. कार्तिकराम वर्मा का सही नाम दर्ज कर अभिलेख सुधार किये जाने का निवेदन किया है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 25.05.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त बावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार धरसींवा

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 1.82 प्रतिशत |
| अडानी एनर्जी | 0.70 प्रतिशत |
| एबीबी इंडिया | 0.62 प्रतिशत |
| थ्री एम इंडिया | 0.51 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.44 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.59 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.80 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.77 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.74 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.58 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 95,516 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 96,519 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 85.96 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7650-7750 |
| उड़द दाल | 9250-9350 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

## 'कनेक्टर देश' के रूप में कार्य करने की मजबूत स्थिति में आगे बढ़ रहा भारत : आरबीआई

■ इस साल सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रह सकता है भारत

**नई दिल्ली,** 22 मई (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि वैश्विक व्यापार पुनर्गठन और औद्योगिक नीति में बदलाव के बीच भारत एक 'कनेक्टर देश' के रूप में कार्य करने की मजबूत स्थिति में आगे बढ़ रहा है। देश टेक्नोलॉजी, डिजिटल सर्विस और फार्मास्यूटिकल्स जैसे सेक्टर में एक प्रमुख मध्यस्थ बन सकता है। केंद्रीय बैंक की स्टेट ऑफ द इकोनॉमी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मौद्रिक, वित्तीय और राजनीतिक स्थिरता, नीतिगत स्थिरता और निश्चितता, अनुकूल कारोबारी माहौल और मजबूत मैक्रोइकोनॉमिक फंडामेंटल के साथ-साथ ट्रांसपेरेंट, नियम-आधारित और दूरदर्शी पॉलिसी इकोसिस्टम से घिरी हुई है।

अप्रैल 2025 के आईएमएफ अनुमानों के अनुसार, भारत इस साल सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा और जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। मुद्रास्फीति का दबाव काफी कम हो गया है। अब यह उम्मीद है कि मुद्रास्फीति की दर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप बनी रहेगी, जो कि 2025-26 के लिए निर्धारित किया गया है। उपभोक्ता और व्यवसाय आर्थिक गतिविधि को मजबूत करने के लिए आश्वस्त और सहायक बने हुए हैं।




ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते का पूरा होना द्विपक्षीय व्यापार संबंधों के मजबूत होने की ओर इशारा करता है : आरबीआई

इसके अलावा, जनवरी 2025 से रिजर्व बैंक के उपायों ने लिक्विडिटी की स्थिति को काफी हद तक आसान बना दिया है। मार्च 2025 के अंत से सिस्टम लिक्विडिटी अधिशेष में बनी हुई है।

वैश्विक पूंजी प्रवाह पर अनिश्चितताओं के बीच घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने मार्च 2025 में निफ्टी-500 कंपनियों के स्वामित्व में एफपीआई को पीछे छोड़ दिया है। यह भारतीय इक्विटी बाजारों में एक संरचनात्मक बदलाव को दर्शाता है क्योंकि म्यूचुअल फंड और बीमा कंपनियों सहित डीआईआई ने खुदरा और एसआईपी प्रवाह के साथ एफपीआई द्वारा उत्पन्न अस्थिरता को तेजी से संतुलित किया है, जो एक स्थिर दीर्घकालिक निवेश आधार प्रदान करता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि भारत-पाकिस्तान तनाव कम होने, वैश्विक व्यापार परिदृश्य में सुधार और घरेलू मुद्रास्फीति में नरमी के बीच घरेलू वित्तीय बाजारों के सेंटिमेंट में बदलाव देखा गया है।

### कमजोर वैश्विक वृद्धि के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत : आरबीआई

**नई दिल्ली।** वैश्विक विकास लगातार व्यापारिक तनाव, बढ़ी हुई नीतिगत अनिश्चितता और कमजोर उपभोक्ता भावना के कारण चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसके बावजूद, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि उच्च व्यापार और टैरिफ-संबंधी चिंताओं के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। आरबीआई बुलेटिन के अनुसार इन चुनौतियों के बीच, भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूती प्रदर्शित की है। अप्रैल में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों के हाई-फ्रिक्वेंसी इंडीकेटर्स ने अपनी गति बनाए रखी। रबी की बंपर फसल और गर्मियों की फसलों के लिए अधिक रकबा, साथ ही 2025 के लिए अनुकूल दक्षिण-पश्चिम मानसून पूर्वानुमान, कृषि क्षेत्र के लिए अच्छा संकेत देते हैं।



### 'विकसित भारत' की दिशा में उठाए गए मजबूत कदम प्रेरणा का सबब : एनएसई

**नई दिल्ली,** 22 मई (एजेंसियां)। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और कहा कि एक्सचेंज, उनके विजन और मिशन को सक्षम बनाने और योगदान देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। चौहान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में वित्त मंत्री सीतारमण के दृढ़ नेतृत्व, संकल्प और 'विकसित भारत' के लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की।



उन्होंने पोस्ट में लिखा कि वित्त मंत्री सीतारमण, आपके समय के लिए धन्यवाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के लिए आपका दृढ़ नेतृत्व, संकल्प और प्रतिबद्धता हम सभी को प्रेरित करती है। हम एनएसई आपके विजन और मिशन को सक्षम बनाने और योगदान देने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

एनएसई के सीईओ चौहान ने निर्मला सीतारमण के ऑफिस द्वारा एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें कहा गया था कि आशीष कुमार चौहान, एनएसई के एमडी और सीईओ, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिले। पिछले सप्ताह, एनएसई 1,00,000 से अधिक शेयरधारकों के साथ भारत की सबसे बड़ी गैर-सूचीबद्ध कंपनी बन गई। यह एनएसई को देश की उन कुछ संस्थाओं में से एक बनाता है, जिनके पास इतनी बड़ी संख्या में निवेशक हैं, क्योंकि भारत में बहुत कम सूचीबद्ध कंपनियां शेयरधारक आधार के समान स्तर को प्राप्त करने में सफल रही हैं।

शेयरधारकों की संख्या में यह शानदार वृद्धि एक्सचेंज में मजबूत निवेशक रुचि को दर्शाती है, जो देश के फाइनेंशियल इकोसिस्टम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एनएसई ने भारत के प्रतिभूति बाजार में अपनी महत्वपूर्ण स्थिति के कारण लगातार ध्यान आकर्षित किया है, जो इक्विटी, डेरिवेटिव और अन्य फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स में व्यापार के लिए एक प्रमुख मंच है।

## सोने की कीमतों में तेजी जारी

**नई दिल्ली,** 22 मई (एजेंसियां)। सोने की कीमतों में तेजी का दौर जारी है। गुरुवार को सोना 200 रुपए प्रति ग्राम महंगा हुआ। वहीं, चांदी के दाम में 800 रुपए प्रति किलो से अधिक गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स



■ चांदी 800 रुपए प्रति किलो हुई सस्ती

एसोसिएशन (आईबीजेए) के द्वारा जारी ताजा कीमतों के अनुसार, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 207 रुपए बढ़कर 95,516 रुपए हो गई है, जो कि पहले 95,309 रुपए थी। इसके अतिरिक्त 22 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 87,493 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 87,303 रुपए पर था। 18 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 71,637 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। यह पहले 71,482 रुपए पर था।

सोने के उलट चांदी की कीमतों में गिरावट हुई है। आईबीजेए के मुताबिक, चांदी का भाव 813 रुपए कम होकर 96,519 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 97,332 रुपए प्रति किलो पर था।

हाजिर के साथ वायदा बाजार में भी सोने और चांदी में विपरीत दिशा में कारोबार हुआ। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का 5 जून 2025 का कॉन्ट्रैक्ट 0.23 प्रतिशत की तेजी के साथ 95,815 रुपए और चांदी का 4 जुलाई 2025 का कॉन्ट्रैक्ट 1.09 प्रतिशत कम होकर 97,175 रुपए पर था।

## मई में भारत की कारोबारी गतिविधियां 13 महीने के शिखर पर : एचएसबीसी

■ मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री में विकास की गति में मामूली कमी आई

■ सेवा प्रदाताओं ने 14 महीनों में उत्पादन में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की

**नई दिल्ली,** 22 मई (एजेंसियां)। भारत के विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों की संयुक्त कारोबारी गतिविधि को मापने वाले एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कम्पोजिट आउटपुट इंडेक्स ने मई महीने में मजबूती दर्ज की है। यह सूचकांक पिछले महीने के 59.7 से बढ़कर 61.2 पर पहुंच गया, जो पिछले 13 महीनों का उच्चतम स्तर है, और देश में तेज होती आर्थिक गतिविधियों का संकेत देता है। मई में 61.2 पर एचएसबीसी इंडेक्स ने निजी क्षेत्र की गतिविधि में तेजी से विस्तार दिखाया।

एचएसबीसी फ्लैश इंडिया पीएमआई नोट के अनुसार यह वृद्धि अप्रैल 2024 के बाद से सबसे अधिक स्पष्ट थी। मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री में विकास की गति में मामूली कमी आई,



लेकिन सेवा प्रदाताओं ने 14 महीनों में उत्पादन में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की।

एचएसबीसी फ्लैश इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई अप्रैल के 58.2 रीडिंग से थोड़ा बदला हुआ था। मई में 58.3 रीडिंग के साथ नवीनतम आंकड़ा इस क्षेत्र के स्वास्थ्य में तेज सुधार के अनुरूप था। मई के दौरान भारत में निजी क्षेत्र की वृद्धि में तेजी आई, जिसे सेवा अर्थव्यवस्था में तेजी से बढ़ावा मिला। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों से नए व्यवसाय के मजबूत प्रवाह ने व्यावसायिक गतिविधि और रोजगार में तेजी से विस्तार को प्रेरित किया। एचएसबीसी ने कहा कि जनवरी के बाद पहली बार बिजनेस कॉन्फिडेंस में भी सुधार हुआ है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारत का फ्लैश पीएमआई एक और मजबूत आर्थिक प्रदर्शन के महीने का संकेत देता है।


## चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार में भूचाल

■ सेंसेक्स 0.79 प्रतिशत का गोता लगाकर 80,951.99 अंक पर

■ निफ्टी 0.82 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24609.70 अंक पर बंद

**मुंबई,** 22 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कर और व्यय विधेयक से अमेरिका के सार्वजनिक ऋण में भारी बढ़ोतरी होने तथा ईरान और इजराइल के बीच तनाव बढ़ने की आशंका से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार में भूचाल आ गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 644.64 अंक यानी 0.79 प्रतिशत का गोता लगाकर नौ कारोबारी सत्र के बाद 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 80,951.99 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 203.75 अंक अर्थात 0.82 प्रतिशत की गिरावट लेकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 24609.70 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.33 प्रतिशत उतरकर 44,638.43 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.17 प्रतिशत बढ़कर 51,289.32 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4086 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2178 में गिरावट जबकि 1741 में तेजी रही वहीं 167 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल




2949 कंपनियों के शेयरों में से 1582 में बिकवाली जबकि 1275 में लिवाली हुई वहीं 92 में टिकाव रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कर और व्यय विधेयक को लेकर नए संदेह खड़े हो गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस विधेयक के लागू होने से अमेरिका के पहले से ही भारी कर्ज में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे आर्थिक विकास की गति और धीमी पड़ सकती है। निवेश सलाह देने वाली कंपनी जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वी. के. विजयकुमार ने कहा कि वैश्विक वित्तीय बाजारों में फिलहाल हल्का जोखिम देखा जा रहा है, जो सोना और बिटकॉइन जैसी वैकल्पिक परिसंपत्तियों की मजबूती में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। इसका मूल कारण अमेरिका का बढ़ता राजकोषीय घाटा माना जा रहा है, जिसे बाजार लगातार अस्थिरता का संकेत मान रहा है।

इसी तरह निफ्टी भी 80 अंक उतरकर 24,733.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,737.50 अंक के उच्चतम जबकि 24,462.40 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,813.45 अंक की तुलना में 0.82 प्रतिशत का गोता लगाकर 24,609.70 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स में अल्ट्रासिम्को, भारती एयरटेल और इंडसइंड बैंक की 1.82 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 27 कंपनियों में गिरावट रही। नुकसान उठाने वाली कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.59, बजाज फिनसर्व 1.80, टेक महिंद्रा 1.77, पावरग्रिड 1.74, आईटीसी 1.58, रिलायंस 1.36, हिंदुस्तान यूनिलीवर1.36, एनटीपीसी 1.33, मारुति 1.32, टीसीएस 1.30, नेस्ले इंडिया 1.26, टाटा मोटर्स 1.24, इंफोसिस 1.21 और एलटी 1.08 प्रतिशत शामिल रही।

साथ ही टाइटन 0.92, एचसीएल टेक 0.85, एक्सिस बैंक 0.82, बजाज फाइनेंस 0.64, एशियन पेंट 0.55, अडानी पोर्ट्स 0.54, सन फार्मा 0.52, इटरनल 0.35 के शेयर कमजोर रहे।

## सप्लाई चेन फिर से हो रही तैयार, भारत के पास निर्यात बढ़ाने की गुंजाइश : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 22 मई (एजेंसियां)। सप्लाई चेन फिर से तैयार हो रही है। इसी के साथ भारत के पास निर्यात बढ़ाने के अवसर देश के दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। मिड-टेक लेबर-इंटेंसिव निर्यात बढ़ाने वाले कदम देश के व्यापार अंतर्संबंधों, बड़े पैमाने पर उपभोग, निवेश और जीडीपी वृद्धि को बढ़ावा देने में कारगर साबित हो सकते हैं।



■ दुनिया के साथ बढ़ते इंटीग्रेशन के दौर में भारत ने सबसे तेजी से किया विकास

यह जानकारी गुरुवार को जारी एचएसबीसी की रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि आम धारणा है कि भारत ज्यादातर घरेलू मांग से प्रेरित अर्थव्यवस्था है, लेकिन दुनिया के साथ बढ़ते इंटीग्रेशन के दौर में भारत ने सबसे तेजी से विकास किया है। रिपोर्ट भारत और विश्व जीडीपी वृद्धि के बीच ग्लोबल इंटीग्रेशन के माप के रूप में रोलिंग को-रिलेशन का इस्तेमाल करती है और पाती है कि 2000-2010 का दशक आयात शुल्क में गिरावट के साथ-साथ ग्लोबल इंटीग्रेशन, निर्यात हिस्सेदारी और जीडीपी वृद्धि का दौर था। अगले दशक, 2010-2020 में, यह सब बदल गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि टैरिफ बढ़ाए गए और वैश्विक ग्लोबल इंटीग्रेशन, निर्यात हिस्सेदारी और जीडीपी वृद्धि में गिरावट आ गई।

## खाद्य तेलों में टिकाव, चावल महंगा व अन्य जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली,** 22 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि आवक कमजोर पड़ने से चावल महंगा हो गया वहीं अन्य जिसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 69 रिंगिट की गिरावट के साथ 3822 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.37 सेंट लुढ़ककर 48.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और पिछले स्तर पर पड़े रहे। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 100 रुपए प्रति क्विंटल तक की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज :** अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

## सरकार ने मसाला निर्यात को बढ़ावा देने के लिए की पेश 'एसपीआईसीईडी' योजना

■ 26 मई से शुरू होंगे एसपीआईसीईडी योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन

■ दुनिया का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक और निर्यातक है भारत

**कोच्चि,** 22 मई (एजेंसियां)। मसाला बोर्ड ने वित्त वर्ष 2026 के लिए 'सस्टेनेबिलिटी इन स्पाइस सेक्टर थ्रू प्रोग्रेसिव, इनोवेटिव एंड कोलैबोरेटिव इंटरवेंशन फॉर एक्सपोर्ट डेवलपमेंट' (एसपीआईसीईडी ) योजना शुरू की है। इस योजना के तहत किसानों और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को मसालों के उत्पादन, गुणवत्ता और निर्यात को बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना का उद्देश्य छोटी और बड़ी इलायची की उत्पादकता बढ़ाना, कटाई के बाद की प्रक्रियाओं की गुणवत्ता में सुधार करना और वैल्यू-एडेड, जीआई-टैग्ड और जैविक मसालों के उत्पादन और निर्यात को प्रोत्साहित करना है।

एसपीआईसीईडी योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन 26 मई से शुरू होंगे। मसाला निर्यातक योजना के एक्सपोर्ट डेवलपमेंट और प्रमोशन कंपोनेंट के तहत 30



जून तक आवेदन कर सकते हैं, जबकि किसान और एफपीओ दूसरी कैटेगरी में डेवलपमेंट कंपोनेंट के तहत 30 सितंबर तक आवेदन जमा कर सकते हैं। यह योजना इलायची के बागानों की दोबारा रोपाई और कायाकल्प, जल संसाधनों के विकास, माइक्रो-इरिगेशन, जैविक खेती को बढ़ावा देने और अच्छी कृषि पद्धतियों (गुड एग्रीकल्चरल प्रैक्टिस) के विस्तार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इसके अलावा, यह योजना बेहतर उत्पाद गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक ड्रायर, स्लाइसर और ग्रेडिंग मशीनों जैसे बेहतर कटाई के बाद के इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना को सपोर्ट करती है। यह योजना किसानों और एफपीओ को मसाला पॉलिशर, हल्दी बॉयलर, मिंट डिस्टिलेशन यूनिट और थ्रेसिंग मशीनों जैसी आवश्यक कटाई के बाद की मशीनों की खरीद के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान करती है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक और निर्यातक है। वित्त वर्ष 2024 के दौरान, देश ने 4.46 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के मसालों का निर्यात किया। वित्त वर्ष 2025 में, भारत ने 29,016 करोड़ रुपए मूल्य के मसालों का निर्यात किया।

## सार संक्षेप

### 'एडवांस टिप' फीचर को लेकर उबर कर रहा आलोचनाओं का सामना

**नई दिल्ली।** उबर को अपने नए 'एडवांस टिप' फीचर को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों की तीखी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इस फीचर को लेकर यूजर्स का आरोप है कि राइड-हेलिंग कंपनी जल्दी राइड बुक करने की आड़ में अपने ग्राहकों को अतिरिक्त पैसे देने को मजबूर करती है। इसी कड़ी में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की ओर से उबर को इस मुद्दे पर एक औपचारिक नोटिस भेजा गया है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भी इस कदम की आलोचना की और इसे अनैतिक और शोषणकारी बताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि इस तरह की सुविधा अनुचित व्यापार प्रथाओं के अंतर्गत आती है और उन्होंने इसकी पूरी जांच के आदेश दिए हैं। इस फीचर के तहत, उबर ऐप यूजर्स से राइड बुक करते समय 50 रुपए, 75 रुपए या 100 रुपए की टिप जोड़ने के लिए कहता है।

### इंडसइंड बैंक में नियमों के उल्लंघन की जांच कर रहा सेबी : तुहिन कांत पांडे

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने गुरुवार को कहा कि इंडसइंड बैंक में कथित धोखाधड़ी और इनसाइडर ट्रेडिंग की आशंकाओं के मामले में सेबी संभावित उल्लंघनों की जांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि इंडसइंड बैंक मामले जहां भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अकाउंटिंग गड़बड़ियों की जांच कर रहा है। वहीं, सेबी भी अपने अधिकार क्षेत्र के अनुसार काम कर रहा है। एसोचैम की 16वीं कैपिटल मार्केट कॉन्फ्रेंस के अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए पांडे ने कहा कि यह आरबीआई का अधिकार क्षेत्र है, लेकिन यदि किसी ने कोई गंभीर उल्लंघन किया है तो सेबी इसकी जांच कर रहा है। यह घटनाक्रम इंडसइंड बैंक द्वारा अपने ही कुछ कर्मचारियों से जुड़े एक संदिग्ध धोखाधड़ी का खुलासा करने के बाद सामने आया है।

### टियर 2 और 3 शहर बन रहे भारत की आर्थिक प्रगति के नए इंजन

**नई दिल्ली।** भारत का फूड प्रॉसेसिंग सेक्टर तेजी से बदलते हुए विकास के पथ पर अग्रसर है। इसी के साथ शहरी और ग्रामीण भारत में उपभोग के रुझान के साथ, टियर 2 और 3 शहर तेजी से आर्थिक विकास के इंजन बन रहे हैं। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। यह सेक्टर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से वैल्यू चेन में 7 मिलियन से अधिक नौकरियों को सपोर्ट करता है, साथ ही ग्रामीण औद्योगीकरण को सक्षम बनाता है और फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करता है। डेलॉइट और फिक्की की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह सेक्टर भारत के कुल ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) का लगभग 7.7 प्रतिशत हिस्सा है।

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
**ईश्तहार**

ई.क्र./अ-6/वर्ष 2025
ग्राम-रायपुरखास प.ह.नं. 62
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 22.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण 1. श्रीमती कमला पंजवानी पति स्व. नामोमल पंजवानी 2. महेश कुमार पंजवानी 3. सुरेश पंजवानी के दीपक कुमार पंजवानी तीनों पिता स्व. नामोमल पंजवानी 5. कीरत मल पंजवानी 6. जेठानंद पंजवानी 7. जवाहर लाल पंजवानी तीनों पिता स्व. बच्चूमल पंजवानी निवासी-विजय सोप गली फाफाडीह, रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ. ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम-रायपुर खास, प.ह.नं. 62, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नंबर-12, प्लाट नंबर-24/1 खसरा नंबर-334/7 का भाग रकबा 4013 वर्गफुट भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में बच्चूमल पिता टिंटू मल एवं संतरामदास पिता स्व. हिंदू मल के नाम पर दर्ज है। तथा आवेदकगण के ससुर / दादा/पिता स्व. बच्चूमल की मृत्यु दिनांक 12.01.2000 को एवं आवेदकगण की सास/दादी/माता स्व. श्रीमती गुरल बाई की मृत्यु दिनांक 18.08.2001 को एवं स्व. संतराम दास की मृत्यु दिनांक 02.06.1998 को एवं स्व. संतराम दास की पत्नि स्व. लाजबाई की मृत्यु दिनांक 29.01.1993 को नि:संतान अवस्था में हो चुकी है। तथा स्व. नामोमल की मृत्यु दिनांक 11.11.2010 को चुकी है। तथा स्व. टिंटू मल के विधिक वारिसान में 1. स्व. बच्चूमल 2. स्व. संतराम दास दोनों पिता स्व. टिंटू मल है। तथा स्व. बच्चूमल के विधिक वारिसान में 1. जेठामल 2. कीरतमल 3. जवाहर लाल तीनों पिता स्व. बच्चूमल है। तथा स्व. नामोमल के विधिक वारिसान में 1. कमला बाई पति स्व. नामोमल 2. महेश 3. सुरेश 4. दीपक तीनों पिता स्व. नामोमल है। इनके अतिरिक्त अन्य कोई विधिक वारिसान नही है। अत: आवेदकगण द्वारा मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर विधिक वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 10.06.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर — **तहसीलदार रायपुर**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./202505110800060/अ-6/2024-25
ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 20.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिकागण 01. श्रीमती अंजू मूंदडा पति स्व. बृजमोहन मूंदडा, 02. राहुल मूंदडा पिता स्व. बृजमोहन मूंदडा दोनों निवासी म.नं. क्यू-35, सेक्टर-1. ग्लोबल टावर्स के पास, अवंति विहार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, आवेदिकागण के पति/पिता बृजमोहन मूंदडा पिता पन्नालाल मूंदडा द्वारा ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 450 का भाग संविलियन पश्चात् नया खसरा नंबर 15014/1 का भाग, भूखण्ड क्रमांक पी-25, रकबा 2550 वर्गफुट भूमि को विक्रेता/अनावेदक अवन्ति को-आपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड रायपुर द्वारा अशोक खेमका पिता हरिकिशन खेमका निवासी गुढ़ियारी रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 20.07.1993 को क्रय किया गया है। उक्त भूमि को आवेदिकागण के पति / पिता बृजमोहन मूंदडा पिता पन्नालाल मूंदडा द्वारा अपने नाम पर नामांतरण नहीं कराया था तथा उनकी मृत्यु दिनांक 22.07.2008 को हो गयी है। मृतक क्रेता स्व. बृजमोहन मूंदडा पिता पन्नालाल मूंदडा के विधिक वारिसानगण 01. श्रीमती अंजू मूंदडा पति स्व. बृजमोहन मूंदडा, 02. राहुल मूंदडा पिता स्व. बृजमोहन मूंदडा है, अन्य कोई नहीं। अत: उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर मृतक क्रेता स्व. बृजमोहन मूंदडा पिता पन्नालाल मूंदडा के विधिक वारिसानगण द्वारा अपने नाम पर दर्ज किये जाने निवेदन किये है।

अत: आवेदिकागण का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 06.06.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा, जिला-रायपुर ( छ.ग. )
**ईश्तहार**

ग्राम लमकेनी, प.ह.नं. 07
रा.प्र.क्र. 202505116300001/अ-5 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका राजकुमारी चतुर्वेदानी पति स्व. श्री रविन्द्र कुमार चतुर्वेदानी जाति सतनामी निवासी ग्राम लमकेनी उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम लमकेनी प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि पुराना ख.नं. 73/1, 74 रकबा क्रमश: 0.122, 0.283 हे. भूमि को आवेदिका के पति रविन्द्र कुमार कुमार पिता सेवाराम द्वारा पवन कुमार पिता ईश्वर लाल साहू से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 28.03.1998 को क्रय किया गया था। उक्त भूमि का नया खसरा नंबर 394 रकबा 0.41 हे. भूमि बंदोबस्त सर्वेक्षण के दौरान मौका कब्जा किसी अन्य व्यक्ति कब्जा बता रहा है जबकि उक्त भूमि पर आवेदिका क्रय करने के पश्चात् पूर्व से शांति पूर्वक दाखिल व काबिज होकर कास्तकारी कर रहे है। आवेदिका द्वारा बंदोबस्त सर्वेक्षण के दौरान अन्य व्यक्ति का मौका कब्जा बता रहा है जिसे सुधार कर आवेदिका के हक हिस्से में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 10.06.2025 तक न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 21.05.2025 को जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा**

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
**ईश्तहार**

क्रमांक/202505110200110/अ-27/2024-2025
ग्राम शंकर नगर प.ह.नं. 110/63
रायपुर, दिनांक 16.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 01. श्री शंकर लाल थारवानी पिता श्री लक्ष्मी चंद थारवानी निवासी सुंदर नगर रायपुर 02. श्री रॉबिन गुरूबक्षानी पिता राज कुमार गुरुबक्षानी निवासी आदर्श नगर, रायपुर 03. श्री अशोक प्रितवानी पिता स्व. श्री श्रीचंद प्रितवानी निवासी अवंती विहार, रायपुर, 04. श्री नरेन्द्र प्रितवानी निवासी श्री श्रीचंद प्रितवानी निवासी अवंती विहार रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-178 के अंतर्गत खाता विभाजन किये जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में लेख किया है कि आवेदकगण संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम शंकर नगर प.ह.नं. 110/63 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 1236/19 रकबा 0.2023 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में आवेदकगण के नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज है। अतएव आवेदकगण द्वारा उक्त आवेदित भूमि आपसी विभाजन 03 हिस्सों में पृथक् पृथक् दर्ज कर खाता विभाजन किए जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 30.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर — **तहसीलदार रायपुर**

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
**ईश्तहार**

क्रमांक/अ-27/2024-2025
ग्राम शंकर नगर प.ह.नं. 110/63
रायपुर, दिनांक 21.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 01. श्रीमती रजनी अरोरा पति स्व. राजकुमार अरोरा, 02. निकिता अरोरा पिता स्व. राजकुमार अरोरा दोनों निवासी फ्लैट नंबर 404, रायल एक्सोटिका शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-178 के अंतर्गत खाता विभाजन किये जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में लेख किया है कि आवेदकगण एवं अनावेदकगण 01. अविनाश सलूजा पिता श्री जोगेन्दर लाल सलूजा निवासी सिविल लाईन रायपुर (छ.ग.), 02. देवेन्दर सिंग चावला पिता श्री दीवान सिंग चावला निवासी ए-1. अशोका टावर शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम शंकर नगर, प.ह.नं. 110/63 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 1185/2/क/6 शामिल नंबर 1185/2ख एवं 1241/2 रकबा 0.1590 हे. याने 17115 वर्गफुट भूमि धारित की जाती है। आवेदकगण के पति/पिता स्व. राजकुमार अरोरा एवं अनावेदक क्रमांक 01 व 02 के मध्य आपसी मौखिक बंटवारे का ज्ञापन पूर्व में दिनांक 17.04. 2004 को हो चुका है। उक्त बंटवारानामा में संलग्न नक्शा अनुसार आवेदकगण के पति / पिता श्री राजकुमार अरोरा को रकबा 17115 वर्गफुट में से 7666 वर्गफुट एवं अनावेदक क्रमांक 01 को 7666 वर्गफुट तथा अनावेदकगण क्रमांक 02 को 1783 वर्गफुट भूमि बंटवारे में प्राप्त हुई है। उक्त भूमि वर्तमान में आवेदकगण एवं अनावेदकगण के नाम पर संयुक्त रूप से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। अतएव आवेदकगण द्वारा उक्त बंटवारानामा के आधार पर बंटवारा कर पृथक-पृथक खाता विभाजन कर राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 30.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार रायपुर**

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला-रायपुर ( छ.ग. )
**ईश्तहार**

ई.क्र./अ-6/वर्ष 2025, ग्राम-पंडरीतराई प.ह.नं. 47
तहसील व जिला रायपुर छ.ग., रायपुर, दिनांक 22.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण 1. दिव्येश रामवानी पिता मुकेश रामवानी 2. श्रीमती अंजु रामवानी पति मुकेश रामवानी 3. चंकी रामवानी पिता मुकेश रामवानी सभी निवासी-म.नं.-एम-12, वार्ड नंबर-29, शंकर नगर, रायपुर छ.ग. 4. बरखा उर्फ दिया फतनानी पति निक्की फतनानी निवासी माधव सौका आई.पी. व/3 कल्याण महाराष्ट्र द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम पंडरीतराई, प.ह.नं. 47, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नंबर-15, भूखंड क्रमांक-3/97 खसरा नंबर-10/1, 11/1, 14 का भाग रकबा 3581 वर्गफुट भूमि को विक्रेता मुकेश रामवानी पिता स्व. मुरलीधर रामवानी निवासी म.नं. - एम-12, वार्ड नंबर-29, शंकर नगर, रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 23.03.2015 को क्रय किया है। आवेदकगण द्वारा उक्त भूमि क्रय करने के पश्चात् आवेदकगण का नाम न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.मा.क्र.-1943/अ-6/2014-15 आदेश दिनांक 01.05.2015 के अनुसार दर्ज किया गया था। आवेदकगण एवं अनावेदक के मध्य स्वामित्व संबंध में विवाद होने पर माननीय षष्ठम व्यवहार न्यायधीश वर्ग-2 रायपुर के पीठासीन अधिकारी वेभव धृतलहरे के द्वारा व्यवहार वाद क्रमांक-335-अ/2022 निर्णय दिनांक 02.01.2024 को निर्णय एवं डिकी पारित करते हुए उपरोक्त संपत्ति को सहदायिकी संपत्ति मानते हुए उपरोक्त संपत्ति पर आवेदकगण एवं अनावेदक का 1/4-1/4 अंश निर्धा करते हुए डिक्री पारित की गयी है। अत: आवेदकगण उपरोक्त निर्णय एवं डिक्री के आधार पर ग्राम पंडरीतराई स्थित परिवर्तित भूमि बी-1, भाग-1, खाता क्रमांक 800, शीट नंबर-15, भूखड क्रमांक-3/97, खसरा नंबर-10/11, 11/1, 14 का भाग रकबा 3581 वर्गफुट भूमि आवेदकगण अपना नाम बतौर सहखातेदार दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 10.06.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 22.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर — **तहसीलदार रायपुर**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-4 तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )
**आम सूचना**

जारी दिनांक 20.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम... सोनडोंगरी प.ह.नं. 107/36 रा.नि.मं.-4 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर छ.ग. जोन आयुक्त कार्यालय जोन क्रमांक 8 मोहबा बाजार रायपुर का पत्र क्रमांक 219/ न.पा.नि./ भ.नि.अ.प्र./जोन 08/2025 रायपुर दिनांक 11.04.2025 के अनुसार भूमि खसरा नंबर 237/1 भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब, तहसीलदार... रायपुर. के: रा.प्र.क्र. /202504114500036 अ-12/ वर्ष/2024-25 आदेश दिनांक 7.03.2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हमारे द्वारा दिनांक 23.4.2025 को 12.00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी समीपवर्ती आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के सबंध में जो भी ऊजर, दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-4**

### न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद जिला-रायपुर ( छ.ग. )
**ईश्तहार**

क्रमांक/वाचक/तह./2025
मंदिर हसौद, दिनांक 21.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक मणीलाल पटेल पिता शिवचरण पटेल एवं अन्य 01, निवासी नीलकंठ सॉ मील, न्यू टिम्बर मार्केट, फाफाडीह, रायपुर तहसील, जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम-अकोलडीह, प.ह.नं.-02, रा.नि.मं.-चंदखुरी, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 553/2 रकबा 2.77 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक एवं अन्य के नाम पर संयुक्त रूप से भूमिस्वामी हक में दर्ज है, जिसका मूल ऋण पुस्तिका पूर्व में प्राप्त हुआ था, जो असावधानिपूर्वक कहीं गुम हो गया है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय मे दिनांक 06.06.25 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: यह ईश्तहार आज दिनांक 21.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — **तहसीलदार मंदिर हसौद**

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 68
रायपुर, दिनांक 21.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण / क्रेता (01) आकाश मारवाह पिता अजय मारवाह, (02) मोहित मारवाह पिता अजय मारवाह दोनों निवासी एच. आई.जी. 20 सेक्टर 01 शंकरनगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन-पत्र वास्ते छ.ग.भू.रा.से 1959 की धारा 110 के तहत प्रस्तुत किया गया है जिसके अनुसार ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 रा.नि.मं. रायपुर-11 तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि संधारण खसरा में ब्लॉक / शीट नंबर 06 भूखण्ड क्रमांक 1/5क खसरा नंबर 271/2 का टुकड़ा रकबा 1989 वर्गफुट, भूखण्ड क्रमांक 1/5 ख खसरा नंबर 271/2 का टुकड़ा 1988 वर्गफुट, भूखण्ड क्रमांक 1/5ग खसरा नंबर 271/2 का टुकड़ा 1988 वर्गफुट, भूखण्ड क्रमांक 1/5घ खसरा नंबर 271/2 का कड़ा 1989 वर्गफुट कुल रकबा 7954 वर्गफुट भूमि को आवेदक के द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख (सीजी-2025-26-107-1-529) निष्पादन दिनांक 23.04.2025 के माध्यम से विक्रेता/अनावेदिका राधा अग्रवाल पति बजरंग अग्रवाल निवासी स्ट्रीट नंबर 03 विवेकानंद नगर धमतरी (छ.ग.) द्वारा मु.आम बजरंग अग्रवाल पिता स्व. सुमेरचंद जी अग्रवाल निवासी स्ट्रीट नंबर 03 विवेकानंद नगर धमतरी (छ.ग.) से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया गया है। अत: उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर आवेदित प्रश्नाधीन भूमि को आवेदकगण के नाम पर दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं था अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 06.06.2025 को इस न्यायालय में में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 21.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार रायपुर**

### शपथ-पत्र

मैं दीपा साहू, पिता स्व. श्री देवानंद साहू, उम्र 27 वर्ष, निवासी-म.नं.-215, वार्ड नं.-10, ग्राम बोरियाकला, पोस्ट-सेजबहार, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हैं:-

1. यह कि, मेरा नाम, पिता का नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही हैं।
2. यह कि, मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र कक्षा 5वी, 6वी, 7वी, 8वी, 9वी, 11 वी एवं पेन कार्ड में तथा मूल निवास प्रमाण पत्र एवं स्थायी जाति प्रमाण पत्र में मेरा नाम दीपा साहू पिता का नाम देवानंद साहू दर्ज है जो कि सत्य व सहीं है तथा कक्षा 10वी एवं 12वी की अंकसूची में दीपा पिता देवानंद दर्ज है।
3. यह कि, मेरा वास्तविक नाम दीपा साहू व पिता का नाम देवानंद साहू है। परंतु मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश डाकेश्वरी साहू पिता देवानंद दर्ज हो गया है।
4. यह कि, डाकेश्वरी पिता देवानंद एवं दीपा साहू पिता देवानंद साहू यह दोनों ही नाम मेरे एवं मेरे पिता के स्वयं का नाम अर्थात एक ही व्यक्ति का है।
5. यह कि, मुझे डाकेश्वरी साहू पिता देवानंद साहू के स्थान पर दीपा साहू पिता देवानंद साहू के नाम से जाना-पहचाना, लिखा-पढ़ा, पुकारा व पत्र व्यवहार किया जावे।
6. यह कि, मेरे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, बैंक, बीमा, वित्तीय एवं अन्य दस्तावेज में दीपा साहू पिता देवानंद साहू के नाम पर दर्ज करवाना चाहती हूँ। उक्त तथ्यों के समर्थन में यह शपथ पत्र माननीय महोदय के समक्ष सादर प्रस्तुत कर रही हूँ।

**शपथकर्ती**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00071 बोरियाखुर्द ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440726600126

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00071 के अंतर्गत ग्राम बोरियाखुर्द के वर्तमान भूमिस्वामी आशा वो कुसुम पिता/पति स्व. दामोदर दास पता रायपुर, कमला पिता/पति स्व. दामोदर दास पता टिकरा पारा रायपुर, घनश्याम दास राजेश्वर दास, श्यामदास पिता/पति स्व. दामोदर दास पता टिकरापारा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 264/16 0.0092 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता संतोष सिंह चंदेल पिता/पति अजब सिंह चंदेल पता संतोषी नगर रायपुर, सुखसेन सिंह चंदेल पिता/पति अजब सिंह चंदेल पता संतोषी नगर रायपुर, सुखसेन सिंह चंदेल पिता/पति स्व. श्री शत्रुघन सिंह पता कृष्णा नगर संतोषी नगर तह. व जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.06.2025 को समय सुबह 11 बजे न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00071 बोरियाखुर्द ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440726600128

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00071 के अंतर्गत ग्राम बोरियाखुर्द के वर्तमान भूमिस्वामी घनश्याम दास , राजेश्वर दास, श्यामदास पिता/पति स्व. दामोदर दास पता टिकरापारा, आशा वो कुसुम पिता/पति स्व. दामोदर दास पता रायपुर, कमला पिता/पति स्व. दामोदर दास पता टिकरा पारा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 264/16 0.0093 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता फूल चन्द्र पिता/पति श्री किशोरी लाल पता ग्राम झगरहट पोस्ट नीबी तहसील मऊ लि चित्रकुट उ.प्र. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.06.2025 को समय सुबह 11 बजे न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-2 तहसील रायपुर, जिला रायपुर
**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जरवाय ऊर्फ हीरापुर प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. रायपुर-2 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि के संबध में आवेदक श्रीमती गीतेश्वरी ठाकुर पति स्व. अश्वनी ठाकुर निवासी परमानंद नगर मोहबा बाजार रायपुर के द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 73/1 रकबा 0.3840 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त न्यायालय नायब तहसीलदार 02 रायपुर के रा.प्र.क्र./क/वाचक/ तह./2025/अ-12/वर्ष 2024-25 आदेश दिनांक 17.04.2025 के परिपालन में दिनांक 05.06.2025 को 12.30 पूर्वाहन पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर हल्का पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबध में जो भी उजर, दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-2**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./अ-21/2024-2025
ग्राम तेलीबांधा, प.ह.नं. 64
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 19.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राघवेन्द्र मरस्कोले पिता स्व. धनीराम मरस्कोले निवासी सी/115 न्यू गायत्री नगर रायपुर छ.ग. ने अपने आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64 रा.नि.मं. 09 तहसील व जिला रायपुर स्थित नगर निवेश द्वारा अनुमोदित एवं स्वीकृत आवासीय मकान क्रमांक ए-115 स्टील सिटी न्यू गायत्री नगर में स्थित खसरा नंबर 360/23, रकबा 1588 वर्गफुट जिसमें भूतल में 1000 वर्गफुट एवं प्रथम तल में 1200 वर्गफुट में पक्का मकान निर्मित है, जो कि नगर निगम सीमा के वार्ड क्रमांक 28, नया 32 गायत्री नगर स्टील सिटी में स्थित हे। जिसे आवेदक द्वारा 54, 61,000/-रू. में आनंद कुमार सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, जाति राजपूत पता गायत्री रायपुर को विक्रय किया गया है जिसे बिक्री करने हेतु अनुमति चाही गई है। चूंकि आवेदक आदिवासी वर्गे से है। अत: उक्त भूमि को बिक्री करने की अनुमति हेतु अनुविभागीय अधिकरी (रा.) रायपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 06.06.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-21 रावांभाठा तहसील धरसींवा, जिला रायपुर सीमांकन के संबंध में आम सूचना

दिनांक 14.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका कृष्णराज पिता श्रीपाल सिंह निवासी वीर सावरकर नगर रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम रावांभाठा प.ह.नं... राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-21 रावांभाठा स्थित भूमि खसरा नंबर 273/71 रकबा 0.017 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर के ज्ञा.क्र. 20250411 1700010/वाचक/तह./वर्ष 2024-2025 धरसींवा के आदेश दिनांक 01.04.2025 के परिपालन में दिनांक 28.05.2025 को समय 12 बजे पश्चात किया जाना है। अत: उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक समय तक पटवारी हल्का नंबर 86 के रावांभाठा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-21 रावांभाठा**

### न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर 03 जिला-रायपुर ( छ.ग. )
**ईश्तहार**

ग्राम सलौनी प.ह.नं. 12, वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवकीनंदन अग्रवाल पिता श्री ठाकुरदास अग्रवाल निवासी खेतराजपुर, उड़िसा द्वारा ग्राम सलौनी प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. केन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित ख.नं. 26/2 (शामिल 26/4, 26/5) रकबा क्रमश: 0.0940 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक देवकीनंदन अग्रवाल पिता ठाकुरदास अग्रवाल के नाम में दर्ज है। उक्त भूमि की ऋण पुस्तिका कहीं गुम हो गया है। अत: आवेदक द्वारा वाद भूमि की द्वितीय ऋण पुस्तिका जारी किये जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 03.06.2025 तक न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 16.05.2025 को जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार अभनपुर**

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर छ.ग. राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन

रा.मा.क्र./202502111500008/अ-6/2024-25
रायपुर, दिनांक 23.05.2025
प्रति,

मोहम्मद कमर खान पिता समद खान निवासी- म.नं. 16/1031, पारस नगर (देवेन्द्र नगर) रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

द्वारा:-माल जमादार, तहसील कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि आवेदिकागण 01. श्रीमती प्रीतम कौर मटरेजा पति स्व. रवेल सिंह मटरेजा, 02. रजनीश मटरेजा पिता स्व. रवेल सिंह मटरेजा दोनों निवासी भिंभोरा, सिलघट, बेमेतरा, तहसील बेरला, जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, आवेदिकागण के पति/पिता स्व. रवेल सिंह मटरेजा पिता स्व. सरदार दर्शन सिंह मटरेजा के द्वारा ग्राम फाफाडीह, प.ह.नं. 48, तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि शीट नंबर 36, खसरा नंबर 210/5 का भाग, रकबा 810 वर्गफुट भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि के खातेदार स्व. रवेल सिंह मटरेजा पिता स्व. सरदार दर्शन सिंह मटरेजा की मृत्यु दिनांक 26.04.2022 को हो गयी है। मृतक खातेदार स्व. रवेल सिंह मटरेजा पिता स्व. सरदार दर्शन सिंह मटरेजा के विधिक वारिसानों में आवेदिकागण 01. श्रीमती प्रीतम कौर मटरेजा पति स्व. रवेल सिंह मटरेजा, 02. रजनीश मटरेजा पिता स्व. रवेल सिंह मटरेजा है अन्य कोई नहीं। अत: आवेदित भूमि में से मृतक खातेदार स्व. रवेल सिंह मटरेजा पिता स्व. सरदार दर्शन सिंह मटरेजा का नाम विलोपित कर आवेदिकागण द्वारा अपने नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अत: आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 30.5.2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर — **नायब तहसीलदार रायपुर**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 13 भाठागांव तह./जिला रायपुर छ.ग.
**आम सूचना**

जारी दिनांक 21.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रियंश राजन गुप्ता पिता सुनील कुमार गुप्ता निवासी मोहबा बाजार रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम डंगनिया प.ह.नं. 58 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-13 स्थित भूमि खसरा नंबर 153/1, 153/9 रकबा 0.1170 हे., 0.0610 हे. कुल खसरा क्रमांक 2 रकबा 0.1780 हे. भूमि के सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 17.04.2025 के परिपालन में दिनांक 03.06.2025 को समय अपरान्ह 11 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अत: उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 58 के डंगनिया स्थित पटवारी राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-13 भाठागांव**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 13 भाठागांव तह./जिला रायपुर छ.ग.
**आम सूचना**

जारी दिनांक 21.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रियंश राजन गुप्ता पिता सुनील कुमार गुप्ता निवासी मोहबा बाजार रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम डंगनिया प.ह.नं. 58 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-13 स्थित भूमि खसरा नंबर 153/14 रकबा 21363 वर्गफुट है. कुल खसरा क्रमांक 1 रकबा 21303 हे. भूमि के सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 17.04.2025 के परिपालन में दिनांक 03.06.2025 को समय अपरान्ह 11 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अत: उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 58 के डंगनिया स्थित पटवारी राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-13 भाठागांव**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 13 भाठागांव तह./जिला रायपुर छ.ग.
**आम सूचना**

जारी दिनांक 21.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रियंश राजन गुप्ता पिता सुनील कुमार गुप्ता निवासी मोहबा बाजार रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम डंगनिया प.ह.नं. 58 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-13 स्थित भूमि खसरा नंबर 153/39 रकबा 14800 वर्गफुट है. कुल खसरा क्रमांक 1 रकबा 14800 हे. भूमि के सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 17.04.2025 के परिपालन में दिनांक 03.06.2025 के समय अपरान्ह 11 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अत: उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 58 के डंगनिया स्थित पटवारी राजस्व निरीक्षक कार्यालय मं अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-13 भाठागांव**

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर ( छ.ग. ) राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन

रा.मा.क्र./202504111500084/अ-6/2024-25
रायपुर, दिनांक 15.05.2025
प्रति,

लालगंगा बिल्डर्स प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर हुकुमचंद जैन पिता स्व. लालचंद जैन निवासी- 201 द्वितीय तल [illegible]

द्वारा:-माल जमादार, तहसील कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि [illegible] इसके अतिरिक्त अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है। अत: उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार मृतक क्रेता स्व. श्रीमती सुशीला श्रीश्रीमाल पति नेमीचंद श्रीश्रीमाल का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसान के नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किये है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अत: आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 30.05.2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

मुहर — **नायब तहसीलदार रायपुर**

### आम सूचना

वाके मौजा चिरहुलडीह ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड प.ह.नं. 52 रा.नि.मं. रायपुर 3 तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित खसरा नंबर 133, 134, 136 कुल रकबा 0.0146 हे. भूमि के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता विशाल जिंदल पिता श्री नवरंग जिंदल निवासी चौबे कॉलोनी रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि [illegible] खसरा नंबर 133, 134, 136 कुल रकबा 0.0146 हे. भूमि को मेरे पक्षकार क्रय करना चाहते है [illegible] तथा रजिस्ट्री करना शेष है।

उक्त विक्रय किये जाने संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म/सोसायटी/शासकीय/अर्द्धशासकीय अथवा किसी पारिवारिक सदस्य को किसी भी प्रकार की हक, दावा आपत्ति हो तो मेरे अधोलिखित पते पर 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज अपना हक दावा आपत्ति आदि प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्ति के पश्चात किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा विधि अनुसार शुन्यकरणी मानी जायेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जायेगा।

अत: सूचना जाने।

दिनांक-
स्थान-रायपुर छ.ग.

भवदीय
**एस. तालिब ( अधिवक्ता )**
**मो. नं. 7000260526**

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 5555/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 21.05.25**

प्राधिकरण की देवेंद्र नगर योजना के अन्तर्गत श्रीमती हर्षा नथवाणी पति श्री राजेश नथवाणी को एम.आई.जी. मकान क्रमांक डी-90/1 क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती द्वारा उक्त भूखण्ड / मकान / दुकान को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड / मकान / दुकान को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक. 21.05.25 को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

### आम सूचना

मौजा ग्राम रायपुरा प.ह.नं. 57 रा.नि.मं. रायपुर-1 रायपुरा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 322/4 रकबा 0.0370 हे. जिसमें से 1410 वर्गफुट भूमि के संबंध में

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार ने श्री चिम्मय सिंह ठाकुर पिता श्री चंद्रशेखर सिंह ठाकुर निवासी चौधरी भवन, चौधरी गली वार्ड नंबर 11 मगरपारा रोड जरहाभाठा बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 322/4 रकबा 0.0370 हे. जिसमें से 1410 वर्गफुट भूमि हो विक्रय को हो चुके है, स्थित मौजा ग्राम रायपुरा प.ह.नं. 57 रा.नि.मं. रायपुर-1 तहसील रायपुर व जिला रायपुर छ.ग. को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है, के संबंध बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अत: उपरोक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति संस्था निकाय बैंक, बीमा, निगम, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्था को किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात् की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक ....

**धीरज बावनकर ( अधिवक्ता )**
**बिजली ऑफिस के सामने नयापारा, फुल चौक, रायपुर ( छ.ग. )**
**मो. नं. 9111044444**

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00078 धरमपुरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20242544072580036

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00078 के अंतर्गत ग्राम धरमपुरा के वर्तमान भूमिस्वामी नीलु सरजु अर्जुन नकुल सहदेव पिता घासीराम पिता/पति बिन्दा बाई वि. घांसीराम पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 78 0.0280, 307/1 0.3400 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता नीलूराम निर्मलकर पिता/पति स्व. घासीराम निर्मलकर पता सरजूराम निर्मलकर पिता/पति स्व. घासीराम निर्मलकर पता अर्जुनराम निर्मलकर पिता/पति स्व. घासीराम निर्मलकर पता नकुल निर्मलकर पिता/पति स्व. घासीराम निर्मलकर पता सहदेव निर्मलकर पिता/पति स्व. घासीराम निर्मलकर पता निवासी धरमपुरा कृषक नगर जोरा रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.06.2025 को समय सुबह 11 बजे न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार रायपुर**

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00045 मोवा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20242544072400093

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00045 के अंतर्गत ग्राम मोवा के वर्तमान भूमिस्वामी भारत गृह निर्माण सहकारी समिति रायपुर अध्यक्ष ललित कुमार सिंघानिया पिता/पति पता रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15001/1 0.0222 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्री गोविंद अग्रवाल पिता/पति पिता श्री गोपाल प्रसाद अग्रवाल पता निवासी डी-5 राजीव नगर रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.06.2025 को समय सुबह 11 बजे न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार रायपुर**

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00045 मोवा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20242544072400095

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00045 के अंतर्गत ग्राम मोवा के वर्तमान भूमिस्वामी शेख अब्दुल तकीम पिता/पति शेख अब्दुल रहीम पता केलकपारा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 480/145 0.0074 में प्रस्तावित भूमिस्वामी क्रेता श्रीमती फातमा बेगम पिता/पति-पति हबीब बेग पता निवासी म.नं. 24/470 राजा नगर काली नगर वार्ड नंबर 29 पंडरी रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.06.2025 को समय सुबह 11 बजे न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार रायपुर**

### न्यायालय नायब तहसीलदार-1 मंदिर हसौद मामले की श्रेणी-राजस्व
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.नं. 00010 टेकारी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-2024254402 01200008

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.नं. 00010 के अंतर्गत ग्राम टेकारी के वर्तमान भूमिस्वामी पीताम्बर, शशीकान्त, लोकेश्वर पिता गंदेराम पिता/पति सेवाबाई पति गेंदराम पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 521 0.2400, 522/2 0.0500, 523 0.2500, 692 0.0400, 1599/2 0.1400, 1681 0.0800, 1685/2 0.1800, 1687/3 0.2000, 1704 0.1300 में प्रस्तावित भूमिस्वामी क्रेता पिताम्बर पिता/पति गेंदराम पता गुढ़ियारी रायपुर, शशिकांत पिता/पति गेंदराम पता गुढ़ियारी रायपुर, सेजाबाई पिता/पति गेंदराम पता गुढ़ियारी रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.06.2025 को समय सुबह 11 बजे न्यायालय नायब तहसीलदार-1 मंदिर हसौद पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार मंदिर हसौद**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईश्तहार**

**पत्र क्र./19388/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025**
**रायपुर, दिनांक 22.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 19388**
**वार्ड का नाम- 49 -गुरू घासीदास वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 49 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR344C00132 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती JOGI SINGH पिता/पति श्री/श्रीमती CHURASINGH के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती कविता सावनकर पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री विनोद सावनकर ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/मलमा बिक्री नामा शपथ पत्र टैक्स रसीद सहमती पत्र /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईश्तहार**

**पत्र क्र./19543/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025**
**रायपुर, दिनांक 16.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 19543**
**वार्ड का नाम- 50 -रानी दुर्गावती**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR445R00427 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती m/s lal ganga builders pvt ltd dairector ashok kumar jain hukumch पिता/पति श्री/श्रीमती m/s lal ganga builders pvt ltd dairector ashok kumar jain hukumch के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती shri rachit rajeev पिता/पति श्री/श्रीमती s/o shri rajeev kumar jaiswal मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईश्तहार**

**पत्र क्र./9265/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025**
**रायपुर, दिनांक 25.03.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 9265**
**वार्ड का नाम- 55 -रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651E00472 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती PRAKASH CHAND DAGA पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. ROOPCHAND DAGA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती RAHUL YADAV पिता/पति श्री/श्रीमती KRISHNA YADAV ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत हक त्याग विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईश्तहार**

**पत्र क्र./20249/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025**
**रायपुर, दिनांक 22.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20249**
**वार्ड का नाम- 50 -दानी दुर्गावती**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR445H00303 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MALIK RAM SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती LT. MAYA RAM SAHU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती ... पिता/पति श्री/श्रीमती ..... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/वसीयत नामा मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शपथ पत्र /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईश्तहार**

**पत्र क्र./19542/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025**
**रायपुर, दिनांक 22.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 19542**
**वार्ड का नाम- 50 -रानी दुर्गावती**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR445R00426 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती m/s lal ganga builders pvt ltd dairector ashok kumar jain hukumch jain पिता/पति श्री/श्रीमती m/s lal ganga builders pvt ltd dairector ashok kumar jain hukumch jain के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती shri doctor chand jain पिता/पति श्री/श्रीमती s/o shri idan jain मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईश्तहार**

**पत्र क्र./20887/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025**
**रायपुर, दिनांक 22.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20887**
**वार्ड का नाम- 52 -डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR446Q00950 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती rashmi sarveshwar bhure पिता/पति श्री/श्रीमती sarveshwar narendra bhure के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री भावेश सचदेव पिता/पति श्री/श्रीमती पिता श्री नंदलाल सचदेव ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईश्तहार**

**पत्र क्र./20868/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025**
**रायपुर, दिनांक 22.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20868**
**वार्ड का नाम- 54 -कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR652R00803 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती narsingh dhanakar पिता/पति श्री/श्रीमती balam dhanakar के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री भारत लाल पिता/पति श्री/श्रीमती पिता श्री नहरू राम महिलांगे ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 5627/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 22/05/25**

प्राधिकरण की कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजनांतर्गत सेक्टर-04 में एल.आई.जी. (2बी.एच.के.) फ्लैट क्रमांक सी-609 श्रीमती रूपा सोनी पति श्री ईश्वरी सोनी एवं श्री ईश्वरी सोनी पिता स्व. कवल सिंह सोनी के नाम पर आबंटित हैं। सहआबंटिती श्री ईश्वरी सोनी की मृत्यु दिनांक 07.09.2021 को हो जाने के कारण उनके वारिसान (पत्नि) (1) श्रीमती रूपा सोनी पति स्व. ईश्वरी सोनी, पुत्र (2) विजेन्द्र कुमार सोनी पिता स्व. ईश्वरी सोनी द्वारा उक्त फ्लैट को मृत्यु उपरांत उत्तराधिकारी नामांतरण किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त फ्लैट की नामांतरण अनुमति प्रदान किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक .......को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 5249/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 14/05/25**

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल रावांभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजनांतर्गत श्री चांद खान आत्मज श्री ताज खान द्वारा ब्लाक क्रमांक 16 भूखण्ड क्रमांक एसएस1-66 क्षेत्रफल 215 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती श्री चांद खान आत्मज श्री ताज खान की दिनांक 06.04.2021 को मृत्यु हो जाने के कारण उक्त भूखण्ड का नामांतरण हेतु उनकी पत्नी श्रीमती शकिला खान पति स्व. चांद खान, पुत्री श्रीमती शबीना खान, श्रीमती रूहीना खान एवं श्रीमती सलीना खान पिसरान स्व. चांद खान पता-टिकरापारा, संजय नगर, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा उत्तराधिकार नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं।

उक्त उत्तराधिकार नामांतरण किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर प्राधिकरण के प्रचलित नियमों के अनुसार आवेदन का निराकरण कर दिया जायेगा। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राहय नहीं होगा।

दिनांक ......को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 5182/रा.शा./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 14/05/25**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक-04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) सेक्टर-04 योजनांतर्गत श्री अशोक साहा पिता श्री निपेन्द्र साहा को भूखंड क्रमांक बी-125 रकबा 71.875 वर्गमीटर आबंटित है। आबंटिती श्री अशोक साहा पिता श्री निपेन्द्र साहा द्वारा दिनांक 04.06.2021 को श्रीमती श्रद्धा चौहान पति श्री लक्ष्मीकांत चौहान को विक्रय कर दिया है। क्रेता द्वारा बैनामा की फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त भूखंड का नामांतरण श्रीमती श्रद्धा चौहान पति श्री लक्ष्मीकांत चौहान के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक... ...को जारी ।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-17 बीरगांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
**आम सूचना**

दिनांक 20.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सी.जी. इन्फ्रा द्वारा पार्टनर आनंद चोपकर पिता स्व. बी.आर. चोपकर निवासी सहकारी मार्ग चौबे कॉलोनी द्वारा आवेदित ग्राम सरोरा प.ह.नं. 89 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-17 बीरगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 130/2 रकबा 0.4130 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक/क/वाचक/तह./2024-25 आदेश दिनांक 20.05.2025 के परिपालन में दिनांक 23.05.2025 को समय 1 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 89 सरोरा के स्थित के स्थित कार्यालय में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-17 बीरगांव**

### कार्यालय रा.नि.मं. सेरीखेड़ी तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )
**आम सूचना**

दिनांक 13.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती पूनम व्यास पति राधेश्याम व्यास एवं अन्य निवासी न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 78 राजस्व निरीक्षक मंडल सेरीखेडी स्थित भूमि खसरा नंबर 252/21 रकबा क्रमश: 0.1140 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार/ रायपुर के आदेश दिनांक 10.12.2024 के परिपालन में दिनांक 21.06.2025 को समय अपरान्ह 11 बजे पश्चात किया जाना नियत किया गया है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 78 के धरमपुरा स्थित कार्यालय में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं. सेरीखेड़ी**

# 28 मई को मंत्रालय घेरेंगे 23 संघ के शिक्षक

## विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण, क्रमोन्नति का जनरल आर्डर, पूर्व सेवा की गणना कर पेंशन

**नवापारा राजिम,** 22 मई (देशबन्धु)। प्रदेश में विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षकों का आक्रोश अब आंदोलन की राह पर है, राजधानी रायपुर स्थित मंत्रालय एवं संचनालय में प्रदेश के 23 शैक्षिक संगठनों के प्रांताध्यक्षों और प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर सरकार को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है।

चेतावनी दी गई है कि यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो 28 मई को मंत्रालय (महानदी भवन) का घेराव और धरना होगा, शिक्षक संगठनों ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार ने इस दौरान युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को रद्द नहीं किया और शिक्षक संगठनों से बैठक कर समाधान नहीं निकाला, तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन की शुरुआत होगी, इस दौरान कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

**ये हैं प्रमुख मांगें:** युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए, सोना साहू प्रकरण की तर्ज पर सभी शिक्षकों को एरियर्स सहित क्रमोन्नति वेतनमान मिले, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए पुरानी पेंशन बहाली हो।

**2008 का सेटअप लागू करने की मांग:** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन रायपुर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनकला ने बताया कि 2008 में जो सेटअप बना था, वह व्यावहारिक और व्यावसायिक दृष्टि से उपयुक्त है। उसके अनुसार प्राथमिक शालाओं में कम से कम तीन शिक्षक (60 बच्चों पर) तथा मिडिल स्कूलों में न्यूनतम पांच शिक्षक आवश्यक हैं। हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में भी विषयानुसार पद स्वीकृत किए जाने चाहिए, कामर्स हेतु 2 शिक्षक अनिवार्य है, वर्तमान युक्तियुक्तकरण में इन मानकों की अनदेखी की जा रही है।



**कहा- बर्दाश्त नहीं होगा यह अन्याय:** सभी 23 संगठनों के प्रांताध्यक्षों संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा, केदार जैन, विकास राजपूत सहित सभी प्रांताध्यक्षो ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि बिना किसी सहमति के, शिक्षक संगठनों को विश्वास में लिए बगैर सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को लागू करना दुर्भाग्यपूर्ण है और यह अन्याय अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**शिक्षकों का एकजुट प्रदर्शन:** ज्ञापन सौंपने और आंदोलन का अल्टीमेटम देने पहुंचे सैकड़ों शिक्षकों में शामिल सुधीर प्रधान, शैलेन्द्र पारीक, रायपुर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनकला, जितेंद्र मिश्रा, पूरन साहू, कृष्ण कुमार जांगड़े, नंद कुमार साहू, विनोद यादव सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

**अबकी बार आर-पार की लड़ाई:** प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा, रायपुर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनकला योगेश सिंह ठाकुर, सुखनंदन साहू, आयुष पिल्ले, जीतेन्द्र मिश्रा, अंजुम शेख, टिकेश्वरी साहू, कन्हैया कंसारी, अतुल शर्मा, सीएल साहू, हरीश दीवान, गोपाल वर्मा, बुद्धेश्वर बघेल, रविंद्र सॉन्गसुरतान, मनोज मुछावड़, रूद्रनारायण तिवारी, शिव साहू, विभा सिंह परिहार, विनोद साहनी, इन्द्रजीत वर्मा, अनिल वर्मा, मदन वर्मा, कृष्ण कुमार जांगड़े, राजेंद्र शर्मा, छम्मन पाल, कृपा महेश्वरी, विजय गिलहरे, भुवन अवसरिया, प्रफुल्ल मांझी, दिनेश आडिल, विनोद ताम्रकार, समर अब्बासी, अंजलि परिहार, जागृति साहू, अंजुलता गिलहरे, सरस्वती राघव, मौसमी शर्मा, कल्याणी वर्मा, अलंकार परिहार, युवराज सिन्हा, मेघराज साहू, राधेश्याम बंजारे, चेतन साहू, भोला वर्मा, संतोष सोनवानी, मोतीमाला साहू, नागेन्द्र कंसारी, टेक राम कंवर, रूम लाल साहू सहित पदाधिकारीयो ने साफकहा है कि यदि सरकार ने आंदोलन को हल्के में लिया, तो यह अब तक का सबसे बड़ा प्रदेशव्यापी शिक्षक आंदोलन होगा, जिसकी शुरुआत राजधानी रायपुर से होगी।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन करते दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




### आरोपी द्वारा गांजा को जगदलपुर से कांकेर, चारामा के रास्ते रायपुर की ओर रीवा, मप में ले जाकर खपाने की थी तैयारी

**बालोद,** 22 मई (देशबन्धु)। अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के रोकथाम हेतु पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग रामगोपाल गर्ग के निर्देश प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गुरूर जिला बालोद बोनीफास एक्का के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी पुरूर स0उप0 निरीक्षक भुजबल साहू के नेतृत्व में थाना पुरूर की टीम को अवैध मादक पदार्थ गांजा के परिवहन संबंधी प्रकरण में बड़ी सफलता हासिल की गई।

अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी एवं परिवहन के रोकथाम पुलिस थाना पुरूर के पुलिस पार्टी द्वारा क्षेत्र में नशीले पदार्थ के परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु 21 मई को स0उप0निरीक्षक भुजबल साहू के हमराह पुलिस स्टाफके शासकीय वाहन से मुखबीर द्वारा मोबाईल के माध्यम से सुचना मिली कि एक काला लाल रंग की बिना नम्बर की वाहन पल्सर मोटर सायकल जिसमें 02 व्यक्ति है जो अपने साथ में काला रंग की दो बड़े बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखे हुए हैं जो कांकेर चारामा के रास्ते रायपुर की ओर जा रहे हैं कि सुचना पर एन0एच0.30 मार्ग ग्राम पुरूर कार्यवाही के दौरान मुखबीर द्वारा बताये बिना नम्बर की वाहन पल्सर मोटर सायकल आया जिसे हमराह स्टाफके रोका गया जिन्हें नाम पता पुछने पर वाहन चला रहे व्यक्ति अपना नाम मोहम्मद सहीद पिता मोहम्मद सुवरती उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम पथराहा ;वार्ड क0. 05 दोकराभाठा खुर्दद्ध पोस्ट ढेरा तहसील माऊगंज थानाध्जिला माऊगंज ;म0प्र0द्ध एवं पीछे बैठा व्यक्ति अपना नाम मोहम्मद रफीज पिता रजा मोहम्मद खान उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम पडुआ पोस्ट गढ़ तहसील मनगवा थाना गढ़ जिला रीवा ;म0प्र0द्ध का रहने वाले बताये जिनका तलाशी लेने पर दोनों के संयुक्त कब्जे से काला रंग की दो बड़े बैग में कुल 04 पैकेट मादक पदार्थ गांजा कुल वजनी 25 किग्रा किमती 2,50,000 रूपया मिला एवं घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की काला लाल रंग की बजाज पल्सर वाहन किमती लगभग 1,00,000 रू0 पुरानी इस्तेमाली कुल जुमला 3,50,000 रूपये, आधार कार्ड, पेन कार्ड को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया एवं अपराध कायम कर आरोपी मोहम्मद सहीद पिता मोहम्मद सुवरती उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम पथराहा ;वार्ड क0.05 दोकराभाठा खुर्दद्ध पोस्ट ढेरा तहसील माऊगंज थानाध्जिला माऊगंज ;म0प्र0द्ध और मोहम्मद रफीज पिता रजा मोहम्मद खान उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम पडुआ पोस्ट गढ़ तहसील मनगवा थाना गढ़ जिला रीवा ;म0प्र0द्ध को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त प्रकरण में थाना पुरूर प्रभारी सण्उपण् निरीक्षक भुजबल साहू, आरक्षक लिखन साहु, किशोर साहू, गुणेश यादव, थनेन्द्र देवांगन, संदीप यादव, की सराहनीय भूमिका रही।

# कमल क्षेत्र के तालाबों में खिले कमल पुष्प की आकर्षण



**राजिम,** 22 मई (देशबन्धु)। शहर में आसपास के क्षेत्र को कमल क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। यहां से लगे हुए गांव चौबेबांधा की शीतला तालाब में कमल पुष्प इस तरह खिले हैं कि हर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं। घना और आकर्षक रंग में उनकी आकर्षक हर किसी को लुभा रही है। बताना होगा कि कमल पुष्प की खेती फायदा देने वाले हैं इससे किसानों को तीन फसल की प्राप्ति होती है। पहले तो वह कमल पुष्प पर कमाई करते हैं। दूसरा इनसे पोखरा बनता है मार्केट में उनकी खूब मांग रहती है और तीसरा कमलगट्टे जिस ढ़ेस कहा जाता है। इन्हें सब्जी बनाने के लिए तो लोगों की खासी पसंद रहता है। इनके चौथे भी फायदे बताए जाते हैं कमल के पत्ते से भोजन प्रसादी भी प्राप्त करने का रिवाज पुराने समय से चले आ रहे हैं हर दृष्टिकोण से कमल की खेती फायदेमंद है। खास बात यह है कि कमल पुष्प जिस तालाब में रहते हैं वहां का पानी भी साफसुथरा रहता है। इसी तरह के दृश्य शहर सहित आसपास के गांव के तालाबों में देखे जा सकते हैं।

# किसानों के साथ हो रहे अत्याचार के विरुद्ध जंग छेड़ने की आवश्यकता : रूपेश साहू



**राजिम,** 22 मई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद लगातार किसानों के साथ हो रहे अत्याचार के विरुद्ध जंग छेड़ने की आवश्यकता है उक्त बातें अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संरक्षण सरपंच संघ विकासखंड फिंगेश्वर रूपेश साहू ने कही। उन्होंने आगे कहा कि आज ओलावृष्टि के चलते किसानों की फसल का नुकसान हुआ है उसके साथ-साथ व्यापारी द्वारा किसानों को लूटने का कार्य किया जा रहा है जिस वजह से रबी फसल की धान 17 00 रुपए में किसानों से लिया जा रहा है जो पूर्णता गलत है, बल्कि एम एस पी के आधार पर धान खरीदी होनी चाहिए। इसके विरोध रूपेश साहू ने मंडी बोर्ड के मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा।


## आवश्यकता है

तीन कंप्यूटर ऑपरेटर, (मेल/फीमेल) एवं ड्राई क्लीन शॉप में कपड़ा छोड़ने हेतु लड़के चाहिए। बाहर वालो को रहने की सुविधा मिलेगी। सेलरी 12000-15000, बॉयोडाटा /रिज्यूम,आधार कार्ड सहित मिले। इंटरव्यू समय -सबेरे 9 से 11 तक।

**संपर्क करें-रेलवे रिजर्वेशन काउंटर प्रथम मंजिल,विजेता काम्प्लेक्स, शास्त्री बाजार,नैवेद्य के ऊपर,रायपुर।**


## सार्वजनिक सूचना

मैं, प्रमोटर/निदेशक, मधु जैन, छत्तीसगढ़ रेरा में पंजीकृत परियोजना 'आकाशदीप कॉम्प्लेक्स' जिसका पंजीकरण क्रमांक PCGRERA230718000623 है, को व्यक्तिगत कारणों से सरेंडर/रद्द कर रही हूँ। यदि इस परियोजना में किसी व्यक्ति/संस्था आदि द्वारा कोई बुकिंग की गई है, तो कृपया अपना दावा प्रस्तुत करें। अपना दावा विवरण सहित रेरा की ईमेल आईडी - registrar.rera.cg@gov.in पर 15 दिनों के भीतर भेजा जाना चाहिए तथा दावे का विवरण रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ रेरा कार्यालय शास्त्री चौक, रायपुर 492 001 को भी भेजा जाना चाहिए।

**मधु जैन**
**(प्रमोटर/डायरेक्टर)**
**भिलाई बिल्डर्स**

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

भंडार विभाग

**ई-निविदा सूचना क्रमांक : एन आई टी / 11/25/11, दिनांक - 13.05.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर संभाग निम्नलिखित सामाग्रियों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है।

| क्रमांक | निविदा संख्या | निविदा खुलने की तिथि | निविदा खुलने का समय | निविदा पत्र लागत (रु.) | अर्नेस्ट मनीफ डिपोजिट (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11255416 | 29/05/2025 | 10.30 | 00 | 148100.00 |

**विवरण:-** ड्राइंग संख्या RDSO/WKS/2018/3 (संलग्न विनिर्देश / ड्राइंग) के अनुसार, सीट विभाजन के बिना, बैकरेस्ट के साथ ss304 में 4-सीटर बेंच की आपूर्ति और स्थापना।

निविदाकर्ता कृपया हमारी वेबसाइ www.ireps.gov.in पर जाएं।

**नोट:-** विवरण से संबन्धित विवादास्पद मामले में मूल अंग्रेजी पाठ प्रमाणिक मानी जाएगी।

**वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक**
**द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर**

सीपीआर/10/AM/56

South East Central Railway @secrail

## शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता कमलेश कुमार डहरे उम्र करीब 37 वर्ष पिता श्री रामचरण डहरे जाति सतनामी. निवासी ग्राम सेमरिया, पो0-नांदघाट, थाना व कि निम्नानुसार शपथपूर्वक कथन प्रस्तुत करता हूँ कि ~व तहसील-नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) का निवासी हूँ जो 01. यह कि में शपथकर्ता उपरोक्त नाम ग्राम व पते की स्थायी निवासी हूँ। 02 यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 3158 डहरे अंकित है जो सत्य व सही है। 8970 3627 में मेरी नाम कमलेश कुमार डहरे पिता रामचरण 03. यह कि मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा भाटापारा के खाता कमांक 358015733 में मेरा नाम कमलेश कुमार डहरिया पिता रामचरण डहरिया अंकित हो गई है, जबकि मेरी वास्तविक व पुरा नाम कमलेश कुमार डहरे पिता रामचरण डहरे हैं। इस तरह कमलेश कुमार डहरिया पिता रामचरण डहरिया तथा कमलेश कुमार डहरे पिता रामचरण डहरे दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है। 04. यह कि मेरी आधार कार्ड में दर्ज नाम सही होने के कारण मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा भाटापारा में वास्तविक नाम कमलेश कुमार डहरे पिता रामचरण डहरे अंकित किया जायें ताकि भविष्य में लेन, देन में कोई असुविधा न हो। 05. यह कि शपथपत्र मुझे भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा भाटापारा शाखा प्रबंधक महोदय के समक्ष प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।

**कमेलश कुमार डहरे**
**शपथकर्ता**

## शपथ पत्र

मैं, देवेन्द्र, पिता लीला राम, निवासी मकान नम्बर 12, वार्ड क्रमांक 01, कानीमेरा, पोस्ट खुरमुड़ी, तहसील छुईखदान जिला खैरागढ़ छुईखदान गण्डई छ.ग. आधार नम्बर 6780 5568 3588 निम्नलिखित शपथ पूर्वक कथन करता हूं :-

01. यह कि, मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है, जो सत्य एवं सही है।
02. यह कि, मेरे कक्षा दसवीं एवं समस्त अंकसूची में मेरा नाम देवेन्द्र, पिता लीला राम एवं मेरा जन्म तिथि दिनांक 09.09.1993 अंकित है, जो सत्य एवं सही है, किन्तु मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस एवं मतदाता पत्र में मेरा नाम देवेन्द्र कुमार बंजारे, पिता लीला राम बंजारे अंकित एवं जन्म तिथि 23.09.1986 है, जो कि गलत है।
03. यह कि, मेरा सही नाम देवेन्द्र, पिता लीला राम है एवं मेरा सही जन्म दिनांक 09.09.1993 है।
04. यह कि, मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा सही नाम देवेन्द्र, पिता लीला राम के नाम से जाना व पहचाना जावे तथा मेरे आधार कार्ड एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम देवेन्द्र, पिता लीला राम पढ़ा जावे तथा दर्ज किया जावे।
05. यह कि, मेरे नाम परिवर्तन की सूचना छुईखदान के प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में मेरे द्वारा आज दिनांक 23.05.20255 को प्रकाशित करवाया गया है।
06. यह कि, मैंने अपना पुराना नाम देवेन्द्र कुमार बंजारे, पिता लीला राम बंजारे को परिवर्तित कर मेरा सही नाम देवेन्द्र, पिता लीला राम से मुझे जाना-पहचाना एवं पुकारा जाता है तथा अब मुझे यही नाम से समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, बीमा एवं शैक्षणिक रिकार्ड में लिखा-पढ़ा, समझा व मान्य किये जाने बाबत् यह शपथ पत्र उक्त वर्णित तथ्यों के समर्थन में सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**

## आम सूचना

स्मति गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या. भिलाई भूखण्ड क्रमांक 473 रकबा 2400 वर्गफुट भूमि खसरा नंबर 125/1, 3, 4 ग्राम जुनवानी, तहसील भिलाई, जिला दुर्ग छ.ग. भूमि के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता पी.के. कुमरा पिता जी.एस. कुमरा निवासी क्वाटर 5 बी ब्लाक नंबर 33 ए सेक्टर-07 भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. के आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि वाके मौजा जुनवानी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या. भिलाई भूखण्ड क्रमांक 473 खसरा नंबर 125/1, 3,4 रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को विक्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि प्राप्त कर लिया है, केवल बैनामा पंजीयन कराना शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति संस्था निकाय बैंक, बीमा, निगम, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पता में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात् की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक 22.05.2025

**संगीता साहू (अधिवक्ता)**
**पता-सिविल कोर्ट, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. 9926444948**

## उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़ उद्योग

**भवन, रिंग रोड नं. 1, तेलीबांधा, रायपुर**
**फोन नं. (0771) 2583652-54, फैक्स नं. 2583651**
Email: dtic-directorate.cg@gov.in

(छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 20-13/2018/11/6, दिनांक 28.04.2018 के अधीन)

मेसर्स श्री भगवती पेट्रोकेम, भूखण्ड क्रमांक-209, औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी, जिला-महासमुन्द, छ.ग. के स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति हेतु

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि - 1. मेसर्स श्री भगवती पेट्रोकेम, भूखण्ड क्रमांक-209, औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी, जिला-महासमुन्द, में स्थापित है। उक्त उद्योग के स्वामी प्रोप. श्री अंशु ड्रोलिया, औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)। के मध्य इकरारनामा का निष्पादन हुआ है।
2. शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, मुख्य शाखा रायपुर की ओर मेसर्स श्री भगवती पेट्रोकेम, के विक्रय के संबंध में आपके द्वारा जारी NOC के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।
3. राज्य शासन की औद्योगिक नीति 2014-19 के तहत् प्रदान किये गये अनुदान एवं छूट के संदर्भ में उद्योग संचालनालय के पत्र क्रमांक LAND-4301/1/2025 दिनांक 22 मई 2025 द्वारा मेसर्स श्री भगवती पेट्रोकेम, में स्वामित्व परिवर्तन की अनंतिम स्वीकृति दी गई है।
अतः उक्त श्री भगवती पेट्रोकेम, भूखण्ड क्रमांक-209, औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी, जिला-महासमुन्द, के उद्योग को स्वामित्व परिवर्तन की अंतिम अनुमति प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, कंपनी, वित्तीय संस्था / बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह सूचना प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
रायपुर, दिनांक-

**संचालक**

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, DEEPAK KANTILAL KANABAR S/O KANTILAL KANABAR resident of 276, WARD NO. 33, SHIV PARA, NEAR SHIV MANDIR, DURG, (C.G.) 491001 have changed my old name DEEPAK KANTILAL KANABAR S/O KANTILAL KANABAR so in future I should be recognized by my new name that is DEEPAK KANABAR S/O KANTILAL KANABAR in all Government and other documents.

**DEEPAK KANABAR**
276, WARD NO. 33,
SHIV PARA, NEAR SHIV
MANDIR, DURG, (C.G.) 491001

## न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

### उद्घोषणा

**रा.प्र.क्र. 202505291500010**
**शीर्ष अ-6. वर्ष 2024-25**
**क्रमांक 3129 / वा.नजूल /2025**
**खैरागढ़, दिनांक 21/05/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक / दानग्राहिता मानोज कुमार बख्शी पिता स्व0 धदामीलाल निवासी किल्लापारा खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की आरे से अधिवक्ता श्री संदीप दास वैष्णव द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला किल्लापारा ब्लाक नं. 09 स्थित भूखण्ड कमांक 27 कुल क्षेत्रफल 4715 वर्गफूट में से 1175 वर्गफूट जो खातेदार श्रीमती अन्नपूर्णा बाई पति रामधीन के संयुक्त नाम दर्ज है। संबंधित सह-खातेदार / दानदाता श्रीमती अन्नपूर्णा बाई पति रामधीन द्वारा उक्त वादभूमि को पंजीकृत दानपत्र दिनांक 07.05.1986 के माध्यम से आवेदक को दान किए जाने के कारण आवेदक द्वारा उक्त वाद भूमि संबंधी रिकार्ड में उनके स्थान पर अपना नाम दर्ज किए जाने संबंधी नामांतरण आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वादभूमि संबंधी अभिलेख पर आवेदक का नाम पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति / आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21-05-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील **नजूल अधिकारी**
**खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई**

## न्यायालय तहसीलदार कसडोल जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

### ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक माखन राम घृतलहरे पिता पहारू घृतलहरे जाति सतनामी निवासी ग्राम हटौद प.ह.नं. 35 तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. ने अपने स्वयं का माखन राम घृतलहरे पिता पहारू घृतलहरे जाति सतनामी का जन्म दिनांक 01.11.1951 को ग्राम हटौद में हुआ है बताया गया है। आवेदक के द्वारा अपने स्वयं का जन्म का पंजीयन अज्ञानतावश ग्राम पंचायत में आज पर्यन्त तक दर्ज नही कराया गया है। वर्तमान में आवेदक को शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्य में जन्म प्रमाण की आवश्यकता पड रही है। जिस हेतु आवेदक द्वारा अपने स्वयं के जन्म का पंजीयन के संबंध में आदेश प्रदाय किये जाने हेतु निम्न दस्तावेज आवेदनपत्र मय शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किये जाने पर प्रकरण प्रारंभ किया गया। यदि किसी व्यक्ति संस्था को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह दिनांक 29.05.2025 को 11 बजे तहसील कार्यालय कसडोल में व्यक्तिगत रूप से या अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 15.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर के साथ जारी किया गया।

सील **तहसीलदार**
**कसडोल**

## आम सूचना

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के रा.मा.क्र. 20240609190020 अ 70 में पारित आदेश दिनांक 09.04.2025 अनुसार आवेदिका श्रीमती परदेशनीन बाई पति कृष्णादास की भूमि ग्राम घोरदा प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. अर्जुनी तहसील डोंगरगांव जिला-राजनांदगांव स्थित भूमि ख.नं. 21/9 का भाग 37X3.25=120.25 वर्गमीटर क्षेत्रफल का कब्जा अनावेदक शिवशंकर पिता भीमसेन साहू निवासी ग्राम घोरदा से आवेदिका श्रीमती परदेशनीन बाई पति कृष्णादास निवासी ग्राम घोरदा को दिया जाना है।

एतद् द्वारा आवेदिका एवं अनावेदक को दिनांक 28.05.2025 को दिनांक 11 बजे आवेदित भूमि स्थल ग्राम घोरदा में उपस्थित रहने हेतु सूचना दी जाती है। अनावेदक की अनुपस्थिति में न्यायालय के उपरोक्त आदेश के परिपालन में आवेदिका को कब्जा दिलाने की एकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

सूचना जानें।
दिनांक 22.05.2025

**राजस्व निरीक्षक अर्जुनी**
**तहसील-डोंगरगांव**

## न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा मामले की श्रेणी-राजस्व

### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-आरंग प.ह.नं. 00014 अमोदी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी-2025261 041572

तहसील आरंग के प.ह.नं. 00014 के अंतर्गत ग्राम अमोदी के वर्तमान भूमिस्वामी चुम्मन लाल पिता/पति कंवल सिंह पता अमोदी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 792 0.2500, 1324 0.7700 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता प्रेमलाल साहू पिता/पति कंवल सिंह साहू पता अमोदी के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.05.2025 को समय सुबह 11 बजे न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **नायब तहसीलदार**
**आरंग**

## न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा मामले की श्रेणी-राजस्व

### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-आरंग प.ह.नं. 00014 अमोदी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी-2025261 041569

तहसील आरंग के प.ह.नं. 00014 के अंतर्गत ग्राम अमोदी के वर्तमान भूमिस्वामी प्रेमलाल पिता/पति कंवल सिंह पता अमोदी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1252 0.2500, 1257 0.3100, 1253 0.3100, 1260 0.1000, 1307 0.0800 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता चुम्मन लाल साहू पिता/पति कंवल सिंह साहू पता अमोदी के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.05.2025 को समय सुबह 11 बजे न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **नायब तहसीलदार**
**आरंग**

## कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)

### जोनल निविदा द्वितीय आमंत्रण सूचना

क्रमांक/177/NIT-02/व.ले.लि./ ग्रा.यां. सेवा/2025-26, सुकमा दिनांक- 21/05/2025

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित विकासखण्ड सुकमा, छिन्दगढ एवं कोन्टा अंतर्गत आंतरिक विद्युतीकरण कार्य कराये जाने हेतु जोनल निविदा जोनवार आमंत्रित की जाती है :-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|
| जोनल निविदा विकासखण्ड सुकमा, छिन्दगढ एवं कोन्टा अंतर्गत विभिन्न मदो में स्वीकृत भवन निर्माण कार्य जिसमें रू. 25.00 लाख एवं इससे कम लागत के आंतरिक विद्युतीकरण कार्य हेतु। | प्रत्येक वि.खण्ड हेतु 40.00 लाख |

**निविदा डाऊनलोड एवं डी. डी. बनाने की अंतिम तिथि:- 27.05.2025**

2. उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट http://res.cg.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियन्ता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग**
**सुकमा जिला - सुकमा (छ.ग.)**

**जी-252601060**

## न्यायालय नायब तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

### ईश्तहार

**रा.प्र.कं. 202505210100009**
**अ/59 वर्ष 2024-25**
**ग्राम खम्हरिया प.ह.नं. 43,**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खाद्य अधिकारी बलौदाबाजार भाटापारा का पत्र क्रमांक 44/खाद्य/धानउपा./गोदाम/2025 बलौदाबाजार दिनांक 17.04.2025 के माध्यम से गोदाम निर्माण कराये जाने हेतु तहसील भाटापारा स्थित ग्राम खम्हरिया के शासकीय भूमि खसरा नंबर 531/1 रकबा 38.377 में से 12.138 हे., खसरा नंबर 557 रकबा 4.047 हे., खसरा नंबर 558 रकबा 1.214 हे. (कुल 30 एकड) भूमि को आबंटन किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय बलौदाबाजार भाटापारा को पत्र प्रेषित किया गया है जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महोदय भाटापारा के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। तथा दिनांक 06.06.2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति नियत पेशी दिनांक 06.06.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

सील **नायब तहसीलदार**
**भाटापारा**

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन, प्रक्षेत्र- दुर्ग (छ.ग.)

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बी. दत्ता आ. स्व. एन.एन. दता, निवासी-एम.आई.जी.-सी/2344, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक एम.आई.जी.-सी/2344, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस/वारिसानों श्री देबशिस दत्ता आ. स्व. बिमलेंदू दत्ता ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक एम.आई.जी.-सी/2344, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को श्री देबशिस दत्ता के नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. बी. दत्ता के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।

अतः श्री देबशिस दत्ता के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 19.05.25 को जारी किया गया।

सील **सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)**

## न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

### ईश्तहार

**रा.प्र.कं. 202307210900020**
**अ/20 (1) वर्ष 2022-2023**
**ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेश कुमार पिता नोहर जाति सतनामी निवासी ग्राम पुरानी बस्ती बलौदाबाजार द्वारा बलौदाबाजार नगर स्थित नजूल भूमि शीट नं. 17 सी प्लाट नं. 11/3 क्षेत्रफल 360 वर्गफीट भूमि जो कि आवेदक के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। लीज पट्टा अवधि दिनांक 31.03.1995 को समाप्त होने के कारण नवीनीकरण किये जाने हेतु मेंटनेंस खसरा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर (नजूल) जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. को प्रेषित आवेदन पत्र नजूल अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार के माध्यम से जांच हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि का नवीनीकरण किये जाने से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 27.05.2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं नियत तिथि के बाद दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील **तहसीलदार**
**बलौदाबाजार**

## केनरा बैंक Canara Bank

भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

**ए.आर.एम. शाखा- प्लाट नं. 04, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल**

### कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

अधोहस्ताक्षरकर्ता केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित ऋणधारी को निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज राशि एवं सहित नोटिस प्राप्ति के 60 दिन की समयावधि के भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणी निर्धारित समय सीमा मे ऋण का भुगतान करने मे असफल रहा है। अतः ऋणी/जमानतदार एव सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम (8 एवं 9) के अंतर्गत नीचे वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है। ऋणग्रहीता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद द्वारा निम्नलिखित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **केनरा बैंक की ए.आर.एम. शाखा** के अधीन होगा।
ऋणी-कानूनी उत्तराधिकारी/सहऋणी/जमानतदार का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी /बंधककर्ता/ जमानतदारों का नाम | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक | कब्जा की गई संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| ऋणीः **स्व. श्री नंद किशोर वर्मा- कानूनी उत्तराधिकारीः (1) रूपा वर्मा पत्नी स्व. श्री नंद किशोर वर्मा (2) सीता देवी सोनी स्व. श्री नंद किशोर वर्मा की माताजी** (1) एवं (2) का पताः मकान नं. 50, वार्ड 37, दुर्गा नगर पावर, हाउस खुरसीपार भिलाई, जिला, दुर्ग-490011 **(3) स्व. श्री नंद किशोर वर्मा के अन्य कानूनी उत्तराधिकारी एवं सहऋणी :- श्री केशव वर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री कपिल देव वर्मा,** पताः एच नंबर 50, वार्ड 27, दुर्गा नगर सपना टॉकीज के पीछे, सेक्टर 11, खुरसीपार भिलाई दुर्ग, जिला दुर्ग-490011 | **18.03.2025** / **22.05.2025** मांग सूचना अनुसार बकाया राशि ₹ **53,97,756.31/-** +ब्याज एवं अन्य खर्चे | **संपत्ति का समस्त भू भाग रिहायशी भूमि एवं भवन स्थित खसरा नंबर 8042/1 (482) का भाग नवीनतम दस्तावेज आईडी (खसरा पी-11/खसरा आईडी-20240109430100360 मकान नं. ईडब्ल्यूएस 257 सीजीएचबी कॉलोनी, वैशाली नगर, वार्ड क्रमांक 15/20, नगर पालिका निगम भिलाई, तहसील और जिला दुर्ग (छ.ग.) की सीमा के अंतर्गत क्षेत्रफल- 98 वर्गमीटर या 1054.48 वर्ग फीट (प्रथम तल- 58.80 और द्वितीय तल- 58.80 वर्ग मीटर)** चर्तुसीमाएंः उत्तर- ईडब्ल्यूएस-264, दक्षिण-कॉलोनी रोड, पूर्व- ईडब्ल्यूएस-256, पश्चिम-ईडब्ल्यूएस-258, संपत्ति मालिक- स्व. नंद किशोर वर्मा पुत्र स्व. श्री कपिल देव वर्मा |

**स्थान-भोपाल, दिनांक : 22-05-2025** **प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक**

## कार्यालय कलेक्टर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

(आदिवासी विकास शाखा)
Phone No. 07856-252441, Fax No. 07856-252441, Email: actd.dantewada@nic.in

### निविदा आमंत्रित

क्रमांक/457/आ.वि./निर्माण/2025-26 दन्तेवाड़ा, दिनांक 20.05.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों के लिए प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर शासकीय निर्माण विभागों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों से मुंहरबंद निविदायें पंजीकृत डाक से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यों में प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी एस.ओ.आर. दर दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित निविदा दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित लागू होगा। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर नियत तिथि एवं समय में प्राप्त किया जा सकता है। धरोहर राशि सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास दंतेवाड़ा के नाम से होगा।

1. निविदा प्रपत्र मूल्य जमा कर कोरे निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि — 20/06/2025 सायं 5.00 बजे तक
2. भरे हुए निविदा प्रपत्रों की मुंहरबंद लिफाफे कार्यालय में प्राप्त होने की तिथि — 26/06/2025 सायं 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि — 26/06/2025 सायं 05.30 बजे

| क्रं. | कार्य/स्थान का नाम | विकास खण्ड | लागत (लाखों में) | अमानत राशि (लाखों में) | निविदा प्रपत्र का मुल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम स्कूल जावंगा गीदम के छत के ऊपर प्रोफाईल शीट निर्माण कार्य। | दंतेवाड़ा | 14.13 | 0.106 | कार्य की निविदा प्रपत्र का मूल्य 750/- रू. होगी। उक्त कार्य हेतु 'द' श्रेणी या अधिक के ठेकेदार भाग ले सकते है, तथा कार्य 03 माह के भीतर पूर्ण करना होगा। |

नोट :- निविदा संबंधी अन्य जानकारी एवं शर्ते कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में देखी जा सकती है।

**सहायक आयुक्त आदिवासी**
**विकास दंतेवाड़ा**

**जी-252601057**

# जब तक नक्सलवाद समाप्त नहीं हो जाता, ऑपरेशन चलता रहेगा: साय

- अबूझमाड़ में सुरक्षाबलों को मिली ऐतिहासिक सफलता
- नक्सलवाद की टूटी कमर, बस्तर अब शांति की दिशा में बढ़ रहा आगे: मुख्यमंत्री

**रायपुर**, 22 मई (देशबन्धु)। राज्य सरकार को नक्सल विरोधी अभियान में मिली अब तक की सबसे बड़ी सफलता के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता कर इस ऐतिहासिक ऑपरेशन की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अबूझमाड़ इलाके में सुरक्षाबलों ने 27 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया है, जिनमें माओवादी सेंट्रल कमेटी का शीर्ष नेता और ?3.25 करोड़ का इनामी बसव राजू भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने इसे नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में निर्णायक मोड़ बताया और कहा कि बस्तर अब शांति की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नक्सलवाद बड़ा खतरा है। बस्तर विभिन्न जनजातीय समुदाय के लिए जाना जाता है। बस्तर लंबे समय से नक्सलवाद से जूझ रहा है

वहां के आदिवासियों को भय के माहौल में जीने के लिए मजबूर कर रखा है।प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री के मार्गदर्शन में हम नक्सलवाद के खात्मे के लिए काम कर रहे हैं। सुरक्षा बलों को असाधारण सफलता मिल रही है।



सुरक्षा बल के जवानों ने अबूझमाड़ इलाके में 27 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया है। नक्सलवाद मूवमेंट का रीढ़ माने जाने वाला बसव राजू को आपरेशन में ढेर किया गया है। सवा तीन करोड़ रुपए का इनामी था. तीन दशकों में पहली बार माओवादी की सेंट्रल कमेटी के किसी बड़े नेता को ढेर किया गया है। हमे सुरक्षा बलों के साहस पर गर्व है. कई महीनों से ये इनपुट मिल रहा था कि कर्रेगुड़ा की पहाड़ी में बड़े पैमाने पर नक्सलियों का जमावड़ा है। मैं उसके करीब के एक कैंप में भी गया था। जवानों से बातचीत की थी. नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे आंदोलन में मिल रही सफलता के पीछे डबल इंजन की सरकार का लाभ भी मिल रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी लगातार छत्तीसगढ़ के दौरे पर आते रहे हैं। हम शुरू से ही यह आह्वान करते रहे कि हिंसा छोड़कर विकास की मुख्य धारा से जुड़िये। सरकार ने बेहतर पुनर्वास नीति भी बनाई है. ईनामी नक्सली यदि सरेंडर करता है तो उसे जमीन देने तक की व्यवस्था रखी गई है। नक्सलवाद के ख़िलाफ़ लड़ाई के बाद यह लगता है कि बस्तर अब शांति की ओर बढ़ रहा है।. जब तक नक्सलवाद समाप्त नहीं हो जाता है तब तक आपरेशन चलता रहेगा।

### 2026 तक नक्सलवाद के समूल खात्मे का लक्ष्य: गृह मंत्री शर्मा

गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भाजपा किंसरकार बनने के बाद अब तक 424 नक्सली मारे गए हैं. 1355 आत्मसमर्पित हुए हैं. 2023 में समर्पण की संख्या ज्यादा है और गिरफ्तारी की कम है. बस्तर की जनता की चाहत के अनुरूप केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में अभियान चल रहा है। मार्च 2026 तक नक्सलवाद समूल खत्म होने का लक्ष्य रखा गया है

### उद्देश्य स्पष्ट है कि बस्तर में लोकतंत्र को बहाल करना

नक्सली बस्तर के आदिवासियों को मारना चाहते है जो कभी होने माही दिया जाएगा। नक्सल अभियान में विभिन्न दिशाओं में काम चल रहा है। पिछले दिनों बस्तर के पीड़ित आदिवासियों ने दिल्ली जाकर अपनी बात रखी है। नक्सलियों की पुनर्वास नीति देश में सबसे बेहतर है। केंद्र सरकार को क्या करना चाहिए। राज्य सरकार को क्या करना चाहिए ये नसीहत देने वालों के साथ कोई बातचीत नहीं हो सकती है।ये जरूर है कि न तो केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकार कोई नहीं चाहता कि एक भी गोली चले।

### एडीजी विवेकानंद ने ऑपरेशन की दी जानकारी

एडीजी नक्सल आपरेशन विवेकानंद ने कहा कि छत्तीसगढ़ के नक्सल अभियान के इतिहास में आज का दिन सबसे बड़ा है।अभूतपूर्व सफलता मिली है।बसव राजू का मारा जाना एक बड़ी उपलब्धि है। अबूझमाड़ के लिए कहा जाता है कि यह सुरक्षा विहीन क्षेत्र था लेकिन बीते डेढ़ सालों में उन इलाकों में कैम्प खोले गए थे। इसके बावजूद जो आपरेशन चलाया गया यह कैंप से करीब 35 किलोमीटर भीतर जंगल में आपरेशन किया। तीन दिन से ज्यादा फोर्स जंगल में रही. बसव राजू के मारे जाने से नक्सल अभियान में यह मील का पत्थर साबित होगा।

# खेलो इंडिया एकेडमी में सुकमा की 8 महिला फुटबॉल खिलाड़ी चयनित

## प्रतिभाओं को मिला राज्य स्तरीय मंच



**सुकमा**, 22 मई (देशबन्धु)। संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित आवासीय खेल अकादमी रायपुर में खेलो इंडिया एकेडमी सुकमा की 8 महिला फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन हुआ है। यह चयन जिले की खेल प्रतिभाओं के लिए गौरव का विषय है।

चयनित खिलाड़ियों में किच्चे ललिता (पोलमपल्ली), माड़वी पूजा (चिंतागुफा), संध्या नाग (कोकावाड़ा), शारदा प्रधानी (चिपुरपाल), लक्ष्मी सोढ़ी (करिगुण्डम, चिंतागुफा), सोढ़ी कोईन्दे (चिंतागुफा), माही कुंजाम (कोर्रा) और किच्चे लक्ष्मी (पोलमपल्ली) का नाम शामिल है। ये सभी खिलाड़ी सुकमा जिले की दूरस्थ क्षेत्रों से आकर अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर इस मुकाम तक पहुंची हैं।

खेल अधिकारी वीरूपाक्ष पुराणिक ने बताया कि रायपुर स्थित इस आवासीय खेल अकादमी में खिलाड़ियों को न केवल गहन खेल प्रशिक्षण दिया जाएगा, बल्कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पौष्टिक आहार, खेल परिधान, आवश्यक सामग्री और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी का भी अवसर मिलेगा। यह सुविधा पूर्णत: आवासीय होगी, जिससे खिलाड़ी एक अनुशासित और समर्पित वातावरण में शिक्षा व खेल दोनों में आगे बढ़ सकें। खिलाड़ियों के चयन हेतु ट्रायल्स अप्रैल 2025 में राजधानी रायपुर में आयोजित किए गए थे। यह उपलब्धि सुकमा जिले के लिए न केवल गर्व की बात है, बल्कि जिले के अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरित करने वाली है।

# कागजों में दौड़ रही डोंगरगढ़ कटघोरा रेल लाईन

**छुईखदान**, 22 मई (देशबन्धु)। डोंगरगढ़ कटघोरा रेलवे लाइन हुआ टाय-टाय फीसय यह रेल लाइन अब तक कागजों में ही दौड़ रहा है 10 12 वर्ष पूर्ण किए गए यह घोषणा शासन द्वारा अब तक कोई ठोस पहल नहीं किया गया है ।जबकि छत्तीसगढ़ राज्य के अन्य स्थानों में किए गए नए रेलवे लाइन का कार्य जोरों से चल रहा है ।पर डोंगरगढ़ से कटघोरा रेलवे लाइन का कार्य अब तक शुरू भी नहीं हो पाया है ।सर्वे के नाम पर शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए जा चुके हैं ।डोंगरगढ़ ,खैरागढ़ ,गंडई छुईखदान, लोहारा कवर्धा से गुजरने वाली यह रेल लाइन जिस जिस शहर वह गांव से होते हुए जाएगी उस शहर व गांव में विगत 10 वर्षों से लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। कि रेलवे स्टेशन यहां पर होगा वहां पर होगा अब लोग समझ चुके कि यह घोषणा केवल राजनीतिक लाभ लेने के लिए ही किया जा रहा था ।अब तो लोग इस बहु प्रतीक्षित रेलवे लाइन डोंगरगढ़ कटघोरा रेलवे लाइन का नाम लेना भी मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। जबकि केंद्र व राज्य में एक ही पार्टी भारतीय जनता पार्टी की सरकार है यहां सांसद संतोष पांडे भी भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी है ऐसे में इस क्षेत्र के लोगों की अपेक्षाएं लाजमी है

नई रेल मार्ग एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना है, जो क्षेत्रीय विकास और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यहाँ कुछ महत्वपूर्ण बिंदु हैं जो नई रेल मार्ग के महत्व को दर्शाते हैं:

नई रेल मार्ग क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा दे सकती है, नए उद्योगों और व्यवसायों को आकर्षित कर सकती है, और रोजगार के अवसर पैदा कर सकती है।

नई रेल मार्ग यात्रियों को अधिक सुविधाजनक और तेज यात्रा विकल्प प्रदान कर सकती है, जिससे लोगों के जीवन में सुधार हो सकता है।

नई रेल मार्ग माल ढुलाई की दक्षता में सुधार कर सकती है, जिससे व्यवसायों को अपने उत्पादों को अधिक तेजी से और कुशलता से पहुंचाने में मदद मिल सकती है।

नई रेल मार्ग क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में सुधार कर सकती है, जिससे लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में आसानी हो सकती है और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिल सकता है।

रेल परिवहन अन्य परिवहन मोड की तुलना में अधिक पर्यावरण अनुकूल हो सकता है, जिससे वायु प्रदूषण और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी आ सकती है।

नई रेल मार्ग की योजना और निर्माण में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, जैसे कि भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय प्रभाव, और वित्तीय निवेश। हालांकि, यदि इन चुनौतियों का समाधान किया जाए, तो नई रेल मार्ग क्षेत्रीय विकास और आर्थिक वृद्धि के लिए एक शक्तिशाली उपकरण हो सकती है।

# पुलिस ने 7 नक्सलियों को विस्फोटक सामाग्रियों के साथ किया गिरफ्तार

**सुकमा**, 22 मई (देशबन्धु)। जिले के जगरगुण्डा थाना क्षेत्रान्तर्गत 06 एवं चिंतागुफा थाना क्षेत्रान्तर्गत 01 कुल 07 नक्सलियों को विस्फोटक सामाग्रियों के साथ गिरफ्तार करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली। नक्सल उन्मूलन अभियान तहत मुखबिर के सूचना पर 20 मई को थाना जगरगुण्डा से तोमेश वर्मा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जगरगुण्डा के हमराह जिला बल, डीआरजी ब्रेवो का बल एवं कैम्प बेदरे से निरीक्षक लव जॉय के हमराह 165 वाहिनी सीआरपीएफ बल की संयुक्त पार्टी नक्सली गस्त सर्चिंग ग्राम गोंदपल्ली, उरसांगल व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे कि इस दौरान ग्राम गोंदपल्ली व उरसांगल के मध्य जंगली रास्ते में सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी विस्फोट किया गया। पुलिस पार्टी द्वारा घटना स्थल की घेराबंदी कर 06 नक्सलियों को विस्फोटक पदार्थ के साथ पकड़ा गया। पकड़े गए नक्सलियों के पूछताछ करने पर अपना नाम तामु नंदा पिता तामु पाण्डु उम्र 20 वर्ष निवासी गोंदपल्ली रेंगापारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, पूनेम भीमा पिता स्व. पूनेम करका 34 वर्ष निवासी गोंदपल्ली सोड़ीपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा,



पूनेम आयतु पिता स्व. लखमा 23 वर्ष निवासी गोंदपल्ली करकापारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, तामु सन्नू पिता स्व.आयतु 38 वर्ष निवासी गोंदपल्ली रेंगापारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, मिड़ियम छोटू पिता स्व. मिड़ियम सोमा 35 वर्ष निवासी गोंदपल्ली सोड़ीपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा एवं 06. पूनेम लालू पिता पूनेम भीमा 25 वर्ष निवासी गोंदपल्ली रेंगापारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, का होना तथा नक्सल संगठन में सभी गोंदपल्ली आरपीसी मिलिशिया सदस्य के पदों पर कार्य करना बताये। पुलिस पार्टी को देखकर लूकने-छिपने के संबंध में पूछने पर मण्डीमरका आरपीसी अध्यक्ष कुंजाम भीमा एवं मिलिषिया कमाण्डर तेलाम माड़ा के कहने पर पुलिस पार्टी के आने-जाने वाले मार्ग में आईईडी प्लांट कर पुलिस पार्टी को देखकर विस्फोट करना बताये। पकड़ गये नक्सली आरोपियों के कब्जे से 01 नग टिफिन आईईडी वजनी लगभग 01 किग्रा., बिजली वायर लगभग 100 मीटर, कोर्डेक्स वायर 02 मीटर, जिलेटिन रॉड, 02 नग लोहे का रॉड, लगभग 250 ग्राम आईईडी लकड़ी की चिमटी में लाल रंग के वायर लगा हुआ बरामद किया गया। उक्त कृत्य विधि विरूद्ध पाये जाने से पकड़े गये नक्सलियों के विरूद्ध थाना जगरगुण्डा में अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए 20 मई को गिरफ्तार कर 21 मई को विशेष न्यायालय दंतेवाड़ा के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल दाखिला किया गया। जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र से सयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेषन हेतु दुलेड़ व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान ग्राम कायर दुलेड़ के पास कच्ची रोड के पास 01 संदिग्ध व्यक्ति गड्ढा खोद रहे थे जिसे सुरक्षा बलों द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया पूछताछ करने पर अपना नाम सोड़ी लिंगा पिता जोगा 35 वर्ष निवासी कायर दुलेड़ थाना चिंतागुफा जिला सुकमा का होना तथा नक्सल संगठन किस्टाराम एरिया कमेटी में प्लाटून नंबर 08 डिप्टी कमाण्डर (इनामी 02 लाख) के पद कार्य करना बताये। पकड़े गये आरोपी के कब्जे से झोले में विस्फोटक सामाग्री 01 नग टिफिन बम, 01 नग बैटरी, 04 नग इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 05 नग जिलेटिन रॉड, 1.5 मीटर कोर्डेक्स वायर, 15 नग मीटर इलेक्ट्रिक वायर एवं 01 नग लोहे का सब्बल बरामद किया गया।

# अच्छा प्रदर्शन करने वाले जिलों को मिलेगा पुरस्कार: मुख्यमंत्री

- अधिकारियों को हिदायत बार-बार नही दे पेशियों की तारीख



**रायपुर**, 22 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज सुशासन तिहार के अंतर्गत अम्बिकापुर में सरगुजा, बलरामपुर-रामानुजगंज और जशपुर जिलों में योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनहितकारी शासकीय योजनाओं को बेहतर तरीके से अमलीजामा पहनाने वाले जिलों को पुरस्कृत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अधिकारियों से टीम भावना से कार्य करते हुए वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के पहले चरण में प्रदेशभर से लगभग 40 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनका समाधान दूसरे चरण में किया गया। अब तीसरे चरण में वे स्वयं जिलों का दौरा कर आम जनता से सीधा संवाद कर रहे हैं।

### जनता के प्रति जवाबदेह बनें अधिकारी

मुख्यमंत्री ने तीनों जिलों के कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों और अन्य अधिकारियों से कहा कि वे जनता के सेवक हैं, उनकी जिम्मेदारी है कि समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से फील्ड का दौरा करें, जनता के सुख-दुख में शामिल हों और शिकायतों के निपटारे में पेशियों की अनावश्यक तारीखें देना बंद करें। उन्होंने कहा कि राजस्व से संबंधित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अवैध रेत खनन के मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाए।

### बुनियादी जरूरतों पर विशेष ध्यान

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीने के पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यदि कहीं पेयजल संकट की स्थिति बनती है, तो इसका तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि तालाबों को सूखने से बचाने और ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्रोतों की सुरक्षा की व्यवस्था की जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि बारिश शुरू होने से पहले किसानों को खाद-बीज की कमी न हो, इसके लिए विशेष निगरानी रखी जाए। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बनने वाली सड़कों, पीएम आवासों तथा जिलों में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और उनकी नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

### स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारियों के निर्देश

गर्मी और बरसात के मौसम में मौसमी बीमारियों और सांप काटने की घटनाओं की संभावना को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में दवाइयों और एंटी-स्नेक वेनम की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

### वनाधिकार और अतिक्रमण मामलों में कार्रवाई के निर्देश

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वनाधिकार पट्टों की समीक्षा राजस्व, आदिवासी विकास और वन विभाग संयुक्त रूप से करें और केवल पात्र हितग्राहियों को ही पट्टा प्रदान किया जाए। उन्होंने अवैध पट्टा धारकों और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही सीमावर्ती जिलों में अवैध रूप से निवास कर रहे लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा।

# यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विशेष पहल



- पटना-चर्लपल्ली-पटना के मध्य 18 फेरों के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**रायपुर**, 22 मई (देशबन्धु)। ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफ़र्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु पटना-चर्लपल्लि-पटना के मध्य 18 फेरों के लिए स्पेशल ट्रेन के परिचालन विस्तार किया गया है । गाड़ी संख्या 03253 पटना-चर्लपल्लि द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन, पटना से 17 मार्च 2025 से 28 मई 2025 तक (22 फेरा) प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को चल रही थी ।इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07255 चर्लपल्लि-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्लि से 19 मार्च 2025 से 28 मई 2025 तक (11 फेरा) प्रत्येक बुधवार को तथा गाड़ी संख्या 07256 चर्लपल्लि-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्लि से 21 मार्च 2025 से 30 मई 2025 तक (11 फेरा) प्रत्येक शुक्रवार को चल रही थी ।इस गाड़ी का विस्तार दिनांक 01 अगस्त, 2025 तक किया गया है ।

गाड़ियों की समय सारिणी – गाड़ी संख्या 03253 पटना-चर्लपल्लि द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन, पटना से 28 मई 2025 से 30 जुलाई , 2025 तक (22 फेरा) प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को दोपहर 15.00 बजे रवाना होगी तथा दूसरे दिन अर्थात प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाली स्टेशन बिलासपुर में आगमन 07.40 बजे, प्रस्थान 07.45 बजे, रायपुर आगमन 09.43 बजे, प्रस्थान 09.45 बजे, दुर्ग आगमन 10.10 बजे, प्रस्थान 10.20 बजे, गोंदिया आगमन 12.50 बजे, प्रस्थान 12.55 बजे होते हुये प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को 03.30 बजे चर्लपल्लि स्टेशन पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 07255 चर्लपल्लि-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्लि से 28 मई 2025 से 01 अगस्त, 2025 तक प्रत्येक बुधवार को 23.00 बजे रवाना होगी तथा दूसरे दिन अर्थात प्रत्येक गुरुवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाली गोंदिया स्टेशन आगमन 11.40 बजे, प्रस्थान 11.45 बजे, दुर्ग आगमन 13.50 बजे, प्रस्थान 14.00 बजे, रायपुर आगमन 14.33 बजे, प्रस्थान 14.35 बजे, बिलासपुर में आगमन 16.45 बजे, प्रस्थान 16.50 बजे होते हुये प्रत्येक शुक्रवार को 11.30 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 07256 चर्लपल्लि-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्लि से 28 मई 2025 से 01 अगस्त, 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को 21.00 बजे रवाना होगी तथा दूसरे दिन अर्थात प्रत्येक शनिवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाली गोंदिया स्टेशन आगमन 09.40 बजे, प्रस्थान 09.45 बजे, दुर्ग आगमन 11.50 बजे, प्रस्थान 12.00 बजे, रायपुर आगमन 12.33 बजे, प्रस्थान 12.35 बजे, बिलासपुर में आगमन 14.45 बजे, प्रस्थान 14.50 बजे होते हुये प्रत्येक रविवार को 09.30 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी ।

कोचों की उपलब्धता – इन स्पेशल ट्रेनों में 02 एसएलआरडी, 06 जनरल, 12 स्लीपर, 02 एसी-ढ्ढढ्ढढ्ढ, 02 एसी-ढ्ढढ्ढ सहित कुल 24 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी ।इन गाड़ियों के वाणिज्यिक ठहराव – रास्ते में ये गाडियाँ दोनों दिशाओं में तारेगना, जहानाबाद, गया, कोडरमा, पारसनाथ, गोमोह, बोकारो, रांची, हटिया, राऊरकेला, झारसुगुड़ा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, बल्लारशाह, सिरपुर काघदनगर, बेल्लंपल्ली, पेद्दापल्ली तथा काजीपेट स्टेशनों पर रुकेगी ।

NECC

| 23.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 500 | 75 | 140 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 165 |

डिलीवरी 515 सैकड़ा
दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

# घिरघोली में अवैध ईंट भट्ठे के खिलाफ, पत्रकारों की शिकायत के बाद जांच में पहुँचे अधिकारी

**खैरागढ़**, 22 मई (देशबन्धु)। ग्राम घिरघोली में संचालित अवैध ईंट भट्ठे के खिलाफ पत्रकारों की शिकायत के बाद अधिकारी तुरंत जांच में पहुंचे। ज्ञात हो कि बीते दिनों जिले के पत्रकार ग्राम घिरघोली में व्यापक रूप में संचालित अवैध ईंट भट्ठे में खबर कवरेज करने पहुंचे थे जहां मौजूद मुंशी से जानकारी मिली कि यह ईंट भट्ठा पूर्व विधायक, पूर्व संसदीय सचिव व भाजपा के कद्दावर नेता कोमल जंघेल के छोटे भाई चुम्मन जंघेल का है, मुंशी ने चुम्मन जंघेल को फोन लगाकर पत्रकारों से बात कराई फोन पर चुम्मन जंघेल ने पत्रकारों से काफी अभद्रता से बात की जिससे आक्रोशित पत्रकारों ने उक्त अवैध ईंट भट्ठे की शिकायत 20 मई 2025 को कलेक्टर से की थी। पत्रकारों की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कलेक्टर ने छुईखदान एसडीएम अविनाश ठाकुर के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर उक्त अवैध ईंट भट्ठे में भेजी जिसमें खनिज अधिकारी बबलू पांडे व



राजस्व निरीक्षक सहित शिकायतकर्ता पत्रकार भी उपस्थित थे। जांच में एक नया खुलासा हुआ, मौके पर मौजूद कुछ ग्रामीणों का कहना था कि यह ईंट भट्ठा उनका है और वे अपने प्रधानमंत्री आवास के निर्माण के लिए यह ईंट बना रहे है, जबकि उनका प्रधानमंत्री आवास अभी स्वीकृत भी नहीं हुआ है। पत्रकारों को दिए वीडियो बाइट में चुम्मन जंघेल ने साफ कहा है कि यह ईंट भट्ठा उनका है और वे बीते 15 सालों यह ईंट भट्ठा संचालित कर रहे हैं जो साफ इशारा करता है कि चुम्मन जंघेल ग्रामीणों को आगे करके खुद को बचाने का प्रयास कर रहा है। आपको बता दें कि जांच में सामने आया कि मौके पर 5 लाख से अधिक पके हुए ईंट रखे हुए हैं जिसका कोई भी दस्तावेज न ही ग्रामीणों के पास है और न ही चुम्मन जंघेल के पास। इतना ही नहीं जांच के दौरान ईंट भट्ठा संचालक चुम्मन जंघेल द्वारा खुद मौके पर न आकर अपने पुत्र व भूमिश्वामी हेमराज जंघेल को भेज दिया गया। जांचकर्ता अधिकारियों ने अवैध ईंट भट्ठे का निरीक्षण कर पंचनामा रिपोर्ट व जब्ती कार्यवाही कर मामले की विस्तृत जांच की बात कही गई है। अब इस पूरे मामले में यह सवाल खड़ा हो रहा है कि जब यह ईंट भट्ठा आज सामने आए ग्रामीणों का है तो खबर कवरेज करने आए पत्रकारों को वहां उपस्थित मुंशी ने आखिर क्यों पूर्व विधायक कोमल जंघेल के भाई चुम्मन जंघेल को भट्ठा संचालक बताया और क्यों फोन में उनसे बात कराया और चुम्मन जंघेल द्वारा क्यों मीडिया के सामने आ कर बाईट दिया जिसका वीडियो फुटेज उनके घर मे लगे सीसीटीवी कैमरा पर भी हो सकता है। ग्राम कोटवार मोतीदास मानिकपुरी का भी कहना है कि यह भट्ठा चुम्मन जंघेल का ही है और ग्रामीण अगर अपने उपयोग के लिए ईंट बना रहे तो इसकी कोई जानकारी मुझे नहीं दी गई है।

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

यमराज- मैं तेरी जान लेने आया हूं।
आदमी- ले जाइए पड़ोस में ही 3 घर छोड़कर रहती है।

संपादकीय

## ईमानदारी से दें परीक्षा

रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा कुछ माह पहले ली गई विभिन्न पदों की परीक्षाओं में टेकनीशियन पद की भी भर्ती थी। यह परीक्षा अलग-अलग केन्द्रों में ली गयी थी। इसमें बैठे विभिन्न प्रत्याशियों के दस्तावेजों का सत्यापन जब मंगलवार को हुआ तो पाया गया कि एक युवक ने, जिसका नाम सुमीत कुमार बतलाया जाता है, फर्जी दस्तावेज नत्थी किये हैं। उसके खिलाफ़ कार्रवाई की जा रही है। यह भी बतलाया जाता है कि उसने विभिन्न केन्द्रों से नियम विरूद्ध जाकर यह परीक्षा दी है।

यह एक गम्भीर जुर्म है। सभी को इससे हर लिहाज़ से बचना चाहिये। न तो किसी के नाम पर परीक्षा दी जाये और न ही किसी को अपनी जगह पर परीक्षा देने के लिये मुन्नाभाई बनाकर भेजा जाये। ऐसे ही, जो भी दस्तावेज़ हों, वे प्रामाणिक होने चाहिये। इसमें खुद का कैरियर दांव पर लगता है। नौकरी के दौरान किसी भी स्तर पर फर्ज़ी दस्तावेजों के आधार पर यह खुलासा होने पर न केवल नौकरी जा सकती है वरन आपराधिक मामला भी चलना तय है। छत्तीसगढ़ के ही कुछ शासकीय (केन्द्रीय व राज्य के) उपक्रमों में इस तरह के लोग काम करते हुए पकड़े गये हैं।

हाल के वर्षों में युवा पीढ़ी इस ओर आकर्षित हुई है कि वह किसी और को कुछ ले-देकर अपनी ओर से परीक्षा दिला दे। यह न केवल स्कूल-कॉलेजों की परीक्षाओं में होता है वरन नौकरियों के लिये होने वाली परीक्षाओं को लेकर भी हो रहा है। जो पढ़ाई-लिखाई में फिसड्डी होते हैं, वे ऐसे तरीके अपनाते हैं। वैसे यह भी सच है कि बहुत से राज्यों में ऐसे गिरोह सक्रिय हैं जो पैसे लेकर परीक्षा पेपर मुहैया कराते हैं अथवा लोगों को उत्तीर्ण करा देते हैं। किसी की जगह पर किसी और व्यक्ति द्वारा परीक्षा दिलाने की भी वे व्यवस्था कराते हैं। इतना ही नहीं, वे नौकरियों के लिये आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिये भी सफलता की गारंटी देते हैं। बस, इसके लिये भरपूर रकम देनी होती है।

ये सारे ही तरीके अनैतिक हैं। ऐसे उपायों से कोई भी परीक्षा पास की जाये या नौकरी पा ली जाये, वह नैतिक रूप से उचित नहीं है। हो सकता है कि कुछ लोगों की यह चोरी कभी पकड़ी न जाये, परन्तु उनमें आजीवन अपराध भाव रहता है तथा वे खुद को हमेशा असुरक्षित महसूस करते हैं। इसका असर उनकी भावी पीढ़ी पर भी पड़ता है। परिवार के अन्य सदस्य भी पैसों के बल पर सफलता की हमेशा तलाश करते रहेंगे।

इसलिये सबसे अच्छा यही है कि किसी भी तरह की बेईमानी न बरतते हुए परीक्षाएं दी जायें- फिर वे चाहे स्कूल-कॉलेजों की हों या नौकरियों की। सम्भव है कि खुद के बूते कोई बड़ी उपलब्धि हासिल न की जा सके। ऐसे में कमतर पर संतोष करना सभी को आना चाहिये।

# 24 आत्मसमर्पित नक्सलियों को कृषि उद्यमी प्रमाण पत्र वितरित



### कलेक्टर ने की समाज की मुख्य धारा से जुड़ने की अपील

**सुकमा,** 22 मई (देशबन्धु)। जिला प्रशासन द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति व्यवस्था कायम रखने और पुनर्वास की दिशा में निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस हेतु कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में 24 आत्मसमर्पित नक्सलियों को भारतीय स्टेट बैंक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सुकमा द्वारा 13 दिवसीय कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आत्मसमर्पित युवाओं को कृषि से सम्बंधित प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र एवं संस्थान में सब्जी नर्सरी, धान की खेती, डेयरी, मुर्गीपालन, बकरी पालन, मछली पालन का प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। इसके साथ ही ओम प्रकाश साहू फैकल्टी के द्वारा उद्यमिता विकास कार्यक्रम सम्बंधित प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण उपरांत अरुण कुमार सोनी स्टेट कंट्रोलर के निर्देशन में सभी कैंडिडेट्स का असेसमेंट किया गया। असेसमेंट में सभी कैंडिडेटस पास हुए एवं >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# तुमरेल मुठभेड़ में अब तक एक हार्डकोर माओवादी का शव हथियार सहित बरामद





### मुठभेड़ में कोबरा 210 वाहिनी के एक जवान शहीद व 3 जवान घायल

**सुकमा,** 22 मई (देशबन्धु)। सुकमा एवं बीजापुर जिले के सीमावर्ती तुमरेल क्षेत्र में माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में एक माओवादी को मार गिराया एवं कोबरा का एक जवान शहीद व कोबरा के तीन के जवान घायल है। घायलों का इलाज जारी है। सुकमा नक्सल ऑफ एडिशन एसपी उमेश गुप्ता ने बताया कि सुकमा एवं बीजापुर जिले के सीमावर्ती तुमरेल क्षेत्र में माओवादियों के उपस्थिति के सूचना पर 21 मई को कोबरा, जिला सुकमा डीआरजी, एसटीएफ की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान में रवाना हुए थे। अभियान के दौरान आज 22 मई गुरुवार को प्रातः से सुरक्षाबलों एवं माओवादियों के बीच रूक-रूक कर मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ स्थल सर्च करने पर अब तक 01 हार्डकोर माओवादी का शव हथियार एवम अन्य माओवादी सामग्री बरामद हुआ हैं, माओवादी के शव का शिनाख्त की जा रही है। मुठभेड़ में 210 वाहिनी कोबरा टीम के 03 जवान घायल हो गए, जिन्हें तत्काल मौके पर ही प्राथमिक उपचार उपरांत बेहतर उपचार के लिए रायपुर रवाना करने के दौरान घायल एक जवान शहीद हो गया है। घायल जवान का बेहतर उपचार हेतु रायपुर रवाना किया गया है। मुठभेड़ स्थल व आस-पास क्षेत्रों की सुरक्षा बलों द्वारा सघन सर्चिंग जारी है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव से मागों को लेकर मिला प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ



**जगदलपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन एवं संभागीय अध्यक्ष अमलेस ठाकुर के नेतृत्व मे 22 मई को बस्तर संभाग के प्रतिनिधि मण्डल/ज़िला पदाधिकारी/एवं समस्त ब्लॉक पदाधिकारियों के द्वारा, मिलकर अपनी एक सूत्रीय मांग,प्रथम नियुक्ति तिथि 1998 से सेवा की गणना करते हुए पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिए जाने संबंधी ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी ने अवगत कराया कि हमारी नियुक्ति 1998 99 की है और सभी विभागों के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जा चुका है। सिर्फ 1998 99 वाले शिक्षकों को वंचित किया गया है जबकि शासन पर किसी भी प्रकार की कोई वित्तीय भार नहीं पड़ेगा कि भी जानकारी से अवगत कराया गया। आपके तरफ से सहमति प्रदान की जाए ताकि सरकार सकारात्मक निर्णय ले द्य संभागीय अध्यक्ष ने भी कहा कि आपने बनाया है आप को ही संवारना है द्य आगे की जानकारी देते हुए ज़िला अध्यक्ष यदुवेंद्र प्रताप कुशवाह ने कहा कि हमे 2001 मे नियमित किया गया है हमारी आवाज केबिनेट मे रखी जाए ताकि समस्या का हल निकले द्य चर्चा मे आगे बताया गया की संविलियन शिक्षा विभाग मे 01जुलाई 2018 को डॉ.रमन सिंह जी के शासन काल में शिक्षा विभाग में किया गया और अब स्थिति यह निर्मित हो रही है कि,हमारे जो साथी सेवानिवृत हो रहे हैं,या हो चुके है,उन्हें पेंशन की राशि नहीं मिल रही है। क्योंकि इनकी सेवा अभी दस वर्ष नहीं हुई है।जिसके कारण पेंशन के दायरे में नहीं आ रहे हैं। सेवानिवृत्ति पश्चात पेंशन भुगतान के लिए हमारे द्वारा एन पी एस की जमा की गई राशि को पेंशन लाभ के लिए जी पी एफ में समायोजन किया जा सकता है। जब हमारी नियुक्ति हुई थी,तो उस समय एन पी एस लागू ही नही था उस समय पुरानी पेन्शन कर्मचारियों को दी जा रही थी। अत: पुरानी पेंशन का लाभ प्रथम नियुक्ति तिथि 1998 से नियमानुसार दिया जा सकता है। इस पर किरण देव ने आश्वस्त किया की आपकी मांग जायज है, और पेंशन के हकदार हैं आपकी मांगों को सरकार तक अवश्य रखूँगा। इस अवसर पर प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष अध्यक्ष मीरा ठाकुर सहित चवन प्रसाद पांडे, कुसनु बघेल. संगीता गोस्वामी, शोभा बघेल, लखमी पटेल, रतू राम मंडावी , थीबु राम बघेल, झोड़ियांराम बघेल, मोती राम कश्यप, विश्वनाथ बघेल, सोमेश् बघेल, तुलसी साहू, बलराम कच्च, सूडन मौर्य,मंगल राम कश्यप आशानिधि, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने बैराज निर्माण को दी सैद्धांतिक रूप से हरी झंडी, इंद्रावती पर बनेगा आधुनिक बैराज



### पेयजल, सिंचाई और रोजगार का केंद्र बनेगा 'जगदलपुर बैराज' : संजय पाण्डे

**जगदलपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी अब शहरवासियों की प्यास बुझाने के लिए नई राह खोलेगी। जगदलपुर शहर को लंबे समय तक निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जगदलपुर में 'बैराज' के निर्माण की योजना पर अब तेजी से काम शुरू होने वाला है। जलसंसाधन मंत्री केदार कश्यप की संवेदनशीलता एवं नगर निगम के महापौर संजय पाण्डे की पहल पर यह ऐतिहासिक कदम उठाया जा रहा है। जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप से चर्चा कर महापौर ने बैराज निर्माण की सहमति भी प्राप्त कर ली है। अब जल संसाधन विभाग से तकनीकी प्रस्ताव भी तैयार कराया जा रहा है।

**बजट में बैराज निर्माण को मिली प्राथमिकता, जल संसाधन मंत्री को सौंपी गई प्रति:** नगर निगम के वर्ष 2025-26 के बजट में इंद्रावती नदी पर प्रस्तावित बैराज निर्माण को शामिल किया गया है। विगत दिनों बस्तर प्रवास पर पहुँचे जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप से महापौर संजय पाण्डे, अध्यक्ष खेमसिंग देवांगन, एमआईसी सदस्यगण एवं नगर निगम के पार्षदों ने सौजन्य भेंट कर नगर निगम का बजट सौंपा था, जिसमें बैराज निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में प्रस्तुत किया गया था।महापौर ने जल संसाधन मंत्री को नगर निगम के बजट की प्रति सौंपते हुए बैराज निर्माण की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। मंत्री केदार कश्यप ने बैराज निर्माण को सैद्धांतिक रूप से स्वीकृति देते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया है।

**जल संकट समाधान में मंत्री केदार कश्यप की दूरदर्शिता और सतत प्रयास निर्णायक:** जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप इंद्रावती नदी के जल संकट को लेकर शुरू से ही गंभीर और संवेदनशील रहे हैं। छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री केदार कश्यप, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव और सांसद महेश कश्यप की संवेदनशीलता का ही परिणाम है कि आज इंद्रावती में लगभग 50 प्रतिशत जलप्रवाह सतत जारी है। उन्होंने समय-समय पर विभागीय अधिकारियों से रिपोर्ट मंगवाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने बैराज निर्माण को लेकर प्रारंभिक स्तर पर सहमति देकर उन्होंने इस महत्वपूर्ण योजना को नई दिशा दी। शहरवासियों को दीर्घकालिक जल समाधान देने उनके निरंतर प्रयास प्रशंसनीय और दूरदर्शी कदम हैं। गौरतलब है कि इंद्रावती नदी में ग्रीष्मकाल शुरू होते ही जलस्तर तेजी से गिरने लगता है, जिससे फिल्टर प्लांट को जलापूर्ति में भारी परेशानी होती है। 2005 में बना एनीकट अब जवाब दे चुका है। नदी में जमा गाद और रेत के कारण वर्तमान में केवल 15-16 एमएलडी पानी ही मिल पा रहा है, जबकि आवश्यकता 19 एमएलडी की है। ऐसे में बैराज का निर्माण न केवल वर्तमान संकट का समाधान होगा, बल्कि भविष्य की आवश्यकताओं को भी पूरा करेगा।

**बैराज की विशेषताएं और लाभ:** लंबाई = 170 मीटर, ऊंचाई = 5 मीटर। जल संग्रहण क्षमता = 12 मिलियन क्यूबिक मीटर (एमसीएम), पेयजल उपलब्धता = 5.5 एमसीएम, सिंचाई व औद्योगिक उपयोग हेतु जल = 6.5 एमसीएम, कृषि लाभ = 500 हेक्टेयर खरीफ और 200 हेक्टेयर रबी सिंचाई, अनुमानित लागत = 80 करोड़ रुपये, अतिरिक्त लाभ = पर्यटन, मत्स्य पालन, रोजगार सृजन, जल परिवहन और बाढ़ नियंत्रण, विकास की ओर बढ़ता

**प्रस्तावित बैराज क्षेत्र की जरूरतों के लिए मील का पत्थर साबित होगा : किरण देव**

जगदलपुर विधायक किरण देव ने कहा है कि इंद्रावती नदी पर प्रस्तावित बैराज क्षेत्र की जल जरूरतों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे पेयजल, सिंचाई और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। साथ ही उन्होंने कहा है कि परियोजना के लिए हर संभव सहायता के लिये वे सदैव तत्पर हैं। महापौर संजय पांडे ने बताया कि इंद्रावती नदी के पुराने एनीकट की जलधारण क्षमता अब शहर की 2 लाख से अधिक आबादी के लिए नाकाफी हो चुकी है। ऐसे में बैराज निर्माण समय की मांग है। इससे भू-जल स्तर में भी सुधार होगा और >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# अभाविप बस्तर ने कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन सेमेस्टर परीक्षा की तिथि बढ़ाने की मांग



**जगदलपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बस्तर के कार्यकर्ताओं ने शहीद महेंद्र कर्मा बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर में आगामी जुन जुलाई सेमेस्टर परीक्षा की तिथि बढ़ाने के लिए कुलपति के नाम पर कुलसचिव महोदय जी को ज्ञापन सौंपा गया। अभाविप राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य/बस्तर विभाग संयोजक शैलेष जी कहा कि शहीद महेंद्र कर्मा बस्तर विश्वविद्यालय बस्तर संभाग का एकमात्र विश्वविद्यालय है जहां पर प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में विद्यार्थि अपने सपनों की उड़ान भरने के लिए इस विश्वविद्यालय में प्रवेश लेते हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन का विद्यार्थी परिषद स्वागत करती है परंतु अभी तक विद्यार्थियों के साथ पूरी तरीके से न्याय नहीं हो पा रहा है, बात करें हम बस्तर विश्वविद्यालय की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सेमेस्टर परीक्षा इस सत्र से आयोजित हो रही है परंतु अभी स्नातक प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर बीए, बीएससी, बीकॉम, एल एल बी जैसे विषयों की पाठ्यक्रम के सभी इकाइयों की पढ़ाई अभी तक पूरा नहीं हुआ है, कई ऐसे विषय हैं। कई महाविद्यालय हैं जहां पर अभी तक कुछ विषयों के पाठ्यक्रम का आधा भी पढ़ाई नहीं हुआ है। ऐसी स्थितियों में विद्यार्थियों का शीघ्र परीक्षा करना तर्क संगत नहीं है हाल ही में विद्यार्थियों ने फरवरी माह तक प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा दिये थे।मात्र 3 माह में फिर से परीक्षा कराया जा रहा है। स्नातकोत्तर के कुछ विषयों में भी पाठ्यक्रम पूरा नहीं हुआ है परंतु उनका अभी सेमेस्टर परीक्षा होने जा रहा है। जिसकी कारण विद्यार्थियों के मन में निराशा का भाव देखने को मिल रहा है। बस्तर विश्वविद्यालय प्रशासन को विद्यार्थियों के विषय में चिंतन करते हुए सेमेस्टर परीक्षा की तिथि बढ़ाया जाना चाहिए या फिर पाठ्यक्रम के अनुसार जितने इकाइयों की पढ़ाई हुई है उतने ही इकाइयों के प्रश्नों का समावेश द्वितीय सेमेस्टर के प्रश्न पत्रों में होना चाहिए। इस दौरान शिवा जी, ऋतिक, नूशांत, टेमन, प्लास, विषाणुगुप्त, दुपेश ,ललित, राहुल, रोहित सोढ़ी, कमला, दिशा समेत अभाविप के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संकुल स्तरीय 15 दिवसीय समर कैंप का समापन



**जगदलपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। विकासखंड बकावंड अंतर्गत संकुल केंद्र इरिकपाल का संकुल स्तरीय समर केम्प का आयोजन मालगांव में आयोजन किया जा रहा था। 5 मई से 22 मई तक पंद्रह दिवसीय समर केम्प का समापन गुरुवार को सम्पन्न हुआ। समापन अवसर के मुख्य अतिथि एबीईओ डेन्सनाथ पांडे, अध्यक्षता सीएसी पवन समरथ, विशेष अतिथि सरपंच मालगांव कमला नाग, सरपंच धोबीगुड़ा संतोष कश्यप, पूर्व जनपद सदस्य भोलानाथ नाग, पूर्व सरपंच सीताराम नाग, उपसरपंच झूमुक लाल नाग तथा नोडल अधिकारी टी पी पांडे रहे। मुख्य अतिथि डेन्सनाथ पांडे ने इस दौरान कहा कि बच्चे कच्चे मिट्टी के समान होते है और गुरू कुम्हार के समान। गुरू कच्चे मिट्टी को एक आकार देकर बच्चे को समाज में अच्छे नागरिक के रूप में तैयार करता है। बच्चों को संबिधित करते हुए उन्होंने कहासमर केम्प में आप लोगों ने स्कूली गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य कई नये नये चीजें सीखे होंगे, ये आपके जीवन को प्रेरणा देंगे। कार्यक्रम को सीएसी पवन समरथ तथा समर केम्प के नोडल टी पी पांडे ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान स्कूली छात्राये चंचल सेठिया, दुलारी बघेल, रुद्राणी नाग, गीता अंजली तथा सृष्टि मंडल आदि ने समर केम्प में सीखे कार्यों के बारे में आपने अनुभव साझा किये। उन्होंने बताया कि केम्प में हम लोगों ने ड्राइंग, पेंटिंग, आर्ट एन्ड क्राफ्ट, खिलौना बनाना, सिंगिंग, डांस, ड्रामा के अलावा नैतिक शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, बौद्धिक शिक्षा आदि के बारे में जाना। कार्यक्रम का संचालन एस एन राव ने किया। इस दौरान प्रधान अध्यापक फैमिदा खान, कुरसो राम ठाकुर, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाऊन हॉल में आयोजित समाधान शिविर में विधायक, महापौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि हुए शामिल



### सरकार का जनता से सीधे संवाद का सशक्त माध्यम समाधान शिविर है : किरण देव

**जगदलपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में आयोजित समाधान शिविर का बहुत अच्छा प्रतिसाद जनता से मिल रहा है। हमारी सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी की सहभागिता हो। समाधान शिविर में हमारी देवतुल्य जनता की समस्या का त्वरित समाधान हो रहा है। हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सोच सरकार देवतुल्य जनता के पास जायें जिसका सशक्त माध्यम समाधान शिविर होता है। इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सभी जागरूक नागरिकों ने आवेदनों के माध्यम से अपनी मांग रखी है जिसका विभागों द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण किया गया और समाधान शिविर में जानकारी दी जा रही है। श्री देव ने कहा कि सुशासन तिहार में आवेदनों का निराकरण जिस तेजी के साथ किया गया यह सतत रूप से जारी रहेगी। सरकार इस दिशा में लगातार सार्थक प्रयास करेगी। उन्होंने नागरिकों से शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर विकास में सहभागी बनने का आग्रह किया। श्री देव ने गुरुवार को नगर पालिक निगम जगदलपुर के पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार में आयोजित समाधान शिविर को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री देव ने कहा कि राज्य सरकार जनता के हित में कटिबद्धता के साथ सजग होकर काम कर रही है। सरकार गठन होने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर गारंटी को पूरा कर रही है। इस सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्या-मांग का निराकरण करना है। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं से हर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करना है। जो जनता का जुड़ाव इन शिविरों में होने के साथ ही उनकी व्यापक सहभागिता को दर्शाता है। विधायक श्री देव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मंत्रीगण सरकार की इस सुशासन को शहर से गांव तक पहुंचाने के लिए भरी दुपहरी में गांवों में जाकर चौपाल लगाकर जनता से सीधे मुखातिब हो रहे हैं और उनकी समस्या निदान करने सहित जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा भी ले रहे हैं। उन्होंने जगदलपुर नगर निगम में विकास कार्यों को सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि नागरिकों की बुनियादी सुविधाओं के साथ ही राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण, महतारी वंदन योजनांतर्गत हितग्राहियों का चयन आदि के लिए वार्ड पार्षदों >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# लिट्टे से ट्रेनिंग लेकर बसव राजू ने तैयार किए थे कई लाल लड़ाके

**दंतेवाड़ा,** 22 मई (देशबन्धु)। अबूझमाड़ के जंगल में दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोंडागांव और नारायणपुर की डीआरजी ने ऐतिहासिक मुठभेड़ में 27 नक्सलियों को मार गिराया। इसमें नक्सलियों के महासचिव शीर्ष माओवादी नेता 1 करोड़ का ईनामी बसवराजू भी मारा गया। यह फोर्स के लिए बहुत बड़ी कामयाबी है। इस नक्सली नेता के मारे जाने के बाद यह माना जा सकता है कि नक्सलवाद अब अंतिम सांसे गिन रहा है। बसव राजू ने लिट्टे यानि लिबरेशन टाईगर्स और तमिल इलम से हथियार चलाने और गोरिल्लावार की ट्रेनिंग ली थी। इसके बाद यहां उसने हिड़मा जैसे कई लाल आतंक के लड़ाके यहां तैयार किये। यह भी एक दिलचस्प तथ्य है कि बसव राजू ने जिन नक्सलियों को तैयार किया, ट्रेनिंग दी वही नक्सली आत्म समर्पण के बाद फोर्स में डीआरजी का हिस्सा बने और इसी डीआरजी ने बसव राजू को ढेर कर दिया। यह नक्सलियों के सैन्य कमांड का प्रमुख था। शीर्ष नक्सली नेता बसवराजू लगभग डेढ़ सौ से ज्यादा जवानों का हत्यारा था। इस पर छत्तीसगढ़ में 1 करोड़ का इनाम घोषित था। लगभग 70 घंटे के ऑपरेशन में आतंक का पर्याय नक्सली बसव राजू मारा गया।

बसव राजू का जन्म आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के जियन्नापेटा गांव में हुआ था। उसने वारंगल के रिजनल इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक की डिग्री प्राप्त की थी। 1970 के दशक में बसवराजू ने नक्सली आंदोलन से जुड़ाव शुरू किया और 1980 के दशक में पूर्णकालिक सदस्य बन गया। वो पिछले 35 वर्षों से नक्सल संगठन की केंद्रीय समिति का सदस्य था।



बसव राजू ने श्रीलंका के तमिल संगठन लिट्टे से गुरिल्ला युद्ध और विस्फोटकों की ट्रेनिंग ली थी। वो संगठन के लिए बम बनाने और गुरिल्ला युद्ध की रणनीति तैयार करने में माहिर था।

नवंबर 2018 में बसव राजू ने मुप्पला लक्ष्मण राव (गणपति) के स्थान पर सीपीआई (माओवादी) के महासचिव का पद संभाला और

- जिनको नक्सली बनाया, वही समर्पण के बाद डीआरजी में आकर काल साबित हुए
- डेढ़ सौ से ज्यादा जवानों का हत्यारा था बसव राजू
- अबूझमाड़ के जंगल में सीखा था गोरिल्ला वार और वहीं ढेर

नक्सलियों का शीर्ष नेता बन गया। नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू पर छत्तीसगढ़ सरकार ने एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित किया था। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र में भी उस पर अलग-अलग इनाम घोषित थे।

यह 3 से 5 लेयर की सुरक्षा में रहता था। इसके साथ हर वक्त 50 बंदूकधारी रहते थे। खुफिया सूचना थी कि बसव राजू कई सदस्यों के साथ नारायणपुर-बीजापुर-दंतेवाड़ा ट्राई-जंक्शन पर डेरा डाले हुए है। इसके बाद चार जिलों नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा और कोंडागांव की डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड, एसटीएफ और अन्य इकाइयों ने संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। 70 घंटे चले इस अभियान में एक बड़े जंगल क्षेत्र की घेराबंदी की गई और सुरक्षा बल बसवराजू के सुरक्षा घेरे को तोड़ने में सफल रहे। उसके मांद में घुसकर उसे ढेर कर दिया गया। इस ऑपरेशन में कुल 27 नक्सली मारे गए हैं। बसव राजू के नेतृत्व में ही कई बड़े नक्सली हमले हुए। इनमें 2003 में अलीपीरी बम विस्फोट में आंध्र प्रदेश के तत्कालीन सीएम चंद्रबाबू नायडू की हत्या का नाकाम प्रयास, 2010 में दंतेवाड़ा हमले में 76 सीआरपीएफ जवानों की शहादत, 2013 में झीरम घाटी हमले में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं सहित 27 लोगों की शहादत, 2019 में श्यामगिरी हमले में भाजपा विधायक भीमा मंडावी सहित पांच सुरक्षा कर्मियों की शहादत, 2020 में सुकमा नक्सली हमले में 17 सुरक्षाकर्मी शहीद, 2021 में बीजापुर में उस साल का सबसे बड़ा नक्सली हमला, जिसमें 22 जवान शहीद हुए थे, प्रमुख हैं। नक्सलियों के शीर्ष लीडर बसव राजू का अंत केवल एक व्यक्ति की मौत नहीं, बल्कि उस रणनीतिक सोच और नेतृत्व का अंत है, जिसने दशकों तक लाल गलियारे में हिंसा की आग जलाए रखी। उसके मौत के बाद नक्सल संगठन एक नेतृत्व संकट से जूझ रहा है।

# समाधान शिविर में सरकार का जन कल्याणकारी चेहरा



**दंतेवाड़ा,** 22 मई (देशबन्धु)। जनपद पंचायत कटेकल्याण के भुसारास ग्राम पंचायत में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रही। इस शिविर में प्रतापगिरी, भुसारास, एड़पाल, दूधीरास, जंगमपाल और छोटेलखापाल के ग्रामीणजन शामिल हुए। समाधान शिविर में 20 विभागों से कुल 764 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें 760 मांग व 4 शिकायत थे, जिसमें सभी आवेदनों का निराकरण शिविर में किया गया। इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से 7 शिशुवती माताओं का अन्नप्राशन कराया गया जबकि 9 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म की गई। साथ ही स्कूल एवं शिक्षा विभाग के 10 स्कूली छात्र छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

इस क्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 4 स्थानों पर बोर खनन की स्वीकृति, तथा 5 हितग्राहियों, का नाम राशन कार्ड में जोड़ा गया। इसी तरह पेंशन हेतु आवेदन किये 2 हितग्राहियों को पूर्व से उनके खाते में जा रही पेंशन राशि के संबंध में जानकारी दी गई। इस तरह से शिविर में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया व अपने दिये आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की और शिविर में उपलब्ध आधार, ड्राइविंग लाइसेंस आदि सुविधा का लाभ उठाया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र सोरी, जनपद अध्यक्ष हिड़मा कवासी, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में आशीष डे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कटेकल्याण, श्रीमती आशा मौर्य तहसीलदार कटेकल्याण एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी गण उपस्थित रहे। इसी तरह गीदम विकासखण्ड अन्तर्गत हिड़पाल में भी समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में हिड़पाल, हितामेटा, कोरकोटी, भटपाल, उपेट के ग्रामीणों की भी उपस्थिति रही। इस शिविर में प्राप्त कुल आवेदन 951 में से 935 निराकृत किया गया। शिविर में खाद्य विभाग द्वारा 11 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरण, पीएचई विभाग द्वारा 7 हितग्राहियों को जांच किट, कृषि विभाग द्वारा 5 कृषकों को केसीसी कार्ड वितरण, ग्राम पंचायत भटपाल को जिला पंचायत से कंप्यूटर सेट दिया गया। महिला बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई रस्म भी की गई। शिविर में गीदम जनपद अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला भास्कर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ममता मंडावी, समस्त पंचायत के सरपंच, एसडीएम, जनपद सीईओ, बारसूर तहसीलदार एवं समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

- भूसारास व हिड़पाल में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़
- 1 हजार 7 सौ आवेदनों का मौके पर निराकरण

# शा. दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में विश्व संग्रहालय दिवस पर व्याख्यान





**जगदलपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय, जगदलपुर में 20 मई को विश्व संग्रहालय दिवस के उपलक्ष्य में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संग्रहालय की महत्ता, उसके सामाजिक- सांस्कृतिक योगदान तथा शैक्षणिक संदर्भों पर सारगर्भित चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे डॉ. भेनु, इतिहास विभाग, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर। उन्होंने संग्रहालयों के ऐतिहासिक विकास, उनके संरक्षण, शोध एवं शिक्षा में योगदान पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उनके विचार छात्राओं के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणास्पद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिन्दी विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. योगेन्द्र मोतीवाला ने की। उन्होंने संग्रहालयों को च्जीवित इतिहासज् बताते हुए उनके प्रति संवेदनशीलता विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विभाग प्रमुख डॉ. आशीष दीवान ने अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्राओं में इतिहास और संस्कृति के प्रति रुचि और समझ विकसित होती है। कार्यक्रम का संचालन बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा कु. दक्षिता राठौर ने किया। इस अवसर पर डॉ. श्यामाचरण, डॉ. गुलाब साहू, वैष्णवी मंडावी, डॉ. बृजेश गौतम, सुश्री जीविदा सहित अनेक प्राध्यापकगण एवं समस्त छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# अमर शहीद खोटलू राम व रमेश हेमला को अश्रूपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**नारायणपुर,** 22 मई (देशबन्दु)। 22 मई को रक्षित केन्द्र नारायणपुर के शहीद स्मारक में अमर शहीद खोटलू राम व रमेश हेमला को उनके बहादूरी, अदम्य साहस, वीरता देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद की वीरता/पराक्रम को याद करके अश्रूपूरित पुष्पांजलि/श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

अमर शहीदों जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दी। उनकी बहादुरी और बलिदान अविस्मरणीय रहेगी। शहीद जवान के परिजनों, जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण, व्यापारीगण, गणमान्य नागरिक एवं अधि./कर्मचारीगण के द्वारा पुष्पांजलि/श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित होकर गणमान्य नागरिकों के द्वारा शहीद वीर जवान के परिवार एवं देश को हुये इस अपुर्णीय क्षति पर गहरी संवेदना व्यक्त की गई।

अमर शहीद खोटलू राम का संक्षिप्त जीवन परिचय:- वीर शहीद खोटलू राम का जन्म 1.01.1987 को घोर नक्सल प्रभावित ग्राम भटबेड़ा पंचायत गुदाड़ी थाना ओरछा जिला नारायणपुर में हुआ था। शहीद खोटलू राम नक्सल छद्म एवं क्रूर विचारधारा से तंग आकर एवं शासन के आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर 8.9.2023 से पुलिस विभाग में कार्यरत थे। अमर शहीद रमेश हेमला का संक्षिप्त जीवन परिचय:- वीर शहीद रमेश हेमला का जन्म 10.10.1982 को नक्सल प्रभावित ग्राम फूलादी थाना मिरतुर जिला बीजापुर में हुआ था। शहीद श्री रमेश हेमला नक्सल छद्म एवं क्रुर विचारधारा से तंग आकर एवं शासन के आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर दिनांक 1.12.2024 से पुलिस विभाग में कार्यरत थे।



**जवानों की अविश्मरणीय बलिदान को याद कर पुलिस के अधिकारी, जवानों व परिजनों समेत जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण, गणमान्य नागरिक की आंखे हुई नम**

पुलिस विभाग में भर्ती होकर लगातार नक्सल उन्मूलन अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे थे, उन्होंने दर्जनों नक्सल विरोधी अभियान को सफल करने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। शहीद श्री खोटलू राम कोर्राम एवं शहीद श्री रमेश हेमला ने 21.05.2025 को जिला नारायणपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जाटलूर-कुड़मेल के जंगल पहाड़ी में नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए अपना सर्वस्व बलिदान देते हुये वीरगति को प्राप्त किया।

शहीद परिवारजनों ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए- अमर शहीद जवान की पुण्य आत्मा को भगवान शांति प्रदान करें वें जिस भी लोक में हों वहॉ सुरक्षित रहे। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत् आत्मा शीघ्र/जल्द ही देश की एकता, अखण्डता व सुरक्षा में अपनी भुमिका निभाने पुन: भारत भूमि में जन्म लें।

अमर शहीद खोटूल राम कोर्राम एवं रमेश हेमला की शहादत व्यर्थ नहीं जायेगा। शहीद जवान का बलिदान देश की एकता और अखण्डता की रक्षा के लिए अतुलनीय है। हम शहीद परिवार के प्रति हृद्य से संवेदना व्यक्त करते है, जिन्होंने अपने प्रियजन को खोया है। शहीद जवान को सत्सत् नमन है, उनकी बहादूरी और बलिदान सदैव याद रखा जायेगा। जवान के शहादत ने आमजनों में देश प्रेम की भावना का संचार किया है। शहीदों के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद नम आखों से ससम्मान अंतिम बिदाई दी गई।

# सर्व हिंदू समाज बस्तर संभाग के कार्यकारिणी की घोषणा



**जगदलपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। बुधवार को मां दुर्गा मंदिर शांति नगर वार्ड में सर्व हिंदू समाज बस्तर संभाग द्वारा आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में नव कार्यसमिति के सदस्यों की घोषणा निर्वाचन अधिकारी महेंद्र कांत संघाणी द्वारा की गई। पूर्व के बैठक में अध्यक्ष पद हेतु धर्मचंद शर्मा एवं सचिव पद के लिए रंजीत पांडेय निर्विरोध निर्वाचित हुए थे और इस बैठक में प्रबंध कार्यसमिति के सदस्यों के नामों की घोषणा की गई। कार्यक्रम में भारी संख्या में सनातनी बंधु गण मातृ शक्ति उपस्थित रहे ,सभी ने नव मनोनीत सदस्यों को बधाई और शुभई कामनाएं प्रदान की। सर्व हिंदू समाज कार्यकारिणी के संरक्षक मंडल में महेंद्र कांत संघाणी, अशोक अरोरा,वी बालकृष्ण ,दशरथ कश्यप , शारदा प्रसाद सिंग,जगत सिंह ठाकुर को मनोनीत किया गया है। अध्यक्ष धर्मचंद शर्मा ,सचिव रंजीत पांडेय , उपाध्यक्ष के पद पर जे पी सिंह ,सुदर्शन पाणिग्रही और योगेश सिंग ठाकुर। सह सचिव सुनील दास, निर्मल यादव,मुकेश शर्मा। कोषाध्यक्ष शिव नारायण चांडक ,सह कोषाध्यक्ष तेजपाल जसवाल,सुंदर भोजवानी के साथ कार्यकारिणी सदस्य में वी एम दूधी, मनोरंजन राय,वी वासुदेव , कौशिक शुक्ला,सुनील गिरधर किशोर जाधव,जे के पाराशर, नीलकंठ पांडे,सोन साय कश्यप हेमंत साहू को शामिल किया गया है।

# कमिश्नर ने सुकमा जिले के छिंदगढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित बाल गृह का किया औचक निरीक्षण

**जगदलपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने गुरुवार को सुकमा जिले के छिंदगढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित बाल गृह का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बिजली, जनरेटर एवं पेयजल सुविधा, शौचालय इत्यादि के बारे में जानकारी ली। साथ ही दवाईयों की उपलब्धता, पैथोलॉजी एवं एक्सरे जांच, संस्थागत प्रसव, आपातकालीन सेवाएं इत्यादि के सम्बंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। कमिश्नर ने सीएचसी के बाह्य रोगी एवं अंत: रोगी कक्ष में मरीजों से रूबरू होकर उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा। यहां पुरूष वार्ड में उपचारार्थ भर्ती पोड़ीयामी नन्दा और महिला वार्ड में वंशिका से उनके ईलाज एवं भोजन के सम्बंध में जानकारी ली और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। कमिश्नर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा संचालित बाल गृह छिंदगढ़ का भी निरीक्षण कर यहां पर निवासरत बच्चों के समुचित देखभाल सहित बच्चों की काउंसलिंग, शिक्षा, कौशल विकास उन्नयन इत्यादि के बारे में जानकारी ली और इन बच्चों के समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए सार्थक प्रयास किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वयंसेवी संगठन के सहयोग से संचालित इस संस्था का नियमित तौर पर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किए जाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर एसडीएम सूरज कश्यप और स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



# दरभा, बस्तर विखं में समाधान शिविर




**जगदलपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। गुरुवार को बस्तर जिले के दो विकासखंड दरभा, बस्तर के ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। विकासखंड दरभा के पखनार में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्राम - सम्मिलित ग्राम - एसकेल पखनार, छोटेपखनार, तोयनार, मुन्देनार, कलेपाल, नीलेगोदी बोदेनार, गिदावारली, मामड़पाल, मुंगा, गुमड़पाल, केलाउर, कटेनार, टेमरूभाटा, मुसागुड़ा, बीसपुर, कुडुमखोदरा, कोड़रीछापर को शामिल किया गया। के पखनार कलस्टर में आयोजित शिविर हेतु 3267आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 3257 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 10 लंबित हैं। बस्तर विकासखंड के करमरी में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्राम - महुपालबरई, परचनपाल, बागनपाल, कोलचुर, करमरी,मरलेंगा, चोकर, महुपालबारी, घाटकवाली, मुण्डापाल, कुड़कानार, कविआसना, किंजोलीपाल, टिकरालोंहगा, घाटलोहगा, चिड़ईपदर, कुदालगांव ग्राम पंचायत को शामिल किया गया हैं। करमरी कलस्टर में आयोजित शिविर हेतु 6964आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 6961 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 3 लंबित हैं। विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### 24 आत्मसमर्पित नक्सलियों को...

उन्हें कलेक्टर महोदय के द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कलेक्टर श्री ध्रुव के द्वारा समस्त आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा में जुड़ने हेतु आग्रह किया गया। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में लाइवलीहुड कॉलेज के लेखापाल क्रांति बघेल, संस्थान के कार्यालय सहायक कमलेश कुमार सिन्हा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव से अपनी...

सोन सिंह पटेल, गुप्तेश्वर कश्यप, रघुनाथ कश्यप, रामा सीदार ,दिलेसवरी सेठिया,कमल राम कश्यप ,बलिराम कश्यप, रामा राम मंडावी ,सोमारु कश्यप, तिलोंतमा घरत ,नंदा सहगल, चित्रद्य किरण राव,पीलूराम बघेल ,सैकड़ों शिक्षक साथी उपस्थित थे द्य

### जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप...

आने वाले 50 वर्षों तक पेयजल संकट नहीं रहेगा। जगदलपुर बैराज अब न केवल पेयजल संकट का समाधान बनेगा, बल्कि यह बस्तर की सामाजिक-आर्थिक तस्वीर भी बदल सकता है। आने वाले वर्षों में यह परियोजना बस्तर के विकास की धुरी बनेगी ङ्क एक ऐसी धरोहर जो पीढ़ियों को पानी देगी और संभावनाओं को सींचेगी।

### संकुल स्तरीय 15 दिवसीय...

रघुनाथ कश्यप, जगदीश यादव, शीला बघेल, नीलमणी साहू, दशरथ कश्यप, मनोज सूर्यवंशी, ममता यादव, हेमंत आचार्य सहित इरिकपाल संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाये तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राये उपस्थित रहे।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाऊन हॉल में...

को सकारात्मक पहल किए जाने कहा। साथ ही नागरिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए आग्रह किया। आरंभ में स्वागत अभिभाषण में महापौर संजय पांडे ने सुशासन तिहार के अंतर्गत जनता की समस्या-मांगों के निराकरण के बारे में अवगत कराया और इस दिशा में निरंतर सजग होकर पहल करने आश्वस्त किया। हमारी सरकार जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है । समाधान शिविर में जनता की समस्या का त्वरित निराकरण किया जा रहा है । वहीं निमार्ण कार्य संबंधी, सामुदायिक भवन, खंभा लगाने व अन्य कार्यो को संबंधित विभाग को कारवाई के लिए भेजा गया है। हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व उप मुख्यमंत्री अरूण साव जी संवेदनशील होकर जनता के समस्याओं का समाधान कर रही है। आज शिविर का चौथा चरण निगम क्षेत्र में आयोजित है। इस मौके पर चार हितग्राहियों को नवीन राशनकार्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर अवगत कराया गया कि समाधान शिविर में नगर निगम क्षेत्र के 12 वार्डों का शिविर मे मोती लाल नेहरू, दीनदयाल उपाध्याय, दंतेश्वरी , गंगा नगर, गांधी नगर,जवाहर नगर, सरदार वल्लभ पटेल,मदर टेरेसा, शांति नगर , मदनमोहन गुण्डाधुर वार्ड सम्मिलित थे। उक्त समाधान शिविर में प्राप्त कुल 776 आवेदन पत्र प्राप्त हुये जिसमें 775 आवेदन का निराकरण किया गया। और एक आवेदन लंबित है। नगर निगम क्षेत्र में कुल 2984 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। जिसमें 2946 आवेदन पत्रों का निराकरण किया जा चुका है, शेष आवेदन पत्रों के निराकरण के बारे में आवेदकों को अवगत कराया गया। वहीं पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने समाधान शिविर में अपनी बात रखी । इस अवसर पर पूर्व सांसद दिनेश कश्यप,नगर निगम के अध्यक्ष खेमसिंह देवागन, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, विद्याशरण तिवारी, पूर्व महापौर सफीरा साहू,एम आई सी सदस्य निर्मल पानीग्राही, योगेन्द्र पांडे,संग्राम सिंह राणा, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर, श्वेता बधेल, मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, आर्येंद्र आर्य,सहित अन्य जनप्रतिनिधि और वार्ड पार्षद तथा नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# कमिश्नर ने पाकेला के ग्रामीणों से रूबरू होकर मूलभूत सुविधाओं के बारे में पूछा

**सुकमा,** 22 मई (देशबन्धु)। कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने गुरुवार को सुकमा जिले के अंतर्गत छिंदगढ़ ब्लॉक के औचक भ्रमण के दौरान ग्राम पाकेला के ग्रामीणों से रूबरू होकर बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य इत्यादि मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में पूछा। साथ ही उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्री की सुलभता, आंगनबाड़ी केन्द्रों में लक्षित बच्चों एवं माताओं को समेकित बाल विकास सेवाओं की उपलब्धता, भूस्वामियों को खसरा-बीवन प्रदाय, किसानों को किसान किताब का वितरण और खरीफ फसल सीजन हेतु खाद-बीज तथा फसल ऋण की सुलभता के बारे में जानकारी ली और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिकाधिक लाभान्वित होने की समझाइश ग्रामीणों को दी। कमिश्नर ने सरपंच एवं अन्य पंचायत पदाधिकारियों को गांव के स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों के सुचारू संचालन सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास हेतु सकारात्मक सहयोग प्रदान किए जाने कहा। कमिश्नर डोमन सिंह ने पाकेला के सामुदायिक भवन में अधिकारियों की बैठक में कहा कि इस दूरस्थ इलाके की जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान कर शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित किए जाने हेतु सार्थक प्रयास करें। उन्होंने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किए जाने पर बल देते हुए समस्या एवं शिकायतों के निवारण को प्राथमिकता देने कहा। वहीं आम जनता की आवेदन पत्रों के आधार पर आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड और हितग्राहीमूलक योजनाओं की सामग्री प्रदाय किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जरूरत के अनुरूप हेण्डपम्पों एवं सोलर ड्यूल पम्पों का संधारण सुनिश्चित करने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए ट्रांसफार्मर एवं अन्य सुधार करने और टीम को निरंतर सक्रिय रखने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने खरीफ फसल सीजन के लिए किसानों को खाद-बीज एवं फसल ऋण की सुलभता सुनिश्चित करने पर बल देते हुए आगामी 29 मई से 12 जून तक कृषि संकल्प अभियान चलाया जाकर किसानों को वितरण किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही मैदानी अमले के जरिए किसानों को समसामयिक कृषि सलाह प्रदान किए जाने कहा। उन्होंने शैक्षणिक सत्र शुरू होने के पहले स्कूल, आश्रम-छात्रावासों की साफ-सफाई करने के साथ ही मरम्मत योग्य भवनों का मरम्मत सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए जिले के सभी विकासखण्डों में चिन्हांकन शिविर आयोजित कर इस पुनीत कार्य के लिए सार्थक प्रयास किए जाने कहा। इस दौरान एसडीएम सूरज कश्यप, सरपंच पाकेला मिथिलेश नाग सहित अन्य पंचायत पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



**अधिकारियों की बैठक में आम जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करने पर दिया बल**

# जहां बुद्ध है, वहां युद्ध नहीं शांति ही शांति है

**कोण्डागांव,** 22 मई (देशबन्धु)। सर्व समाज जिला कोंडागांव के तत्वाधान में स्थानीय रेस्ट हाउस में पदाधिकारीगणों, समाज प्रमुखों, बुद्धिजीवों की उपस्थिति में सर्व समाज जिला कोंडागांव के अध्यक्ष धंसराज टंडन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, विशिष्ट अतिथि अनिल खोबरागढ़े, झाड़ीराम सलाम जिला अध्यक्ष सरपंच संघ, रामसाय नाग सरपंच भोगापाल, संरक्षक राजेश सोना, एमडी बघेल, आर.के.जैन, बंगाराम सोढ़ी जिला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, नीलकंठ शार्दुल प्रवक्ता, मणि शंकर देवांगन उपाध्यक्ष सर्व समाज, पंचु सागर नेशनल अवार्डी, सी.एल.मेश्राम अध्यक्ष बौद्ध समाज, तरुण नाग जिला अध्यक्ष उत्कल समाज, वीरेंद्र बघेल युवा अध्यक्ष अदकुरी गाडा समाज, सानू मारकंडे अध्यक्ष सतनामी समाज, ए.आर.सोनपिपरे बैक समाज, श्यामसिंह प्रमुख भोजपुरी समाज, भारत जैन डडसेना कलार समाज प्रमुख, चमन लाल वर्मा कुर्मी समाज अध्यक्ष, पी.एल. टावरे उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति वर्ग, बसंत कुमार साहू महामंत्री साहू समाज, असलम मंसूरी मुस्लिम समाज, अनिरुद्ध कोचे, गुरुचरण, श्रीमती साधना लोन्हारे, प्रदीप साहू नगर अध्यक्ष साहू समाज, रमाकांत महाजन अध्यक्ष कोंडागांव, कृष्णा पटेल पटेल समाज जिला अध्यक्ष, फूल सिंह सागर घासी समाज अध्यक्ष, राजेश मानिकपुरी पनका समाज अध्यक्ष, आनंद मानिकपुरी, सिद्धार्थ महाजन, संदीप वासनिकर, संतोष सिंह, तिलक बब्बर, जयंत वासनिकर, कन्हैया लाल रंगारी, चंद्रगुप्त तुरकर, संतोष सोनपीपरे, राजेश, विनोद शर्मा, डोलेंद्र बघेल, जुगधर मरापी, चैतराम सोरी, एसपी विश्वकर्मा विश्वकर्मा समाज प्रमुख, नारायण पांडे, अजय कुमार, नाग प्रेमनाथ यादव यादव समाज प्रमुख, तरुण बघेल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में समाज के सभी प्रमुख, जिला



- सर्व समाज की जिला स्तरीय बैठक
- बुद्ध शांति पार्क की स्थापना हेतु, भोगापाल बुद्ध महोत्सव

अध्यक्ष एवं मुख्य सदस्यों के द्वारा बुद्ध शांति पार्क की स्थापना हेतु बुद्ध महोत्सव के विषय को लेकर हर्षोल्लास के साथ अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

जिसमें मुख्य रूप से 6 वीं शताब्दी के बौद्ध प्रतिमा का हमारे क्षेत्र में मिलना हम क्षेत्रवासियों का सौभाग्य बताया एवं इसे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने की, मेडिटेशन पार्क के रूप में इसे अंतर्राष्ट्रीय लेवल पर विकसित करने की बात विधायक नीलकंठ टेकाम ने हमें आश्वासन एवं पूरा भरोसा दिलाया कि हम 1 जून 2025 को होने वाली महोत्सव में मुख्य अतिथि हमारे राज्य के मुख्य मंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में संपन्न होगा और हमारे राज्य, अपितु सभी राज्य एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोगों को इस बुद्ध शांति पार्क में पीस ऑफ माइंड के लिए दूर-दूर से आएंगे, पर्यटन के क्षेत्र में हमारे राज्य का नाम पूरे देश दुनिया में रोशन होगा। इससे न केवल मन की शांति, अपितु भक्ति की शक्ति भी साथ ही समस्त क्षेत्रवासियों का व्यापार विकसित होने में भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। 1 जून 2025 'भोगापाल में होने वाले महोत्सव में लाखों की संख्या में लोग आने वाले हैं और इसके मुख्य आयोजक केशकाल विधायक, पूर्व कलेक्टर कोंडागांव नीलकंठ टेकाम और संयोजक अनिल खोबरागड़े होंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से सभी समाज के जिला अध्यक्ष एवं बुद्धिजीवी शामिल थे। आगामी बैठक जिला प्रशासन जिला कोंडागांव के साथ सर्व समाज जिला कोंडागांव की बैठक करके 1 जून 2025 बुद्ध शांति पार्क स्थापना महोत्सव की रूपरेखा एवं रणनीति तैयार किए जाने और तय दिशा निर्देश अनुसार आगे की योजना बनाए जाने की जानकारी देने के साथ ही उपरोक्त समस्त जानकारी धंसराज टंडन जिला अध्यक्ष सर्व समाज ने दी।

# गायत्री परिवार चला रहा युवा जागरण शिविर युवाओं को मिल रही व्यसनों से मुक्ति

**कोण्डागांव**, 22 मई (देशबन्धु)। कोण्डागांव स्थित गायत्री मंदिर परिसर में युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण और स्वस्थ समाज की स्थापना के उद्देश्य से पांच दिवसीय आवासीय युवा जागरण शिविर का आयोजन बुधवार को शुरू हुआ है। 21 से 25 मई तक आयोजित इस शिविर में हरिद्वार से आए चार सदस्यीय प्रशिक्षकों की टोली में सम्मिलित सदस्यगण युवाओं को व्यसनों से दूर रहने और नैतिक मूल्यों के साथ जीवन जीने की प्रेरणा दे रहे हैं।



**इलेक्ट्रानिक गैजेटों के अनावश्यक उपयोग नहीं करने की दी जा रही प्रेरणा**

शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशापान, मोबाइल, टीवी जैसे आधुनिक गैजेट्स के अनावश्यक उपयोग से दूर रखकर उन्हें अनुशासित, चरित्रवान और जागरूक नागरिक बनाना है। शिविर के माध्यम से युवाओं को नियमित स्वाध्याय, ध्यान, योग, सत्संग और सामाजिक सेवा जैसे सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस शिविर में जिले भर से आए 150 से अधिक युवक युवतियां भाग ले रहे हैं। रूक्मणी बंछोर प्रशिक्षक हरिद्वार के मुताबिक व्यसनमुक्त जीवन जीने के लिए मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शन दिया जा रहा है। हर दिन प्रातःकाल योग और ध्यान से दिन की शुरुआत होती है, इसके बाद प्रेरणात्मक व्याख्यान, समूह चर्चा, सफल जीवन के सूत्र, गौ संवर्धन, जैविक खेती आदि रचनात्मक गतिविधिया करवाई जाती हैं।

शिविर में प्रशिक्षकों द्वारा युवाओं को बताया गया कि नशा न केवल शरीर को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि मानसिक और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। युवा यदि अपनी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग करें तो वे समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा यदि युवा वर्ग जागरूक हो जाए तो एक सशक्त और नैतिक समाज की स्थापना संभव है। इस दौरान शत्रुघन कोर्राम मुख्य ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ कोंडागांव, गुलेंद्र पटेल जिला संयोजक युवा प्रकोष्ठ, गजेन्द्र पांडे, अनिल बघेल सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार से जुड़े लोग शामिल रहे।

# मरम्मत के बाद स्कूल भवन दुबारा हुआ क्षतिग्रस्त

## स्कूल जतन योजना की गुणवत्ता पर उठने लगे सवाल

**कोण्डागांव,** 22 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत जिले के कुछ जर्जर स्कूल भवनों का वर्ष 2022-23 में मरमत हुआ था। मरम्मत कार्य के दौरान निर्माण एजेंसियों ने इस कदर लापरवाही बरती गई कि निर्माण के कुछ माह बाद ही स्कूल भवनों में टूट फूट के मामले रह रहकर सामने आने लगे। विभागीय जानकारी के मुताबिक उन भवनों का पुनः मरम्मत के लिए राशि जारी करने उच्च अधिकारियों को सूची भेजी गई है। ज्ञात हो कि मुख्य मंत्री स्कूल जतन योजना के तहत उच्च प्राथमिक शाला का रु.4.62 लाख की लागत से शाला प्रबंधन समिति ने वर्ष 2023 में मरम्मत हुआ था। स्कूल भवन का मरम्मत होने के बाद स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे व ग्रामीण उत्साहित थे। कुछ दिनों पहले आई हवाओं के कारण स्कूल भवन का छत जगह जगह क्षतिग्रस्त हुआ। भवन मरम्मत के डेढ़ साल बीतने के बाद ही छत पुनः क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीण भवन मरम्मत की गुणवत्ता पर सवाल उठाने लगे हैं। उनका दावा है कि भवन मरम्मत के दौरान गुणवत्ता की अनदेखी की गई, मरम्मत में स्तरहीन सामग्री का उपयोग करने के कारण छत क्षतिग्रस्त हुई। मरम्मत के दौरान बरती गई अनियमितता की जांच करने की मांग अब ग्रामीणजन जिला प्रशासन से भी कर रहे हैं।



**मनोज कुमार दुबे** बीईओ कोंडागांव ने पूछने पर बताया कि क्षतिग्रस्त होने की जानकारी आई थी। हमने उच्च कार्यालय को सुधार के लिए स्कूल का नाम भेजा है।

# ब्लैक लिस्ट होंगे घटिया काम करने वाले ठेकेदार : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा,** 22 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभाग द्वारा जिले भर में किए जा रहे विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों उसकी अद्यतन प्रगति, कार्य पूर्णता तिथि, अप्रारंभ एवं रूके हुए कार्यो के स्थिति का औचित्यपूर्ण कारण के संबंध में विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो में गुणवत्ता विहीन एवं समय पर कार्य न करने वाले ठेकेदारों को तुरन्त ब्लैक लिस्ट करें। वे ठेकेदार जो विभागीय अनुबंध अनुरूप अपने कार्यों को पूर्ण करने में अक्षम साबित हो रहे हैं उनके प्रति किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत पंचायतों में बनाए जा रहे, आवासों का भी विभागीय मैदानी अमला समय समय पर तकनीकी निरीक्षण कर समय पर पूर्ण करने के लिए सरपंचों या ग्राम सचिवों को निर्देशित करें। इसके अलावा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों को ग्रामीण आवास के निर्माण के संबंध में आ रही दिक्कतों के समाधान तथा आवास निमार्ण के मूलभूत सामग्रियों की गुणवत्ता के बारे में भी सलाह दी जा सकती है। बैठक के अंत में उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशा अनुसार निर्माण कार्यों का गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में निर्मित होना सही मायने में सुशासन का परिचायक है। अतः उन्हें अपेक्षा है कि विभाग के आगामी बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।



- आरईएस की समीक्षा बैठक में कड़ी चेतावनी
- समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देश
- विभाग के विभिन्न निर्माण कार्यों पर बिन्दुवार चर्चा

बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा शासकीय उद्यान रोपणी किरन्दुल विकासखंड कुआकोंडा में आवासीय क्वाटर एच टाइप निर्माण कार्य, दुकान सह यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य दंतेवाड़ा, कटेकल्याण छात्रावास में शौचालय मरम्मत एवं बोर खनन कार्य, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जावंगा एजुकेशन सिटी में प्रथम तल में शेड निर्माण कार्य, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुआकोंडा में बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य भाग-1, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुआकोंडा में बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य भाग-2,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुआकोंडा में सी.सी. सडक निर्माण कार्य भाग-1, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुआकोंडा में सीसी सड़क निर्माण कार्य भाग-2, महतारी सदन निर्माण कार्य दंतेवाड़ा,महतारी सदन निर्माण कार्य कुआकोंडा, महतारी सदन निर्माण कार्य कटेकल्याण, स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम हाई स्कूल भवन पण्डेवार में भवन निर्माण कार्य भाग-एक,स्वामी आत्मानंद हिन्दी मिडियम हाई स्कूल भवन पण्डेवार में भवन निर्माण कार्य भाग-दो,स्वामी आत्मानंद हिन्दी मिडियम हाई स्कूल भवन गदापाल में भवन निर्माण कार्य भाग-एक,स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम हाई स्कूल भवन गदापाल में भवन निर्माण कार्य भाग-दो, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास बड़े बेड़मा में 50 सीटर छात्रावास भवन निर्माण कार्य भाग 1 से 3 तक, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य बचेली,100 सीटर बालक आश्रम निर्माण कार्य सूरनार भाग- 01 से 04 तक,बायोपलॉस्क यूनिट का निर्माण कार्य दतेवाडा भाग-1 से 05 तक सहित अन्य स्वीकृत एवं निर्माणाधीन कार्यो के संबंध में कलेक्टर द्वारा दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के मुख्य कार्यपाल अंभियता राजीव विजय टडंन, एसडीओ गीदम आकाश सोनकर, एसडीओ दन्तेवाड़ा प्रमेन्द्र समरथ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# माकड़ी समाधान शिविर में सुशासन की दिखी झलक

## माकड़ी पंचायत में लता उसेंडी ने किए चार विकास कार्यों का भूमिपूजन

**कोण्डागांव,** 22 मई (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के ग्राम पंचायत माकड़ी में मंगलवार को सुशासन तिहार के अंतर्गत एक भव्य समाधान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में कुल 11 ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, कोंडागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने माकड़ी पंचायत में चार महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों बाजार शेड निर्माण लागत रु.10 लाख (बस्तर विकास प्राधिकरण), सीसी सड़क निर्माण लागत रु.6 लाख (बस्तर विकास प्राधिकरण), सायकल स्टैंड लागत रु.3 लाख (विधायक निधि), मुक्तिधाम निर्माण लागत रु.4.79 लाख (मुख्य मंत्री समस्त विकास योजना) का भूमिपूजन किया। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं ऋण पुस्तिका, जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, श्रम पंजीयन तथा धान व सब्जी बीज वितरण आदि का लाभ एक ही स्थान पर प्रदान किया गया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक लता उसेंडी ने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत क्षेत्र की 11 ग्राम पंचायतों की 4524 महिलाओं को रु.5.42 करोड़ की राशि तथा प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 2523 किसानों को रु.1.51 करोड़ की सहायता राशि प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त इन 11 पंचायतों के लिए रु.285.56 लाख के विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई है। इस समाधान शिविर में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# विधायक लता उसेंडी ने बरकई में किए चार निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**कोण्डागांव,** 22 मई (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के ग्राम पंचायत बरकई में मंगलवार शाम 4 बजे एक विशेष भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र की विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।



कार्यक्रम के दौरान विधायक लता उसेंडी ने कुल साढ़े 24 लाख रुपए की लागत से बनने वाले चार महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। इनमें 14.5 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 500 मीटर लंबी सीसी सड़क, 2 लाख रुपए की लागत से चबूतरा निर्माण, माता मंदिर के लिए 3 लाख रुपए की लागत का शेड निर्माण तथा 5 लाख रुपए की लागत से बनने वाली डेढ़ मीटर पुलिया शामिल है। कार्यक्रम में पहुंची मेहतरीन सोरी पति स्व.सुखधर सोरी को कान में सुनने में परेशानी थी जिसकी जानकारी लगते ही विधायक लता उसेंडी द्वारा पीड़िता को तत्काल एक श्रवण यंत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर लता उसेंडी ने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों से ग्रामीणों को आवागमन सहित अन्य सुविधाओं में सुधार मिलेगा।

इस अवसर पर गांव के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने विधायक का आत्मीय स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

# पिकअप में ढो रहे थे सवारी, 12 हजार जुर्माना

## दंतेवाड़ा यातायात पुलिस की कार्रवाई

**दंतेवाड़ा,** 22 मई (देशबन्धु)। एसपी गौरव रॉय एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सड़क दुर्घटनाओं और दुर्घटना मृत्युदर में कमी लाने व यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने लगातार अभियान चलाया जा रहा है। वाहन से संबंधित समस्त दस्तावेज पूर्ण रखने के उद्देश्य से समझाईश देने व चालानी कार्यवाही करने के लिए यातायात प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू अपनी टीम के साथ लगातार अलग-अलग जगह पर रोज एमसीपी लगा रहे हैं। समझाईश के साथ साथ कार्यवाही भी कर रही है। इसी दौरान आज 2 पिकअप वाहन भारी मात्रा में सवारी बैठा कर ले जाते पाए जाने से मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए 12 हजार रुपये का चालान काटा गया और आये दिन हो रही घटनाओं का हवाला देते हुए ऐसी पुनरावृत्ति नही करने, एलईडी लाइट न लगाने/सीट बेल्ट का उपयोग करने/ शराब सेवन कर वाहन न चलाने/बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाने/ऐसे मालवाहक वाहनों पर कभी भी सवारी न ले जाने तथा नाबालिग बच्चों को दो पहिया-चार पहिया वाहन चलाने न देने समझाईश दी गई।



# चारामा के धोबी समाज ने लिए महत्वपूर्ण निर्णय



**चारामा,** 22 मई (देशबन्धु)। 21 मई को सर्व धोबी समाज जिला इकाई चारामा के अंतर्गत सर्किल चारामा में आवश्यक बैठक रखा गया जिसमें समस्त पदाधिकारी उपस्थित हुए धोबी समाज चारामा के द्वारा महत्वपूर्ण रचनात्मक निर्णय लिए गए हैं जिसमें प्रमुख रूप से मृत्यु भोज में कलेवा को अनिवार्यता बंद करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है इसी प्रकार समाज में किसी के मृत्यु होने पर कपड़े के बदले प्रत्येक घर से 100 रुपए दान राशि देने का प्रमुख निर्णय पहले ही लिया गया है और शादी ब्याह में सामान की जगह राशि देने का निर्णय लिया गया है जिससे आर्थिक बोझ कम हो सके। साथ ही सर्व धोबी समाज के सचिव दीपेश निर्मलकर के द्वारा वार्षिक लेखा जोखा समाज के समक्ष प्रस्तुत किया इस सामाजिक बैठक में सर्व धोबी समाज जिला इकाई चारामा के संरक्षक जागेश्वर सोनवानी सर्किल चारामा के अध्यक्ष यादराम सोनवानी, शिवेंद्र निर्मलकर श्रवण रजक तुलसी छाटा एवं अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अर्जुन की तरह लक्ष्य पर हो नजर : चैतराम

**दंतेवाड़ा,** 22 मई (देशबन्धु)। जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत और सीईओ तथा जिला खेल अधिकारी जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।



यह शिविर शासकीय उ.मा.वि. दन्तेवाड़ा के खेल मैदान इंडोर स्टेडियम एवं एकलव्य खेल परिसर जावंगा में 1 से 21 मई तक आयोजित किया गया। शिविर में क्रिकेट, कबड्डी, थाई बॉक्सिंग, कुश्ती जिला मुख्यालय में एवं गीदम में व्हालीबाल, कराते, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, थाई बॉक्सिंग, फुटबाल खेल का प्रशिक्षण एनआई एस प्रशिक्षक एवं अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों द्वारा दिया गया। आयोजन का भव्य समापन इंडोर स्टेडियम दन्तेवाड़ा में किया गया। समापन समारोह चैतराम अटामी विधायक, श्रीमती पायल गुप्ता, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा एवं क्रिकेट के नेशनल खिलाड़ी रूद्र प्रताप देहारी के विशिष्ट अतिथ्य में समपन्न हुआ।

- खेल प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को सीख
- ग्रीष्मकालीन शिविर में 527 ने सीखी बारिकियां

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपको अर्जुन के जैसे चिड़िया की आँख दिखाई देनी चाहिए ताकि अपने लक्ष्य को बेध सको एवं बगुले की तरह धैर्य दिखाना चाहिए ताकि पढ़ाई भी अच्छा कर सको। अध्यक्ष ने खिलाड़ी बच्चों के बीच में जमीन पर बैठ कर बच्चों से उनका अनुभव भी पूछा। इस शिविर में कुल 527 बालक/बालिका, महिला/पुरूष खिलाड़ियों को जिले मे पदस्थ एन.आई.एस.प्रशिक्षक एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी द्वारा प्रशिक्षित किया गया। यह शिविर पूर्णतः आवासीय रखा गया था, साथ ही एकलव्य खेल परिसर जावंगा में प्रवेश हेतु खिलाड़ियों का चयन भी किया गया। आयोजन के अन्त में प्रदीप सिंह, सहायक खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग दन्तेवाड़ा द्वारा अपने उदबोधन में जिला प्रशासन द्वारा खिलाड़ियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। साथ ही समापन अवसर पर जिले में उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# राजमाता अहिल्याबाई होलकर विचार संगोष्ठी व सिंदूर मशाल यात्रा का आयोजन

**चारामा,** 22 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत चारामा द्वारा राजमाता अहिल्याबाई होलकर विचार संगोष्ठी सिंदूर मशाल यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें पुण्यश्लोक राजमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर जी की 300वीं जयंती के अवसर पर विचार संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमे प्रमुख वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश लाठिया,नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष नन्द कुमार ओझा, जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा, जनपद अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर के अतिथि में सम्पन्न हुआ।पश्चात शहीदों के सम्मान में सिंदूर व मशाल यात्रा नगर के कोरार चौंक से होकर सदर बाजार होते हुए भारत माता चौक पहुंची जो पुनः कोरर चौंक स्थिति सदभावना भवन में कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने राजमाता अहिल्या बाई होल्कर के जीवनी के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष उमा शर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, हेम मंडावी, रूखमणि ह्वद्धद्मद्4, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अंजू सोनकर, नेता प्रतिपक्ष संतोष ओझा, पार्षद उत्तम साहू, रजनी यादव, तुलसी कुंजाम, मंजू सोनकर, चंद्रिका चौहान, जनपद सदस्य अमिता बंजारे, संतोषी सिन्हा, पूर्व पार्षद केसरी देवांगन,मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत कुमार नेताम, उप अभियंता हरीश कुमार ध्रूव, लेखपाल सलमान खान, सहित नगर पंचायत के कर्मचारी व नगर के महिलाओं ने बड़ी संख्या में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।



उल्टा पुल्टा

भिखारी- भगवान के नाम पर कुछ दे दो, 2 दिन से कुछ नहीं खाया।
चिंटू ने 500 का नोट निकाला और पूछा 300 रुपये खुल्ले हैं?
भिखारी- हां, है।
चिंटू- तो उसी से कुछ लेकर खा लो भाई।

## संपादकीय

# ईमानदारी से दें परीक्षा

*रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा कुछ माह पहले ली गई विभिन्न पदों की परीक्षाओं में टेकनीशियन पद की भी भर्ती थी। यह परीक्षा अलग-अलग केन्द्रों में ली गयी थी। इसमें बैठे विभिन्न प्रत्याशियों के दस्तावेजों का सत्यापन जब मंगलवार को हुआ तो पाया गया कि एक युवक ने, जिसका नाम सुमीत कुमार बतलाया जाता है, फर्जी दस्तावेज नत्थी किये हैं। उसके खिलाफ़ कार्रवाई की जा रही है। यह भी बतलाया जाता है कि उसने विभिन्न केन्द्रों से नियम विरूद्ध जाकर यह परीक्षा दी है।*

*यह एक गम्भीर जुर्म है। सभी को इससे हर लिहाज़ से बचना चाहिये। न तो किसी के नाम पर परीक्षा दी जाये और न ही किसी को अपनी जगह पर परीक्षा देने के लिये मुन्नाभाई बनाकर भेजा जाये। ऐसे ही, जो भी दस्तावेज़ हों, वे प्रामाणिक होने चाहिये। इसमें खुद का कैरियर दांव पर लगता है। नौकरी के दौरान किसी भी स्तर पर फर्ज़ी दस्तावेजों के आधार पर यह खुलासा होने पर न केवल नौकरी जा सकती है वरन आपराधिक मामला भी चलना तय है। छत्तीसगढ़ के ही कुछ शासकीय (केन्द्रीय व राज्य के) उपक्रमों में इस तरह के लोग काम करते हुए पकड़े गये हैं।*

*हाल के वर्षों में युवा पीढ़ी इस ओर आकर्षित हुई है कि वह किसी और को कुछ ले-देकर अपनी ओर से परीक्षा दिला दे। यह न केवल स्कूल-कॉलेजों की परीक्षाओं में होता है वरन नौकरियों के लिये होने वाली परीक्षाओं को लेकर भी हो रहा है। जो पढ़ाई-लिखाई में फिसड्डी होते हैं, वे ऐसे तरीके अपनाते हैं। वैसे यह भी सच है कि बहुत से राज्यों में ऐसे गिरोह सक्रिय हैं जो पैसे लेकर परीक्षा पेपर मुहैया कराते हैं अथवा लोगों को उत्तीर्ण करा देते हैं। किसी की जगह पर किसी और व्यक्ति द्वारा परीक्षा दिलाने की भी वे व्यवस्था कराते हैं। इतना ही नहीं, वे नौकरियों के लिये आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिये भी सफलता की गारंटी देते हैं। बस, इसके लिये भरपूर रकम देनी होती है।*

*ये सारे ही तरीके अनैतिक हैं। ऐसे उपायों से कोई भी परीक्षा पास की जाये या नौकरी पा ली जाये, वह नैतिक रूप से उचित नहीं है। हो सकता है कि कुछ लोगों की यह चोरी कभी पकड़ी न जाये, परन्तु उनमें आजीवन अपराध भाव रहता है तथा वे खुद को हमेशा असुरक्षित महसूस करते हैं। इसका असर उनकी भावी पीढ़ी पर भी पड़ता है। परिवार के अन्य सदस्य भी पैसों के बल पर सफलता की हमेशा तलाश करते रहेंगे।*


*इसलिये सबसे अच्छा यही है कि किसी भी तरह की बेईमानी न बरतते हुए परीक्षाएं दी जायें- फिर वे चाहे स्कूल-कॉलेजों की हों या नौकरियों की। सम्भव है कि खुद के बूते कोई बड़ी उपलब्धि हासिल न की जा सके। ऐसे में कमतर पर संतोष करना सभी को आना चाहिये।*

# मेकाहारा में कल से कोरोना का ओपीडी, विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम रहेगी तैनात

## प्रदेश में कोरोना से निपटने तैयारी, कोरोना की आई तीन लहर में प्रदेश में 14 हजार से ज्यादा लोगों की गई थी जान

**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। देश में बढ़ते कोरोना के मामले को लेकर छत्तीसगढ़ में कोविड से निपटने की तैयारी शुरू कर दी गई है। कोरोना के आए तीन लहर में छत्तीसगढ़ में 14 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। अब फिर देश में बढ़ते केस को देखते हुए आज कोरोना पूर्व तैयारी को लेकर मेकाहारा अस्पताल में बैठक हुई, जिसमें मरीजों के इलाज, दवा, बेड, ऑक्सीजन, पीपी कीट और सैंपल जांच की सुविधा समेत अन्य विषयों पर चर्चा की गई। मेकाहारा में कल से कोरोना का ओपीडी शुरू करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम गठित कर दी गई है।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के डीन डॉक्टर विवेक चौधरी ने बताया बैठक में सभी विभागों के अध्यक्षों को बुलाया गया था। कल से कोरोना के संदिग्ध मरीजों की इलाज अलग से की जाएगी। देश में बढ़ते कोरोना के मामले को देखते हुए रायपुर में कोरोना के समय की गई व्यवस्थाओं को फिर से दुरुस्त किया जा रहा है। मरीज बढ़ने पर कोरोना वार्ड बनाया जाएगा डॉ. चौधरी ने बताया कि कल से मेकाहारा में अलग से कोरोना ओपीडी का संचालन किया जाएगा। इसके लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती






की जाएगी। लैब टेकनीशियन भी रहेंगे।लेबर वार्ड, आई सी यू, वेंटिलेटर की व्यवस्था भी होगी।

**मरीजों के लिए उपलब्ध है पर्याप्त दवाएं**

डॉ. चौधरी ने बताया, कोरोना के इलाज के लिए दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है।साथ ही इलाज के दौरान डॉक्टरों की सुरक्षा के कीट की उपलब्धता है। पूर्व में जारी इलाज के प्रोटोकाल अनुसार ही मरीजों को इलाज दी जाएगी।

डॉक्टर चौधरी ने बताया एक कोरोना मरीज संक्रमण फैला सकता है। कोरोना फैलने वाली बीमारी है।विभिन्न रोगों के मरीज हजारों की संख्या में मेकाहारा में इलाज कराने आते हैं।ऐसे में संक्रमण फैलने का खतरा होता है इसलिए अलग से ओपीडी संचालित किया जाएगा।

राज्य कंट्रोल एवं कमांड सेंटर के अनुसार छत्तीसगढ़ में अभी कोरोना के एक भी मरीज नहीं है, लेकिन देश विदेश में जिस तरह से कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ रही है इसे देखते हुए हिदायत के तौर पर अलग से इलाज की व्यवस्था की जा रही है।यहां के लोग दूसरे राज्यों की यात्रा कर रहे हैं. ऐसे में संक्रमण फैलने की संभावना बढ़ जाती है।फिलहाल कोरोना प्रोटोकॉल जारी नहीं होने के कारण राज्यों का सीमा खुला है।अंतरराज्यीय एवं अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कोई जांच नहीं हो रही है।

**कोरोना के तीन लहर ने मचाई थी तबाही**

देशभर में कोरोना के तीन लहर आएए जिसने भारी तबाही मचाई कई लोगों की जानें भी गई छत्तीसगढ़ में 14,205 लोगों की मौत हुई थी कुल 11,88,629 मरीज मिले थे हॉस्पिटल में एक लाख 78884 मरीज भर्ती हुए थे होम आइसोलेशन में 9,95,540 मरीज और घर में रहकर 11,74,424 मरीज रोना की जंग जीते थे।

## रायपुर में कोरोना मरीज मिलने की बात अफवाह

■ राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के नोडल अफसर बोले- छत्तीसगढ़ में अभी एक भी केस नहीं

देश में लगातार कोरोना के केस बढ़ रहे वहीं छत्तीसगढ़ में अभी एक भी केस नहीं आया है रायपुर में कोरोना के मरीज मिलने की बात अफ्वाह है राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के नोडल अधिकारी खेमराज सोनवानी ने कहा अभी तक छत्तीसगढ़ में एक भी कोरोना मरीज की पुष्टि नहीं हुई है रायपुर लैब में भी पूछताछ की गई है वहां भी एक भी पॉजिटिव मरीज नहीं मिला है डॉ मिथलेश चौधरी मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी रायपुर ने कहा फ्लिहाल करोना मरीज मिलने की कोई जानकारी नहीं है विषम परिस्थितियों से निपटने व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है देश में कोरोना के केस बढ़ रहे हैं लोगों को सतर्कता बरतने की जरूरत है डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के अधीक्षक डॉक्टर संतोष सोनकर ने कहा कोरोना मरीज मिलने की कोई जानकारी नहीं है फ्लिहाल कोरोना से निपटने के लिए इलाज व्यवस्था दवाए बेड ऑक्सीजन पीपी कीट और सैंपल जांच की सुविधा दुरुस्त की जा रही है मरीज बढ़ने पर कोरोना वार्ड बनाया जाएगा।

## बस्तर दौरे में साय ने सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों को पीछे छोड़ा



**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। बस्तर क्षेत्र की जनता से जुड़ाव और विकास के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने पहले एक साल के कार्यकाल में जो सक्रियता दिखाई है, उसने पिछले सभी मुख्यमंत्रियों को पीछे छोड़ दिया है। बस्तर दौरे की संख्या में विष्णुदेव साय ने अब तक के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए एक साल में ही 31 दौरे किए हैं, जबकि उनके पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री इतने कम समय में इतने बार बस्तर नहीं पहुंच पाए।इस पहल ने न केवल क्षेत्रीय विकास को गति दी है, बल्कि बस्तर के लोगों के साथ मुख्यमंत्री के गहरे संपर्क को भी दर्शाया है। विष्णुदेव साय ने बस्तर दौरे के मामले में अपने से पहले के मुख्यमंत्रियों की तुलना में नई मिसाल कायम की है।

# राजधानी में कांग्रेस ने निकाली संविधान बचाओ रैली




**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निर्देश पर आज राजधानी रायपुर में शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के द्वारा गांधी मैदान कांग्रेस भवन से संविधान बचाओ रैली निकाली गई। रैली निकालने से पहले कांग्रेस भवन में वरिष्ठ नेताओं के द्वारा बैठक में कहा गया कि बाबा साहब अंबेडकर के बनाए गए संविधान का भाजपा सरकार के द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है। आम जनता के मौलिक अधिकार के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। साथ ही लगातार सत्ताधारी भाजपा सरकार के द्वारा संविधान को तार तार किया जा रहा है। लगातार सवैधानिक संस्थाओं ई डी, सीबीआई जैसे संस्थानों का दुरुपयोग किया जा रहा है। रैली संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास समाप्त हुई। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेश साहू ने कहा भेजा सरकार के द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है।पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने देश में हो रहे संविधान के खिलाफ भाजपा के षड्यंत्र कारी नीतियों को देखते हुए यह यात्रा हमारे नेताओं के आदेश पर निकाली गई। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे ने संविधान में अधिकार दिया है उसको बीजेपी सरकार उस अधिकार को छीने का कार्य कर रही है। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधो राम वर्मा ने संविधान के स्तंभ को यह भारतीय जनता पार्टीबाकी सरकार खत्म करने में लगी है।

इस अवसर पर पूर्व सांसद श्रीमती छाया वर्मा , पंकज शर्मा , महापौर नंदलाल देवांगन , राम गिड़लानी, राजेंद्र पप्पू बंजारे, प्रमोद चौबे, सुरेश ठाकुर, सुरेश उपाध्याय, योगेश सोलंकी , गिरधारी साहू, सौरभ मिश्रा, दुर्गेश वर्मा, देवेंद्र वर्मा, प्रशांत गोस्वामी, ब्लाक अध्यक्ष नवीन चंद्राकर प्रशांत ठेंगड़ी, देव साहू, दीपक बग्गा, माधव साहू, शेख मुशीर बलदाऊ साहू, देवदास टंडन, आशा यादव, किरण सिंह, नसीम बानो, कमलेश मिश्रा, देवेंद्र यादव, प्रवीण चंद्राकर, अभिनय दुबे, माधव छुरा, दिनेश ठाकुर, सचिन अग्रवाल, राज देवांगन, मनोज राय, दिनेश तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता संविधान यात्रा में उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ी गानों में अश्लीलता के खिलाफ सड़क पर उतरे कलाकार

■ थाने के बाहर प्रदर्शन, 22 के खिलाफ शिकायत



**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ी गानों में अपसंस्कृति और अश्लीलता को लेकर राज्य के कलाकारों में गहरी नाराजगी है।छालीवुड में बढ़ते इस विकृति को रोकने के लिए कलाकार अब सड़क पर उतर आए हैं। बुधवार की रात बड़ी संख्या में गीतकारों ने, गायकों ने, कवियों ने और युवाओं ने सिविल लाइन थाने के बाहर प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने भी इस प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया और अश्लीलता परोसने वाले 22 गीतकार, गायक, कलाकार, निर्माता के खिलाफ थाने में शिकायत की है।

राज्य अलंकरण पुरुस्कार प्राप्त, प्रदेश के नामचीन कवि और गीतकार मीर अली मीर ने कहा कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति का अपना गौरवशाली इतिहास है।यहां की भाषा, यहां की कला और संस्कृति गीतों और फिल्मों के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृति विरासत को दिखाने का प्रयास किया जाता है। लेकिन कुछ कुमानसिकता के कलाकारों और लोगों की वजह से छालीवुड को बदनाम करने की साजिशें भी हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि भोजपुरी में जिस तरह से अश्लील गानों को बढ़ावा जाता है, वैसे ही कोशिश इन दिनों छत्तीसगढ़ में भी की जा रही है।इसे रोकना हम सभी की जिम्मेदारी है। यही वजह है कि आज हमने थाने के बाहर प्रदर्शन किया और अपना विरोध दर्ज कराया

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अध्यक्ष दिलीप मिरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ी गीतों में अश्लीलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

राज्य की संस्कृति को, लोककला को बदनाम करने की कोशिश जिनके द्वारा भी किया जा रहा है, उन्हें चेतावनी दी जाती है, कि वे सुधर जाएं, नहीं तो सबक सिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम प्रशासन और सरकार से भी यह मांग करते हैं कि इस मामले को गंभीरता से लें और समय रहते कड़े कदम उठाएं।

सिविल लाइन थाने के बाहर प्रदर्शन में बड़ी संख्या में युवा, कवि, गीतकार और पत्रकार शामिल हुए।सभी ने यह तय किया कि उनका अश्लीलता के खिलाफ आंदोलन और जन जागरण आगे भी जारी रहेगा। जिन 22 लोगों के खिलाफ शिकायत की गई है, उनमें प्रमुख रूप से चर्चित एल्बम गीतकार-कलाकार दबा बल्लू फेम किसन सेन का नाम भी शामिल है।

**सोशल मीडिया पर दिख रही नाराजगी**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स लोगों ने हाल ही में रिलीज हुए छत्तीसगढ़ी गाने के टीजर के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई है, जिसमें अश्लील शब्दों का प्रयोग किया गया है। छत्तीसगढ़ के कई कलाकारों समेत जनता ने इसे प्रदेश की संस्कृति को दूषित करने वाला बताया है।

# 74 साल के बुजुर्ग ने पत्नी को मारा

## विवाद के बाद गला दबाकर की हत्या, फिर खुद पुलिस के पास पहुंचा

**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के बेलटुकरी गांव में गुरुवार को 74 वर्षीय बुजुर्ग ने अपनी 71 साल की पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी खुद रायपुर के गंज थाने पहुंचा और पुलिस को पूरी जानकारी दी। मृतका की पहचान शांति धीवर और आरोपी की पहचान बिषरू धीवर के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना मिलते ही खरोरा थाने से टीम रायपुर रवाना हुई और आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**20 साल बाद लौटा था गांव**



यह मामला खरोरा थाना के बेलटुकरी गांव का है। जानकारी के अनुसार बिषरू धीवर बीते 20 साल से अयोध्या में रह रहा था। कुछ माह पहले ही विषरू अयोध्या से वापस अपने घर लौटा था। यहां वो अपने पुराने घर में रहने लगा था। उस घर में केवल बिषरू उसकी पत्नी शांति और उनका 45 वर्षीय बेटा रहते थे। बेटे की पत्नी उसे छोड़कर जा चुकी है। वह तिल्दा में एक उद्योग में काम करता है। घर लौटने के बाद पति.पत्नी के बीच पुराने संबंधों को लेकर विवाद होता था। गुरुवार को दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि विषरू अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी।

**वारदात के वक्त घर पर अकेले थे दंपती**

हत्या के समय घर में केवल बिषरू और शांति मौजूद थे। पुलिस को शुरुआती जांच में आशंका जताई है कि महिला की तकिए से मुंह और गला दबाकर हत्या की गई है। हालांकिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारण की पुष्टि हो सकेगी। खरोरा थाना प्रभारी दीपक पासवान ने बताया कि घटना की जांच जारी है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और हत्या के पीछे की वजह जानने का प्रयास किया जा रहा है।

# एक-दो नहीं 3 करोड़ 25 लाख का इनामी था नक्सली नेता बसव राजू

**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। नारायणपुर.बीजापुर बॉर्डर पर मुठभेड़ में नक्सलियों के महासचिव और दुर्दांत माओवादी नेता नम्बाला केशव राव उर्फ़गगन्ना समेत 27 अन्य नक्सलियों को मार गिराया गया था।

इस पूरे मुठभेड़ को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रेसवार्ता कर मीडिया को जानकारी दी है। इस प्रेसवार्ता में सीएम साय के अलावा गृहमंत्री विजय शर्मा डीजीपी अरुण देव गौतम समेत सरकार के आला अधिकारी मौजूद रहे। सीएम साय ने बताया किए ढेर किया गया नक्सलियों के नेता केशव राव उर्फ़बसवराज पर एक करोड़ नहीं बल्कि 3 करोड़ 25 लाख रुपये का इनाम घोषित था। उसपर छत्तीसगढ़ समेत केंद्र आंध्र और ओड़िशा सरकार ने भी अलग.अलग राशि का इनाम घोषित किया था।

## सीएम साय ने प्रेसवार्ता में किये कई बड़े खुलासे

उन्होंने बताया कि यह पहला मौका था जब इस कैडर का माओवादी नेता मुठभेड़ में ढेर किया गया है। इस तरह केशव राव उर्फ़गगन्ना का मारा जाना नक्सलवाद के कमर टूटने जैसा है। सीएम साय ने बताया किकर्रेगुटा के पास वाले कैंप में वह खुद भी गये थे। उन्होंने जवानों के शौर्य और साहस को करीब से देखा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी कई बार छत्तीसगढ़ आए है। सबके प्रयास से ऐसी सफ्लता मिली है। मुख्यमंत्री ने दावा किया किए बस्तर में अब शांति कायम हो रही है।

उन्होंने बताया किए इस मुठभेड़ में उनके जवान भी हताहत हुए है। सरकार की तरफसे उन शहीदों को विशेष सुविधा और सहायता दिए जाने पर भी विचार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने साफ़ किया कि नक्सलवादी जंगल के हो अर्बन हो या रूरल नक्सली हो सबकी सूची सरकार के पास है सब पर करवाई होगी।

# प्रदेश की मलखंब टीम ने खेलो इंडिया बीच गेम्स में फिर गाड़े झंडे, दोनों टीमों ने जीता खिताब

रायपुर, 22 मई (देशबन्धु)। केंद्र शासित प्रदेश दीव के घोघला बीच में 19 मई से 21 मई 2025 तक आयोजित प्रथम खेलो इंडिया बीच गेम्स में छत्तीसगढ़ ने मलखंब में अपने अद्वितीय प्रदर्शन से पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ की महिला मलखंब टीम ने 80.60 अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीत लिया। इससे एक दिन पूर्व छत्तीसगढ़ की पुरुष टीम ने 124.55 अंकों के साथ टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया था।

इसके अलावा, पिरामिड प्रतियोगिता में भी पुरुष टीम ने 24.95 अंकों के साथ रजत पदक जीत कर प्रदेश की पदक संख्या में इजाफा किया।

**मलखंब के सम्राट के रूप रहा छग**

छत्तीसगढ़ मलखंब संघ के अध्यक्ष प्रेमचंद शुक्ला ने बताया कि छत्तीसगढ़ की महिला एवं पुरुष मलखंब टीमें अब राष्ट्रीय स्तर पर च्मलखंब के सम्राटज्ञ के रूप में उभरती नजर आ रही हैं। यदि भविष्य में ओलंपिक खेलों में मलखंब को शामिल किया जाता है, तो छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी विश्व विजेता बनने की क्षमता रखते हैं।

**छत्तीसगढ़ की झोली में अब तक 18 पदक**

अब तक छत्तीसगढ़ ने खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 में 12 स्वर्ण और 6 रजत पदक, कुल 18 पदक हासिल कर लिए हैं। यह सफलता छत्तीसगढ़ मलखंब संघ के पदाधिकारियों और कोचों के अथक प्रयासों का प्रतिफल है। हालांकि, प्रदेश में मलखंब खिलाड़ियों को अभी भी आवश्यक संसाधन और आर्थिक सहयोग



की कमी झेलनी पड़ रही है। सभी जिलों में इनडोर और आउटडोर स्टेडियमों की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है।

छत्तीसगढ़ की स्वर्ण पदक विजेता पुरुष मलखंब टीम में राकेश कुमार वढ़दा (नारायणपुर), मानू ध्रुव (नारायणपुर), राजेश सलाम (नारायणपुर), मोनू नेताम (नारायणपुर), संतोष सोरी (नारायणपुर) और प्रतीक बंजारे (बिलासपुर)।

छत्तीसगढ़ की स्वर्ण पदक विजेता महिला टीम में मोनिका पोटाई (नारायणपुर), दुर्गेश्वरी कुमेटी (नारायणपुर), अनिता गोटा (नारायणपुर), सरिता पोयम (नारायणपुर), संतय पोटाई (नारायणपुर), रोशनी धीवर (बिलासपुर)

कोचिंग और प्रशासनिक टीम में छत्तीसगढ़ मलखंब टीम के अधिकारियों में डॉ. मिलींद भानदेव (कोच, बिलासपुर), सौरव पाल (कोच, नारायणपुर), पूनम प्रसाद (प्रबंधक, नारायणपुर) और मनोज प्रसाद (तकनीकी अधिकारी, नारायणपुर) शामिल रहे, जिनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**पिछले बीच गेम्स में भी छग ने जीता था स्वर्ण पदक**

मलखंब भारत की प्राचीन परंपरा से जुड़ा हुआ खेल है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने च्मन की बातज्ञ कार्यक्रम में प्रोत्साहित करते रहे हैं। गत वर्ष भी दीव में आयोजित बीच गेम्स में छत्तीसगढ़ के मलखंभ खिलाड़ियों ने पूरे भारत के प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया था और पदक तालिका में प्रदेश को शीर्ष स्थान पर पहुंचाया था। इस वर्ष भी उसी परंपरा को कायम रखते हुए, छत्तीसगढ़ की पुरुष एवं महिला मलखंभ टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

## आज बीएसपी विद्यालय क्र0 2 में समाधान शिविर

**दल्लीराजहरा,** 22 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण में 23 मई को बी एस पी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 दल्ली राजहरा में प्रात: 10ः00 से 3ः00 तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर ने बताया कि शिविर में आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी प्रदान की जावेगी।

# बोरे बासी के एक दिन के कार्यक्रम में भूपेश सरकार ने खर्च 8 करोड़ किया : टंकराम वर्मा

**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बोरे-बासी दिवस के महज एक साल (सन् 2023) के आयोजन में हुए करोड़ों रुपए के घोटालों के खुलासे पर कांग्रेस और उसकी पिछली भूपेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। श्री वर्मा ने कहा कि यह खुलासा बताता है कि भूपेश सरकार ने भ्रष्टाचार की सारी हदें पार करके रख दी थीं और जहाँ मौका मिला, वहाँ सरकारी खजाने में डाका डालते हुए जन-धन की खुली लूट मचाकर प्रदेश का बेड़ा गर्क करके रख दिया। भूपेश सरकार ने च्छत्तीसगढ़ियाज् का ढिंढोरा तो खूब पीटा लेकिन छत्तीसगढ़ के खान-पान, रहन-सहन और संस्कृति को कलंकित कर छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।



प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इन दिनों भ्रष्टाचार को लेकर किए जा रहे प्रलाप को मिथ्याचारिता की पराकाष्ठा बताते हुए कहा कि बघेल को भ्रष्टाचार पर कुछ भी बोलने का नैतिक अधिकार नहीं रह गया है। बघेल के बोरे-बासी दिवस में सिर्फ एक दिन में हुए खर्च के दस्तावेज से साफ हो गया है कि भ्रष्टाचार किस हद तक कांग्रेस और उसके नेताओं के डीएनए में रचा-बसा था। भ्रष्टाचार का अंतहीन सिलसिला जिस भूपेश सरकार की सरपरस्ती में चला, आज बघेल भाजपा की प्रदेश सरकार पर किस मुँह से भ्रष्टाचार का मिथ्या दोष मढ़ रहे हैं? श्री वर्मा ने कहा कि बोरे-बासी खाना सिखाने के 5 घंटे के एक दिन कार्यक्रम में 8.14 करोड़ रु. खर्च कर दिए गए! 1.10 करोड़ रुपए में बनाए

**कांग्रेस ने भ्रष्टाचार करने में छग की संस्कृति को भी नहीं छोड़ा**

गए 6 डोम में 75 लाख रुपए का खाना परोसा गया, 27 लाख रुपए का पानी पिलाया गया, 13 लाख रुपए की छाछ आई और 82 लाख रुपए की टोपी पहनाई गई। यह तो सिर्फ 2023 के एक दिन का लेखा-जोखा है, इससे पहले के 2019 से 2022 तक के चार सालों का हिसाब लगना तो अभी बाकी है। श्री वर्मा ने इस बात पर हैरानी जताई कि इस कार्यक्रम में खर्च के जो कागज बोल रहे हैं, और जो हकीकत सामने आई है, उससे भ्रष्टाचार की सारी पोल खुली है। सूचना के अधिकार से इस कार्यक्रम के दस्तावेज निकाले गए तो पता चला कि इस कार्यक्रम में मजदूर महज 15 हजार आए थे। 5 रुपए बोतल वाला पानी 18 रुपए में खरीदा गया। 6 की जगह सिर्फ 4 डोम बने थे। 150 अतिथियों को 10-10 हजार रुपए का मोमेंटो दिया गया, जिसकी कीमत 4 हजार रुपए है। कुर्सियाँ भी 10-12 हजार ही लगी थीं।

प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि जिस कांग्रेस में संगठन के खजाने तक में डाका डालने में कांग्रेसियों को कोई हिचक और शर्म महसूस नहीं होती, उस कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार ने सरकारी खजाने को उलीचने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी, यह तथ्य इस और इस प्रकार के आयोजनों और उसके पश्चात एजेंसियों को किए गए बेहिसाब भुगतानों से पता चलता है। ये सारे घोटाले सरकार और उसके नुमाइन्दों द्वारा किए गए। उन एजेंसियों ने जैसा चाहा, वैसा बिल दिया और भुगातान भी लिया। बिना किसी पड़ताल के एजेंसियों को करोड़ों के बिल आँख मूंदकर स्वीकृत किए और भुगतान भी किए। श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश कती बाजपा सरकार इस मामले पर गंभीर है और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते सभी दोषियों को उनकी सही जगह भेजा जाएगा।

## एक राष्ट्र -एक चुनाव पर 26 से सेमीनार का आयोजन

**रायपुर**, 22 मई (देशबन्धु)। कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी अध्यक्षता में बैठक हुई। 26 मई को एक राष्ट्र - एक चुनाव पर सेमीनार का आयोजन वृन्दावन हाल सिविल लाईन में किया जायेगा। मिटिंग में कैट, युवा कैट, महिला कैट एवं ट्रांसपोंट कैट के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

अमर पारवानी ने बताया कि मार्च-अप्रैल 2021 के दौरान चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में हुए चुनावों का भी संभावित योगदान माना जा रहा है इसलिये च्एक राष्ट्र, एक चुनावज् जैसी महत्त्वपूर्ण अवधारणा पर तर्कपूर्ण चर्चा करना आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार देश में प्रत्येक वर्ष कम-से-कम एक चुनाव होता है। दरअसल प्रत्येक राज्य में प्रत्येक वर्ष चुनाव भी होते हैं। उस रिपोर्ट में नीति आयोग ने तर्क दिया कि इन चुनावों के चलते विभिन्न प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नुकसान होते हैं। चुनाव की अगणनीय आर्थिक लागत: बिहार जैसे बड़े आकार के राज्य के लिये चुनाव से संबंधित सीधे बजट की लागत लगभग 300 करोड़ रुपए है। इसके अलावा अन्य वित्तीय लागतें एवं अगणनीय आर्थिक लागतें भी हैं। प्रत्येक चुनाव के दौरान सरकारी तंत्र चुनाव ड्यूटी और संबंधित कार्यों के कारण अपने नियमित कर्तव्यों से चूक जाता है। चुनावी बजट में चुनाव के दौरान उपयोग किये जाने वाले इन लाखों मानव-घंटे की लागत की गणना नहीं की जाती है। श्री पारवानी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता सरकार की कार्यकारिणी को भी प्रभावित करती है, क्योंकि चुनावों की घोषणा के बाद न तो किसी नई महत्त्वपूर्ण नीति की घोषणा की जा सकती है और न ही क्रियान्वयन। प्रशासनिक लागतें: सुरक्षा बलों को तैनात करने तथा बार-बार उनके परिवहन पर भी भारी और दृश्यमान लागत आती है। संवेदनशील क्षेत्रों से




इन बलों को हटाने और देश भर में जगह बार-बार तैनाती के कारण होने वाली थकान तथा बीमारियों के संदर्भ में राष्ट्र द्वारा एक बड़ी अदृश्य लागत का भुगतान किया जाता है। इस अवधारणा के अंतर्गत मुख्य रूप से 5 मुद्दों पर चर्चा किये जाने की आवश्यकता है। बैठक में मुख्य रूप से अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, परमानन्द्र जैन, वासु माखीजा, सुरिन्द्रर सिंह, अजय अग्रवाल, अवनीत सिंह, अमरीक सिंह, श्रीमती मधु अरोरा, श्रीमती पिंकी अग्रवाल, श्रीमती प्रेरणा भट्ट, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज, नरेश कुमार पाटनी, प्रीतपाल सिंह बग्गा, महेश खिलोसिया, जयराम कुकरेजा, महेन्द्र बागरोडिया, कान्ति पटेल, नागेन्द्र तिवारी, अमर धींगानी, विजय पटेल, विक्रांत राठौर, दीपक विधानी, लोकेश साहू, राजेन्द्र खटवानी, मनीष सोनी, रतनदीप सिंह, शैलेन्द सिंह, बी.एस. परिहार व अन्य शामिल थे।

## रायपुर में स्कूटी से ले जाई जा रही थी 11 लीटर देशी शराब, युवक गिरफ्तार

**अवैध शराब पर आबकारी विभाग की कार्रवाई**

**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। रायपुर में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग ने एक युवक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी स्कूटी से देशी मसाला शराब ले जा रहा था। आरोपी के खिलाफमामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। यह मामला शिवनगर इलाके का है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी जेबा खान ने जानकारी दी कि एक युवक एक होंडा एक्टिवा से लगभग 11 लीटर देशी मसाला शराब ले जा रहा था। गुप्त सूचना मिलने पर आबकारी विभाग की टीम ने थाना डी डी नगर क्षेत्र से उसे पकड़ा। आरोपी के खिलाफआबकारी अधिनियम की धारा 34 ;2 के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी की पहचान मोहम्मद तसलीम के रूप में हुई हैए जो स्कूटी में देशी शराब का परिवहन कर रहा था।

**लगातार हो रही है अवैध शराब के खिलाफकार्रवाई**

आबकारी विभाग लगातार अवैध शराब बिक्री और परिवहन पर सख्त कार्रवाई कर रहा है। इससे पहले बाजार चौक चंगोराभाठा के केसर यादव को भी धारा 34;2 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वहींए सतनामी पारा सरोना मार्ग में गेंदराम टंडन संत रविदास वार्ड में दिनेश मानिकपुरीए वार्ड क्रमांक 69 में अन्नू पाण्डेय और वार्ड क्रमांक 20 कोटा क्षेत्र में हिमालय जांगड़े पर धारा 34 1 ख के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## छग अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने पांच दिवसीय कार्य संस्कृति को समाप्त करने के संभावित निर्णय का घोर विरोध किया

**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने कतिपय समाचार पत्रों में प्रकाशित उन समाचारों का तीव्र विरोध किया है, जिनमें राज्य सरकार द्वारा सप्ताह में पाँच कार्य दिवसों की कार्य संस्कृति को समाप्त कर पुन: छह दिवसीय कार्य प्रणाली लागू करने की संभावनाएँ व्यक्त की गई हैं।

फेडरेशन के संयोजक श्री कमल वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि सप्ताह में पाँच कार्य दिवस की व्यवस्था पूर्ववर्ती सरकार द्वारा अत्यंत विचार-विमर्श कर, कर्मचारियों एवं आम जनता दोनों के हित में लागू की गई थी। इस निर्णय से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को न केवल अपने घरेलू कार्यों, बल्कि पारिवारिक सदस्यों के इलाज जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों को भी सुगमता से निभाने का अवसर प्राप्त हुआ है। शनिवार और रविवार को वे अपने स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत कार्यों के लिए समय निकाल पाते हैं।

श्री वर्मा ने यह भी कहा कि यह कहना पूर्णत: अनुचित है कि पाँच दिवसीय कार्य प्रणाली से कार्य प्रभावित हो रहा है। वास्तविकता यह है कि अधिकारी-कर्मचारी देर रात तक कार्य करते हैं तथा विधानसभाओं के सत्रों और वर्षांत में अवकाश के दिनों में भी आठ-आठ घंटे से अधिक कार्य करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में राज्य के विभिन्न कैडरों में केवल 60त्न पद ही भरे हुए हैं, और यही 60त्न कार्मिक समस्त शासकीय योजनाओं का 100त्न कार्यभार वहन कर रहे हैं।

नवा रायपुर सहित अन्य कार्यालयों में कार्यरत शासकीय सेवक प्रात: 10ः00 बजे कार्यालय पहुंचते हैं, और उन्हें नियमानुसार सायं 5ः30 बजे तक कार्यालय छोड़ देना चाहिए, किंतु इसके उपरांत भी मंत्रालय, संचालनालय एवं अन्य कार्यालयों में देर रात तक कार्य करते हुए अधिकारी-कर्मचारियों को देखा जा सकता है।

फेडरेशन ने यह भी स्मरण कराया कि पूर्व में माह के दो शनिवार को अवकाश की व्यवस्था पहले से ही प्रचलित थी। वर्तमान में भारत सरकार एवं अधिकांश राज्यों में पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू है, ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य में इस व्यवस्था को केवल च्प्रोपेगंडाज् के आधार पर समाप्त करना एक अत्यंत संवेदनहीन एवं कर्मचारी विरोधी कदम होगा। फेडरेशन ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सरकार से यह मांग की है कि शासकीय सेवकों पर बंधुआ मजदूरों की भांति अतिरिक्त कार्यभार डालने की बजाय नियमित भर्ती कर रिक्त पदों की पूर्ति की जाए, जिससे कार्यों का निष्पादन अधिक प्रभावी रूप से हो सके।

## असमय बिजली कटौती की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए : रामकुमार सोनी



**कुम्हारी,** 22 मई (देशबन्धु)। इन दिनों बढ़ती बिजली कटौती की समस्या से कुम्हारी वासियो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है आए दिन बार-बार बिजली का बंद चालू होना घरेलू विद्युत उपकरणों के खराब होने का कारण बन रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रामकुमार सोनी ने इस बात को लेकर नाराजगी जताते हुए विज्ञप्ति जारी कर आरोप लगाया है कि इस परेशानी के लिए जब विद्युत विभाग में फोन लगाने पर ऑफिस में कोई जवाबदार व्यक्ति फोन नहीं उठाता नहीं कोई जवाब देही होता है इस समस्या से निजात कैसे मिले इसपर विद्युत विभाग के अधिकारियों को बैठकर उचित निष्कर्ष निकालना आवश्यक है ईधर भीषण गर्मी में यह समस्या और विकराल रूप लेता जा रहा है जिसके चलते आम जनमानस में काफी रोष है। अगर यही स्थिति रही तो हमे आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदार विद्युत विभाग की होगी। वैसे इस गंभीर विषय को लेकर गुरुवार को विद्युत विभाग के अधिकारियों की एक बैठक नगरपालिका अध्यक्ष के साथ हुई जिसमें अधिकारियों ने अपनी समस्याएं भी बताई जिसमे प्रमुख रूप से स्थानीय विद्युत विभाग में पर्याप्त स्टाफ की कमी मुख्य है साथ ही यह आश्वासन भी दिया गया कि भविष्य में इसपर और गंभीरता से कार्य किया जाएगा।

## निधन

### पं. रमाकांत शर्मा



**रायपुर**, 22 मई। श्रीदेव पंचांग वाले पंडित रमाकांत शर्मा (सुपुत्र - स्व. पं. वासुदेव शर्मा ) का आकस्मिक निधन आज 22 मई गुरुवार को दोपहर 3.15 बजे हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा 23 मई शुक्रवार को सुबह 10.30 बजे, निवास स्थान बी-8, श्रीराम नगर, टीवी टावर के आगे, रायपुर से नयापारा दुर्गामंदिर चौक निवास होकर मारवाड़ी श्मशान घाट, रायपुर जावेगी! शोकाकुल परिवार -पं. लक्ष्मीकांत शर्मा, उमाकांत शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, नरेंद्र शर्मा (भाई) आशुतोष, अभिषेक शर्मा (पुत्र)अमिताभ, राजीव, प्रणव शर्मा (भतीजे)।

## मानिकपुरी पनका/पनिका समाज का प्रादेशिक निर्वाचन हेतु नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ

**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मानिकपुरी पनिका समाज की आहुत बैठक समाज के प्रादेशिक निर्वाचन के लिए अहम निर्णय लिए गए। बैठक की शुरूवात सद्गुरू कबीर साहेब के मंगल आरती से हुई। जिसमें प्रदेश के सभी निर्वाचन अधिकारी सहित विभिन्न जिलों से पहुंचे जिला निर्वाचन अधिकारी और समाजिक वृंद शामिल हुए। बैठक प्रारंभ होते ही मुख्य निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश मानिकपुरी के द्वारा प्रदेश की मतदाता सूची के प्रकाशन से सभी को अवगत कराया और बताया कि इस बार छत्तीसगढ के पूरे 33 जिलों से हजारों की संख्या में सामाजिक लोगों ने मतदाता सूची में अपना नाम और पता की प्रविष्टि कराया है। इसी के साथ निर्वाचन हेतु नामांकन फॉर्म भरने की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई जो द 23-मई तक जारी रहेगी। नामांकन फॉर्म सभी जिला मुख्यालयों में वितरण हेतु उपलब्ध करा दी गई है। ऐसे अभ्यर्थी जो फार्म समय पर जमा करने में असमर्थ हो वे निर्वाचन अधिकारी से चर्चा पश्चात आन लाइन नामांकन की सुविधा प्राप्त कर सकेगें। नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी 25 मई की जावेगी तथा उसी दिन प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर चुनाव चिन्ह का आबंटन किया जावेगा प्रदेश में मतदान प्रक्रिया 15-जून- दिन रविवार को सुबह 9-00 बजे से दोपहर 3-00 बजे तक होगा जिसमें प्रदेश के सभी जिलों एंव विकास खंडों में सुविधापूर्ण मतदान हेतु मतदान केन्द्र बनाए जाएगें। प्रदेश निर्वाचन समिति इस बार पदों की संख्या में वृद्धि करते हुए कुल नौ पद का निर्वाचन कराएगी जिसमें महिलाओं और युवाओं को भी नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त हो सकेगा। इस तरह वह्मस्त्र प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव और प्रदेश कोषाध्यक्ष हेतु एक एक पद, प्रदेश उपाध्यक्ष हेतु तीन पद जिसमें एक वरिष्ठ, एक महिला तथा एक युवा उपाध्यक्ष होगें। प्रदेश सचिव तथा सह सचिव का भी एक एक पद सृजित किया गया है एक पद महिला के लिए सुरक्षित रखा गया है। समिति द्वारा सभी पदों के लिए नामांकन राशि तय कर जानकारी दे दी गई है। प्रदेश के समाजिक निर्वाचन हेतु समाजिक नियमावली बनाकर समस्त समाजिक वृंद को सोशल मिडिया, प्रिंट मिडिया आदि के माध्यम से पहुंचाने का प्रयास किया गया है। नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होने पर विभिन्न पदों के लिए नामांकन फॉर्म का वितरण कर दिया गया है जिसमें प्रदेश अध्यक्ष से लेकर सह सचिव के पद भी शामिल है। बैठक में सहायक निर्वाचन अधिकारी घनश्याम दास मंहत ने कहा कि प्रदेश में समाज को सही और स्वच्छ दशा दिशा देने के के लिए यह अच्छा अवसर है प्रदेश की सारी प्रतिभाएं प्रादेशिक मंच पर अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन कर समाज विकास की नयी ऊंचाईयों को आयाम देगें।



**महादेवघाट रायपुर में प्रदेश निर्वाचन पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई**

## छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष ने दो दिवसीय समीक्षा बैठक लेकर निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव की अध्यक्षता में 21 एवं 22 मई 2025 को मंडल मुख्यालय में दो दिवसीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आयुक्त अवनीश कुमार शरण (आई.ए.एस.) के साथ मंडल के विभिन्न विभागों ङ्क प्रशासनिक, तकनीकी, लेखा, वास्तुविद एवं संपदा शाखा के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर रायपुर मुख्यालय के साथ-साथ रायपुर, नवा रायपुर, जगदलपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं अंबिकापुर से संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और इनके द्वारा अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत समस्त योजनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया गया।




बैठक का उद्देश्य मंडल द्वारा संचालित निर्माण परियोजनाओं की वर्तमान प्रगति की समीक्षा करना, प्रशासनिक कार्यों की गति को परखना, तथा आगामी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश तय करना था। अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति पर विशेष ध्यान देने का निर्देश देते हुए कहा कि सभी योजनाएं तय समय-सीमा के भीतर पूरी की जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक परियोजना में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और इसके लिए नियमित निरीक्षण, मापन एवं परीक्षण की सशक्त व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने समीक्षा के दौरान विभिन्न मुद्दों पर अधिकारियों को मार्ग दर्शन दिए। उनके द्वारा निर्देश दिये गये है कि मण्डल की जो आगामी आवासीय योजना है उनका डिजाईन ड्राईंग सामान्य हितग्राही की जो च्एक घर के लिएज् भावना होती है, उसके अनुरूप तैयार किया जाए। भवनों का एलिवेशन, कलर डिजाईन अच्छा व आकर्षक रखा जाए। खिड़की दरवाजे के कोर अक्सर टूट जाते है, अत: भवनों की खिड़कियों / दरवाजों के चौखट में ग्रेनाईट या कोटा स्टोन का फ्रेम लगाया जाए। दिव्यांगजनों हेतु निर्मित सभी रैम्प में स्टील का रैलिंग लगाया जाए जिससे उनको सुविधा मिल सके। इन सभी प्रावधानों का सभी योजनाओं की एन.आई.टी. में प्रावधान किया जाए। आगामी योजनाओं मे जन आकांक्षओं को ध्यान में रखते हुए यथा संभव वास्तु के अनुरूप भवनों को डिजाइन किया जाए। उन्होंने कहा कि 3-4 महिनों में मण्डल की आवासीय योजनाओं हेतु भूमि चिहांकित कर आबंटन हेतु आवेदन व संबंधित जिला कार्यालय को करें। साथ ही आगामी वर्षाॠतु से पहले एक योजना तैयार कर वृहद रूप से सभी कॉलोनियों में कॉलोनी वासियों से समन्वय कर वृक्षारोपण का अभियान चलाया जाए। नवाचार की दृष्टि से मण्डल की कॉलोनियों में सोलर एनर्जी का किस प्रकार उपयोग किया जा सकता है इसकी कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने कॉलोनियों में बाक्स क्रिकेट का प्रावधान रखने के भी निर्देश दिए।

## संस्था, अवाम ए हिन्द द्वारा नि:शुल्क भोजन वितरण कार्य के 5 वर्ष से अधिक दिन पूर्ण होने पर महापौर मीनल चौबे हुई शामिल

**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। राजधानी की सर्वधर्म जनहित एवं सामाजिक संस्था, अवाम ए हिन्द सोशल वेलफेयर कमेटी के तत्वावधान में संचालित सुपोषण अभियान अंतर्गत गरीब, असहाय, जरुरतमन्दों को नि:शुल्क भोजन वितरण सेवा कार्य के सफलतापूर्वक 05 वर्ष से अधिक अर्थात 1880 दिन पूर्ण करते हुए शासकीय डी.के.एस अस्पताल में अन्य जिलों व गांव वनांचल, दूर दराज से इलाज के लिए आये मरीज के परिजनों को स्वादिष्ट भोजन के साथ मिष्ठान, शरबत एवं फलों का वितरण किया गया। संस्था द्वारा आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में रायपुर राजधानी की महापौर, श्रीमती मीनल चौबे जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही, जिन्होंने संस्था का उत्साहवर्धन करने हेतु कार्यक्रम स्थल में उपस्थित होकर मरीजों के परिजनों से रूबरू होकर उनका हाल चाल पूछते हुए अपने हाथों से जरूरतमंदों को भोजन वितरण किया।



संस्थापक, मो. सज्जाद खान ने श्रीमती मीनल चौबे जी का पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया और बताया कि संस्था निरन्तर प्रयासों से अपने दायित्वों का निर्वहन कर गरीब असहाय, निराश्रित जरूरतमंदों को निरंतर सहायता कर नि:शुल्क भोजन मुहैया कराने का कार्य बिना किसी शासकीय अनुदान प्राप्त किये पूरा किया। महापौर ने संस्थापक, मो. सज्जाद खान के नेतृत्व में मानवता के क्षेत्र में किए जा रहे इस मानवीय कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की। आज सम्पन्न इस कार्यक्रम में संस्थापक, मो. सज्जाद खान के साथ राजेंद्र शर्मा, अनिल शुक्ल, जुबैर खान, पूनम यादव, वसीम अकरम, कुलविंदर सिंह, अरहम खान, देवानंद सिन्हा, राजकुमार साहू, प्रीति जैन, रिंकी शुक्ला सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**संस्था के कार्यों की सराहना कर मरीजों के परिजनों को किया भोजन, फल, मिष्ठान वितरण**

## वीर सावरकर वार्ड और माधवराव सप्रे वार्ड में 4.12 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। रायपुर नगर निगम क्षेत्र के वीर सावरकर वार्ड और माधवराव सप्रे वार्ड में कुल 4.12 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन आज रायपुर पश्चिम के विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राजेश मूणत ने किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़, लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



विधायक राजेश मूणत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सावरकर वार्ड 1 को विकास के मामले में भी नंबर एक बनाया जाएगा और जनता का विश्वास बनाए रखा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि जनता की मांग पर ही ये योजनाएं बनाई गई हैं, और उन्हें कार्यान्वित करके दिखाया जाएगा।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कहा कि यह भूमिपूजन रायपुर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रकार के विकास कार्यों से नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर मिलेगा। सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने कहा कि इन कार्यों से रायपुर के प्रत्येक वार्ड का समग्र विकास होगा और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

**विधायक राजेश मूणत ने किया भूमिपूजन, बोले- वार्ड होगा विकास में नंबर वन**

सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने कार्यक्रम में कहा, च्आज का यह भूमिपूजन रायपुर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन विकास कार्यों से शहर के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और हर वार्ड में समग्र विकास होगा। हम सभी जनप्रतिनिधि मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी क्षेत्र विकास से अछूता न रहे। यह कार्य शहर के सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम पहल है।

पार्षद संदीप साहू ने कहा- मैं रायपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक राजेश मूणत जी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं जो राजनीति से ऊपर उठकर हमारे वार्ड के विकास कार्यों के लिए सजग हैं और निरंतर विकास कार्यों को गति प्रदान कर रहे हैं। च्यह केवल शुरुआत है, आगे और भी योजनाएं जनता के बीच विधायक जी द्वारा लाई जाएंगी। विधायक जी का प्रयास है कि कोई गली, कोई मोहल्ला विकास से अछूता न रहे।

कार्यक्रम में प्रफुल्ल विश्वकर्मा, प्रीतम ठाकुर, अशोक पांडे, बजरंग खंडेलवाल, आँशु चंद्रवंशी दीपक जायसवाल बल्ला साहू विशेष शाह, विशाल पांडे, कमलेश वर्मा, गायत्री चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, अर्जुन यादव, भोलाराम साहू, नवीन शर्मा, गोपी साहू, रजियंत ध्रुव, चैतन्य टावरी, गुड्डा तिवारी, विनय जैन, नवीन सिंह दीनबंधु ठाकुर संजय सिंह राजू श्रीवास हरिश्चंद्र नरेंद्र कटरे जितेंद्र ठाकुर लल्ला यादव खेलन दीवार वासु ठाकुर पिनकेश्वर साहू थानेश चक्रधारी प्रहलाद जल छतरी नरेश नामदेव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

# ड्रग्स पैडलिंग करने वाले प्रोफेसर गैंग के आरोपियों को 5 साल की सजा

**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में ड्रग्स पैडलिंग करने वाले प्रोफेसर गैंग के सभी चार आरोपियों को कोर्ट ने पांच साल की सजा सुनाई है प्रोफेसर गैंग के मुख्य सरगना आयुष अग्रवाल, चिराग शर्मा, कुसुम हिंदुआ और महेश सिंह खड़का को पुलिस ने कोकीन तस्करी करते धोतरे पैलेस से गिरफ्तार किया था एनडीपीएस एक्ट की विशेष न्यायाधीश किरण थवाइत के कोर्ट ने आज सभी आरोपियों को सजा सुनाइ 2024 में रायपुर क्राइम ब्रांच की टीम ने मनी हाईस्ट की तर्ज पर चलने वाले प्रोफेसर गुप्र का पर्दाफाश किया था इस दौरान बड़ी मात्रा में ड्रग्स के साथ तीन शातिर तस्करों की गिरफ्तारी हुई थी पुलिस की टीम शातिर तस्करों की निशानदेही पर तस्करी का बैकवर्ड नेटवर्क आर्यन ठाकरे को भी गिरफ्तार किया था उसके पास से 10 लाख रुपए से अधिक का ड्रग्स बरामद हुआ था।



### हिमाचल के कुल्लू मनाली से रायपुर में करते थे ड्रग्स सप्लाई

दरअसल टिकरापारा क्षेत्र में पुलिस ने 10 लाख के ड्रग्स के साथ आर्यन ठाकरे को धर दबोचा था शातिर तस्कर आर्यन ही शुभम सोनी अभिषेक साहू और सोनू अग्रवाल समेत अन्य को ड्रग्स की सप्लाई करता था पुलिस की पूछताछ में आर्यन ने क़बूल किया कि हिमाचल के कुल्लू मनाली से ड्रग्स लाकर छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यो में ड्रग्स की तस्करी करता था पुलिस की टीम आर्यन ठाकरे के क़ब्ज़े से मोबाइल फ़ोन समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ज़ब्त की थी

### शातिर तस्करों के पास 600 से अधिक कॉलर के नंबर

पुलिस सूत्रों के मुताबिक तस्करों के कब्जे से 600 से अधिक कॉलरों के डीटेल सामने आए ह पुलिस अधिकारियों को शंका है कि आरोपियों से कई बड़े चेहरे ड्रग्स खरीदा करते थे जिनमें उद्योगपति बिल्डर्स और कारोबारियों के नाम शामिल हो सकते हैं इसकी जांच की जा रही हैण् जल्द साइबर सेल की टीम पूरे नंबरों की लिस्ट तैयार कर पूछताछ के लिए तलब कर सकती है

# ईओडब्ल्यू ने छापेमारी के बाद कारोबारियों से मांगा हिसाब

**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। ईओडब्ल्यू ने शराब घोटाले में छापेमारी के बाद कारोबारियों से प्रॉपर्टीए ज्वेलरी निवेश लेनदेन के दस्तावेज बैंक ट्रांजेक्शन और 1 करोड़ 9 लाख रुपए का हिसाब मांगा है। साथ ही इसके दस्तावेजी साक्ष्य पेश करने को कहा है। इसका हिसाब नहीं देने पर घोटाले से अर्जित ब्लैकमॅनी मानकर सीज किया जाएगा। आय.व्यय और अर्जित होने वाले स्त्रोत का ब्यौरा देने पर इसका परीक्षण किया जाएगा। तलाशी में बरामद इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को डिकोड करने एक्सपर्ट को बुलवाया गया है। रिपोर्ट मिलने पर सिंडीकेट में शामिल लोगों के ठिकानों में छापेमारी का सिलसिला शुरू होगा।

**दस्तावेज पेश नहीं करने पर करेगी जब्त**

बता दें कि 2161 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में जेल भेजे गए पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा व उनके पुत्र हरीश के करीबी दोस्तोंए कारोबारियों के 4 दिनों में 17 से 20 मई के बीच रायपुर राजिम महासमुंद धमतरी दुर्ग.भिलाईए जगदलपुर सुकमा दंतेवाड़ा सहित कुल 52 ठिकानों में छापेमारी की गई। इस दौरान बरामद चल.अचल संपत्तियों कैश ज्वेलरी और अन्य दस्तावेजों को जांच के लिए जब्त किया गया है।

### गिरफ्तारी का सिलसिला जल्द

शराब घोटाले में लगातार छापेमारी के बाद जल्दी ही गिरफ्तारी का सिलसिला शुरू होगा। ईओडब्ल्यू के अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि दस्तावेजों के परीक्षण और पूछताछ के दौरान संतोषजनक जवाब नहीं देने पर गिरफ्तार किया जाएगा। साथ ही कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

### जांच की आंच मुंबई तक पहुंची

शराब घोटाले की जांच छत्तीसगढ़ और यूपी के नोएडा से होते हुए मुंबई तक पहुंच गई है। बताया जाता है कि पूर्व आबकारी मंत्री कवासी के बेटे हरीश और छापेमारी की जद में आने वाले रायपुर के जी नागेश द्वारा मुंबई के ठाणे में एक कारोबारी के निवेश करने के इनपुट मिले थे। इसकी जांच करने के लिए ईओडब्ल्यू की टीम मुंबई गई है। बताया जाता है कि शराब घोटाले से अर्जित ब्लैकमॅनी पकड़े जाने के डर से मनीलॉन्ड्रिग के जरिए रकम को जांच एजेंसी ने निवेश करना बताया है।

# हाईवा और ट्रक में टक्कर हाइवा चालक गंभीर



**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। गुरुवार की सुबह आमानाका इलाके में रेत परिवहन कर रही हाईवा और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर में हाईवा का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हाईवा चालक केबिन में फंस गया। क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को अलग कर चालक को बाहर निकाल इलाज के लिए एम्स अस्पताल भेजा गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# चोरी के 3 दोपहिया साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी के मामले को सुलझा लिया है इस दौरान 2 आरोपी युवक गिरफ्तार किए गए हैं बताया गया क्रि प्रार्थी करमजीत सिंग चिमा ने थाना आमानाका में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह हर्षित रत्न कालोनी टाटीबंध आमानाका रायपुर में रहता है। 18 मई अपने बूलेट वाहन क्रमांक सी जी 04 एल बी 8848 को दोपहर के समय अपने घर के सामने खड़ा किया था थोड़ी देर बाद देखा तो बूलेट वाहन खड़ी किये गये स्थान पर नहीं था। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी की खड़ी उक्त बूलेट वाहन को चोरी कर ले गया कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना आमानाका में धारा 303;2द्ध बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आमानाका पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करने के साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ किया गया। घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी सी टी व्ही् कैमरों के फुटेजों का अवलोकन किया गया। प्रकरण में मुखबीर लगाने के साथ ही वाहन चोरी के पुराने आरोपियों के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर अज्ञात आरोपी की पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई तथा टीम के सदस्यों द्वारा आरोपियों की पहचान शिवम सिंग राजपूत एवं आयुष उर्फबबली राउत के रूप में करते हुये दोनों की पतासाजी कर उन्हें पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा वाहन चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। वाहन चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा थाना गुढ़ियारी क्षेत्र से बूलेट वाहन तथा तेलीबांधा क्षेत्र से सुजुकी बर्गमेन वाहन भी चोरी करना बताया गया। वाहन चोरी की उक्त दोनों घटनाओं में आरोपियों के विरूद्ध धारा 303;2 बी एन एस का अपराध दर्ज है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 03 नग दोपहिया वाहन 01 बूलेट वाहन क्रमांक सी जी 04 एल बी 8848ए 02 बूलेट वाहन क्रमांक सी जी 04 एम डी 9957 03 सुजुकी बर्गमेन वाहन क्रमांक सी जी 04 पी जे 8979 जुमला कीमती लगभग 4 50 000ध् रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।



# कुम्हारी टोल प्लाजा बंद करने विकास ने भाजपा सांसदो को लिखा पत्र

**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने आज छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के 10 सांसद को कुम्हारी टोल प्लाजा को लेकर पत्र प्रेषित किया। उपाध्याय ने बताया कि छत्तीसगढ़ के दो महत्वपूर्ण शहर रायपुर और दुर्ग के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक एनएच संख्या, 6 पर स्थित कुम्हारी टोल प्लाजा, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ में टोल वसूली जून 2006 से शुरू की गई। संबंधित ठेकेदार ने इस टोल वसूली को शर्तों के अनुसार 2015 तक जारी रखा, और 2015 के बाद 2020 तक कंसेशन रेट में टोल वसूला, अब नियम के अनुसार टोल वसूली की नियत खत्म हो चुकी है लेकिन उसके बावजूद टोल वसूल कर रायपुर और दुर्ग की जनता पर अतिरिक्त भार डाला जा रहा है। नियम और शर्तों के अनुसार अधिकृत तिथि 2मार्च 2015 को टोल वसूली समाप्त किया जाना था, लेकिन विभाग द्वारा 40 प्रतिशत बढ़ाकर इसे 16 अगस्त 2020 तक वसूली की गई। किन्तु इसके बावजूद उक्त टोल प्लाजा में अभी तक अनाधिकृत रूप से टोल शुल्क की वसूली की जा रही है, जो नियमों और सरकारी दिशा-निर्देशों का घोर उल्लंघन है। यह अवैध वसूली न केवल स्थानीय नागरिकों, वाहन चालकों और व्यापारिक समुदाय के लिए आर्थिक शोषण का कारण बन रही है, बल्कि प्रशासन और सरकार की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। स्थानीय लोगों द्वारा इस अव्यवस्था के विरुद्ध कई बार शिकायतें की गई हैं, परंतु अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

- प्रदेश हित के लिए टोल प्लाजा शीघ्र बंद कराने सांसद आगे आए
- कुम्हारी टोल प्लाजा का टेंडर समाप्त हो जाने के बाद भी अवैध वसूली निरन्तर जारी

उपाध्याय ने सांसदों को पत्र के माध्यम से बताया कि आपके भी संसदीय क्षेत्र के लोग इस टोल प्लाजा से आना-जाना करते हैं और उन पर भी टोल प्लाजा के रूप में टैक्स की वसूली की जा रही है जो कि नीतिगत नहीं है। अत: आप भी जनता के इस लड़ाई में और छत्तीसगढ़ के हित के लिए इस टोल प्लाजा को शीघ्र बंद कराने परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से चर्चा करें और इस टोल प्लाजा को बंद कराने में सहयोग करें। पूर्व में हमारे द्वारा मंत्री से चर्चा हेतु समय मांगा गया किंतु आज तक हमें समय नहीं मिला है।

उपाध्याय ने मुख्य बिन्दु पर आवश्यक रूप से ध्यान देने हेतु निवेदन किया है जिसमें, कुम्हारी टोल प्लाजा में चल रही अवैध टोल वसूली को अविलंब बंद कराया जाए। इस प्रकार की अनियमितताओं में संलिप्त एजेंसी अथवा व्यक्तियों पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए स्थायी निगरानी व्यवस्था बनाई जाए।

# सीमेंट कंपनी की डीलरशिप का दिया झांसा ठेकेदार से 2.94 लाख की कर दी ठगी

**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। एक सीमेंट कंपनी की डीलरशिप दिलाने का झांसा देकर ठेकेदार से लाखों रुपए ठग लिए गए। इसकी शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफअपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पुलिस के मुताबिक निर्माण ठेकेदार जयप्रकाश पटेल ने अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी लिमिटेड की वेबसाइट के जरिए नानट्रेड सीमेंट की डीलरशिप के लिए आवेदन दिया। इसी संबंध में उन्हें कंपनी के कथित मुंबई ऑफिस से कॉल किया गया। कॉल करने वाले ने खुद को कंपनी के ऑफिस का कर्मचारी बताते हुए कहा कि डीलरशिप के लिए कम से कम 2 हजार बोरी सीमेंट का आर्डर करना पड़ेगा। इसके बाद उन्होंने जयप्रकाश की कंपनी से जुड़ी पूरी जानकारी मांगी। इसके बाद कॉल करने वाले ने अपना वॉट्सऐप नंबर दिया और 640 बैग सीमेंट देने के लिए 1 लाख 56 हजार 800 रुपए अपने बताए बैंक खाते में जमा करने के लिए कहा। जयप्रकाश ने उतनी राशि जमा कर दी। इसके बाद फिर कॉल करने वाले ने 560 बोरी सीमेंट के लिए 1 लाख 37 हजार 200 रुपए जमा करने के लिए कहा। पीड़ित ने उतनी राशि भी जमा कर दी। इसके बाद भी तय दिन और स्थान पर सीमेंट की आपूर्ति नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने सीमेंट कंपनी के टोलफ्री नंबर के जरिए जानकारी लीए तो खुलासा हुआ कि जिस बैंक खाते को कंपनी का बताया जा रहा थाए वह उसका खाता नहीं था। इससे पीड़ित को ऑनलाइन ठगी का एहसास हुआ। इसकी शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात साइबर ठग के खिलाफअपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# पप्पू साहू गैंग का आतंक

**राजधानी में दिनदहाड़े चाकू की नोक पर लूट, पकड़े गए दो कुख्यात बदमाश**

**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के लक्ष्मीनगर क्षेत्र में बदमाशों ने एक व्यक्ति को चाकू की नोक पर लूट लिया। घटना को मोहल्ले के ही कुख्यात अब्दुल्ला उर्फपप्पू साहू गैंग ने अंजाम दिया। आरोपियों ने पीड़ित से मोबाइल फोन सोने की अंगूठी और करीब 5 हजार रुपये नकद लूट लिए। लूट की वारदात के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी अब्दुल्ला और उसके एक साथी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक यह गैंग पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है और मोहल्ले में इनका आपराधिक इतिहास है। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। लक्ष्मीनगर थाना पुलिस ने आश्वासन दिया है कि शेष आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मोहल्ले में शांति व्यवस्था बहाल की जाएगी।

# पड़ोसी ने 10 साल की बच्ची से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। रायपुर में एक 10 साल की बच्ची के साथ पड़ोसी युवक ने देर रात घर से कुछ दूरी पर दुर्ष्कम की घटना को अंजाम दिया। मासूम ने जब परिजनों को घटना की जानकारी दी तब उन्होंने पुलिस में इसकी शिकायत की तब कहीं जाकर पुलिस ने आरोपी 21 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया। बताया जाता हैं कि पड़ोस में रहने वाले 21 वर्षीय युवक ने मासूम को घर से दूसरी जगह ले जाकर दुष्कर्म किया। उसके बाद परिजनों को नहीं बताने की मासूम को धमकाया और फिर मासूम को घर ले जाकर छोड़ा। दूसरे दिन पीड़िता मासूम बच्ची ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजन विधानसभा थाने पहुंच कर एफआईआर दर्ज करवाया इसके बाद पुलिस ने 21 वर्षीय पड़ोसी नागेश्वर यादव को गिरफ्तार कर लिया।



# पेंशनरों ने धारा 49 विलोपित करने विस में सरकार से शासकीय संकल्प पारित कराने रमन सिंह से आग्रह किया

**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधि मंडल आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से प्रत्यक्ष भेंट कर मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 (6) को विलोपित करने आग्रह किया इसके लिए विधानसभा के मानसून सत्र में राज्य सरकार से शासकीय संकल्प पारित कराने उन्हें निर्देशित करने का आग्रह कर ज्ञापन सौंपा प्रतिनिधि मंडल में प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव के अगुवाई में अनिल गोलहानी, प्रवीण त्रिवेदी, ए के दीक्षित, अनिल पाठक, आर जी बोहरे, आदि शामिल रहे और चर्चा में भागीदारी निभाई।

इस अवसर पर डॉ रमन सिंह को अवगत कराया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद से छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के लाखों पेंशनर और परिवार पेंशनर धारा 49 के कारण स्वत्त्वों भुगतान को लेकर लगातार आर्थिक नुकसान उठा रहे हैं। इसे विलोपित करने की मांग को लेकर पेंशनर्स वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं और सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। परंतु सरकार इसे लेकर मौन साधे हुए हैं। मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री, मुख्य सचिव तथा वित्त सचिव को कई कई बार ज्ञापन दे चुके हैंपरंतु सरकार इसे संज्ञान में नहीं ले रहा है। जिसके कारण राज्य के पेंशनर्स आर्थिक नुकसान उठा रहे है।

27 अगस्त 23 को गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ प्रवास पर पेंशनर्स महासंघ के आग्रह पर इस धारा को विलोपित करने आपके द्वारा पत्र भी लिखा जा चुका है हाल ही में महासंघ को जानकारी मिली है कि केंद्रीय एक्ट होने के कारण दोनों राज्यों के सहमति से ही इस एक्ट को हटाया जाना संभव है। इसके लिए दोनों राज्य में विधानसभा में सरकार द्वारा शासकीय संकल्प पारित करने से ही इस एक्ट से राज्य के पेंशनरों को छुटकारा मिल सकता है।

प्रतिनिधि मंडल ने डॉ रमन सिंह से कहा कि धारा 49 के विलोपित होने से मध्यप्रदेश के लगभग 5 लाख से अधिक और छत्तीसगढ़ के लगभग 1 लाख से अधिक पेंशनरों और परिवार पेंशनरों को धारा 49 के कारण महंगाई राहत (डीआर) के लिए दोनों राज्यों के बीच सहमति के कारण होनेवाली विलंब से राहत मिलेगी और दोनों राज्य स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने में सक्षम हो सकेंगे। धारा 49 के कारण राज्य को प्रतिवर्ष 2000 करोड़ से अधिक राशि का नुकसान हो रहा है। उसमें बचत होगी और सरकार को राज्य के विकास के लिए अधिक राशि मिलेगी।




# बोर्ड परीक्षा में खराब प्रदर्शन वाले 40 स्कूलों के प्राचार्यों को नोटिस जारी

**संभागीय संयुक्त संचालक ने कई बिंदुओं पर मांगी जानकारी**

**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। 10वीं.12वीं बोर्ड परीक्षा में खराब प्रदर्शन वाले 40 स्कूलों के प्रचार्यों को संभागीय संयुक्त संचालक रायपुर ने नोटिस जारी किया है परीक्षा परिणाम की समीक्षा के बाद यह कार्रवाई की गई है जारी नोटिस में प्राचार्यों से कई बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है नोटिस में सत्र 2024.25 में आयोजित मूल्यांकन टेस्ट त्रैमासिक अर्धवार्षिक प्री.बोर्ड परीक्षा परिणाम आतंरिक परीक्षाओं में न्यूनतम परिणाम वाले शिक्षकों पर की गई कार्यवाही नोटिस कार्ययोजना कमजोर बच्चों के चिन्हांकन एवं उनके उपचारात्मक शिक्षा की कार्यवाही विवरण लगातार अनुपस्थित बच्चों के संबंध में की गई कार्यवाही शिक्षकों द्वारा बच्चों की जांची गई कॉपी एवं प्राचार्य द्वारा किया गया प्रतिपरीक्षण प्राचार्य एवं शिक्षकों का मुख्यालय निवास एवं उससे स्कूल की दूरी शिक्षकों द्वारा लिए गए अवकाश का विवरण एवं विद्यालय का सत्र 2024.25 में किस अधिकारी ने निरीक्षण किया इसकी पूरी जानकारी मांगी गई है

# प्रदेश में ऑरेंज और येलो अलर्ट

**अगले तीन घंटे में आंधी-बारिश की संभावना**

**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के 11 जिलों में ऑरेंज और 12 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। अगले तीन घंटे में 40.60 किमी प्रति घंटे की तफ्तार से तेज हवा के साथ बारिश और बिजली गिरने की संभावना जताई गई है मौसम विभाग ने सुकमा, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है इन जिलों में 40.60 किमी प्रति घंटे की तफ्तार से तेज आंधी के साथ बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है वहीं सुकमा बीजापुर दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा बस्तर उत्तर बस्तर कांकेर धमतरी बालोद राजनांदगांव गरियाबंद महासमुंद रायपुर और दुर्ग में येलो अलर्ट जारी किया गया है इन जिलों में 30.40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ बारिश की संभावना जताई गई है दुर्ग का पारा 41.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा जबकि अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा जहां न्यूनतम तापमान 23.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया रायपुर बिलासपुर और दुर्ग संभाग के कुछ इलाकों में हल्की बारिश और गरज.चमक हुई लेकिन तापमान में कोई खास गिरावट नहीं आई आज सुबह से बादल छाए रहने से प्रदेश के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है

# एनएच एमएमआई हॉस्पिटल का लायलेंस निलंबित

**रायपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर गौरव सिंह ने लालपुर में स्थित एन एच एम एम आई हॉस्पिटल का अनुज्ञा पत्र लायसेंस निलंबित करते हुए निरस्तीकरण नोटिस व 20 000 का जुर्माना भी लगाया है। यह कार्रवाई बीते 12 सितंबर 24 को एयर एम्बुलेंस में ले जाते समय भारती देवी खेमानी की मृत्यु के मामले में की गई। इस मामले की शिकायत पर जांच प्रतिवेदन अनुसार मरीज को बिना डॉक्टर के एम्बुलेंस में अस्पताल से एयरपोर्ट तक पहुंचाने के दरम्यान लापरवाही बरती गयी है। इसे नर्सिंग होम एक्ट के धाराओं का उल्लंघन है। अस्पताल प्रबंधन ने नर्सिंग होम एक्ट की धारा 9 1 में उल्लेखित प्रावधान तथा मानक के स्थापना में विनिर्दिष्ट नियम के अनुसार अनुसूची 1 के क 3 2 3 3 का उल्लंघन किया। इसी तरह से एक्ट अध्याय 3 के धारा 12 का 1 का उल्लंघन किया जाना पाया गया हैए जो कि अनुज्ञा पत्र के संबंध में बनाये गये प्रावधान का उल्लंघन करता है जो राशि रु 20,000 के जुर्माने से दण्डनीय है। कलेक्टर ने संचालक स्वास्थ्य सेवायें छ ग् आदेशानुसार एन एच एम एम आई हॉस्पिटल लालपुर रायपुर का अनुज्ञा पत्र का निलंबन एवं निरस्तीकरण 30 दिवस का नोटिस जारी किया है। जुर्माने की राशि डिमांड ड्राफ्ट में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रायपुर में जमा करना होगा।

उल्टा पुल्टा

भिखारी- भगवान के नाम पर कुछ दे दो, 2 दिन से कुछ नहीं खाया।
चिंटू ने 500 का नोट निकाला और पूछा 300 रुपये खुल्ले हैं?
भिखारी- हां, है।
चिंटू- तो उसी से कुछ लेकर खा लो भाई।

## संपादकीय

# ईमानदारी से दें परीक्षा

*रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा कुछ माह पहले ली गई विभिन्न पदों की परीक्षाओं में टेकनीशियन पद की भी भर्ती थी। यह परीक्षा अलग-अलग केन्द्रों में ली गयी थी। इसमें बैठे विभिन्न प्रत्याशियों के दस्तावेजों का सत्यापन जब मंगलवार को हुआ तो पाया गया कि एक युवक ने, जिसका नाम सुमीत कुमार बतलाया जाता है, फर्जी दस्तावेज नत्थी किये हैं। उसके खिलाफ़ कार्रवाई की जा रही है। यह भी बतलाया जाता है कि उसने विभिन्न केन्द्रों से नियम विरूद्ध जाकर यह परीक्षा दी है।*

*यह एक गम्भीर जुर्म है। सभी को इससे हर लिहाज़ से बचना चाहिये। न तो किसी के नाम पर परीक्षा दी जाये और न ही किसी को अपनी जगह पर परीक्षा देने के लिये मुन्नाभाई बनाकर भेजा जाये। ऐसे ही, जो भी दस्तावेज़ हों, वे प्रामाणिक होने चाहिये। इसमें खुद का कैरियर दांव पर लगता है। नौकरी के दौरान किसी भी स्तर पर फर्ज़ी दस्तावेजों के आधार पर यह खुलासा होने पर न केवल नौकरी जा सकती है वरन आपराधिक मामला भी चलना तय है। छत्तीसगढ़ के ही कुछ शासकीय (केन्द्रीय व राज्य के) उपक्रमों में इस तरह के लोग काम करते हुए पकड़े गये हैं।*

*हाल के वर्षों में युवा पीढ़ी इस ओर आकर्षित हुई है कि वह किसी और को कुछ ले-देकर अपनी ओर से परीक्षा दिला दे। यह न केवल स्कूल-कॉलेजों की परीक्षाओं में होता है वरन नौकरियों के लिये होने वाली परीक्षाओं को लेकर भी हो रहा है। जो पढ़ाई-लिखाई में फिसड्डी होते हैं, वे ऐसे तरीके अपनाते हैं। वैसे यह भी सच है कि बहुत से राज्यों में ऐसे गिरोह सक्रिय हैं जो पैसे लेकर परीक्षा पेपर मुहैया कराते हैं अथवा लोगों को उत्तीर्ण करा देते हैं। किसी की जगह पर किसी और व्यक्ति द्वारा परीक्षा दिलाने की भी वे व्यवस्था कराते हैं। इतना ही नहीं, वे नौकरियों के लिये आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिये भी सफलता की गारंटी देते हैं। बस, इसके लिये भरपूर रकम देनी होती है।*

*ये सारे ही तरीके अनैतिक हैं। ऐसे उपायों से कोई भी परीक्षा पास की जाये या नौकरी पा ली जाये, वह नैतिक रूप से उचित नहीं है। हो सकता है कि कुछ लोगों की यह चोरी कभी पकड़ी न जाये, परन्तु उनमें आजीवन अपराध भाव रहता है तथा वे खुद को हमेशा असुरक्षित महसूस करते हैं। इसका असर उनकी भावी पीढ़ी पर भी पड़ता है। परिवार के अन्य सदस्य भी पैसों के बल पर सफलता की हमेशा तलाश करते रहेंगे।*

*इसलिये सबसे अच्छा यही है कि किसी भी तरह की बेईमानी न बरतते हुए परीक्षाएं दी जायें- फिर वे चाहे स्कूल-कॉलेजों की हों या नौकरियों की। सम्भव है कि खुद के बूते कोई बड़ी उपलब्धि हासिल न की जा सके। ऐसे में कमतर पर संतोष करना सभी को आना चाहिये।*

# मानदेय मिलने में विलंब से त्रस्त स्वच्छता कामगारों ने किया फिर निगम में धरना प्रदर्शन

**दुर्ग,** 22 मई (देशबन्धु)। इस माह में अभी तक मानदेय की राशि न मिलने के विरोध में दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली स्वच्छता दीदियों ने आज फिर से नगर निगम परिसर में धरना प्रदर्शन किया। निगम आयुक्त की कार के सामने भी प्रदर्शन किया। आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा इस आश्वासन पर कि नगर निगम में राशि उपलब्ध होते ही उन्हें अतिशीघ्र मानदेय का भुगतान कर दिया जायेगा। स्वच्छता दीदियां निगम परिसर से अपने अपने घर चली गई। आज के प्रदर्शन का नेतृत्व भी नगर निगम सफाई कामगार मजदूर संघ के महामंत्री रविकुमार सोनी एवं नागेश धरमगुड़ी ने किया।




उल्लेखनीय है कि नगर निगम में घरोंघर जाकर रिक्शा से कचरा कलेक्शन कर एसएलआर सेंटर कचरा पहुंचाने वाली स्वच्छता दीदियों को प्रतिमाह की 6 तारीख तक मानदेय की राशि मिल जाती है मगर इस माह की आज 22 तारीख हो गई स्वच्छता दीदियों को मानदेय नहीं मिला है। इससे इनकी घरेलू व्यवस्था चौपट हो रही है। पूर्व में 19 मई को भी इन महिलाओं ने नगर निगम परिसर में मौन धरना प्रदर्शन किया था। तब आयुक्त श्री अग्रवाल ने उन्हें दो दिनों में भुगतान कर देने का आश्वासन दिया था। इन दो दिनों में भुगतान न मिलने पर आज फिर स्वच्छता दीदियों ने प्रदर्शन किया। वे सुबह साढ़े 10 बजे से नगर निगम कार्यालय पहुंच गई थी।

आयुक्त श्री अग्रवाल जब साढ़े 11 बजे के आसपास निगम कार्यालय पहुंचे तो स्वच्छता दीदियों ने उन्हें घेर लिया। वे अपनी बात करती रहीं मगर साथियों से इस सुझाव पर कि साहब को उनके कमरें में जाने दो महिलाएं रूक गई। श्री अग्रवाल जब अपने चेम्बर में चले गये तब स्वच्छता दीदियों के कामगार संघ के रविकुमार नागेश धरमगुड़ी व कतिपय दीदियों ने उनके कक्ष में उनसे मुलाकात कर अपना पक्ष रखा। इस पर श्री अग्रवाल ने उन्हें आश्वस्त किया कि राशि उपलब्ध होते ही उन्हें इस बारे में सूचित कर मानदेय का भुगतान कर दिया जायेगा। आंदोलन वापस लिया गया।

उल्लेखनीय है कि शासन के आदेश पर स्वच्छता दीदियों के मानदेय भुगतान की व्यवस्था करती है। उन्हें अब एएलएफ से मानदेय दिया जायेगा। इस नई व्यवस्था के कारण भी भुगतान में विलंब हो रहा है।

# युक्तिकरण से 4 हजार सरकारी स्कूल हो जाएंगे बंद : ताम्रध्वज

**दुर्ग**, 22 मई (देशबन्धु)। भाजपा ने सत्ता में आने के बाद आपा खोकर शिक्षा विभाग को मानो प्रयोगशाला बना दिया है।



उक्त बातें कांग्रेस सरकार के पूर्व गृहमंत्री व दुर्ग ग्रामीण विधायक रहे ताम्रध्वज साहू ने प्रदेश के विष्णुदेव सरकार पर तंज कसते हुए कही। उन्होंने कहा कि स्कूली विभाग के शालाओं और शिक्षको के युक्तिकरण के कदम से पूरे प्रदेश भर में तकरीबन 4 हजार सरकारी स्कूल बंद हो जायेगे, वहां कार्यरत स्कूल के सफाई कर्मी और बरसात, ठंड व गर्मी में दशको से मिड डे मिल बनाने वाले हजारों रसोईया, सफाई कर्मी बेरोजगार हो जायेगें। उन्होने कहा नियमो को देखकर लगता हैए सरकारी स्कूल शिक्षा का मंदिर की गांरटी नहीं वरण सिर्फभोजन की गांरटी बन कर रह जाएगें। कैसे बढ़ेगी शिक्षा की गुणवत्ता, जब सेटअप ही रहेगा कमजोर, हजारों डिग्रीधारी युवा वर्ग बेरोजगार हो जायेंगें वही यह विडम्बना ह कि मातृशक्ति को सम्मान देने महतारी वंदना में एक हजार देकर वाहवाही बटोर रही है सरकार। ताम्रध्वज साहू ने कहा नये सत्र से 67 नई शराब दुकान खोलने से युवाओं में शराब पीने का क्रेज बढ़ते जा रहा ह, शराब लोगो को आसानी से हाथो हाथ मिल रही है इससे प्रदेश में कानून व्ययवस्था बिगड़ते जा रही है, अपराध लूट, डकैती, हत्या, चोरी, लुटपाट अपराध का ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# मुख्यमंत्री सामुहिक योजना : मुस्लिम समाज के दस जोड़ों का निकाह



**दुर्ग,** 22 मई (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत ग्राम मंचादुर में मुस्लिम समाज के इज्तेमाई निकाह (सामूहिक विवाह) कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर नवविवाहित जोड़ों को उनके नए जीवन की मंगलमयी शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत कुल 10 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। सभी विवाहित जोड़े को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अन्तर्गत 3500 रूपये का चैक प्रदान किया। यह आयोजन सामाजिक समरसता, पारिवारिक सहयोग और शासन की जनकल्याणकारी नीतियों को धरातल पर उतारने का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सभी विवाहित जोड़ों पर पुष्प ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# मौसम की खराबी, बिजली की बार-बार आवाजाही से शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित

## 24 एमएलडी प्लांट के मोटर पंप में आई खराबी, जल आपूर्ति व्यवस्था पर असर

**दुर्ग**, 22 मई (देशबन्धु)। पिछले कुछ दिनों से मौसम में हो रहे एकाएक बदलाव के चलते घंटों बिजली बंद रहने का असर अब पेयजल आपूर्ति पर भी पड़ने लगा है। आज 24 एमएलसी़ फिल्टर प्लांट में 110 एचपी का एक मोटर पंप खराब हो जाने के कारण आज नलों द्वारा पानी की सप्लाई प्रभावित रही। पंप के सुधार का कार्य जारी है और पानी सप्लाई का कार्य एक दो दिन और प्रभावित रहेगा। यह जानकारी नगर निगम द्वारा जारी एक अधीकृत विज्ञप्ति में दी गई है।

उल्लेखनीय है कि विगत दो तीन दिनों से रोजाना मौसम खराब हो रहा है। इसकी वजह से घंटों बिजली बंद हो रही है और शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित की गई



पानी टंकियों में पर्याप्त पानी नहीं भर पा रहा है। जिसका असर जल आपूर्ति में पड़ रहा है। इस समस्या के अलावा आज 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट की एक मोटर में आई तकनीकी खराबी से पानी की सप्लाई में बाधा आ रही थी। विभागीय तकनीशियनों द्वारा तत्परता से इसकी मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। अभी तक कार्य जारी है और संबंधित अधिकारियों के कारण स्थिति सामान्य होने में समय लगेगा।

24 एमएलडी प्लांट में आई तकनीकी खराबी के कारण शनिचरी बाजार, शक्ति नगर, हनूमान नगर, शंकर नगर, पद्मनाभपुर ट्रांसपोर्ट नगर शिक्षक नगर की पानी टंकियों में पानी नहीं भर पा रहा है। उम्मीद की जा रही कि कल 23 मई तक स्थिति सामान्य हो पायेगी। फिलहाल टेंकरों के माध्यम से पानी की सप्लाई की जा रही है।

# चिट्ठा हीरोईन की सप्लाई करने वाले पंजाब के दो आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल, एक की तलाश जारी

**दुर्ग,** 22 मई (देशबन्धु)। नशे के खिलाफ अभियान के तहत दुर्ग पुलिस अब सिर्फ दुर्ग में नशे का सामान चिट्ठा हेरोईन बेचने वालों व दुर्ग में मादक द्रव्य लाने तक ही नहीं बल्कि इन्हें मुख्य रूप से सप्लाई करने वाले मास्टर माइंड आरोपियों तक पहुंचकर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी कोशिश के चलते एंटी क्राईम एवं सायबर यूनिट एवं थाना दुर्ग द्वारा संयुक्त कार्रवाई कर पंजाब के विक्रमजीत सिंह एवं लवप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य आरोपी सविंदर सिंह फरार बताया गया है। पुलिस द्वारा उसकी तलाश की जा रही है। दोनों



आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि विगत एक समय से शहर में चिट्ठा हिरोईन का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। इस मामले में एक माह पूर्व 22 अप्रेल को एनडीपीएस एक्ट के तहत चार आरोपी विशाल सिंह, अतुल कुमार, विरेन्द्र पारधी, हरपाल सिंह को गिरफ्तार कर उससे 76 ग्राम चिट्ठा हेरोईन कीमत 5 लाख 32 हजार बरामद किया गया था। इन आरोपियों से पुलिस द्वारा कड़ी पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि उन्हें सविंदर सिंह उर्फ सिंदा निवासी तरनतारन पंजाब चिट्ठा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# चाकूबाजी : आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**दुर्ग,** 22 मई (देशबन्धु)। राजीव नगर में मोबाईल के बदले पैसों की मांग को लेकर निखिल ठाकुर व उत्सव कसेर दो लोगों से गाली गलौच व चाकू से हमला कर चोट पहुंचाने के आरोप में दुर्ग कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी धीरज निर्मलकर को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में लोहे का बनटदार चाकू बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार 21 मई की लगभग मध्यरात्रि निखिल ठाकुर से मोबाईल के बदले 2 हजार रूपये मांगने व पैसा देने से इंकार करने पर आरोपी धीरज निर्मलकर ने निखिल ठाकुर एवं उसके साथी उत्सव कसेर के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की तथा बटनदार चाकू से उन पर हमला कर गंभीर चोट पहुंचाया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने निखिल ठाकुर की रिपोर्ट पर आरोपी धीरज निर्मलकर के विरूद्ध आर्म्स एक्ट तथा विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# निर्धारित मात्रा से अधिक माल लोडकर पार करने का षड़यंत्र, 8 गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

**दुर्ग,** 22 मई (देशबन्धु)। सुविधि इस्पात संयंत्र कंपनी रसमड़ा चौक से निर्धारित मात्रा से अधिक स्पंज आयरन की चोरी के मामले में पुलिस चौकी अंजोरा की पुलिस ने मुख्य आरोपी ट्रक चालक अमन सिंह सहित 8 लोगों की गिरफ्तारी कर उन्हें जेल भेज दिया गया। इस प्रकरण में 3 लोग पूर्व में ही गिरफ्तार किये जा चुके है। पांच लोगों को आज गिरफ्तार किया गया है। दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने इनको भी शीघ्र गिरफ्तार करने का दावा किया है।

उल्लेखनीय है कि उक्त सुविधि इस्पात संयंत्र कंपनी रसमड़ा से स्पंज आरयन को अन्यत्र भेजे जाने के दौरान ट्रक के ड्रायवर आरोपी अमन सिंह ने कंपनी माल लोडिंग स्टाफ के निखिल राजपूत तथा मुकेश निषाद के साथ मिलकर

**सुविधि इस्पात संयंत्र रसमड़ा का मामला**

निर्धारित मात्रा से ज्यादा 5.24 टन स्पंज आयरन कीमती 1 लाख 20 हजार 630 रूपये ट्रक में लोड करा लिया था। कंपनी से इस ट्रक की निकासी के समय कंपनी के कमर्शियल आफिसर ने जब दुबारा ट्रक का कांटा कराया तो इस चोरी का खुलासा हुआ। कमर्शियल आफिसर प्रवीण दत्त शर्मा की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 316(4)3(5) बीएनएस का अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। मामले के तीन आरोपी पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिये गये थे।

पांच आरोपी अमनजीत सिंह (21) राजीव सिंह (50) संदीप जांगड़े (24), रियाज खान (40) अब्दुल मोतिन उर्फ मोमिन खान (24) को आज गिरफ्तार किया गया।

इन गिरफ्तार लोगों में आरोपी को पनाह देने वाला, माल खरीदने वाला कबाड़ी भी शामिल है। इनके अलावा तीन आरोपी कंपनी के स्टाफ निखिल राजपूत, मुकेश निषाद, व शक्ति साहू को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। ये सभी आरोपी जेल भेजे जा चुके है।

# मनरेगा के मानव दिवस बढ़ाने को लेकर राज्य शासन से चर्चा के बाद ही निर्णय



■ जिला पंचायत सीईओ से चर्चा के बाद राकेश ठाकुर ने बताया

**दुर्ग,** 22 मई (देशबन्धु)। जिले में मनरेगा के कार्य को पीएम आवास के कार्यो से जोड़कर 18 लाख से बढ़ाकर 42 लाख मानव दिवस बढ़ाने व नये कार्यो की स्वीकृति के लिये शासन स्तर पर चर्चा की जानी है और शीघ्र ही इस पर निर्णय होने की उम्मीद है। यह जानकारी जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने जिला पंचायत के सीईओ से चर्चा के उपरांत एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने कहा कि यदि मनरेगा के तहत मानव दिवस में वृद्धि कर 42 लाख मानव दिवस नहीं किया गया तो वे और बड़ा आंदोलन करेगें। उनके साथ सीईओ से चर्चा में पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशोक साहू, आनंद ताम्रकार, मुकेश साहू, सौरभ ताम्रकार, शिशिर कसार, मोहित ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# आज कुशाभाऊ ठाकरे भवन में लगेगा समाधान शिविर

**दुर्ग**, 22 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत कल 23 मई को वार्ड क्रमांक 20 शहीद भगत सिंह वार्ड के अंतर्गत कुशाभाऊ ठाकरे भवन आदित्य नगर में समाधान शिविर लगाया जायेगा। इस शिविर में 13 वार्डो के नागरिकों की समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र लिये जायेगें। जिनका यथासंभव समाधान भी शिविर में किया जायेगा। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगाया जायेगा। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने आज कुशाभाऊ ठाकरे भवन का निरीक्षण किया तथा साथ में चल रहे अधिकारियों को शिविर से संबंधित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिये।

# "सोशियोलाजी ऑफ एजुकेशन" पुस्तक का विमोचन

**दुर्ग**, 22 मई (देशबन्धु)। शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग की प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश एवं डॉ. मोनिया राकेश सिंह की पुस्तक "सोशियोलॉजी ऑफ एजुकेशन" का विमोचन डॉ संजय तिवारी, कुलपति, हेमचंद वि.वि. दुर्ग ने किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रजं ना श्रीवास्तव ने प्राध्यापक द्वय को बधाई दी। डॉ. रेशमा लाकेश ने जानकारी दी, सोशियोलॉजी ऑफएज्युकेशन में शैक्षिक व्यवस्था का आलोचनात्मक विश्लेषण कर बताया गया है कि



शिक्षा प्रणालियां सामाजिक संरचानाओं को मजबूत भी कर सकती हैं और उनको चुनौती भी दे सकती हैं। वे सामाजिक समानता को बनाए रखने या चुनौती देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। शिक्षा, समाज का एक दर्पण भी है, जो मौजूदा सामाजिक असमानता की झलक दिखाता है, और यह सामाजिक बदलाव को भी प्रेरित कर सकती है। इस अवसर पर डा. सोमाली गुप्ता, प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय, अर्जुन्दा, डा. एस. एम. घोष, एम. डी., अरबिन्दो योग एंड नॉलेज फाउंडेशन एवं समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित था।

# रानी अहिल्याबाई की जीवनी पर राजेंद्र पार्क में आज प्रदर्शनी

**दुर्ग**, 22 मई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय व प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आव्हान पर रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में देश भर में अभियान अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में भाजपा जिला दुर्ग द्वारा रानी अहिल्या बाई होल्कर की जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन 23 मई दिन शुक्रवार को दुर्ग के राजेंद्र पार्क दुर्ग में शाम 6 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। प्रदर्शनी में सुश्री सरोज पांडेय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा, सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# छत्तीसगढ़ स्टेट अंडर 13 फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप में दुर्ग जिले के खिलाड़ियों का दबदबा

## राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयनित 4 खिलाड़ियों में 3 दुर्ग के, अंडर 13 बालक वर्ग में शिल्प विजेता अभिनव सिंह उपविजेता बने, बालिका वर्ग में इशिका दूसरे स्थान पर

**दुर्ग,** 22 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के सहयोग से बेमेतरा में 17 से 19 मई तक आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट अंडर 13 फ्डि रेटेड शतरंज चैंपियनशिप में दुर्ग जिले के शतरंज खिलाड़ियों का दबदबा रहा। जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित अंडर 13 की फ्डि रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप में 24 अंतराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त खिलाड़ियों सहित कुल 126 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। मुख्य अतिथि विधायक भावना बोहरा, विधायक दीपेश साहू महासचिव विनोद राठी एवं विनीत राजोरिया ने सभी विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। स्पर्धा में 8 चक्र मैच खेले गए जिसमें अंडर 13 बालक वर्ग में दुर्ग जिले के उदीयमान खिलाड़ी शिल्प कुमार घोड़ेसवार रिसाली ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 8 में से 7 अंक अर्जित करते हुए चैंपियनशिप के विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर जिले के अभिनव सिंह कोहका ने 7 अंक अर्जित कर उपविजेता बने। अंडर 13 बालिका वर्ग में जिले की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी इशिका मड़के भिलाई ने 6 अंक प्राप्त कर उपविजेता बनी। अंडर 13 बालक एवं बालिका वर्ग में राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन किया जाना था जिसमें 4 खिलाड़ियों में 3 खिलाड़ी दुर्ग जिले के है। ये सभी चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

■ अंडर 7 के बालक वर्ग में जिले के नवोदित खिलाड़ी पारस यादव विजेता विराज बने उपविजेता

■ अंडर 11 बालक वर्ग में विराट अय्यर दूसरे स्थान पर



छत्तीसगढ़ स्टेट मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप अंडर 7,9 एवं अंडर 11 जो कि 15 एवं 16 मई को एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा मे संपन्न अंडर 7 बालक वर्ग में दुर्ग जिले के नवोदित शतरंज खिलाड़ी पारस यादव भिलाई ध्ने 6 में से 5.5 अंक प्राप्त कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। जिले के ही विराज वर्मा भिलाई ने 5 अंक प्राप्त कर उपविजेता बने। ये दोनों खिलाड़ी अंडर 7 में चयनित होकर राष्ट्रीय स्पर्धा में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। अंडर 11 के बालक वर्ग में जिले के ही उभरते खिलाड़ी वी विराट अय्यर के बी सी जूनियर फेम, भिलाई ने 6 में से 5.5 अंक हासिल कर उपविजेता बने। इनका भी चयन अंडर 11 बालक वर्ग में राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए हुआ। छत्तीसगढ़ स्टेट मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप के अंडर 7, 11 एवं अंडर 13 में दुर्ग जिले के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयनित हुए।

दुर्ग जिले के सभी चयनित खिलाड़ियों को जिला शतरंज संघ दुर्ग के संरक्षक प्रवीण भाई आडतिया, डॉ राहुल गुलाटी, डॉ मानसी गुलाटी, समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा, डॉ रौनक जमाल, राजेश राजा, अशोक राठी, प्रहलाद रुंगटा, चंद्रिका दत्त चंद्राकर, रमन सिंह, अंतरास्ट्रीय आर्बिटर अलंकार भिवगड़े फीडे आर्बिटर रॉकी देवांगन अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी उपाध्यक्ष दिनेश जैन, ललित वर्मा, एस के भगत, मोरध्वज चंद्राकर, दिनेश नलोडे, अजय राय, सहसचिव संजय खंडेलवाल, अनिल शर्मा, जयंता दास, गुलाब चौहान त्रिलोक सोनी ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत नाबालिग घायल



**भिलाईनगर,** 22 मई (देशबन्धु)। भारी औद्योगिक क्षेत्र हथखोज इंजीनियरिंग पार्क के पास आज गुरुवार की सुबह 9 बजे सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार रुपेन्द्र कुमार 21 वर्ष अपने चचेरे भाई 14 वर्ष के साथ अपने रिश्तेदारों से मिलने जा रहे थे, तभी तेज ट्रेलर ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक रुपेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा नाबालिग साथी हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को सुपेला शास्त्री अस्पताल के मरच्यूरी पहुंचाया और घायल किशोर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र का है। दोनों इंजीनियरिंग पार्क के पास पहुंचे इस दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर ने ठोकर मार दी। ट्रेलर की चपेट में आकर रूपेन्द्र काफी दूर तक घिसटता रहा। हादसे के बाद ट्रेलर चालक लोगों के आक्रोश से बचने के लिए वहां से भाग गया। आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके से ही पुलिस को सूचना दी गई। हादसे में रूपेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका साथी निहाल गंभीर रूप से घायल है। घायल को सुपेला शास्त्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शास्त्री अस्पताल से निहाल को दुर्ग जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। इधर मृतक रूपेन्द्र को पीएम के लिए सुपेला अस्पताल में रखा गया है। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस फरार ट्रेलर चालक की तलाश में जुटी है। मृतक जामुल के खरेदा का निवासी बताया जा रहा है।

# एयरपोर्ट की तर्ज पर बना रेलवे स्टेशन



**भिलाईनगर,** 22 मई (देशबन्धु)। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के पांच रेलवे स्टेशनों का नवीनीकरण कार्य पूरा होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आज 11 बजे नए स्टेशन का वर्चुअल लोकार्पण किया। इन स्टेशनों में शामिल भिलाई रेलवे स्टेशन के शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा विधायक अहिवारा, भाजपा भिलाई जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, जिपं अध्यक्ष सरस्वती बंजारे सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। भिलाई स्टेशन आज से उद्घाटन पश्चात पूरी तरह से तैयार है। उसका नया स्वरूप अब पूरी तरह से एयरपोर्ट की तरह लगने लगा है। यहां के यात्रियों से जब इसको लेकर बात की गई तो उन्होंने बताया स्टेशन का न सिर्फ स्वरूप बदला है, बल्कि वहां की सुविधाएं भी पूरी तरह से बदल गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोदी ने वर्चुअली उद्घाटन किया। रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत री डेवलप किया गया है। इस योजना के तहत अब मालगाड़ियों के लिए अलग से विशेष ट्रैक बनाया जा रहा है। हम माल गाड़ियों के अलग से स्पेशल पटरियां बिछा रहे हैं। स्टेशनों को अलग-अलग थीम पर बनाया गया है। इनमें आर्ट और कल्चर के साथ ही वाइल्ड लाइफकी झलक भी देखी जा सकती है। इस योजना का मकसद स्टेशनों को साफ सुथरा बनाना, आरामदायक बनाना और लोगों के लिए तमाम तरह की चीजों के इस्तेमाल को आसान बनाना है। इसमें काफी आकर्षक एंट्री और एग्जिट गेट बनाए गए हैं। साथ ही यात्रियों के लिए आरामदायक वेटिंग रूम, साफ -सुथरे वॉशरूम और प्लेटफॉर्म को पूरी तरह कवर किया गया है। इसके अलावा लोगों के लिए स्टेशनों में लिफ्ट की सुविधा भी दी गई है। इसके साथ ही मुफ्त वाई-फाई जैसी सुविधाओं के साथ तमाम तरह के साइन बोर्ड भी लगाए गए हैं। इन अमृत स्टेशनों पर एक स्टेशन एक प्रोडक्ट योजना के तहत लोकल चीजों को बेचा जाएगा। साथ ही स्टेशनों के बाहर हरियाली भी नजर आएगी। स्टेशनों तक आसानी से पहुंचने के लिए सड़कों को चौड़ा करनाए बिना काम के स्ट्रक्चर को हटानाए पैदल यात्री मार्ग बनाना और पार्किंग सुविधाओं को बढ़ाया जा रहा है। बता दें कि अमृत भारत स्टेशन योजना में तैयार किए गए स्टेशनों का डिजाइन राज्य की संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित है।

# महिलाओं ने सिंदूर लगाकर निकाली रैली




**भिलाईनगर,** 22 मई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रिसाली के तत्वधान में शहर की महिलओं ने शाम रैली निकाली। वे पहले एक दूसरे के माथे पर सिंदुर का तिलक लगाया। इसके बाद हाथों में तिरंगा लेकर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, आयुक्त नगर पालिक निगम रिसाली मोनिका वर्मा के नेतृत्व में रैली निकाली। महिलाओं ने रैली तिरंगा के सम्मान में निकाली। ऑपरेशन सिंदुर के सफ्ल होने पर दशहरा मैदान में महिलाओं ने आपस में सिंदुर का तिलक की। इसके बाद विधायक के नेतृत्व में रैली भारत माता के जयकारे लगाते हुए कृष्णा टाकिज रोड पहुंची। कृष्णा टाकिज रोड भ्रमण करते हुए रैली वापस शहीद स्मारक स्थल पहुंची। जहां महिलाओं ने और वरिष्ठ नागरिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य डॉ. सीमा साहू, पार्षद रमा साहू, माया यादव, धर्मेन्द्र भगत, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू, महिला स्व समूह की सदस्य व नगर पालिक निगम रिसाली की महिला कर्मचारी अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# विधायक ने नन्हे शिशुओं को कराया अन्नप्राशन



भिलाईनगर, 22 मई (देशबन्धु)। भिलाई.चरौदा निगम के तीसरे सुशासन समाधान शिविर में पहुंचे अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा द्वारा हितग्राहियों को ड्रायविंग लाईसेंस के साथ राशन कार्ड एवं श्रमिक कार्ड का भी वितरण किया। छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त निर्देश तथा जिला प्रशासन से प्राप्त मार्गदर्शन के अनुसार सुशासन तिहार कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम भिलाई.चरौदा द्वारा किया जा रहा है। 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक प्रथम चरण में नागरिको से मांग और समस्या संबंधी आवेदन प्राप्त किये गये। जबकि दुसरे चरण में सभी आवेदनो पर नियमानुसार कार्यवाही की गयी। जिन आवेदनों को निगम स्तर पर निराकृत किया जा सका अनका निराकण करते हुए अन्य विभाग जैसे श्रम, विधुत, खादय, राजस्व, चिकित्सा आदि के आवेदनों को उचित कार्यवाही के लिए उक्त विभाग को अग्रेषित किया गया है। इसके बाद तीसरे चरण में सुशासन तिहार का स्वरूप समाधान शिविर के तौर पर प्रत्येक 10 वार्ड के लिए एक स्थान पर लगाया जा रहा है। जिससे आवेदनकर्ता को कृत कार्यवाही के विवरण से अवगत कराया जा सके। इस दौरान निगम के सभी विभाग एवं जिला प्रशासन के सभी विभाग प्रतिनिधियों द्वारा आवेदन निराकरण की जानकारी देते हुए शासन की सभी संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी से नागरिको को अवगत भी कराया गया। विधायक श्री कोर्सेवाडा द्वारा शिविर में पहुंचे लोगों से संवाद करते हुए उनकी समस्या के निदान हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके पश्चात आंगवाडी के 6 माह पूर्ण कर चुके नन्हे शिशुओं को अन्नप्राशन कराया तथा गर्भवती महिलाओं की गोंदभराई की रस्म में भी शामिल हुए। इस अवसर पर दिलीप पटेल, सभापति कृष्णा चन्द्राकर, उपनेता प्रतिपक्ष चन्द्रप्रकाश पाण्डेय,पार्षद श्रीमती अर्पणा सुब्रतो दास गुप्ता, श्रीमती निशा राजेश यादव, संजय यादव, डी वेंकट,राजेश यादव कमिश्नर डी एस राजपूत, नायब तहसीलदार चंद्रशेखर सिंह कंवर, निगम के सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ को रेलवे क्षेत्र में ऐतिहासिक सौगात : विजय



**भिलाईनगर,** 22 मई (देशबन्धु)। यह देखकर बहुत गर्व होता है कि जब सर्वांगीण विकास के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 मई को देशभर के 103 अमृत स्टेशनों का लोकार्पण किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़, भानुप्रतापपुर, भिलाई, उरकुरा और अंबिकापुर स्टेशन शामिल हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का पत्र प्राप्त हुआ, भिलाई अमृत स्टेशन के लोकार्पण कार्यक्रम में स्वयं उपस्थित रहूंगा। यह केवल स्टेशनों का सौंदर्यीकरण नहींए बल्कि छत्तीसगढ़ की आधारभूत संरचना को सशक्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। वर्तमान में प्रदेश में 35,916 करोड़ की लागत से रेलवे परियोजनाएं चल रही हैं और 6,925 करोड़ का बजट आगामी 32 स्टेशनों को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित करने हेतु स्वीकृत हुआ है। प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का हृदय से धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने हमारे प्रयासों को समर्थन और गति दी। भिलाई और छत्तीसगढ़ को यात्री सुविधाओं में देश का अग्रणी क्षेत्र बनाना हमारा संकल्प है।ासए केवल अधोसंरचना का नहींए बल्कि हमारे जनविश्वास और भावी पीढ़ियों के सपनों का सशक्त निर्माण है।

# छोटे व्यापारियों, महिलाओं-युवाओं को वित्तीय सहायता

**भिलाईनगर**, 22 मई (देशबन्धु)। लधु उद्योग भारतीय के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायम अग्रवाल ने लिखित जारी बयान में कहा कि फाइनेंशियल इंक्लूजन डेवलपमेंट डिपार्टमेंट की स्थापना रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और देश में वित्तीय सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से की है। इस विभाग का मुख्य उद्देश्य है, वित्तीय सेवाओं की पहुंच बढ़ाना है। खासकर वंचित और कमजोर वर्गों के लिए। वित्तीय साक्षरता विभाग, वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। जिससे लोग वित्तीय सेवाओं का सही तरीके से उपयोग कर सकें। वित्तीय सेवाओं की गुणवत्ता वत्तीय सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए काम करता है। जिससे लोगों को बेहतर सेवाएं मिल सकें। नीति निर्माण और अनुसंधान विभाग वित्तीय समावेशन और वित्तीय साक्षरता से संबंधित नीतियों और कार्यक्रमों के विकास में यागदान करता है। उन्होनें बताया कि इसका उद्देश्य की पूर्ति के लिए कई कदम उठाए गए हैं। वित्तीय समावेशन योजनाएं सरकार और आरबीआई ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जैसे कि जन धन योजना, रूपे कार्ड, और भीम ऐप। वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। जिससे लोग वित्तीय सेवाओं का सही तरीके से उपयोग कर सकें। वित्तीय सेवाओं की पहुंच विभाग वित्तीय सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए काम करता है। श्री अग्रवाल ने बताया कि खासकर ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में। इन प्रयासों के परिणाम स्वरूप, वित्तीय समावेशन में सुधार हुआ है और अधिक लोगों को वित्तीय सेवाओं की पहुंच मिली है। हालांकि, अभी भी बहुत काम करना बाकी है।



खासकर वंचित और कमजोर वर्गों के लिए। परंतु वास्तविक रूप में अभी भी छोटे उद्यमियों एवं व्यापारियों को इसका लाभ पूर्ण रूपेण नहीं प्राप्त हो रहा है। हमारा अनुरोध है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की वित्तीय समावेशन नीतियों का उद्देश्य छोटे व्यापारियों, महिलाओं और युवाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। लेकिन जमीनी स्तर पर बैंकों द्वारा इन नीतियों जब छोटे व्यापारियों के ऋण के रिन्यूअल के समय उनके टर्नओवर में कमी पाई जाती है, तो बैंक उन्हें और लिमिट बढ़ाने में आनाकानी करते हैं। इससे उनके व्यापार और उद्योग को चलाने में कठिनाइयाँ होती हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने निर्देश दिए हैं कि बैंकों को स्टैंड बाय क्रेडिट फैसिलिटी प्रदान करनी चाहिए। जिससे छोटे व्यापारियों को अपने उद्योग और व्यापार को चलाने में आसानी हो। उन्होनें कहा कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और अन्य बैंक इस नीति का पालन नहीं कर रहे हैं। सरकार से अनुरोध है कि वह बैंकों को रिजर्व बैंक की नीतियों का पालन करने के लिए निर्देश दे। इससे छोटे व्यापारियों, महिलाओं और युवाओं को वित्तीय सहायता मिल सकेगी और वे अपने उद्योग और व्यापार को सफलता पूर्वक चला सकेंगे।

# प्रो.नार्लीकर के साथ बहुमूल्य वैज्ञानिक को खो दिया दुनिया ने



**भिलाईनगर,** 22 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा ने प्रसिद्ध खगोल वैज्ञानिक और विज्ञान लेखक पद्म विभूषण प्रोफेसर जयंत नार्लीकर को श्रद्धांजलि दी। विज्ञान सभा की ओर से आयोजित वर्चुअल श्रद्धांजलि सभा में प्रोफेसर नार्लीकर के योगदान को याद किया गया। वक्ताओं ने उनके छत्तीसगढ़ प्रवास से जुड़ी यादें भी साझा की पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर के पूर्व कुलपति प्रोफेसर एस के पाण्डेय ने कहा कि न सिर्फरायपुर और भिलाई के स्कूलों में उन्होंने वैज्ञानिक विषयों पर लोगों को जागरूक किया। प्रोफेसर नार्लीकर हमेशा बच्चों को सवाल पूछने के लिए प्रेरित करते थे। यहां तक कि वे अपने ऑटोग्राफ चाहने वाले विद्यार्थियों को अपने सवाल पोस्टकार्ड पर लिखकर पूछने के लिए प्रेरित करते थे और ऐसी चिट्ठियों का प्राथमिकता से जवाब देते थे। बस्तर में उन्होंने जादू टोने के बारे में एक छात्रा के सवाल का जवाब देते हुए विस्तार से हमारे बीच व्याप्त अंधविश्वास का खंडन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी महिला टोनही नहीं होती। प्रो. पांडेय ने कहा कि उनकी मृत्यु से पूरी दुनिया ने अपने एक बहुमूल्य वैज्ञानिक और विज्ञान संचारक को खो दिया है। प्रोफेसर एम एल नायक, पूर्व वित्त एवं लेखा अधिकारी विनोद कुमार लाल, विश्वास मेश्राम, डॉ एस आर आजाद, डॉ वाय के सोना, डॉ नंद कुमार चक्रधारी, प्रोफेसर डॉ लक्ष्मीकांत चावरे, सी बी एस के सुरेश कुमार गुप्ता ने भी संबोधित किया। सभा का संचालन अंजू मेश्राम ने किया।

# व्यापारियों की बैठक में सांसद पर जताया विश्वास

**भिलाईनगर**, 22 मई (देशबन्धु)। शहर के व्यापारियों में तेजी से बढ़ रहे आक्रोश और व्यापारियों की मांग पर टाउनशिप के व्यापारियों की बैठक स्टील सिटी चेंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई के द्वारा सेक्टर 10 मार्केट स्थित कंप्यूटेक में आयोजित की गई थी। बैठक में अनेक व्यापारियों ने संयंत्र के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने का निवेदन चैंबर पदाधिकारी से किया। सभी व्यापारियों के सुझाव सुनने के बाद स्टील सिटी चैंबर ने व्यापारियों को बताया कि हम सब सांसद विजय बघेल के मार्गदर्शन में लीज नवीनीकरण प्रकरण के निराकरण में सक्रियता से जुड़े हुए हैं अभी हाल ही में सांसद विजय बघेल ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी, प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर प्रकरण के निराकरण करने आग्रह पत्र भेजा है। सांसद से मोबाइल पर इस विषय पर गंभीर चर्चा भी हुई है सांसद 22 तारीख तक दिल्ली प्रवास पर हैं और उनके नेतृत्व में हम सब आशान्वित हैं की समस्याओं का निराकरण शीघ होगा। हम सबको संगठित रहना है और प्रत्येक बाजार के व्यापारियों को संगठित रखना है । लीज अनुबंध के नियमों के तहत व्यापारियों को समय पूर्व अपना आवेदन नगर सेवा विभाग के संबंधित अधिकारी तक हमारे साथ हुए अनुबंध के मुताबिक लीज पंजीयन की प्रक्रिया करने हेतु निवेदन जरूर करें । ज्ञानचंद जैन ने बताया कि अप्रैल माह में जिन दुकानदारों को नगर सेवा विभाग के अधिकारियों के द्वारा ऑफर लेटर के माध्यम से बड़ी हुई दरों के आधार पर राशि के भुगतान की मांग की गई थी ।उस पर भिलाई स्टील सिटी चेंबर ऑफकॉमर्स ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनके पत्रों का जवाब दे दिया है और ऐसे सभी पत्रों को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है, ऐसे पत्रों पर व्यापारियों को किसी भी तरह से घबराने की जरूरत नहीं है वैसे भी शहर के 14 व्यापारियों के उपरोक्त संबंधी पत्र उच्च न्यायालय में विचार के लिए स्वीकृत किया है । चेंबर अध्यक्ष ने यह भी बताया कि लीज नवीनीकरण का प्रकरण में उच्च स्तरीय चर्चा भी स्वीकृति शीघ्र होना प्रस्तावित है। जहां से समस्याओं के हल होने की संभावना भी बनी हुई है अभी हाल ही में कन्फेडरेशन आफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स नई दिल्ली के वाइस चेयरमैन और छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष अमर परवानी के माध्यम से भी नई दिल्ली में उपरोक्त विषय पर चर्चा हुई है और हम सब आसान भी थे कि दुर्ग सांसद विजय बघेल के मार्गदर्शन और उनके नेतृत्व में उपरोक्त समस्या से शीघ्र अति शीघ्र निजात पा लिया जाएगा।आज की बैठक में सभी सेक्टर के व्यापारिक प्रतिनिधि सहित प्रभावित पक्ष के व्यापारी भारी संख्या में उपस्थित थे। स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स के सलाहकार सदस्य रामकुमार गुप्ता, ज्ञानचंद बाकलीवाल ने भी उपस्थित व्यापारियों को संबोधित किया और सभी व्यापारियों ने एकजुट होकर सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में स्टील सिटी चेंबर ऑफ कॉमर्स के माध्यम से के जा रहा है प्रयासों पर विश्वास जताया। अंकुर जैन और अजय दीक्षित ने आज की बैठक की व्यवस्था करके प्रभावित व्यापारियों को एकत्र किया।



# श्रमजीवी कल्याण संघ की सामान्य सभा 25 को भिलाई में

**भिलाईनगर,** 22 मई (देशबन्धु) छ ग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ की वार्षिक सामान्य सभा की बैठक 25 मई दिन रविवार को कैलाश नगर स्थित होटल गोविंद एंड मैरिज हॉल में प्रात: 11 बजे आहुत की गई है। जिसमें संघ के प्रदेश स्तरीय द्वि वार्षिक चुनाव किया जाना तय है। इस सामान्य सभा की बैठक में भिलाई के 5 वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित करने का निर्णय संघ की कार्यसमिति की बैठक में लिया गया। जिसमें अजय पाण्डे, राजेन्द्र सोनवोइर, राजेन्द्र शुक्ला, विक्रम जनबंधु, यशवंत धोटे, को पत्रकार पुरोधा सम्मान से सम्मानित किया जावेगा। ज्ञात हो कि दो वर्ष पहले रायपुर में तीन दिवसीय आयोजन में 22 राज्यों के लगभग 300 पत्रकारों की उपस्थिति में पत्रकार सुरक्षा कानून की घोषणा की गई थी। संघ की इस मांग पर पूर्व सरकार ने इसे केबिनेट मे स्वीकृति प्रदान की थी। इस बैठक में भी इसी तरह का मुद्दे पर विचार विमर्श किया जावेगा। संघ के संविधान के अनुरूप संघ.कार्यसमिति के चुनाव परिणाम की घोषणा आमंत्रित अतिविशिष्ट, अतिथियों की उपस्थिति में की जावेगी। पिछले लम्बे समय से पत्रकारों के हितों व संघ को मजबूती प्रदान करने में अहम भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ पत्रकार बी.डी. निजामी का नाम द्वि वार्षिक चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिये तय माना जा रहा है। वही महासचिव पद पर बिलासपुर संभाग के शशांक दुबे के नाम पर सर्वसम्मति तय मानी जा रही है। गौरतलब है कि कल्याण संघ की संवैधानिक परंपरा के अनुरूप कार्यसमिति में प्रति दो वर्ष के बाद नई कार्यसमिति का चुनाव होता है। नए कार्यकाल के लिए अध्यक्ष एवं महासचिव को नई कार्यकारिणी के गठन करने की जिम्मेदारी सौपी जा सकती है। कार्यसमिति की बैठक में बी डी निज़ामी, शशांक दुबे, इंदर कोटवानी, अविनाश ठाकुर, महेश तिवारी, राधेश्याम कोरी, अनिल आहूजा, श्याम भोजवानी,आसिफ इक़बाल उपस्थिति थे। भिलाई में आयोजन में 200 से अधिक पत्रकारों के आने की सम्भावना व्यक्त की गई है।

# देवी अहिल्या की जयंती पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



**भिलाईनगर,** 22 मई (देशबन्धु)। देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती 21 से 31 मई तक आयोजित किए जाने का शासन से निर्देश प्राप्त हुआ है। अहिल्या बाई होलकर के जीवन गाथा के बारे में जन जागरूकता लाने के लिए स्वच्छता दीदीयों के बीच में परिचर्चा आयोजित की गई। निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने परिचर्चा के दौरान बताया कि देवी अहिल्या बाई होलकर सामान्य परिवार में जन्म लेकर होलकर साम्राज्य की महारानी बनी। उन्होने अपने शासनकाल में बहुत से सुधार किए। जिसमें प्रमुख रूप से बालिकाओं को शिक्षा का अधिकार, नगर का औद्योगिकरण, महिलाओं में सुरक्षा का अधिकार, राष्ट्रहित एवं धर्म संबंधी जन जागरूकता उनके द्वारा विकसित किया गया था। विषम परिस्थितियों में भी अपने राज्य के कार्य को संभालते हुए एक अच्छी महिला प्रशासक के रूप में उनका नाम इतिहास में सम्मान पूर्वक लिया जाता है। नुशरत बानो ने बताया कि एक महिला अपने लगन एवं परिश्रम से सब कुछ कर सकती है। बैकुण्ठधाम में आयोजित शिविर में। बीपी, शुगर, अस्थमा, खून जॉच, सर्दी, खॉसी, घुटना दर्द आदि का ईलाज करवाया गय। 115 स्वच्छता दीदीयों के जॉच के बाद दवा वितरित किया गया। डॉ. रिचा शर्मा ने स्वच्छता दीदीयों को समझाया कि 41 प्रकार के खून का जॉच होता है। इसी जॉच को बाहर क्लीनिक में कराने पर 3 से 4 हजार रूपये खर्चा आ जाता है। जबकि यहां पर शासन द्वारा यह सुविधा नि:शुल्क प्रदान की जाती है। सुबह जॉच के बाद दोपहर 2 बजे तक रिपोर्ट मोबाईल में आ जाता है। परिचर्चा के दौरान जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उपअभियंता शंकर सुमन मरकाम, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगनए सहायक स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे ने भी अपने विचार रखे।

# स्काउट-गाइड ने टाउनशिप में निकाली तिरंगा रैली



**भिलाईनगर,** 22 मई (देशबन्धु)। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर स्काउट गाइड के दैनिक चर्या कार्यक्रम के अंतर्गत भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 के प्रशिक्षुओं ने तिरंगा रैली निकाली। यह देश भक्ति पूर्ण आयोजन ऑपरेशन, सिंदूर की सफलता से प्रेरित होकर किया गया। उक्त आयोजन के तारतम्य में सर्वप्रथम प्रशिक्षक डीटीसी डॉ.शीतल चंद शर्मा ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि हमें अपने सैनिकों के त्याग, बलिदान और शौर्य को नहीं भूलना चाहिए। साथ ही सभी स्काउट गाइड को शहीद हुए सैनिकों से साहस की प्रेरणा लेने हेतु प्रेरित किया। इसके पश्चात रैली सेक्टर.2 होते हुए सेक्टर-3 और टाउनशिप के अन्य स्थानों पर गई। उक्त आयोजन का दिशा नेतृत्व जिला सचिव सरिता शाक्य ने किया। डीओसी कीर्तिलता देशमुख, सत्यनारायण साहू, डॉ. शीतल चंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। रेंजर्स.रोवर्स मिहिर, सचिन पासवान, यश, अविनाश चंद्रशील ने भागीदारी दी। सम्मिलित हुए।

# 75 हितग्राहियों से गबन का आरोपी गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 22 मई (देशबन्धु)। भिलाई-3 पुलिस ने गबन के आरोप में आरोपी को गिरफ्तार किया है।मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी भुनेश्वर कुंजाम 22 वर्ष भारत फायनेंसियल इन्क्लूजन लिमिटेड भिलाई-3 शाखा प्रबंधक द्वारा संगम मैनेजर गोविंद राम यादव थाना डोंगरीपाली द्वारा महिला समुह के सदस्यों के लोन, आरडीए प्रीपेमेंट तथा किश्त भुगतान की राशि 773588 रुपये गबन कर धोखाधड़ी करने के संबंध में लिखित आवेदन प्रस्तुत करने थाना पुरानी भिलाई में धारा 420 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था पुलिस टीम द्वारा आरोपी के जहां जहां होने की आशंका थी वहां पर लगातार पतासाजी किया। टेक्निकल ईंट के आधार पर पुलिस टीम थाना डोंगरीपाली जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ पहुंचकर वहां के लोकल पुलिस स्टॉफ के मदद से आरोपी के निवास स्थान पर घेराबंदी कर अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी से पूछताछ के दौरान उसने बताया कि संगम मैनेजर के पद पर कार्य करने के दौरान महिला समुह केलोन का पैसा, आरडी का पैसा एवं प्रीपेमेंट का पैसा वसुल कर कुछ रकम शाखा में जमा कर बाकी रकम स्वयं रख लेता था। कुछ सदस्यों का लोन स्वीकृत होने पर उन्हें उनका लोन स्वीकृत नहीं हुआ है बायोमैट्रिक लेना है झूठ बोलकर बायोमैट्रिक लेकर फिनो एप की सहायता से स्वीकृत लोन की रकम स्वयं निकाल लेना। इस प्रकार आरोपी का कृत्य धारा सदर का घटित करना पाये जाने से समय सदर में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है। उत्त कार्यवाही में पुरानी भिलाई थाना प्रभारी अंबर भारद्वाज सहायक उप निरीक्षक सुभाष साहू व आरक्षक नरेंद्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही



## आज बीएसपी विद्यालय क्र0 2 में समाधान शिविर

**दल्लीराजहरा,** 22 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण में 23 मई को बी एस पी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 दल्ली राजहरा में प्रातः 10ः00 से 3ः00 तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारकेकर ने बताया कि शिविर में आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी प्रदान की जावेगी।



# रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण कार्यों का हुआ लोकार्पण

**डोंगरगढ़,** 22 मई (देशबन्धु)। मां बमलेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में अमृत भारत योजना के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य का रेलवे स्टेशन परिसर में लोकार्पण देश के मुखिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया इस अवसर पर कालका पारा की ओर हुए विकास कार्यों पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि की आसंदी से सांसद संतोष पांडेय ने नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने रेल मंत्री के सहयोग का भी बखान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री फुलबासन यादव ने की। विशेष अतिथि के रूप में पालिकाध्यक्ष रमन डोंगरे व रेलवे के अधिकारी वसीम सिद्दीकी मन्चस्थ थे। माहिती सभा को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने माता को प्रणाम करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की वह प्रशंसनीय है। मोदी जी ने 2014 से देश का नेतृत्व प्रारंभ किया है तब से विकास कार्यों की झड़ी लग गई है आजादी के इतिहास के बाद रेलवे स्टेशन में यह पहला बड़ा कार्यक्रम है जिसमें मोदी जी ने सभी को अंतरमन से जोड़ दिया सभी की सहभागिता ही समन्वय सामन्जस्य समरसता यह मोदी जी का ही कार्यकौशल है। उन्होंने कहा रेलवे के क्षेत्र में हमने काफी प्रगति की है डोंगरगढ़ से कटघोरा रेल मार्ग भी प्रगति पर है जिले ने लंबी छलांग लगाई है मां बमलेश्वरी की इस नगरी में दोनों चैत्र एवं कुंवार नवरात्रि पर्व में भारी भीड़ लगती है कई प्रदेश के लोग यहां आते हैं वे स्टेशन में कमी महसूस करते थे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का यह महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। जिसमें 12ए51 करोड़ की लागत से हुए विकास कार्यों का लोकार्पण आप सभी कर रहे हैं मोदी जी बीकानेर से हम सबके साथ हैं रेलवे में सुरक्षित सेवाएं सुविधा भव्य प्रवेश द्वार बेहतर यातायात प्रबंधन अतिरिक्त बेहतरीन पार्किंग भव्य प्रवेश द्वार सहित इस परिसर को चैड़ा किया गया है। विभिन्न चित्रों के माध्यम से गोंड साम्राज्य की संस्कृति को दर्शाया गया वह काबिले तारीफहै। आवागमन आसान हो इसके लिए 12 मीटर चैड़ा फुट ओवर ब्रिज दिव्यांगजन के लिए रैंप पाथवे अतिरिक्त टिकट काउंटर अतिरिक्त प्लेटफार्म की व्यवस्था भी की गई है। जिस तरीके से यहां ऊंचाई पर तिरंगा लहराता है हमें गर्व महसूस होता है सेना ने हमारा तिरंगा ध्वज ऊपर रहे इसके लिए बहावलपुर पाकिस्तान में जो सौर्य दिखाया है वह काबिले तारीफ है अब पूरे विश्व को पता चल चुका कि जो भी भारत की ओर आंख उठाकर देखेगा तो सेना उसे सबक सिखाएगी। पहलगाम में बहनों का सिंदूर जो पोछने का कार्य किया हमारे वीर जवानों ने उन्हें अच्छा सबक सिखाया देश की धरती को माता समझते हैं ऐसे चिंतक वीर भारत माता में पाए जाते हैं जो उनके चरणों में फूल नहीं प्राण चढ़ाते हैं। पाकिस्तान के सभी सिस्टम ध्वस्त कर दिए गए। चीन तुर्किये के विमान को हवा में ही ध्वस्त कर दिया गया। हमें अपनी सेना पर गर्व है साथ ही प्रधानमंत्री पर भी गर्व है। उन्होंने कहा कि समय पहले भी था पाकिस्तान के साथ दो वह चीन के साथ एक युद्ध हुआ वे कुछ नहीं बोलना चाहते



किंतु दृढ़ इच्छा शक्ति वाले जब देश का नेतृत्व करते हैं तो उसकी बात ही अलग होती है। उन्होंने कहा कि अश्विनी वैष्णव जैसे मंत्री जब निर्णय लेते हैं तब ऐसा शानदार स्टेशन बनकर तैयार होता है। माता के चरणों में यह नायाब नमूना आपके सामने है जहां लिफ्ट एक्सीलेटर सुरक्षा के लिए सीसीटीवी हाईमास्ट शानदार ड्रेनेज सिस्टम कैंटीन एक स्टेशन एक उत्पाद की सुविधा सहित अनेको सुविधाएं जो इस ऐतिहासिक तीर्थनगरी में मोदी जी की कृपा से फ्लीभूत हो रही है बोरतलाव से लेकर मुढ़ीपार जटकन्हार पनियाजोब बाकल परमालकसा मुसराकला राजनांदगांव के आसपास सभी स्टेशनों पर कार्य हुआ है। स्टेशन में प्लेटफार्म को ऊंचा करने का कार्य आजादी के बाद से अभी हुआ है। मुढीपार से दरेकसा तक 18 अंडर एवं ओवरब्रिज का निर्माण आवागमन की परेशानी को देखते हुए पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा की परमालकसा से खरसिया तक 278 किलोमीटर मार्ग निर्माण 7853 करोड़ की लागत से नई रेल लाइन बिछाई जाएगी। इसी प्रकार राजनांदगांव से नागपुर तक 228 किलोमीटर लंबे तीसरी लाइन के रेल मार्ग का काम 3544 करोड़ की लागत से पूरा हो चुका है। डोंगरगढ़ से गोंदिया तक 2354 करोड़ की लागत से चैथी रेल लाइन का कार्य जल्द ही पूरा होगा। प्रसाद योजना के अंतर्गत प्रज्ञागिरि परिक्रमा पथ बायपास मार्ग इतने कार्य डोंगरगढ़ में हो रहे हैं कि हम गिना नहीं सकते। फुट अंडर ब्रिज साढ़े 15 करोड़ का वाय से का ब्रिज जो माता के चरणों का पहुंचेगी। डोंगरगढ़ विकासखंड में ही 950 करोड़ की लागत से सोलर पार्क का निर्माण यह सब माता की कृपा से ही पूरा हुआ है। श्रीयंत्र क्षेत्र में मेडिटेशन कैफेटेरिया श्रीयंत्र उद्यान निर्माण आगामी समय में लोग देखते रह जाएंगे इस विकास को। राजनांदगांव में चार ट्रेनों के स्टॉपेज सहित डोंगरगढ़ में वंदे भारत के स्टॉपेज के लिए रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा यह सब आपके एक वोट की ताकत व आशीर्वाद से ही संभव हुआ है। राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के कार्यों का बखान आगे करने की बात कहते हुए अपने दल सहित सभी नागरिकों के प्रति आभार उन्होंने व्यक्त किया। इस दौरान कार्यक्रम को पद्मश्री फुलबासन यादव ने भी संबोधित किया और जल संरक्षण की बात सामने रखी। पालिकाध्यक्ष रमन डोंगरे ने बंद पड़ी लोकल ट्रेन को चलाने की बात पुरजोर तरीके से रखी उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ के लोग इसके लिए काफी परेशान है। कार्यक्रम का सफल संचालन देवेंद्र साखरे ने किया शुभारंभ के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने गीत संगीत के माध्यम से देशभक्ति का परिचय दिया। बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

**अव्यवस्थित रहा कार्यक्रम....** आनंन फानन में किए गए कार्यक्रम में भारी अव्यवस्था देखने को मिली वरिष्ठ नेताओं सहित आम नागरिकों के बैठने के लिए कुर्सियां तो थी किंतु फिर भी अव्यवस्था के चलते लोग खड़े होकर कार्यक्रम को देखते रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव जिलाधीश सहित अन्य बड़े नेता जब पहुंचे उनके बैठने की व्यवस्था नहीं थी। भारी भीड़ में प्रधानमंत्री को धैर्य रखकर लोगों ने सुना। प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रही ।

## छात्रवृत्ति परीक्षा में मिडिल स्कूल एनागतराई की छात्रा तृप्ति लाउत्रे का चयन

**डोंगरगढ़,** 22 मई। सत्र 2024.25 में आयोजित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में विकासखण्ड डोंगरगढ़ संकुल बेलगाँव एमिडिल



स्कूल नागतराई से छात्रा 'तृप्ति लाउत्रे' का चयन हुआ है। चयनित छात्रा को कक्षा 9 से 12 वीं तक प्रतिवर्ष 12000 ? की राशि प्राप्त होगी। छात्रा ने शाला के विज्ञान शिक्षक 'आशीष विश्वकर्मा' के मार्गदर्शन में सफलता प्राप्त की। छात्रा की सफलता के लिए शाला की प्रधान पाठिका हेमा पांडेय एशिक्षक मनहरण वर्माए अनुराधा साहू एवं संकुल समन्वयक राजेश शर्मा ने हर्ष जताते हुए छात्रा की उज्वल भविष्य की कामना की।

## नीम के पेड़ में लटका मिला मजदूर का शव



**खैरागढ़,** 22 मई (देशबन्धु)। ब्लॉक के समीपस्थ ग्राम सर्रागोंदी निवासी खेमलाल साहू उम्र 47 वर्ष का शव बुधवार की सुबह बेंद्रीडीह और सर्रागोंदी के बीच एक नीम पेड़ में लटका हुआ मिला। मृतक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। ग्रामीण सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार खेमलाल पारिवारिक कारणों से कुछ दिनों से परेशान चल रहा था। 17 मई की रात्रि में वह खाना खाने के बाद घर से निकला था और लौटकर नहीं आया। ग्रामीणों ने जब पेड़ में शव लटका देखा तो सर्रागोंदी के ग्रामीणों को सूचना दी गई। शव की पहचान खेमलाल के कपड़े और चप्पल के आधार पर की गई जिसे उसके परिजनों ने भी पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि कुछ ही दिन पहले खेमलाल ने अपने एक बेटे और एक बेटी का विवाह धूमधाम से किया था। पुलिस ने मौके से मृतक का टावेल बरामद किया है जिससे उसने फांसी लगाई थी। शव का सड़ जाने के कारण खैरागढ़ के सिविल अस्पताल से उसे पोस्टमार्टम के लिए राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज भेजा गया। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मामले की जांच विवेचना कर दी है।

## समाधान शिविर आज वीर सावरकर भवन में

**कवर्धा,** 22 मई। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत प्रथम चरण में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा एक दिवसीय समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दिनांक 23 मई 2025 को प्रातः 10ः00 बजे से दोपहर 3ः00 बजे तक वीर सावरकर भवन में संपन्न होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि सभी शाखा प्रभारी अपने-अपने विभागों से संबंधित मांगों, समस्याओं और शिकायतों के निराकरण हेतु शिविर में आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित रहेंगे।

## असमय बिजली कटौती की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए : रामकुमार सोनी



**कुम्हारी,** 22 मई (देशबन्धु)। इन दिनों बढ़ती बिजली कटौती की समस्या से कुम्हारी वासियो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है आए दिन बार-बार बिजली का बंद चालू होना घरेलू विद्युत उपकरणों के खराब होने का कारण बन रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रामकुमार सोनी ने इस बात को लेकर नाराजगी जताते हुए विज्ञप्ति जारी कर आरोप लगाया है कि इस परेशानी के लिए जब विद्युत विभाग में फोन लगाने पर ऑफिस में कोई जवाबदार व्यक्ति फोन नहीं उठाता नहीं कोई जवाब देही होता है इस समस्या से निजात कैसे मिले इसपर विद्युत विभाग के अधिकारियों को बैठकर उचित निष्कर्ष निकालना आवश्यक है ईधर भीषण गर्मी में यह समस्या और विकराल रूप लेता जा रहा है जिसके चलते आम जनमानस में काफी रोष है। अगर यही स्थिति रही तो हमे आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदार विद्युत विभाग की होगी। वैसे इस गंभीर विषय को लेकर गुरुवार को विद्युत विभाग के अधिकारियों की एक बैठक नगरपालिका अध्यक्ष के साथ हुई जिसमें अधिकारियों ने अपनी समस्याएं भी बताई जिसमे प्रमुख रूप से स्थानीय विद्युत विभाग में पर्याप्त स्टाफ की कमी मुख्य है साथ ही यह आश्वासन भी दिया गया कि भविष्य में इसपर और गंभीरता से कार्य किया जाएगा।

# तीखी नोंकझोंक के बीच संपन्न हुई जनपद सामान्य सभा की बैठक, अव्यवस्था पर भड़के सदस्यगण

**खैरागढ़,** 22 मई (देशबन्धु)। लंबे समय बाद आयोजित जनपद पंचायत खैरागढ़ की सामान्य सभा की बैठक अव्यवस्था की भेंट चढ़ गई। बैठक शुरू होने से पहले ही सदन में बैठने की उचित व्यवस्था नहीं थी जिससे जनपद सदस्यों में नाराजगी देखने को मिली। इस बात को जनपद अध्यक्ष डॉ.राजेश्री त्रिपाठी ने स्वयं भी स्वीकारा कि बैठक की व्यवस्था में खामी रही और पत्रकारों को भी बाहर बैठने की बात कहकर मामले को शांत करने का प्रयास किया। बैठक जनपद अध्यक्ष के चेम्बर में संपन्न हुई जिसके चलते जनपद सदस्यों को काफी परेशानी हुई। जनपद सदस्य कोमल वर्मा ने पानी की समस्या को सदन में उठाया, खासकर छींदारी डेम का मुद्दा प्रमुख रहा। अधिकारियों ने जवाब दिया कि फिलहाल समाधान में समय लगेगा जिससे असंतोष और बढ़ा। आकाशदीप सिंह ने सुशासन पर्व की जानकारी के वितरण पर सवाल उठाया और पंचायत से 10 हजार रुपए वसूली का आरोप लगाया। इस पर सीईओ ने स्पष्ट किया कि ऐसा कोई आदेश नहीं दिया गया। श्री सिंह ने गाड़ियों की मासिक भुगतान राशि 50-60 हजार रुपए को लेकर भी आपत्ति जताई और कहा कि आवश्यकता हो तो स्थायी गाड़ी खरीदना ज्यादा उचित होगा।



शिक्षा विभाग को लेकर शैलेन्द्र मिश्रा ने कहा सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार मरम्मत में हुआ है। उन्होंने सिस्टम फेलियर की बात दोहराई और कहा कि ढाई साल से काम प्रगतिरत है, जो शर्मनाक है। खेमराज जैन ने मुड़भादुर स्कूल का फिनिशिंग कार्य अधूरा होने पर ठेकेदारों पर नोटिस जारी कर भुगतान रोकने की मांग उठाई। जनपद कार्यालय की दुर्दशा भी चर्चा में रही टूटी टाइल्स, खराब दीवारें और सबसे बड़ी समस्या शौचालय की कमी रही। अध्यक्ष राजेश्री त्रिपाठी ने सिंघोरी स्कूल में शौचालय निर्माण की बात पर नाराज़गी जताई और तत्काल जानकारी की मांग की। कृषि विभाग, पीडब्ल्यूडी, पीएचई विभाग के अधिकारी बैठक से नदारद रहे। इन विभागों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। जनपद सदस्य शैलेन्द्र मिश्रा ने लोक निर्माण विभाग की कार्यशैली पर सवाल किया।

सरस्वती यदु ने कहा कि हर सरपंच से तीन-तीन हजार रुपये वसूले गए हैं। इस पर शैलेन्द्र मिश्रा ने जवाब दिया जो संतोषजनक रहा लेकिन विधायक प्रतिनिधि गैदलाल कुर्रे ने कहा कि जवाब देने का अधिकार अध्यक्ष या संबंधित अधिकारी को ही है। जनपद सदस्य अतरिया के पति द्वारा सिंचाई विभाग से सीधे सवाल पूछे जाने पर बैठक में विवाद खड़ा हो गया। कई सदस्यों ने आपत्ति जताई और ऐसे बाहरी लोगों को बाहर जाने को कहा। अध्यक्ष राजेश्री त्रिपाठी ने कहा कि जनहित के कार्यों में लापरवाही नहीं चलेगी। गैरहाजिर अधिकारियों के नाम नोटिस जारी किया जाएगा। गाड़ी भुगतान सहित सभी मुद्दों की समीक्षा कर सुधार की बात कही। अंत में अध्यक्ष ने कहा यह सदन एक परिवार है, राजनीति से ऊपर उठकर काम करेंगे तो विकास संभव होगा।

**बैठक में कई तरह की समस्याएं देखने को मिली**

सामान्य सभा की बैठक में कई तरह की समस्याएं नजर आई। सबसे पहले तो जनपद पंचायत के प्रथम तल में एक बड़ा सभागार होने के बाद भी जनपद अध्यक्ष के कमरे में बैठक रखी गई। इसके बाद अधिकारियों की अनुपस्थिति से साफ जाहिर हुआ कि जनप्रतिनिधियों का अधिकारियों पर कंट्रोल नहीं है। तो आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान कैसे होगा। बताया जा रहा है कि अधिकतर सवालों के जवाब जनपद अध्यक्ष ने नहीं दिया बल्कि किसी अन्य सदस्य के द्वारा दिया गया। ऐसे में जनपद पंचायत में बेहतर कार्य हो पाएगा या इसे लेकर भी बड़ा सवाल उठ रहा है।

# कुलपति ने इंदिरा कला संगीत विवि की गतिशीलता से अवगत कराने राज्यपाल से की मुलाकात

**खैरागढ़,** 22 मई (देशबन्धु)। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा ने राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका से मुलाकात कर उन्हें विश्वविद्यालय में होने वाले बदलाव तथा विश्वविद्यालय के विकास की गतिशीलता से अवगत कराते हुये विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। कुलपति लवली ने पदभार ग्रहण करने के बाद विश्वविद्यालय की त्वरित गति से होने वाले विकास की जानकारी देते हुये बताया कि विश्वविद्यालय में आयोजित 10 दिवसीय कलात्मक शिविर में 254 विद्यार्थियों ने अलग-अलग कलाओं की शिक्षा ली जिन्हें समापन अवसर पर अपनी कलाओं का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करते हुए प्रमाण पत्र और टोपी का वितरण किया गया। विश्वविद्यालय के साथ विभिन्न संस्थाओं के होने वाले एम. ओ. यू को लेकर भी चर्चा की और इस संबंध में कुलाधिपति डेका से दिशा-निर्देश भी लिये। कुलपति लवली ने विश्वविद्यालय परिसर की सफाई व्यवस्था, कम्पोस्ट खाद निर्माण सहित अन्य विषयों से अवगत कराया साथ ही विश्वविद्यालय के हित में होने वाली सभावनाओं को लेकर भी कुलाधिपति रेमन डेका से चर्चा की। विशेषकर विश्वविद्यालय के हित में 50 सीटर बस की आवश्यकता को लेकर उन्हें अवगत कराया।



**जुलाई माह में होगा दीक्षांत समारोह राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि**

**असमिया साहित्यकार रघुनाथ चौधरी की प्रतिमा बनाने विश्वविद्यालय को मिली बड़ी जिम्मेदारी**

कुलाधिपति एवं राज्यपाल ने असम के भारतीय लेखक रघुनाथ चौधरी की प्रतिमा बनाने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को बड़ी जिम्मेदारी दी है। कुलपति से चर्चा के दौरान राज्यपाल ने गुणवत्तापूर्ण तथा परफेक्शन के साथ जल्द ही प्रतिमा निर्माण कराने की बात कही। रघुनाथ चौधरी असमिया साहित्य के जोनाकी युग या रोमांटिक युग के एक भारतीय लेखक थे। उन्हें बिहोगी कोबी (पक्षियों के कवि) के रूप में जाना जाता है क्योंकि उनके अधिकांश लेखन पक्षियों और प्रकृति पर आधारित हैं।

**दीक्षांत समारोह में राज्यपाल का विश्वविद्यालय में होगा आगमन**

कुलपति लवली ने चर्चा के दौरान कुलाधिपति एवं राज्यपाल रेमन डेका को दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय पहुंचने की बात कही। जुलाई माह के तीसरे सप्ताह में विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जायेगा जहां बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल डेका शामिल होंगे।

# नलों में अवैध रूप से मोटर लगाकर पानी खींचने वालों पर कार्रवाई

**चिखलाकसा/दल्लीराजहरा,** 22 मई (देशबन्धु)। भीषण गर्मी के चलते निकाय क्षेत्र चिखलाकसा के अंतर्गत घर में लगे नलों से मोटर लगाकर पानी खिंचने की शिकायत के मद्देनजर निकाय में गठित टीम द्वारा 02 नग मोटर जब्त एवं 05 घरों से अवैध रूप से लगे हुए नल कनेक्शन विच्छेद की कार्यवाही की गई ! उल्लेखनीय है कि नगर में ग्रीष्म ऋतु दौरान पेयजल आपूर्ति की कमी होने पर सम्बन्धित वार्डो में टैंकरों के माध्यम से आवश्यकता अनुसार जल आपूर्ति निरन्तर की जा रही है! इस दौरान घरों के नलो में मोटर पंप लगाकर पानी खिंचने की शिकायत को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत चिखलाकसा अरविंद नाथ योगी के मार्गदर्शन में पुलिस बल की उपलब्धता के साथ उप अभियंता राकेश कुमार पाठक,सहा. राजस्व निरीक्षक योगेश दुबे, जल विभाग प्रभारी राकेश साहू की टीम ने वार्ड क्र.13 सरदार पटेल वार्ड में छापा मार कार्यवाही कर 2 नग मोटर पंप जब्त किये एवं वार्ड क्र.08 जवाहर लाल वार्ड में 5 घरो से अवैध नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही की गई एवं भविष्य में शिकायत होने पर भी आगे कार्यवाही की जावेगी! इस अवसर पर नगर पंचायत के सीएमओ ने निकाय क्षेत्र के लगे पाइप लाइन में घरों में लगे नल में मोटर पंप लगाकर पानी खिंचने की अवैध कार्य नही करने की लोगों से अपील किये है। शिकायत मिलने पर सख्त कार्यवाही की बात कही है।



## निधन

### पं. रमाकांत शर्मा



**रायपुर,** 22 मई। श्रीदेव पंचांग वाले पंडित रमाकांत शर्मा (सुपुत्र - स्व. पं. वासुदेव शर्मा ) का आकस्मिक निधन आज 22 मई गुरुवार को दोपहर 3.15 बजे हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा 23 मई शुक्रवार को सुबह 10.30 बजे, निवास स्थान बी-8, श्रीराम नगर, टीवी टावर के आगे, रायपुर से नयापारा दुर्गामंदिर चौक निवास होकर मारवाड़ी श्मशान घाट, रायपुर जावेगी! शोकाकुल परिवार -पं. लक्ष्मीकांत शर्मा, उमाकांत शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, नरेंद्र शर्मा (भाई) आशुतोष, अभिषेक शर्मा (पुत्र)अमिताभ, राजीव, प्रणव शर्मा (भतीजे)।

## प्रादेशिकी का शेष...

### युक्तिकरण से ...

गढ़ बन रहा है छत्तीसगढ । वही प्रदेश सरकार सुशासन राज का डिंडोरा पीट रही है। जनता सरकार के मनमानी रवैये का समय पर जबाव जरुर देगी। ग्रामीणों द्वारा लगातार पेयजल, कानून व्यवस्था, भारतमाला परियोजना, मनरेगा का सुचारु रुप से कार्य नही होना, गांव में अवैध शराब बिकना, बिजली कटौती, अवैध खनन जैसी कई समस्याएं है।

### मुख्यमंत्री सामुहिक योजना ...

वर्षा कर मंगलकामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहींए बल्कि दो परिवारों और संस्कृतियों का मिलन है।

आगे श्री चंद्राकर ने कहा राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रत्येक जोड़े के विवाह में 50 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है। पहले यह राशि 25 हजार रुपये थी, जिसे हमारी सरकार ने बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दिया। इसमें 35 हजार रुपये की प्रोत्साहन और परिवहन सहायता राशि का चेक नवविवाहित जोड़ों को सौंपा गयाए जबकि शेष राशि से वर.वधू को आभूषण, श्रृंगार सामग्री, वस्त्र एवं अन्य आवश्यक वस्तुएँ प्रदान किए गए।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद सदस्य डालेश साहू, सरपंच युगल किशोर साहू, उपसरपंच दुष्यंत साहू, खोपली सरपंच मंजू वर्मा, पूर्व सरपंच दिलीप साहू, गजेन्द्र कुमार साहू, सविता साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, धनराज साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष फलेंद्र सिंह राजपूत, जसलोक साहू, निरंजन सिंह राजपूत, महेश साहू, जिला कांग्रेस कमेटी राकेश ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक कुमार साहू, डॉ. रहीम खान, नवाब खान, शरीफ़भाई, शेख साजिद, रफीक खान, शेख मजीद, चांद खान, कलीम मोहम्मद, हाजी वाहिद खान महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### चिट्ठा हीरोईन की सप्लाई ...

हेरोईन सप्लाई करने वालों के रूप में विक्रम जीत सिंह एवं लवप्रीत सिंह का नाम बताते हुए कहा कि वह इन्ही लोगों से चिट्ठा हेरोईन खरीदता है। इन्हें पकड़ने के लिये दुर्ग के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने एक विशेष पुलिस टीम गठित कर उन्हें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पंजाब भेजा है। यह पुलिस टीम पंजाब गई जहां उन्हें गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर लिया और दुर्ग लेकर आये। आज इन्हें दुर्ग न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### मनरेगा के मानव दिवस...

वालदे, व तिलक राजपूत सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मनरेगा में मजदूरों के मानव दिवस 18 लाख से बढ़ाकर 42 लाख मानव दिवस करने की मांग को लेकर कांग्रेस ने जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में गत दिवस जंगी आंदोलन किया था। इसी परिप्रेक्ष्य में बुधवार को जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे के साथ चर्चा की।

### रानी अहिल्याबाई की ...

विधायक ललित चंद्राकर, राकेश पांडेय अध्यक्ष खादी एवं ग्रामोद्योग छग शासन, जितेन्द्र साहू अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड छग शासन, सुरेन्द्र कौशिक जिलाध्यक्ष भाजपा, विधायक गण गजेन्द्र यादव, ईश्वर साहू, निवृतमान जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा,महापौर अल्का बाघमार, सरस्वती बंजारे अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग उपस्थित रहेगें।

# पैलीमेटा समाधान शिविर में 5409 आवेदनों का निराकरण

**गंडई पंडरिया,** 22 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण के लिए गंडई तहसील क्षेत्र के ग्राम पैलीमेटा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शासकीय हाई स्कूल पैलीमेटा में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम ठाकुरटोला, सिंगारपुर, मोहगांव, मानपुर, पहाड़ी, दरबानटोला, जंगलपुरघाट, पैलीमेटा, अचानकपुर, गर्राजीराटोला, मचकनार, कटंगी, कृतबांस और बुढ़ासागर शामिल हुए।

शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष खम्हन ताम्रकार, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमकुमार पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की तैलचित्र की विधिवत पूजा अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किया गया।

कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत पैलीमेट क्लस्टर की 10 से 15 पंचायतों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। जनता की सुविधा के लिए प्रत्येक शिविर में समाधान काउंटर स्थापित किया गया है, जहां आवेदनों की कार्यवाही की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि कोई नागरिक अपने आवेदन के निराकरण से असंतुष्ट है, तो वह दोबारा आवेदन प्रस्तुत कर सकता है, जिसका गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर ने क्षेत्र में पर्यटन के विकास पर विशेष बल दिया तथा जल संरक्षण के लिए उपयोगी सुझाव भी दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों से सोखता गड्ढा निर्माण की अपील की, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल सके।

इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी पंकज सिंह राजपूत ने अपने संबोधन में जानकारी देत हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा तेंदूपत्ता की खरीदी 5500 मानक बोरा प्रति दर से की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में इस वर्ष 96 प्रतिशत तेंदूपत्ता संग्रहण पूर्ण हो चुका है तथा वर्तमान सत्र का संग्रहण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। राजपूत ने नागरिकों से अपील की कि पौधारोपण के लिए निःशुल्क पौधे वन विभाग से प्राप्त किए जा सकते हैं। इससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने आमजन से यह भी आग्रह किया कि वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि वर्षा जल का संचयन एवं सदुपयोग अनिवार्य है। साथ ही अनावश्यक रूप से जल स्त्रोतों को चालू न रखें ताकि जल का अपव्यय रोका जा सके।



सभा को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के कल्याण हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। राज्य सरकार की योजनाएं ज़मीनी स्तर तक प्रभावी रूप से क्रियान्वित की जा रही हैं, जिनका लाभ विशेष रूप से किसानों, महिलाओं और युवाओं को मिल रहा है। सिंह ने बताया कि सरकार ने धान की खरीदी ?3100 प्रति चिंटल की दर से की है और किसानों को एकमुश्त भुगतान सुनिश्चित किया गया है। इसके अतिरिक्त बीते दो वर्षों का बोनस भी किसानों को प्रदान किया गया है, जिससे कृषि क्षेत्र को आर्थिक मजबूती प्राप्त हुई है। महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत महिलाओं को सीधे आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस पहल से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में उल्लेखनीय सहयोग मिला है।

कोमल जंघेल के संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने अल्प समय में ही सुशासन की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। सुशासन तिहार केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह जनता से संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान खोजने का माध्यम बन गया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी सीधे गांवों और वार्डों में जाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और मौके पर ही उनका समाधान भी किया जा रहा है। जंघेल ने सुशासन तिहार को सरकार और आमजन के बीच विश्वास का सेतु बताते हुए कहा कि ऐसी पहलें लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाती हैं। शिविर में पैलीमेटा कलस्तर में शामिल 12 ग्राम अंतर्गत कुल 5440 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 5409 आवेदनो का निराकरण किया जा चुका है। शिविर में मनरेगा अंतर्गत मनरेगा से कुल 6 कार्य हेतु 62.50 लाख रू. की प्रशासकीय स्वीकृति आदेश वितरित किया गया। शिविर में आज 05 कृषकों को अरहर बीज वितरण, 05 हितग्राहियों को सब्जी मिनी किट, 9 कृषकों को केसीसी योजना के तहत ऋण, 02 हितग्राही को महाजाल, 03 को राशनकार्ड, 5 को जॉब कार्ड तथा 03 हितग्राहियों को श्रम कार्ड प्रदान कर लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही 05 स्कूलों को गणित विज्ञान कीट, किशोरी बालिकाओं एवं शिशुवती महिलाओं को स्वस्थता किट और सुपोषण किट प्रदान किया गया।

# बच्चों के अंदर के कला प्रतिभा को उभारना ही समर कैंप का मुख्य उद्देश्य: विजय सिन्हा

**बेमेतरा,** 22 मई (देशबन्धु)। आज बेमेतरा नगर के समर कैंप के समापन कार्यक्रम में बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए कार्यक्रम का आयोजन पीएमश्री शासकीय प्राथमिक ष्ट्क्स्थ अभ्यास शाला बेमेतरा द्वारा किया गया।

विजय सिन्हा ने समापन कैंप को संबोधित करते हुए कहा प्रिय बच्चों, सम्मानित अतिथियों, स्टूडेंट्स गार्जियन एवं समस्त स्कूल स्टॉफ आज हम इस समर कैंप के समापन के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह समर कैंप हमारे लिए एक अद्भुत और सुखद भाविष्य का अनुभव कराने वाला है, जिसमें बच्चों ने नई चीजें सीखीं, नए मित्र बनाए और अपने कौशल को विकसित किया।

इस समर कैंप में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न क्रियाकलापों में भाग लिया जिसमें पेंटिंग, ड्राइंग, नृत्य कला और अन्य कला रूपों में अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने का अवसर मिला। हमें अगर भविष्य में आगे बढ़ना है ऊपर उठना है तो हमारे अंदर के जो हुनर है उसे बाहर प्रदर्शित करना होगा।बच्चे अंदर से कितने मजबूत हैं यह ऐसे समर कैंप के द्वारा ही बताया जा सकता है।

मुझे गर्व के साथ खुशी है कि मैं सभी बच्चों को उनके उत्कृष्ट कला पर एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया और बच्चों से मिलने का सुनहरा अवसर मुझे प्राप्त हुआ।इसके लिए मैं समस्त आयोजकों को धन्यवाद देता हूं। मेरा मानना है कि हर बच्चों के अंदर एक अच्छाई विद्यमान है, हर बालक/बालिका अंदर एक कलाकार है।

विजय सिन्हा ने आगे कहा कला का मतलब होता है किसी भी चीज को सुंदर तरीके से सबके सामने प्रस्तुत करना। विज्ञान भी एक कला है, धर्म भी एक कला है, संस्कृति और समाज भी एक कला है और जीवन भी एक कला है देखा जाय तो पूरी सृष्टि में भी एक कला है सभी अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। वैसे ही बच्चों को अपने अंदर की कला प्रतिभा का प्रदर्शन ही समर कैंप का मुख्य उद्देश्य है।

विजय सिन्हा ने कहा मैंने भी कभी नहीं सोचा था कि मुझे नगर पालिका अध्यक्ष जैसे नगर स्तर के सम्मानित पद पर आना होगा और मुझे यह अवसर एक बार नहीं दो बार मिला है शायद मेरे अंदर भी एक कला है।मुझे आज इन बच्चों और बच्चियों में भी कल का सुनहरा भविष्य दिख रहा है। इसमें कोई डॉक्टर बनेगा कोई इंजीनियर बनेगा कोई सरकारी नौकरी प्राप्त करेगा कोई बिजनेस करेगा कोई समाज सेवा करेगा हो सकता है इनमें से कोई राजनीति में भी आ जाय जनसेवा के लिए।



पालिका अध्यक्ष ने कहा बच्चे स्वभाव से शर्मीले होते हैं अपने अंदर के प्रतिभा को ठीक तरीके से व्यक्त नहीं कर पाते इसी को बाल सुलभ कहा जाता है, लेकिन यह समर कैंप बच्चों के प्रतिभा को जवां स्तर पर निखारने के लिए ही आयोजित किया जाता है। बच्चों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान कर उनके सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे गतिविधियों से उनका आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ाया जाता है।

श्री सिन्हा ने कहा बच्चों को विज्ञान और तकनीक के बारे में जानने का अवसर मिलना चाहिए, मै कहता हूं पढ़ाई को अगर खेल समझ कर किया जाए तो कोई दिक्कत नहीं और पढ़ाई के साथ खेल को रखा जाय बच्चों को मजा ही कुछ और आता है। हमें आने वाली पीढ़ी के लिए नगर में एक बौद्धिक नस्ल तैयार करना है जो आगे जाकर बेमेतरा नगर का गौरव बनेगा।वह बच्चा समाज के लिए, देश के लिए, विज्ञान के लिए अपना हुनर दिखाएगा।इसके लिए बच्चों के बौद्धिक स्तर को मजबूती देना होगा।

उन्होंने कहा बहुत अच्छी बात कि प्राचार्य के साथ पूरी स्कूल टीम सभी बच्चे एक साथ मित्र भाव से एकत्र होकर यहां समर कैंप में अपना हुनर को उभारने का प्रयास किए हैं।

विजय सिन्हा ने कहा बच्चों को उत्तम स्वास्थ्य और सुखद भविष्य का आशीर्वाद देते हुए सभी उपस्थित सम्मानित जनों को धन्यवाद देता हूं। इस समर कैंप में हर एक बच्चे अपने स्तर से ऊपर बेहतर करने का प्रयास करें।

उन्होंने समापन करते हुए कहा बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि वे अपने जीवन में आगे भी इसी तरह की मेहनत और उत्साह के साथ काम करेंगे। मैं सभी प्रशिक्षकों और आयोजकों को भी धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने इस समर कैंप को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

आज के समापन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद रवि मुलवानी विकास तम्बोली बीईओ खरे सर ,बीआरसी राजेंद्र साहू प्राचार्य थानेश्वर साहू शिक्षक राजेन्द्र दांडिया श्रीमती सीता निषाद अरविंद कुमार आनंद कशाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष - दुर्गेश पटेल उपाध्यक्ष - देवेन्द्र साहू सदस्य बालहरी देवांगन राकेश मेघवानी पुष्पा डेहरे अंजु यादव संजय कुमार देवांगन सोनिया सिंह राजपूत सहित समस्त स्कूल स्टॉफ बालक बालिका मातापिता अभिभावक सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत किशोरी बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**बेमेतरा,** 22 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन में एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किशोरी बालिकाओं को सुरक्षा, आत्मसम्मान एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाने हेतु 10 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। यह प्रशिक्षण 21 मई 2025 से ग्राम लोलेसरा, सेक्टर बैजी, परियोजना खण्डसरा, जिला बेमेतरा (छत्तीसगढ़) में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी श्रीमती यमुनेश पाण्डेय, जिला मिशन समन्वयक राजीव कुमार वर्मा, सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती स्मिता सिंह, कार्यालय सहायक लवकुश साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पंचगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।



कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि, बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

यह प्रशिक्षण प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर मानू प्रताप द्वारा प्रदान किया जा रहा है। आत्मरक्षा के गुरों के साथ-साथ बालिकाओं को मानसिक रूप से भी सशक्त बनाने की दिशा में यह प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। बालिकाओं को न केवल शारीरिक आत्मरक्षा की तकनीकें सिखाई जा रही हैं, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में बड़ी संख्या में इच्छुक किशोरी बालिकाओं ने भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को संभावित खतरों से निपटने हेतु सजग एवं समर्थ बनाना है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागी बालिकाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। आगामी दिनों में जिले के अन्य ग्रामों में भी इसी प्रकार के आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाने की योजना है, जिससे अधिक से अधिक बालिकाएं लाभान्वित हो सकें।

# सुशासन तिहार से मंगल सिंह को मिला श्रवण यंत्र

**कवर्धा,** 22 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत पण्डरिया विकासखंड के ग्राम सारपानी निवासी मंगल सिंह द्वारा श्रवण यंत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। समाज कल्याण विभाग ने सुशासन तिहार के अंतर्गत उक्त आवेदन का त्वरित निराकरण करते हुए आवश्यक कार्रवाई की। 21 मई 2025 को श्री मंगल सिंह को उनका श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। यह कार्यवाही समाज कल्याण विभाग द्वारा तत्काल की गई, जिससे मंगल सिंह को उनकी सुनने की समस्या का समाधान मिल सका और वे अपनी जीवनशैली में सुधार महसूस कर सकेंगे। समाज कल्याण विभाग द्वारा इस प्रकार की त्वरित कार्यवाही मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों को बढ़ावा देने का एक उदाहरण है, जिसके तहत विशेष रूप से गरीब, वंचित और जरूरतमंद व्यक्तियों को समय पर सहायता प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर विभाग द्वारा इस प्रकार की योजनाओं का निरंतर संचालन किया जा रहा है, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा सके।



# कंडरा पारा में नाली की मलबा का सफाई किया गया

**बेमेतरा,** 22 मई (देशबन्धु)। वार्ड नंबर 8 में विधायक दीपेश साहू भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू नगर पालिका के अध्यक्ष विजय सिन्हा उपाध्यक्ष अशोक शर्मा नगर पालिका के सीएमओ कोमल सिंह ठाकुर एवं कर्मचारियों के सहयोग से पार्षद श्रीमती चांदनी रोशन दत्ता की सक्रियता से कंडरा पारा में नाली साफ सफाई मालवा निकालने का काम किया गया सुंदर नगर मुख्य रायपुर रोड से लगे बड़े नाले की साफ सफाई करने का कार्य किया गया वह नाला इतना बड़ा था जेसीबी से उसकी साफ सफाई होती थी लेकिन धीरे-धीरे करके कुछ बड़े लोगों के द्वारा उसे नाले की जमीन को भी दबा दिया गया जिससे हम अधिकारियों से निवेदन करते हैं कि पूरे मामले की जांच की जाए वार्ड नंबर 8 के कुछ लोगों की लगातार शिकायत आ रही है कुछ जमीन दलालों की द्वारा सरकारी जमीन को दबाने का काम कुछ बड़े लोगों के द्वारा भी जमीन दबाने का काम लगातार किया जा रहा है इस मामले को अधिकारी गंभीरता से लेकर निष्पक्ष रूप से जांच की जाए और सीमांकन किया जाए सुंदर नगर फेस वन में कल बारिश होने के कारण आज नालियों का मालवा भी कुछ जगह रोड पर ऊपर आ गया और कुछ जगहों पर बहुत ज्यादा कचरा फंसने से नाली जाम हो गई थी जिसे सुबह कर्मचारी के द्वारा उसे क्लियर किया गया हम कुछ दिन पहले ही नगर पालिका का कर्मचारियों को अवगत करा चुके हैं कि सुंदर नगर फेस वन में पानी निकासी की जो समस्या होती है उसका समाधान करने के लिए अभी से ध्यान दें।



# माह जून से अगस्त तक का राशन एकमुश्त किया जाएगा वितरण

**बालोद,** 22 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत समस्त राशन कार्डधारियों को माह जून से माह अगस्त 2025 तक पात्रतानुसार एकमुश्त चावल का वितरण 01 से 30 जून तक किया जाएगा। जिले के प्रत्येक उचित मूल्य दुकानों में चावल के अतिरिक्त अन्य राशन सामग्री शक्कर, चना, गुड़ एवं नमक का स्टॉक के उपलब्धता के आधार पर माह जून से अगस्त के दौरान प्रति माह पृथक.पृथक आबंटन अनुसार वितरण किया जाएगा। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार ई.पॉस मशीन में प्रत्येक माह का चावल उठाव का हितग्राही को बायोमेट्रिक द्वारा चावल प्रदाय का अलग.अलग वितरण का रसीद प्रदाय कर राशनकार्ड में एंट्री की जाएगी। भण्डारित चावल में किसी भी प्रकार का व्यपवर्तन न हो इसकी निगरानी राजस्व खाद्य एवं सहकारिता विभाग के मैदानी अमले द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो सार्वजनिक वितरण प्रणाली ;नियंत्रणद्ध आदेश 2016 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की सुसंगत धाराओं के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी।




**बालोद,** 22 मई (देशबन्धु)। यूनिटी क्रिकेट लीग बालोद द्वारा बालोद शहर में पहली बार रात्रि क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 20 मई 2025 को फाइनल के पहले जिला पुलिस टीम व नागरिक एकादश के मध्य क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें जिला पुलिस कप्तान योगेश पटेल की टीम ने एक रोमांचक मैच में नागरिक एकादश को 15 रनों से हराया। इस अवसर पर एसपी बालोद थाना कोतवाली प्रभारी रविशंकर पांडे सहित पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी बालोद शहर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार आदि उपस्थित थे।

# चेक बाउंस के अपराध में आरोपी निर्मल 6 माह कारावास से हुए दंडित

**बालोद,** 22 मई (देशबन्धु)। संतोषी बीज भंडार से आरोपी अपने कृषि कार्य हेतु दवाई बीज का लेन देन 2008 से करता था। व्यापारिक संबंध मधुर होने का फायदा उठाते हुए अपने कृषि मजदूरों के मजदूरी का भुगतान करने के लिए नगद उधारी मांग कर ले जाता था उनके लेने देन का अंतिम हिसाब वर्ष 2021 में करने पर 2,24,553 लेना बाकी था। उक्त उधर की रकम की मांग करने पर आरोपी ने धोखा देने के आशय से बैंक का चेक भुगतान स्वरूप दिया जो अनादृत हो जाने पर संतोषी बीज भंडार के प्रोपराइटर वैभव टॉवरी के द्वार अपने अधिवक्ता भेष कुमार साहू के माध्यम से कोर्ट में परिवाद पेश कर आरोपी को कड़ी से कड़ी दंड कि मांग किया था जिस पर न्यायाधीश संजय सोनी के द्वारा आरोपी को 6 माह का कारावास और चेक में उल्लेखित राशि से दंडित करने का निर्णय पारित किया है। उक्त निर्णय से व्यापारी वर्ग ने न्याय की जीत बताते हुए इस दंड से चेक के दुरपयोग कम होने की उम्मीद जताई।

■ न्यायालय ने चेक बाउंस के बड़ते अपराध को ध्यान रखते हुए आरोपी को दी उक्त दंड

# पण्डरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से 5 हजार 333 गन्ना उत्पादक किसानों के खाते में 20.27 करोड़ का भुगतान

**कवर्धा,** 22 मई (देशबन्धु)। पण्डरिया क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों के लिए आज का दिन राहत और खुशी भरा रहा। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के सतत प्रयासों और राज्य सरकार के सहयोग से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पण्डरिया द्वारा कुल 20.27 करोड़ रूपये की राशि का भुगतान 5333 गन्ना विक्रेता कृषकों को किया गया। यह भुगतान गन्ना पेराई सत्र 2024-25 के तहत एफ.आर.पी. 315.10 रूपये प्रति चिंटल की दर से खरीदी गई गन्ने की राशि के रूप में जारी किया गया है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप एवं मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक श्री महेन्द्र सिंह सवन्नी के सहयोग से संभव हुई, लेकिन इसके पीछे सबसे प्रमुख भूमिका पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की रही, जिन्होंने लगातार शासन-प्रशासन से संपर्क कर किसानों को उनका हक दिलाने का कार्य किया। किसानों को अब शेष राशि का भुगतान भी शीघ्र मिलेगी।

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने यह सुनिश्चित किया कि गन्ना उत्पादक किसानों को उनके श्रम का पूरा मूल्य समय पर मिले। उन्होंने समय-समय पर शक्कर कारखाने के प्रबंधन, विभागीय अधिकारियों और शासन के उच्च पदाधिकारियों से संवाद कर किसानों के भुगतान में आ रही अड़चनों को दूर करवाया। किसानों की समस्याओं को उन्होंने मजबूती से उठाया, जिसके सकारात्मक परिणाम आज सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक भुगतान नहीं, बल्कि किसानों के आत्मसम्मान और विश्वास की पूर्ति है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पण्डरिया क्षेत्र के प्रत्येक किसान, श्रमिक और आम नागरिक के अधिकारों की रक्षा के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगी। भविष्य में भी क्षेत्र के किसानों के हितों के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा, ताकि खेती लाभ का सौदा बने और किसान सशक्त बन सकें।



पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं, और उनके कठिन परिश्रम का सही मूल्य मिलना बेहद जरूरी है। गन्ना उत्पादक किसानों के लिए यह एक अहम कदम है, क्योंकि समय पर भुगतान से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होता है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। यह केवल एक आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि हमारे किसानों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और जनप्रतिनिधि के रूप में मेरी जिम्मेदारी का भी परिचायक है। पंडरिया विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, मंत्री श्री केदार कश्यप और अन्य अधिकारियों के सहयोग से यह संभव हो सका है। मैं उनके प्रति आभार व्यक्त करती हूँ। हम लगातार यह सुनिश्चित करेंगे कि किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य समय पर मिले और वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। यह मेरी प्राथमिकता है कि पण्डरिया क्षेत्र के सभी किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाए और उनका जीवन स्तर ऊंचा उठे।

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पण्डरिया के एम.डी. उत्तर कुमार कौशिक ने बताया कि पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना विक्रेता कृषकों से एफआरपी 315.10 प्रति चिंटल के मान से गन्ना खरीदी की गई थी जिसका कुल भुगतान योग्य राशि 47.31 करोड़ रूपए है जिसमे से 7.85 करोड़ पूर्ण में किसानों को भुगतान किया जा चूका था, साथ ही एन.सी.डी.सी नई दिल्ली से कारखाना निर्माण के लिए कार्यशील पूंजी ऋण 16.36 करोड़ का भी भुगतान किया गया था। गन्ना भुगतान शेष राशि रू. 39.46 करोड़ में से 20.27 करोड़ राशि का 06 दिसंबर 2025 से 05 जनवरी 2025 तक के कुल 5333 गन्ना विक्रेता कृषकों को 315.10 रू. प्रति चिंटल के मान से 22 मई 2025 को जारी किया गया है एवं शेष राशि का भुगतान अतिशीघ्र किया जाएगा।

# गुलाब कुमार डड़सेना सहायक संचालक के पद पर हुए पदोन्नत

**कवर्धा,** 22 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के जनसंपर्क विभाग द्वारा विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर चार सहायक जनसंपर्क अधिकारियों को पदोन्नत करते हुए सहायक संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है। विभागीय पदोन्नति समिति 08 अप्रैल 2025 की अनुशंसा के आधार पर विभाग द्वारा आज 22 मई को महानदी भवन, मंत्रालय से आदेश जारी किया गया।



पदोन्नत होने वाले अधिकारियों में कमलेश कुमार साहू, गुलाब कुमार डड़सेना, रमेश भार्गव एवं श्रीमती रीनू ठाकुर शामिल हैं। इन सभी अधिकारियों को वेतन मैट्रिक्स लेवल-12 (56100-177500 रुपये) में सहायक संचालक पद पर पदस्थ किया गया है।

पदोन्नति के पश्चात गुलाब कुमार डड़सेना ने जिला जनसंपर्क कार्यालय, कबीरधाम में सहायक संचालक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। विभागीय एवं प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करने वाले श्री डड़सेना अपने कर्मठ, सौम्य एवं संवादपरक व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं। उनके द्वारा पत्रकारों और अधिकारियों के साथ सौहार्दपूर्ण समन्वय स्थापित करते हुए जनसंपर्क गतिविधियों का कुशल संचालन किया जा रहा है।

उनकी पदोन्नति की सूचना मिलते ही जिला कार्यालय में हर्ष और उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया। जिले के प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकार संगठनों, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं वेब मीडिया संस्थानों से जुड़े अनेक प्रतिनिधियों ने श्री डड़सेना को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर प्रगति की कामना की है।

मीडिया प्रतिनिधियों ने उनके साथ अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि श्री डड़सेना ने स्वच्छ संवाद और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है। उनके कार्य व्यवहार में अनुशासन, संवेदनशीलता और पत्रकारिता के प्रति सम्मान स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। उन्होंने हर परिस्थिति में जनसंपर्क के दायित्वों का संयम और सजगता के साथ निर्वहन किया है। श्री डड़सेना ने कबीरधाम में विभागीय, प्रशासनिक तथा लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निर्वाचनों में सौपे गए दायित्त्वों का सफल निर्वहन के लिए राष्ट्रीय पर्व के अवसरों पर कलेक्टर की अनुसंशा पर अनेकों बार सम्मानित किया जा चुका है। आदेशानुसार पदोन्नत अधिकारियों की नवीन पदस्थापना आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी।

# नालंदा परिसर आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण सौगात :डॉ. रमन सिंह

- नालंदा परिसर 24 घंटे रहेगा खुला
- विधानसभा अध्यक्ष ने नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत लगभग 25 करोड़ रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण



**राजनांदगांव** 22 मई (देशबन्धु)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने राजनांदगांव प्रवास के दौरान आज ऊर्जा पार्क में नगर विकास के अंतर्गत लगभग 25 करोड़ रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज लगभग 30 लाख रूपए लागत के पुष्पवाटिका में निर्मित फिश एचेरियम का लोकार्पण किया। इसके साथ लगभग 12 करोड़ रूपए लागत के नालंदा परिसर तथा लगभग 12 करोड़ रूपए की लागत से मूलभूत सुविधा के तहत रोड, नाली, सामुदायिक भवन, मंच, उद्यान, प्रवेश द्वार, शेड निर्माण सहित विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि विकास के नये आयाम और नई दरवाजे खुल रहे हैं। नई पीढ़ी के निर्माण के लिए नालंदा परिसर बड़ा कारगर सेंटर बनेंगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि नालंदा परिसर जब किसी शहर में आ जाए तो हजारों युवकों में परिवर्तन लाता है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव के विकास के बड़े कार्यों में मेडिकल कॉलेज, स्टेडियम के साथ अब नालंदा परिसर जुड़ जाएगा। नालंदा परिसर बनने से युवा पीढ़ी के निर्माण का कार्य होगा। नालंदा परिसर 24 घंटे खुला रहेगा। यहां हजारों बच्चे रजिस्ट्रेशन कराएंगे। इस नालंदा परिसर से हजारों बच्चे सीजीपीएससी, यूपीएससी, पुलिस, शिक्षक, आईआरएस जैसी विभिन्न भर्ती एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। इस नालंदा परिसर में इंटरनेट से कनेक्ट 50 कम्प्यूटर और लैपटॉप रहेंगे और दुनिया की सारी जानकारी यहां से ले सकेंगे। यह रायपुर के नालंदा परिसर जैसे होगा। वहां के हजारों बच्चे अलग-अलग परीक्षाओं में पास हो चुके है। आने वाली पीढियों के लिए नालंदा परिसर बहुत महत्वपूर्ण सौगात होगी।

सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि नालंदा परिसर राजनांदगांव के लिए ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि नालंदा परिसर छत्तीसगढ़ के कुछ ही जगहों पर है। उन्होंने कहा कि 500 बच्चे एक साथ बैठकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि दंतेवाड़ा और रायपुर के तर्ज पर छात्र-छात्राओं को नालंदा परिसर की सौगात मिलेगी। यह परिसर 24 घंटे चलने वाला परिसर होगा। इसमें 500 बच्चे अध्ययन कर सकेंगे। सीजीपीएससी, यूपीएससी, व्यापम और बहुत सारे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने स्वागत उद्बोधन देते हुए बताया कि लगभग 25 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। उन्होंने बताया कि शहर में लगभग 12 करोड़ रूपए की लागत से नालंदा परिसर बनेगा। इसमें 500 बच्चे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयार कर सकेंगे। यह 24 घंटे संचालित होगी। यहां 2 लेक्चर हॉल का निर्माण किया जाएगा। 10 हजार किताबों की लायब्रेरी होगी। 50 सीटर इंटरनेट सहित कम्प्यूटर होंगे जिससे बच्चें ऑनलाईन पढ़ाई कर सकेंगे। यह भवन पूर्ण रूप से वातानुकुलित होगी। उन्होंने बताया कि पुष्पवाटिका में निर्मित फिश एक्वेरियम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, अध्यक्ष पर्यटन मंडल नीलू शर्मा, कोमल सिंह राजपूत, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, खूबचंद पारख, रमेश पटेल, दिनेश गांधी, राजेन्द्र गोलछा, संतोष अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित थे।

# महापौर पीएमश्री सर्वेश्वर दास विद्यालय के समर कैम्प समापन समारोह में हुए शामिल





**राजनांदगांव** 22 मई (देशबन्धु)। महापौर मधुसूदन यादव पीएमश्री सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में बच्चों के लिए आयोजित समर कैम्प के समापन समारोह में शामिल हुए। महापौर मधुसूदन यादव ने समर कैम्प में प्रतिभागी बच्चों को मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान कर उत्साहवर्धन किया तथा समर कैम्प में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी शिक्षकों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में चेयरमेन नगर पालिक निगम राजा माखीजा, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी ने भी बच्चों को संबोधित किया। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बच्चों को समर कैम्प में कैरियर गाईडेंस के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढने प्रेरित किया। 10 दिनों तक चले समर कैम्प के शैक्षणिक संवर्धन, कौशल आधारित कार्यशाला कला शिल्प, संस्कृति, खेल एवं शारीरिक, संसाधन व्यक्तित्व, वित्तीय साक्षरता, ईकोक्लब, वाद प्रतिवाद एवं खेलकूद सहित अन्य गतिविधियों में प्रतिदिन लगभग 80 बच्चे शामिल हुए। इस अवसर पर जिले के पीएमश्री के नोडल सतीश ब्यौहारे, एपीसी समग्र शिक्षा आदर्श वासनिक एवं विद्यालय के प्राचार्य धनीराम देवांगन व शिक्षक तथा बच्चे उपस्थित थे।

## अभिषेक राजगामी सम्पदा के सचिव व मुख्य कार्यपालन अधिकारी

**राजनांदगांव** 22 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव खेमलाल वर्मा के स्थान पर डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी को आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से राजगामी सम्पदा राजनांदगांव के सचिव व मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि कार्य की अधिकता के दृष्टिगत कलेक्टर ने राजगामी सम्पदा के बायलाज के उपनियमों की कंडिका 9 के अनुसार डिप्टी कलेक्टर को राजगामी सम्पदा का मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया है।

# सुबह वार्ड भ्रमण में आयुक्त ने जीई रोड में लगे विज्ञापन बोर्डों का निरीक्षण कर अवैध बोर्ड हटाने के दिये निर्देश



**राजनांदगांव** 22 मई (देशबन्धु)। प्रतिदिन सफाई निरीक्षण की कडी में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा आज जी.ई.रोड में साफ सफाई का जायजा लेकर अतिक्रमण हटाने तथा कचरा फैलाने वालो पर जुर्माना लगाने कहा। साथ ही उन्होंने विज्ञापन बोर्डो का निरीक्षण कर अवैध बोर्ड हटाने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त विश्वकर्मा आज सफाई निरीक्षण में जी.ई.रोड पेण्ड्री चैक से पारीनाला तक लगे विज्ञापन बोर्ड का निरीक्षण कर प्र. सहायक राजस्व अधिकारी श्री अशोक चैबे को अवैध रूप से लगे बोर्ड हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रोड में लगे विज्ञापन बोर्ड से यातायात बाधित होने के साथ साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। विज्ञापन बोर्डो की जॉच कर अवैध बोर्ड तत्काल हटाने संबंधित को निर्देशित करने कहा, अपालन पर संबंधित के विरूद्ध जुर्माना लगा जप्ती की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में भी विद्युत पोल एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति के छोटे बडे बोर्ड लगा दिये जाते है, जिन्हे भी नोटिस देकर हटाने की कार्यवाही करने निर्देशित किए, नही हटाने की स्थिति में जप्ती की कार्यवाही करे। जी.ई.रोड में सफाई का जायजा लेकर साफ सफाई रखने, कचरा फैलाने वालो पर कार्यवाही कर जुर्माना लगाने प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा को निर्देशित किए। उन्होंने कहा कि जी.ई.रोड में शहर के अलावा बाहर के लोगो का भी आना जाना लगा रहता है, जहॉ से हमारे शहर की छवि प्रदर्शित होती है। इसलिए जी.ई.रोड में साफ सफाई रखे, नाली नालो की सफाई करे, रोड के किनारे के दुकानदारो व ठेला खोमचा वालो को साफ सफाई रखने समझाईस देवे, अतिक्रमण करते देख हटाने की कार्यवाही करे।

# रेवाडीह पेंड्री बायपास शराब दुकान तत्काल हटाने विधानसभा अध्यक्ष, सांसद व कलेक्टर के सम्मुख भाजयुमो जिला महामंत्री सूर्यवंशी ने की मांग

- संस्कारधानी की जनता धृतराष्ट्र की तरह आंखों में पट्टी बांधकर नही रखती – गोलू सूर्यवंशी





**राजनांदगांव** 22 मई (देशबन्धु)। कीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, शासकीय एकलव्य आदर्श विद्यालय शिक्षण संस्थान के सामने स्थित 15 दिन पूर्व खुले शराब दुकान तत्काल हटाये जाने की मांग की विदित हो कि राजनांदगांव प्रवास के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी तथा सासंद संतोष पांडे जी सहित जिलाधीश श्रीमान नरेंद्र सर्वेश्वर भूरे जी व्यक्तिगत भेंट कर बेबाकी से अपनी बात रखते हुए विषय के बारे में अवगत कराया श्री सूर्यवंशी ने बताया कि राजनांदगांव बाईपास मार्ग (रेवाड़ीह) स्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की महत्वकांक्षी योजना पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, महिला पॉलिटेक्निकल कॉलेज, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (ढ्ढञ्जढ्ढ) तथा शासकीय एकलव्य आदर्श विद्यालय शिक्षण संस्थानों के ठीक सामने महज 20 मीटर के अंतराल में राजनांदगांव आबकारी विभाग द्वारा नियम विरुद्ध शासकीय शराब दुकान खोलकर उसका संचालन किया जा रहा है जो कि अत्यंत निंदनीय व गैरजिम्मेदाराना और विचलित करने वाला विषय है। विदित हो कि न्यायालय के निर्देशानुसार किसी भी शिक्षण संस्थान/ चिकित्सालय के आसपास मदिरा दुकान का संचालन करना असंवैधानिक है ऐसे में इतने बहुप्रतीक्षित संस्था पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय स्थित है जिसमें हजारों की संख्या में विधार्थी अध्यनरत है उंसके ठीक सामने आबकारी विभाग द्वारा शराब दुकान का संचालन बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है ऐसे में जानकारी देना जरूरी है की क्षेत्रवासियों, बुद्धिजीवियों व जिम्मेदार नागरिकों में नए खुले शराब दुकान को लेकर भयंकर रोष और आक्रोश व्याप्त है। आबकारी विभाग द्वारा जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों/अधिकारियों को भरोसे में लिए बिना उक्त विषय मे एकतरफा निर्णय लेते हुए मनमानी करना स्पष्ट प्रतीत होता है सूर्यवंशी ने विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि संस्कारधानी की जनता धृतराष्ट्र की तरह आंखों में पट्टी बांधकर नही रखती जो किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त करेगी तत्काल शराब दुकान को जल्द ही वहाँ से हटाया जाए अन्यथा भविष्य में किसी घोर आक्रोश का सामना विभाग के न्यायालय विरुद्ध अनैतिक कृत्य के चलते जिम्मेदार अधिकारियों को करना पड़ सकता है इस तरह के घोर लापरवाही से हमारी सरकार की क्षवि जनता के बीच धूमिल करने का प्रयास कतई स्वीकार्य नही होगा। अत: भविष्य गढ़ने वाले संस्थान में अध्यनरत महिला विधार्थी तथा (बालक-बालिका) छात्रहित में शराब दुकान को बंद कर उक्त स्थान से तत्काल हटवाने निवेदन किया गया! जिसपर गंभीरता दिखाते हुए माननीय डॉ. रमन सिंह जी ने संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्यवाही करने का भरोसा जताया।

# कांग्रेस ने यह ठाना है संविधान को बचाना

- राजनांदगांव विधानसभा संविधान बचाओ रैली का आयोजन
- बड़ी संख्या में कांग्रेसजन रैली में शामिल हुए



**राजनांदगांव** 22 मई (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज 22 मई को राजनांदगांव विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया।इस आयोजन में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष,विस.चुनाव प्रत्याशी गिरीश देवांगन सहित कांग्रेसजन,कार्यकर्ता शामिल हुए।

शहर जिला कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश, जिला, विधानसभा, ब्लॉक, वार्ड,बूथ स्तर पर यह रैली का आयोजन किया जाना है इसी क्रम में आज ग्रामटुढोड़िया से हल्दी वार्ड तक और हल्दी वार्ड का भ्रमण करते हुए हल्दी चौक में सभा होकर यह विधानसभा स्तरीय रैली आयोजित हुई।जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसजन संविधान का और भारतरत्न बाबासाहब आंबेडकर का जयघोष करते हुए आगे बढ़े।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरीश देवांगन ने कहा कि भारत देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है,आजादी के पश्चात संविधान की आवश्यकता होने पर संविधान निर्माण समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर जी के नेतृत्व में भारत देश की आत्मा कही जानी वाली संविधान का निर्माण हुआ,26जनवरी 1950 को इसे अंगीकार कर भारत गणतंत्र बना।संविधान हमे समानता ,बराबरी,आरक्षण का अधिकार देता है ताकि पिछड़े,दलित,वंचित लोगों का जीवनस्तर ऊंचा कर उनका उत्थान हो सके।बीजेपी का आरक्षण समाप्त करने का छुपा एजेंडा है।इसका कांग्रेस लगातार विरोध कर रही है।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र की मोदी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान विरोधी कार्य कर रही है।यह संविधान बचाओ यात्रा के माध्यम से उनकी कथनी और करनी को आम जनमानस के बीच लाने का काम कांग्रेस करेगी।

कार्यक्रम को शहर जिला प्रभारी बृजेश शर्मा,पूर्व महापौर हेमा देशमुख, जिपं सदस्य अंगेशवर देशमुख, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली,तुकज साहू,तथा सभा का संचालन दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने किया।इस रैली में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश डाकलिया, दिनेश शर्मा, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा ,मोहम्मद याह्या ,झम्मन लाल देवांगन, मामराज अग्रवाल ,सुरेंद्र देवांगन, योगेंद्र दास वैष्णव ,जयनारायण सिंह, मदन साहू, पार्षद छोटेलाल रामटेके, नीरज कन्नौजे ,मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ,राहुल गजभिए, प्रियेश मेश्राम ,केवल साहू ,राजेश सेवता ,केशव पटेल, धर्मेंद्र देवांगन ,दिलीप चंद्राकर, तजेंद्र वैष्णव, जय जायसवाल, धन्नालाल साहू, महेश साहू, टिंकू साहू, केशव कुमार ,त्रिलोचन साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए। आभार प्रदर्शन वार्ड कांग्रेस प्रत्याशी रहे रूपेश साहू ने किया।

# राजेश श्यामकर के प्रयासों से मृतक के परिजनों को मिला 15 लाख का चेक



**राजनांदगांव** 22 मई (देशबन्धु)। जिले के घुमका तहसील अंतर्गत गाँव पटेवा का रहने वाला नवयुवक कुणाल कुमार मांडले (17 वर्ष) पिता तीरथ राम मांडले फुलझर की मेसर्स न्यू लूक बायोफयूलस प्राईवेट लिमिटेड जिस कंपनी में काम करने गया था वहाँ काम शुरू करने के पहले ही दिन विद्युत करेंट की चपेट में आकर जान गँवा बैठा। कंपनी ने उनके परिजनों को अंतिम संस्कार के लिये 50 हजार रूपये दे दिया था। गरीब परिवार पर आई इस विपदा पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता राजेश श्यामकर ने मानवीयता का परिचय देते हुए शोक संतप्त परिवार को कंपनी की ओर से 15 लाख दिलाने में मदद की। घुमका तहसील में तहसीलदार के समक्ष श्री श्यामकर के नेतृत्व में मृतक के परिजनों को 15 लख रुपए का चेक प्रदान किया गया। श्री श्यामकर ने बताया कि इसमें जिला प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला जिसके लिए उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित किया है।

उल्लेखनीय है कि श्री श्यामकर क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में हमेशा सहभागी बनकर मदद के लिये हाथ बढ़ाते रहे हैं। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर के साथ हेमंत ,नरेन्द्र वर्मा मण्डल अध्यक्ष,जागेश्वर साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, तिलाई के मंडल अध्यक्ष परदेसी सोनबोईर, रामदास जांगड़े, संतोष वर्मा,नोहेंद्र सिन्हा, विनोद बारले, मोहित वर्मा, गोविंदा श्रीवास,बहुर साहू, प्रमोद दुबे, फागू यादव,तोरण कस्यप, गंगेश्वर वर्मा,दिलीप पटेल, अनिल राजपूत, नूनूनकरं वर्मा, सूरज पात्रे सहित घुमका तहसील कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी अधिकारी नियमित तौर पर करें दौरा :कलेक्टर



**राजनांदगांव** 22 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार सभी अधिकारी नियमित तौर पर दौरा करेंगे और जमीनी स्तर पर शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी लेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं सभी विभागों के अधिकारी मुख्यालय में रहना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्व के छोटे-छोटे कार्यों के लिए नागरिकों को भटकना न पड़े। सभी राजस्व अधिकारी जनमानस के लिए संवेदनशीलतापूर्वक एवं तत्परता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड शासन की महती योजना है। इसके क्रियान्वयन के लिए यह जरूरी है कि डोर-टू-डोर सर्वे करने के साथ ही ऐसे व्यक्ति जो पलायन कर गए हैं या जिनका आधार अपडेट नहीं है, उनके आयुष्मान कार्ड निरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड तथा आयुष्मान वय वंदन कार्ड के निर्माण में गति लाएं। उन्होंने कहा कि विद्युत व्यवस्था बाधित होने पर उसके मेंटेनेंस का कार्य शीघ्र होना चाहिए। वास्तविक खपत से अधिक खपत होने की स्थिति में कार्रवाई की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को वास्तविक बिजली की खपत की जानकारी देना चाहिए। उन्होंने रीवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम अंतर्गत स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य के अंतर्गत स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य में गति लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि विद्युत कनेक्शन में प्राथमिकता के आधार पर स्मार्ट मीटर लगाने की जरूरत है। बिजली के क्षेत्र में विद्युत के उपयोग एवं देयक को पारदर्शी बनाने के लिए स्मार्ट मीटर के क्रियान्वयन के लिए कहा। उन्होंने सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि जिले में इस योजना से अधिक से अधिक जनसामान्य को लाभान्वित कराएं, इससे बिजली के बिल में कमी आएंगी। कलेक्टर ने जिले में निर्माण कार्य से जुड़े पीडब्ल्यूडी, आरईएस सहित अन्य विभागों को निर्माण कार्यों को यथा शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्रेडा, नगर निगम एवं निर्माण कार्य से जुड़े अन्य विभागों को गुणवत्ता कार्य नहीं होने पर कान्ट्रेक्टर का ठेका निरस्त करने तथा ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीएल में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि शासन द्वारा 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान के द्वारा खरीफ पूर्व राष्ट्रव्यापी अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कृषि, उद्यानिकी, पशु पालन, मत्स्य पालन एवं अन्य संबंधित विभाग समन्वित तरीके से कार्य करेंगे। इसके अंतर्गत प्रमुख खरीफ फसल की नवीनतम तकनीक के संबंध में किसानों को जानकारी देने के साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के संबंध में भी बताया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि शहर के विभिन्न उद्यानों के रख-रखाव का कार्य उद्योगों को भी दें। उन्होंने शहर के सभी गार्डन के सौदर्यीकरण, रख-रखाव एवं मरम्मत के लिए मिशन मोड में कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्टेडियम की दुकानों में किराया नहीं देने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करें तथा हाऊसिंग बोर्ड एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों में अवैध कब्जे को हटाने के लिए कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है।

जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि बारिश को ध्यान में रखते हुए पौधरोपण कार्य के लिए आवश्यक तैयारी रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि भूमिहीन व्यक्तियों को आबादी पट्टा देने के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान में अग्रणी रहना है। सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेकने वालों पर जुर्माना लगाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए महासंपर्क चलाकर जिले के अधिक से अधिक गांवों में हितग्राहियों के घर तक पहुंचकर सर्वे करना है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री मनोज मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्टा पुल्टा

यमराज- मैं तेरी जान लेने आया हूं।
आदमी- ले जाइए पड़ोस में ही 3 घर छोड़कर रहती है।

## संपादकीय

# ईमानदारी से दें परीक्षा

रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा कुछ माह पहले ली गई विभिन्न पदों की परीक्षाओं में टेकनीशियन पद की भी भर्ती थी। यह परीक्षा अलग-अलग केन्द्रों में ली गयी थी। इसमें बैठे विभिन्न प्रत्याशियों के दस्तावेजों का सत्यापन जब मंगलवार को हुआ तो पाया गया कि एक युवक ने, जिसका नाम सुमीत कुमार बतलाया जाता है, फर्जी दस्तावेज नत्थी किये हैं। उसके खिलाफ़ कार्रवाई की जा रही है। यह भी बतलाया जाता है कि उसने विभिन्न केन्द्रों से नियम विरूद्ध जाकर यह परीक्षा दी है।

यह एक गम्भीर जुर्म है। सभी को इससे हर लिहाज़ से बचना चाहिये। न तो किसी के नाम पर परीक्षा दी जाये और न ही किसी को अपनी जगह पर परीक्षा देने के लिये मुन्नाभाई बनाकर भेजा जाये। ऐसे ही, जो भी दस्तावेज़ हों, वे प्रामाणिक होने चाहिये। इसमें खुद का कैरियर दांव पर लगता है। नौकरी के दौरान किसी भी स्तर पर फर्ज़ी दस्तावेजों के आधार पर यह खुलासा होने पर न केवल नौकरी जा सकती है वरन आपराधिक मामला भी चलना तय है। छत्तीसगढ़ के ही कुछ शासकीय (केन्द्रीय व राज्य के) उपक्रमों में इस तरह के लोग काम करते हुए पकड़े गये हैं।

हाल के वर्षों में युवा पीढ़ी इस ओर आकर्षित हुई है कि वह किसी और को कुछ ले-देकर अपनी ओर से परीक्षा दिला दे। यह न केवल स्कूल-कॉलेजों की परीक्षाओं में होता है वरन नौकरियों के लिये होने वाली परीक्षाओं को लेकर भी हो रहा है। जो पढ़ाई-लिखाई में फिसड्डी होते हैं, वे ऐसे तरीके अपनाते हैं। वैसे यह भी सच है कि बहुत से राज्यों में ऐसे गिरोह सक्रिय हैं जो पैसे लेकर परीक्षा पेपर मुहैया कराते हैं अथवा लोगों को उत्तीर्ण करा देते हैं। किसी की जगह पर किसी और व्यक्ति द्वारा परीक्षा दिलाने की भी वे व्यवस्था कराते हैं। इतना ही नहीं, वे नौकरियों के लिये आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिये भी सफलता की गारंटी देते हैं। बस, इसके लिये भरपूर रकम देनी होती है।

ये सारे ही तरीके अनैतिक हैं। ऐसे उपायों से कोई भी परीक्षा पास की जाये या नौकरी पा ली जाये, वह नैतिक रूप से उचित नहीं है। हो सकता है कि कुछ लोगों की यह चोरी कभी पकड़ी न जाये, परन्तु उनमें आजीवन अपराध भाव रहता है तथा वे खुद को हमेशा असुरक्षित महसूस करते हैं। इसका असर उनकी भावी पीढ़ी पर भी पड़ता है। परिवार के अन्य सदस्य भी पैसों के बल पर सफलता की हमेशा तलाश करते रहेंगे।

इसलिये सबसे अच्छा यही है कि किसी भी तरह की बेईमानी न बरतते हुए परीक्षाएं दी जायें- फिर वे चाहे स्कूल-कॉलेजों की हों या नौकरियों की। सम्भव है कि खुद के बूते कोई बड़ी उपलब्धि हासिल न की जा सके। ऐसे में कमतर पर संतोष करना सभी को आना चाहिये।

# सेना के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को सलाम करते हुए नवापारा में ऐतिहासिक सिंदूर यात्रा निकाली गई

**नवापारा राजिम,** 22 मई (देशबन्धु)। सेना के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को सलाम करते हुए नवापारा में ऐतिहासिक च्चसिंदूर यात्राज्ज निकाली गई। यह यात्रा नगर पालिका भवन से प्रारंभ होकर गंज रोड, पंजवानी चौक होते हुए नेहरू गार्डन पहुंची। इस यात्रा में पालिका के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारी के अलावा स्व सहायता समूहों की महिलाओं, आम गृहणियों, महिला जनप्रतिनिधियों, महिला संगठनों, एनजीओ, एनयूएलएम के साथ बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित थी।

इस यात्रा के पूर्व नगर पालिका भवन के सभाकक्ष में उपस्थित सभी महिलाओं को सिंदूर वितरण किया गया। यात्रा में सभी मातृ शक्तियों ने लाल परिधान पहनकर भाग लिया। यह ष्सिंदूर यात्राज्ज जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष सैलानियों की बर्बर हत्या के बाद भारतीय सेना द्वारा की गई एयर स्ट्राइक और आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई के समर्थन में निकाली गई। देश के नेतृत्व और सेना के शौर्य ने दुनिया को नए भारत की ताकत दिखा दी। रैली के दौरान भारत माता की जय और अमर शहीदों की जय के नारे लगाए गए। पाकिस्तान विरोधी नारों से वातावरण गुंजायमान रहा।



यात्रा में पालिका के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारी , सहायता समूहों की महिलाओं, आम गृहणियों, महिला जनप्रतिनिधियों, महिला संगठनों, एनजीओ, एनयूएलएम के साथ बड़ी संख्या में मातृ शक्ति थी शामिल

**नारी शक्ति सिंदूर की रक्षा के लिए हर परिस्थिति में साथ खड़ी है, जरूरत पड़ी तो हथियार उठाने से भी पीछे नहीं हटेगी : संध्या राव**

इस दौरान उपस्थित लोगों ने उन वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए और आतंकवाद के खिलाफसेना के हर कदम का समर्थन देने की बात कही ।। इस अवसर पर संध्या राव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारतीय नारी के सम्मान और सेना के अद्वितीय पराक्रम का प्रतीक है। इस देश की नारी शक्ति सिंदूर की रक्षा के लिए हर परिस्थिति में साथ खड़ी है और जरूरत पड़ी तो हथियार उठाने से भी पीछे नहीं हटेगी। कहा कि ष्ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश को गर्व से भर दिया । यह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारत की शक्ति, एकता और आत्मबल का प्रतीक है। सभा को पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी साहू, भूपेन्द्र सोनी , नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ,डॉ उमा गुप्ता सहित अनेकों लोगों ने सभा को संबोधित किया ।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर नारी शक्तियों ने निकाली सिंदूर यात्रा, मशाल रैली

**महासमुंद,** 22 मई (देशबन्धु)। स्थानीय लोहिया चौक से बुधवार को सर्वदलीय नारीशक्तियों के विशाल भीड़ के साथ शहर के मुख्यमार्गों पर महिलाओं ने सिंदूर लगाकर, लाल रंग के परिधान और हाथों में मशाल लेकर सिंदूर यात्रा निकाली। सिंदूर यात्रा में महिलाओं के साथ सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरीं, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, कृषि बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अल्का चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष महेंद्र सिका सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारीयों की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रभारी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू और विभिन्न महिला संगठनों के पदाधिकारी भारतमाता की जय, वंदे मातरम का जयघोष करते हुए रैली में शामिल हुए। सिंदूर यात्रा रैली के पूर्व लोहिया चौक में उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए सांसद रूपकुमारी चौधरीं ने कहा कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादीयो ने निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर कई महिलाओं की सुहाग की हत्या कर उनका सिंदूर मिटा दिया । पूरे देशभर में इस जघन्य हत्याकांड से महिलाओ में आक्रोश का माहौल है। इस निर्मम हत्याकांड को केंद्र की सरकार ने गम्भीरता से लेते हुए भारतीय सेना को ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तानी आतंकी अड्डो को खत्म करने के मिशन में सफलता हासिल की है। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर केंद्र की सरकार की जवाबी कार्यवाही का उल्लेख करते हुए कहा कि एक तरफमहिला माता बहनों का सिंदूर मिटाने वाले आतंकियो को मुंहतोड़ जवाब देश की पराक्रमी सेना >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# पितईबंद में अवैध रेत खनन रुकवाने पंचायत ने लगाई कलेक्टर से गुहार



**राजिम,** 22 मई (देशबन्धु)। बुधवार को ग्राम पंचायत पितईबंद के सरपंच गोदावरी बंजारे अपनी पंचों के साथ अवैध रेत उत्खनन रुकवाने के लिए जिला कलेक्टर भगवान सिंह उइके, राजिम एसडीएम विशाल कुमार महाराणा, तहसीलदार चंद्रवंशी को लिखित में आवेदन सौंपा है। जिसमें उन्होंने अवैध रेट उत्खनन पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि महानदी में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। जिसे ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, पंचगण एवं सरपंच के द्वारा मना किए जाने पर भी बंद नहीं किया जा रहा है। जिससे शासन को राजस्व की क्षति हो रही है एवं परिवहन से कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है इससे जल स्तर भी तेजी के साथ नीचे जा रहा है। सरपंच गोदावरी बंजारे, पंचगण प्रभा बंजारे, रुचि यदु, शांति बाई यादव, लक्ष्मी निषाद, दानेश यदु, रामहिन भारती, बसंती ध्रुव, टुकेश नागरची के अलावा सहदेव बंजारे, जगदीश इत्यादि ने मांग किया है कि अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर तत्काल रोक लगाया जाए। उपसरपंच शेखर बंजारे ने मोबाइल से बताया कि आपत्ति करने पर गाड़ियां पकड़ लेते हैं और फिर शुरू हो जाती हैं। पिछले डेढ़ महीने से अवैध रेत परिवहन धड़ल्ले से जारी है। गांव वालों का कहना है कि यही स्थिति रही तो खामियाजा गांव वालों को भुगतना पड़ेगा। गांव का जल स्तर तेजी से नीचे चला जा रहा है आने वाला निकट भविष्य में पानी के लिए हाहाकार मचेगी। अब सबसे बड़ा प्रश्न यह खड़ा होता है कि जब पंचायत अवैध खुदाई के पक्ष में नहीं है तो फिर किसके कहने पर रेत निकाली जा रही है। किसने इन माफियाओं को खुली छूट दे रखी है। क्या यह सरकार के कोई पावरफुल बंदा है या फिर शासन प्रशासन के कृपा पात्र है जो इस तरह के अवैध रेत उत्खनन को लगातार अंजाम दे रहे हैं।

**जिले में और कई जगह हो रहे अवैध रेत खनन:** बताया जाता है कि पीतईबंद के अलावा जिले में और कई जगह अवैध रेत उत्खनन का कार्य बदस्तूर जारी है। जिस पर लगाम लगाने वाला कोई नहीं >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कुकरेल के पंजाब नेशनल बैंक पहुंचे कलेक्टर, महिलाओं से की बात

**धमतरी,** 22 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा आज सुबह कुकरेल तहसील के पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में अचानक पहुंचे। यहां उन्होंने बैंक में आए लोगों और महिलाओं से बात की। कलेक्टर ने बैंक में उपलब्ध सुविधाओं और ग्राहकों को दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने शासन की योजनाओं के भुगतान आदि कामों में बैंक की भूमिका और कार्रवाई का भी फीडबैक लिया। कलेक्टर ने बैंक में मौजूद महिलाओं से महतारी वंदन योजना की राशि खाते में आने, राशि भुगतान के लिए बैंक द्वारा त्वरित कार्रवाई करने आदि के बारे में भी पूछा। उन्होंने अपने खातों से राशि निकालने के लिए बैंक द्वारा किसी प्रकार की आना-कानी करने या देरी करने के बारे में भी उपस्थित महिलाओं से पूछा। महिलाओं ने कलेक्टर को बताया कि उनके खातों में समय पर महतारी वंदन योजना की राशि लगातार हर महीने जमा हो रही है। आवश्यकता पड़ने पर बैंक द्वारा आसानी से भुगतान भी दे दिया जाता है। लोगों से दूसरी समस्याओं के बारे में पूछने पर बताया गया कि ज्यादा भीड़ होने के कारण बैंक में काम कराने में देरी होती है, जिससे समय ज्यादा लगता है और कभी-कभी परेशानी भी होती है।

कलेक्टर ने बैंक अधिकारियों से शासन की योजनाओं में पूरा सहयोग करने को कहा। उन्होंने बैंक के क्षेत्र अधिकार में किसानों के अधिक से अधिक क्रिसान क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए भी बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया। श्री मिश्रा ने बैंक से जुड़ी सभी सेवाएं आसानी से समय पर लोगों को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। कुकरेल प्रवास के दौरान कलेक्टर ने खेल मैदान बनाने के लिए चयनित स्थल का भी निरीक्षण किया और जनपद पंचायत के सीईओ को इसका काम जल्दी शुरू करने को कहा। उन्होंने कुकरेल में विद्यार्थियों के लिए तैयार की जा रही लायब्रेरी का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने लायब्रेरी का काम भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही विद्यार्थियों को लायब्रेरी की सुविधा भी मिलने लगे। उन्होंने नये तहसील कार्यालय माकरदोना के निरीक्षण के दौरान भवन के सामने की भूमि का शीघ्र समतलीकरण कराने के निर्देश दिए।



**महतारी वंदन और किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में पूछा**

# समोदा-अछोला जल प्रदाय निर्माण कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**महासमुंद,** 22 मई (देशबन्धु)। जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में संचालित समोदा.अछोला समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का कलेक्टर विनय लंगेह ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजना के प्रमुख स्थलों का भ्रमण कर कार्य की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सर्वप्रथम समोदा बैराज के निकट महानदी पर निर्मित किए जा रहे 10.0 मीटर व्यास के आरसीसी इंटेकवेल का निरीक्षण किया। इसके पश्चात वे ग्राम अछोली पहुँचे, जहाँ 6.0 एमएलडी क्षमता वाला जल शुद्धिकरण संयंत्र निर्माणाधीन है। इन दोनों प्रमुख स्थलों पर कार्य की वर्तमान स्थिति, गुणवत्ता की जानकारी लेकर समय.सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने कलेक्टर को जानकारी दी कि समोदा.अछोला समूह जल प्रदाय योजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र के 48 ग्रामों के कुल 12.395 ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। यह >> शेष पृष्ठ 9 पर >



**48 ग्रामों के 12 हजार से ज्यादा परिवारों को होगा लाभ**

# जगत विहार कालोनी के वार्डवासियों ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

**महासमुंद,** 22 मई (देशबन्धु)। स्थानीय जगत विहार कालोनी के रहवाशियों ने कालोनी में मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सड़क, नाली की मांग हेतु छग शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार के समस्या निवारण शिविर पहुंच कर मांग पत्र सौपा। भूपेन्द्र चन्द्राकर ने विज्ञप्ति जारी कर कहा शहर के हृदय स्थल मे स्थित जगत विहार कालोनी को 2020 मे विधिवत नगर पालिका द्वारा प्रस्ताव पारित कर वैध कालोनी घोषित किया गया था जिसके एवज मे कालोनी मे भवन निर्माण पर अनुमति लेने पर आठ गुना टेक्स लगा कर 40 रुपया प्रति वर्ग फिट विकास शुल्क लेकर उस राशि को कालोनी के विकास मे ही खर्च करने के लिए सहमति बनी थी, और ऐसा कानून भी हैं। लेकिन पालिका द्वारा आज 5 साल बीत जाने के बाद भी एक ढेले की राशि कालोनी के विकास मे नहीं लगाया हैं, कालोनी में मुख्य मार्ग को छोढ़ कर सारे मार्ग कच्चे हैं, नाली और पेयजल की सुविधा का आभाव हैं, कालोनी में भवन निर्माण करने वालों को स्थाई विद्युत कनेक्शन नहीं मिल पा रहा हैं, विद्युत विभाग ट्रांसफार्मर में लोड का हवाला देकर मात्र अस्थाई कनेक्शन देकर अपना पल्ला झाड़ ले रही हैं, कालोनी के रह वाशी लाखों रूपये के विकास शुल्क देने के बाद आभाव की जिंदगी जीने को मजबूर हैं। भूपेन्द्र चन्द्राकर ने आगे कहा इससे एक वर्ष पहले भी शासन द्वारा ऐसे ही एक समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें आमजन से समस्या लिखित में लिया गया था। जिसका आज तक समाधान नही हुआ है, सरकार समाधान से समाधान तक तो नही खेल रही है, आक्रोषित कालोनी वासियो ने इस विषय पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी से चर्चा कर मांग पत्र सौपा। जिस पर विधायक ने इसे गंभीरता से लेते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं विद्युत विभाग के असिस्टेंट इंजीनियर को मौके पर बुलाकर समझाईस दिए एवं अन्य मांगो को राज्य शासन को भेज कर तत्काल कार्यवाही की बात कही हैं। मांग पत्र सौपने वालो में जगत विहार कालोनी से भूपेन्द्र चन्द्राकर, वार्ड पार्षद गुलशन साहू, दीपक साहू, जय प्रकाश साहू, शंकर लाल चन्द्राकर, प्रकाश चन्द्राकर, हरिकृष्ण भार्गव, अशोक साहू, भरत साहू, परमानंद चन्द्राकर, बंशी चन्द्राकर, के आर चन्द्राकर, कमलेश साहू, मनीष चन्द्राकर, उमेशानंद गिरी, भूनेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।



# नगर भवन में सुशासन तिहार का किया गया आयोजन

- मंत्री टंकराम वर्मा एवं अशोक जैन ने हितग्राहियों को दिया आवास प्रमाण पत्र
- दिव्यांग हितग्राहियों को किया सामग्री का वितरण

**बलौदाबाजार,** 22 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत नगर भवन में सुशासन तिहर 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें हितग्राहियों द्वारा प्राप्त आवेदन पत्र के समाधान की जानकारी दी गई। वह योजनाओ से संबंधित सामग्री व खिलाड़ियों को खेल सामग्री भी वितरित की गई। सुशासन तिहार के आयोजन के अवसर पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा व नगर पालिका के अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक डा. सनम जांगड़े एवं अन्य अतिथि के द्वारा सर्व प्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर कैबिनेट टंकराम वर्मा ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि शासन के द्वारा जन सामान्य को सुविधा प्रदान करने के साथ ही आम जनता को सभी प्रकार की उनके मांग के अनुरूप सुविधाएं मिल सके यही छत्तीसगढ़ शासन का प्रयास हमेशा रहा है। छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णु देव साय के नेतृत्व में संपूर्ण छत्तीसगढ़ में विकास के कार्य पूर्ण हो रहे हैं वहीं हर विभाग में बहुत ही आसानी से जनता की मांग और उनके काम को पूर्ण किया जा रहा है। पूर्व विधायक सनम जांगड़े ने अपने उद्बोधन में विकास कार्यों की जानकारी देने के साथ-साथ आम जनता के लिए छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार को जनता के लिए हितेषी सरकार बताया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर की जनता को अपेक्षा के अनुरूप विकास कार्य देखने को मिल रहा है। मंत्री के प्रयास व सहयोग से नगर में बहुत सारे विकास के कार्य पूर्ण किये जा रहें है और आतिशीघ्र ट्रांसपोर्ट नगर भी बनेगा। साथ ही जनता की मांग व प्रशासन से अपेक्षा अनुरूप सभी कार्यों का त्वरीत निराकरण किये की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केशरवानी, योगेश अग्रवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले, पार्षद कन्हैया सेन, सतीश पटेल, जितेंद्र डड़सेना, हरजीत सिंह सलूजा, श्रीमती शकुंतला फेकर, ममता सुभाष राव, श्रद्धा मनीष वर्मा, गौतम चौहान, सुरेश कुमार घृतलहरे, भाजपा नेत्री नीलम सोनी, सुनीता वर्मा, आलोक अग्रवाल, पुरुषोत्तम सोनी, नरेश केसरवानी, रितेश श्रीवास्तव, राहुल सोनी, व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने शासकीय स्टालों का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ली गई। वहीं समाज कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध दिव्यांग हितग्राहियों को बैसाखी, व्हीलचेयर वितरण के साथ ही नगरपालिका क्षेत्र में निर्मित होने वाले प्रधानमंत्री आवास के लिए स्वीकृत 34 हितग्राहियों को आवास प्रमाण पत्र, उपस्थित राशन कार्ड के हितग्राहियों को राशन कार्ड, व खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों को क्रिकेट किट प्रदान किया गया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि सुभाष राव, शशि भूषण शुक्ला, रवि फेकर, मनीष वर्मा, सुनीता >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# किसानों के लिए समय पर खाद बीज सुगमतापूर्वक उपलब्ध होगा : इन्दु जांगड़े



**बलौदाबाजार,** 22 मई (देशबन्धु)। जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 09 सभापति कृषि स्थायी समिति कु. इंदु जांगड़े ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ की किसान हितैषी विष्णु देव सरकार किसानों के हित और सुविधा को ध्यान में रखते हुये सभी फार्टिलाइजर की समय पर व्यवस्था कर भण्डारण का कार्य संपन्न कर रही है, जिससे समुचित अवसर पर किसानों को सहकारी समितियों से खाद उपलब्ध हो सके। कु. इंदु जांगड़े ने जिले के सभी कृषि अधिकारी, सहकारी बैंक अधिकारी से सीधे संपर्क कर किसानों के हित सवर्धन की बात कही है। इन्दु जांगडे ने कहा है कि किसानों को समय पर खाद बीज सुगमता पूर्वक उपलब्ध हो इस दिशा में राज्य सरकार प्रतिबद्ध है और सभी भण्डारण केन्द्रो में रासायनिक खाद और बीज उपलब्ध है। क्षेत्र के किसान भाई से आग्रह करते हुये कृषि सभापति इंदु जांगड़े ने समय पर रासायनिक खाद बीज का भण्डारण करने की अपील की है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कु इंदु ने किसानों के समुचित विकाश और उन्नति की रक्षा के लिए केंद्र की मोदी सरकार राज्य की विष्णु देव सरकार की प्रशंसा करते हुये साधुवाद दी है।

# केन्द्र और राज्य सरकार वंचित एवं अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाकर उन्हें कर रही हैं लाभान्वित: विधायक

## शहर में तीसरा समाधान शिविर का हुआ आयोजन



**महासमुंद,** 22 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पालिका महासमुंद क्षेत्र का तीसरा समाधान शिविर बुधवार को वार्ड क्रमांक 15 पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार टाउन हॉल में आयोजित किया गया। इस शिविर में 10 वार्डों के नागरिकों ने भाग लिया और विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। संबंधित विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा ने शिविर में दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण एवं एक हितग्राही को श्रमिक कार्ड वितरण किया तथा गोद भराई और अन्नप्राशन रस्म सम्पन्न किया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, स्थानीय पार्षदगण सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बाड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक श्री सिन्हा ने शिविर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप शासन की योजनाओं का लाभ पात्र अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्वयं जनसमूहों के बीच जाकर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं और सभी वर्गों के हित को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस सर्वे कराया गया है ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजना से वंचित न रह जाए और सभी को पक्का मकान मिल सके। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि महतारी वंदन योजना का लाभ अब नवविवाहित बहुओं को भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब सरकार ने सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को राहत देने हेतु 1 लाख 50 हजार रुपए तक उपचार के लिए पात्रता हेतु नियम लागू किया है। शिविर के दौरान पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने स्टॉल का निरीक्षण कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से लोगों की शिकायतों और आवश्यकताओं को सीधे सुनकर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। सरकार की मंशा है कि शिविर के माध्यम से उनकी समस्याओं का निदान हो। साथ ही उन्होंने शहर के विकास कार्य के लिए किए गए प्रयासों की भी जानकारी दी। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म एवं नन्हें बालक का अन्नप्राशन की रस्म पूर्ण किया। वहीं मुख्य अतिथि श्री सिन्हा द्वारा प्राथमिक शाला कुम्हारपारा में कक्षा 4 थी में अध्ययनरत दिव्यांग कु डॉली नेताम को श्रवण यंत्र एवं उच्च प्राथमिक शाला स्टेशनपारा में कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत दिव्यांग पोखराज को एमआर किट प्रदान किया गया। साथ ही हसीदा देवार को श्रमिक कार्ड दिया गया। ज्ञात है कि महासमुंद नगरीय निकाय में कुल 749 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका निराकरण किया गया। इस अवसर पार्षदगण हरबंश सिंह ढिल्लो, पीयूष साहू, राहुल आवड़े, माखन पटेल, शुभ्रा शर्मा, चंद्रशेखर बेलदार, माधुरी यदु, धनेश्वरी सोनवानी, गुलशन साहू, जय देवांगन एवं महेन्द्र सिक्का, मुन्ना साहू, हनीश बग्गा, गोविंद ठाकुर एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक सलामे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। इसी तरह महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाली पूर्व माध्यमिक शाला एवं पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत सपोस गुरूघासीदास खेल मैदान में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

# जिला के अंतर्गत सबसे अधिक बसना विकास खण्ड के 30 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल किया



**सरायपाली** 22 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा (ह्स्स्स्ध्) 2024-25 के राष्ट्रीय स्तर के परीक्षा आयोजित किया गया था। जिसमें महासमुंद जिला को कुल 90 सीट प्राप्त हुआ था। इस 90 सीट में बसना विकास खण्ड ने 30 सीट अर्जित किया और बसना के शिक्षक, विद्यार्थियों ने अपने विकास खण्ड को शीर्ष पर रखने में सफलता प्राप्त किया। विकास खंड शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया एवं विकास खंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा के मार्गदर्शन में बसना विकास खण्ड के मिडिल स्कूल बिजराभाठा के 7 विद्यार्थी सुकांति नायक, रितिका निषाद, गीतिका चौधरी, देविका सागर, नीलू सिदार, आँचल कुमार और कशिश सिदार, बिरनडबरी के 6 विद्यार्थी चांदनी बरिहा, दामिनी पटेल, सेवन पटेल, सन्नू चौहान, नेहा बरिहा और दामिनी बरिहा बड़े साजापाली के 3 विद्यार्थी सीमा यादव, यशवंत और पूर्णिमा नेताम चिमरकेल के 3 विद्यार्थी यशस्वी डड़सेना, खुशबू बारिक और वायुदेव सिदारबंसूला के 2 विद्यार्थी खुशबू साव और डीलेश साव, नौगेड़ी के 2 विद्यार्थी चंद्रमणी पटेल और हर्ष चौहान, उमरिया के 2 विद्यार्थी मोनिका दीवान और नियति पटेल, ढालम से सीमा निषाद, दुर्गापाली से भारती इक्का, कन्या शाला बसना से देवप्रिया सामल, मोहका से आलोक साहू और सेजेस भूकेल से गुरूदेश बारिक के साथ कुल 30 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त किया। इस सफलता हेतु विकास खण्ड स्त्रोत समन्यवक बसना पूर्णानंद मिश्रा, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बसना जे.आर.डहरिया, विकास खण्ड सहायक शिक्षा अधिकारी बसना विनोद कुमार शुक्ला, लोकेश्वर सिंह कंवर, बद्री विशाल जोल्हे सक्रिय सहायक शिक्षक वीरेंद्र कर ने हर्ष व्यक्त किया। साथ ही विद्यार्थीयों, पालकों, मार्गदर्शक शिक्षकों एवं प्रधान पाठकों को सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सराहाया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रतिभावान छात्र बनना एक विशेष उपलब्धि है इस सफलता से चयनित सभी छात्रों को 9वीं से 12वीं तक प्रतिमाह 1000 ? की छात्रवृत्ति मिलेगा और इस छात्रवृत्ति से विद्यार्थी अपने शिक्षा को और मजबूत करेंगे। यह केंद्र सरकार की योजना है। परीक्षा की तैयारी कराने वाले विजय कश्यप,टिकेलाल सामल ,विकास प्रधान,गजेंद्र नायक,सुजाता प्रधान,सहायक शिक्षक विरेन्द्र कुमार चौधरी शा.प्रा.शाला तिलाईदादर सहित संबंधित विद्यालयों के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# युवा कांग्रेस ने किया रक्तदान



**महासमुंद,** 22 मई (देशबन्धु)। छग प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व राजीव गांधी जी के शहादत दिवस एव पहलगाम हमले में शहीद हुए आमजनों की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन बुधवार को जिलाध्यक्ष अमन चन्द्राकर के नेतृत्व में शासकीय जिला अस्पताल महासमुंद में किया गया। रक्तदान शिविर में युवा कांग्रेस के अधिक से अधिक कार्यकर्ताओ ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं रक्तदान किया। युवाओ में खुशी की भावना थी कि उनका रक्त किसी जरूरतमंद की कम आएगा एवं कई लोगों की जिंदगी बचायी जा सकेगी और आगे भी जरूरमंद लोगों की सहायता के लिए युवा कांग्रेस परस्पर तैयार रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आकाश निषाद,कुणाल चन्द्राकर, सौरभ लोधी,अक्षय साकरकर,पुष्पेन्द्र,गुलशन साहू,परमानंद साहू, चन्द्राकर, मोंटी, संजय, सुरेन्द्र,राजा ,टकेश,प्रकाश,उत्तम,गुमान आदि उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार अंतर्गत आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश

## कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में दिए आवश्यक निर्देश



**महासमुंद,** 22 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार शाम साढे पांच बजे से देर शाम तक जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय.सीमा बैठक आयोजित कर विभागीय कार्यों की प्रगति तथा शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सृष्टि चंद्राकर, आशीष कर्मा एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक के दौरान सुशासन तिहार की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर श्री लंगेह ने निर्देशित किया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण 31 मई तक सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाल ही में महासमुंद प्रवास के दौरान दिए गए निर्देशों के पालन हेतु सभी अधिकारियों को त्वरित एवं सक्रिय कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री लंगेह ने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल पर आदिवासी विकासए स्वास्थ्य, कृषि, पंचायत, पीएचई, पीएम श्री स्कूल, प्रधानमंत्री आवास योजना समेत विभिन्न विभागों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने औसत या निम्न स्थिति वाले विभागों को शीघ्र सुधार के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पोर्टल पर दर्ज आंकड़े ही प्रशासनिक कार्यों की पारदर्शिता और कार्यकुशलता का आधार हैं, इसलिए किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी विभागों को समय.सीमा में सुधार सुनिश्चित करने को कहा गया।

कलेक्टर श्री लंगेह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी सीईओ और सीएमओ को सख्त निर्देश दिए है कि लाभार्थियों से जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायत की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे क्षेत्रीय स्तर पर नियमित निरीक्षण करें, कार्यों की प्रगति की मॉनिटरिंग करें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता न हो। उन्होंने महतारी वंदन योजना समेत हितग्राहीमूलक योजनाओं में ई.केवाईसी की प्रगति की जानकारी ली और शेष बचे हुए सभी हितग्राहियों का ई.केवाईसी कार्य शत.प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# दावा आपत्ति 28 तक

**महासमुंद,** 22 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत जिला पंचायत संसाधन केन्द्र में जिला स्तर के स्वीकृत रिक्त 03 संविदा पदों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे। इनमें जिला समन्वयक, संकाय सदस्य एवं लेखापाल के एक.एक पद शामिल है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि प्राप्त आवेदनों का कम्प्यूटर इंद्राज एवं प्रारंभिक जांच उपरांत अभ्यर्थियों से उक्त सूची में लिपिकीय त्रुटि से संबंधित जिला स्तरीय चयन समिति के परीक्षण,अनुमोदन पश्चात पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन किया गया है। पात्र अपात्र सूची का निर्धारण करते हुए दावा.आपत्ति 28 मई सायं 05ण्00 बजे तक आमंत्रित किया गया है। दावा आपत्ति जिला पंचायत महासमुंद के आवक.जावक शाखा में निर्धारित प्रारूप में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। दावा आपत्ति हेतु आवेदन का प्रारूप तथा पात्र-अपात्र सूची का अवलोकन जिला महासमुंद के वेबसाईट पर किया जा सकता है। प्रारंभिक सूची के प्रकाशन के पश्चात दावा.आपत्ति में किसी भी प्रकार के शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव प्रमाण पत्र या अन्य प्रमाण पत्र संलग्न किये जाने पर मान्य नहीं किया जाएगा। केवल त्रुटि सुधार ही मान्य किया जावेगा।

# साहित्यकार किसान दीवान द्वारा रचित यादें का विमोचन

## नर्रा में दीवान परिवार द्वारा आयोजित की गई आंचलिक कवि सम्मेलन

**महासमुंद,** 22 मई (देशबन्धु)। अंचल सहित प्रदेश के ख्यातिनाम साहित्यकार किसान दीवान द्वारा नर्रा में अपने 74वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर आंचलिक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर उपस्थित थे । कार्यक्रम में अध्यक्षता डॉ विजय शर्मा कोमाखान ने की । विशिष्ट अतिथि के रुप में वरिष्ठ साहित्यकार उमेश भारती गोस्वामी मृदुल, डॉ बन्धु राजेश्वर खरे, टेकराम सेन चमक, डॉ राजकुमार टंडन, डोमन सिंह टंडन, जगदीश पटेल, लोचन पटेल, जयसिंह दीवान गरियाबंद उपस्थित थे । इस अवसर पर कवि किसान दीवान द्वारा रचित यादें का विमोचन किया गया । यह उनके द्वारा रचित 55वीं कृति है । मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि सहज, सरल एवं मृदुभाषी किसान दीवान हमारे बागबाहरा अंचल सहित प्रदेश की शान है वे सदैव हम सबको प्रेरित करते रहते हैं । डॉ विजय शर्मा, उमेश भारती गोस्वामी ने कहा कि श्री दीवान जी का सफर एक शिक्षक से शुरु होकर बड़े साहित्यकार के रुप में देखा जा रहा है । उन्होंने समाज को सही दिशा देने के लिये अनेकों उपन्यास, कहानी व काव्य संग्रह समाज को समर्पित किया है । आंचलिक कवि सम्मेलन में शिरकत करते हुये डॉ बंधु राजेश्वर खरे देर रात तक श्रोताओं को गुदगुदाते रहे । कार्यक्रम का अपने अनूठे अंदाज में संचालन करते हुये साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने अपनी चमक बिखेरते हुये गांव की पीड़ा को अपने अंदाज में बयां करते हुये कहा कि गांव धुरा,चिखला अऊ माटी, कहांपाबे दाऊ के गोड़ माए मोरहा सारी, गांव गली क्रांकीट होगे जम्मो पेड़ नदांत हे, गुड़रिया चिरई बिना मोर अंगना सुन्ना होगे, जब ले मोर गांव शहर होगे । इस अवसर पर साहित्यकार डॉ राजकुमार टंडन, उमेश भारती गोस्वामी, डॉ विजय शर्मा, परमेश्वर पटेल, जयसिंह दीवान, कोसमी गरियाबंद ने अपनी छत्तीसगढ़ी रचनाओं से सबको मंत्र मुग्ध कर दिया । कार्यक्रम के दौरान गोविन्दा चंद्राकर ;गोविन्दा फाऊंडेशन, व्याख्याता डोमन टंडन, लक्ष्मीधर चंद्राकर, भूषण सिरमौर, गजराज पांडेय, हितेश, गितेश दीवान सहित पूरा दीवान परिवार सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे । संचालन साहित्यकार टेकराम सेन चमक व आभार प्रदर्शन हितेश दीवान ने किया ।



# ज्योति कलश रथ यात्रा गांव गांव पहुंच कर गायत्री परिवार के आदर्शों और संदेश को जन मानस तक पहुंचाने का काम कर रहा

**सरायपाली** 22 मई (देशबन्धु)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी व अखण्ड ज्योति ( दीप) के शताब्दी वर्ष 1926 +2026 के पावन पर्व पर संपूर्ण भारत वर्ष में अखण्ड दीप ज्योति कलश रथ यात्रा निकाली गई है यह रथ विगत दिनों गायत्री शक्तिपीठ सरायपाली पहुंची छः दिनों तक सरायपाली के विभिन्न वार्डो सहित अंचल के लगभग 60 गांवों में भ्रमण कर लोगों तक विचार क्रांति अभियान चलाया व जनमानस तक पहुंचाया गया अखण्ड ज्योति रथ यात्रा प्रत्येक गांव में परिजनों ग्रामीणों व श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से संकल्प पाठ में सहभागिता कर कार्यक्रम को भावपूर्ण बनाया इस धार्मिक सामाजिकजनजागरण रथ यात्रा में अनेक समर्पित परिजनों ने सक्रिय योगदान दिया सभी लोगों ने गांव गांव भ्रमण कर रथ यात्रा में सत्संकल्प पत्र के लिए लोगों को गायत्री चालीसा अखण्ड ज्योति पत्रिका गुरुदेव का सद साहित्य भेंट किया गया इस दौरान लोगों को सतमार्ग में चलने के लिए प्रेरित किया गया गांव गांव में रथ यात्रा पहुंच कर गायत्री परिवार के आदर्शों संदेशों को जन मानस तक पहुंचाया गया यह रथ यात्रा सरायपाली क्षेत्र के 60से अधिक गांवों का भ्रमण कर सत्संग दीप यज्ञ के माध्यम से लोगों तक विचार क्रांति का संदेश दिया इस दौरान लोगों को गायत्री चालीसा अखण्ड ज्योति पत्रिका गुरु जी के सद साहित्य का वितरण किया गया पत्र पत्रिका वितरण का मुख्य उद्देश्य जन जन तक गायत्री परिवार के विचारक्रांति का संदेश को पहुंचाना लोगों को सतमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना नव चेतना का विकास कर लोगों में नवाचार लाना।

# पहलगाम हमले के शहीदों की याद में युवा कांग्रेस ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**आरंग,** 22 मई (देशबन्धु)। बीते माह पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले में मारे गए 26 निर्दोष नागरिकों के स्मृति और भारत में कंप्यूटर क्रांति का जनक,पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर युवा कांग्रेस द्वारा जिलाध्यक्ष सजल चंद्राकर के नेतृत्व में सार्थक ब्लड बैंक आरंग के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में 62 लोगों ने शहीदों के नाम पर अपना रक्तदान किया।रक्तदान शिविर में प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया पहुंचे और सभी को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।उन्होंने पहलगाम हमले में मारे गए शहीदों को नमन किया साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जितनी भी निंदा की जाए वो कम है। परिवार के सामने 26 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या आतंकवादियों की नपुंसकता को दर्शाता है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी जी ने देश में कई क्रांतियों के जनक है।देश उनके योगदान को हमेशा याद करेगा।युवा कांग्रेस द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन करना पहलगाम हमले के निर्दोष शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि देना है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर,मंगलमूर्ति अग्रवाल,गोपाल चतुर्वेदी,रेखराम पात्रे,खिलेश देवांगन,शुभांशु साहू,अंकित वर्मा,अनिरुद्ध वर्मा,अजित कोशले,शरद गुप्ता,खिलावन निषाद,सूरज सोनकर,समीर गोरी,ईश्वर पटेल,ओमप्रकाश यादव,प्रवीण सिंह,दीपक चंद्राकर,राजेश्वरी साहू,मंजू चंद्राकर,बी के भारद्वाज,रहमत उल्लाह खान,गोपाल चंद्राकर,सागर जोशी,रितेश कश्यप,विनीत पाण्डेय,भरत लोधी,कुलदीप लोधी,सूरज शर्मा,शेखर साहू,शुभम चंद्राकर,लोमस साहू,अमन रज़ा,सलमान,बबलू साहू,आर्यन जोशी,प्रणय बंसोर,तरुण मिश्रा,विवेक जलक्षत्री,गुरुचरण मिरी उपस्थित रहे।

# ग्राम सपोस में समाधान शिविर आयोजित



**पिथौरा,** 22 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत जनपद पंचायत पिथौरा के ग्राम सपोस में समाधान शिविर का आज आयोजन किया गया। सेक्टर में सम्मिलित 15 ग्राम पंचायत से पहले चरण में प्राप्त 3895 आवेदन पत्रों में से 3857 आवेदन पत्रों का निराकरण किया गया तथा शेष 38 आवेदन पत्र शासन स्तर से संबंधित होने से प्रक्रियाधीन है।

शिविर में बसना विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉक्टर संपत अग्रवाल ने शिरकत की। उनके साथ जनपद अध्यक्ष उषा धृतलहरे जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिन्हा जनपद सदस्य कवंलजीत सिंह छाबड़ा पुरुषोत्तम धृतलहरे, भूतपूर्व जनपद अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा, सरपंच संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष सीताराम सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरप्रसाद पटेल अम्बू, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा,निज सचिव नरेंद्र बोरे ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विभागीय स्टॉल का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया। तत्पश्चात भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए विधायक डॉक्टर संपत अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस के राज में जनता को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे लेकिन अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सुशासन गांव गांव में पहुंच रहा है और लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो रहा है ।सभी विभागों के अधिकारी शिकायत एवं समस्याओं का गांव गांव पहुंच कर निराकरण कर रहे हैं। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में यह अपने आप में एक मिसाल है ।इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के द्वारा हितग्राहियों को अलग-अलग पेंशन योजनाओं के तहत लाभान्वित करते हुए बिजेमाल के मायावती यादव,इन्द्रजीत साहू, बिहारी विशाल, सागुनढाप के सतपती बरिहा, रुपसिंग पटेल,पिपरौद के प्रेमलाल कलेत को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए एवं उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए बैंक लोन प्रदान किया गया ।विधायक सम्पत अग्रवाल के हाथों ग्राम गौरिया के मां गौरियापाठ महिला स्वयं सहायता समूह को 6 लाख का चेक प्रदान किया ।इसी तरह ग्राम लोहरीनडोंगरी के मां लोहरीनबाई महिला स्व सहायता समूह को 6 लाख का चेक प्रदान किया गया।

कुत्ते खेल के जागृति महिला स्व सहायता समूह को तीन लाख प्रगति महिला समिति समूह को 3 लाख जय मां गंगा स्व सहायता समूह 2 लाख राधे महिला समिति समूह को तीन लाख का बैंक लोन चेक प्रदान किया गया ।स्व सहायता समूह से जुड़ी 20 लखपति दीदियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में 11 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से नोनी सुरक्षा योजना के तहत ग्राम सपोस के बालिका लक्ष्मी चौहान को लाभान्वित किया गया।

राजस्व विभाग द्वारा लोहराकोट के 16 हितग्राहियों को भू स्वामित्व योजना के अंतर्गत अधिकार अभिलेख का वितरण किया गया। आदिवासी विकास विभाग द्वारा अनसुला के रामचंद्र, श्रीमुखो मिर्धा,सनवा विशाल को वन अधिकार पत्र का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में सपोस सरपंच किशोरचंद्र बघेल, सागुनढाप चेतना बरिहा , पाटनदादर वर्षा रानी साहू,पिपरौद रजनी दास, धनोरा गिरीश पटेल, भोकलूडीह मनोज ठाकुर,पूर्व सरपंच बबिता बघेल एसडीएम पिथौरा ओंकारेश्वर सिंह, सीईओ चंद्रप्रकाश मनहर, तहसीलदार नितिन ठाकुर , शिविर के नोडल अधिकारी देवेन्द्र कुमार सिरमौर,शिविर प्रभारी रामनारायण पटेल,सह प्रभारी अजय साहू, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी सुशील चौधरी, सुभाष प्रधान, उमेश दीक्षित पंचायत इंस्पेक्टर गुलाब श्यामल पंचायत सचिव गीता साहू , गणेशराम यादव, मंच संचालक व्याख्याता द्वारिका प्रसाद पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रक्तदान की अनोखी मिसाल

# बाप और बेटे ने एक साथ किया रक्तदान



**आरंग,** 22 मई (देशबन्धु)। रक्तदान वह कार्य है जिससे न केवल किसी को जीवनदान मिलता है, बल्कि रक्तदाता को भी आत्मिक संतुष्टि प्राप्त होती है। रक्तदान को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है।देश में कई ऐसे रक्तदाता है जिससे लोग प्रेरणा लेते है। आरंग में आज रक्तदान को लेकर एक अनोखी मिसाल देखने को मिली जब बाप और बेटे ने एक साथ रक्तदान किया।बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर युवा कांग्रेस द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया।वही इस शिविर में कुछ ऐसा हुआ जिसने सभी को प्रभावित किया। आरंग नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर और उनके बेटे युवा कांग्रेस रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष सजल चंद्राकर ने एक साथ रक्तदान किया।दोनों बाप बेटे का एक साथ रक्तदान करना लोगो के लिए एक मिसाल बन गया है। आपको बता दे युवा कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष सजल चंद्राकर के नेतृत्व में इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था।

## पीएम आवास में गड़बड़ी पर तीन सचिवों का तबादला

**गरियाबंद,** 22 मई। प्रधानमंत्री आवास योजना में शिकायत मिलने पर फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम पंचायत बरभाठा में पदस्थ सचिव चेमन लाल साहू को हटा दिया गया है। उन्हें अब ग्राम पंचायत भेण्ड्री (ज) भेजा गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने आदेश जारी किए हैं। सीईओ जनपद पंचायत फिंगेश्वर की अनुशंसा पर दो अन्य सचिवों का भी तबादला किया गया है।

# कांग्रेस ने राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाई राजीव गांधी की पुण्यतिथि




**नवापारा राजिम,** 22 मई (देशबन्धु)। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि नगर के नेहरू गार्डन राजीव गांधी चौक में नवापारा नगर के कांग्रेस जनों ने पहुंच कर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस ने राजीव गांधी की पुण्यतिथि को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया। राजीव गांधी ने भारत में संचार क्रांति की शुरुआत, पंचायती राज कानून, 18 वर्ष की आयु में मतदान, नवोदय विद्यालय की स्थापना जैसे निर्णय देश की प्रगति में मील का पत्थर साबित हुआ : **सौरभ शर्मा**

सौरभ शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अपनी युवा सोच के साथ देश को एक नई दिशा दी। भारत में संचार क्रांति की शुरुआत, पंचायती राज कानून, 18 वर्ष की आयु में मतदान के अधिकार, नवोदय विद्यालय की स्थापना जैसे अनेक उनके निर्णय देश की प्रगति में मील का पत्थर साबित हुआ। आज उनकी पुण्यतिथि को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। देश एकजुटता के साथ आतंकवाद का मुकाबला करने का स्वर्गीय राजीव गांधी ने इस देश की अखंडता और एकता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी और उनकी दूरदर्शिता और प्रगतिशील सोच ने देश को नई दिशा दी ....**संध्या राव**

नगर पालिका की नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 40 साल की उम्र में राजीव गांधी भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने थे। राजीव गांधी का नजरिए बेहद आधुनिक था। उनकी दूरदर्शिता और प्रगतिशील सोच ने देश को नई दिशा दी। राजीव गांधी का समर्पण और साहस आज भी राष्ट्र को प्रेरणा देता है।संध्या राव ने आगे कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने इस देश की अखंडता और एकता के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। राजीव गांधी के कार्यकाल में ही युवाओं को मतदान का अधिकार देकर उन्हें जिम्मेदारी का अहसास कराया। देश में सूचना क्रांति लाकर देश को तकनीकि क्षेत्र में विश्व स्तर पर खड़ा किया है। आज देश संचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जो प्रगति कर रहा है, वह उनकी देन है। साथ ही पंचायती राज्य एक्ट लाकर देश के ग्रामीण क्षेत्र को सत्ता में भागीदारी का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि आज़ाद भारत राजीव के महत्वपूर्ण योगदान के लिए हमेशा उनका ऋ़णी रहेगा।

इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह, पार्षद तरुण कंसारी, अर्जुन साहू, हेमंत साहनी, टिकेश्वर गिलहरे, अजय साहू, महामंत्री , निर्माण यादव, पूर्व उपाध्यक्ष चतुर जगत, घनश्याम साहू, बीरबल राजपूत, डॉ रामकुमार शर्मा सहित कांग्रेस जन शामिल हुए।

## राजेश परमार बने भाजपा राजिम मंडल के मंत्री



**राजिम,** 22 मई (देशबंधु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति और जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर जी के सहमति से भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने भाजपा राजिम मंडल मे कार्यसमिति घोषित की जिसमे .. राजेश परमार को भाजपा राजिम मंडल के मंत्री बनाये जाने पर शुभचिंतकों ने बधाई दी ।

# गरियाबंद सहित राज्य के 8 स्वास्थ्य केंद्रों को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन

## सीएम साय व स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने दी बधाई

**गरियाबंद,** 22 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाओं को बड़ी सफलता मिली है। राज्य के आठ सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत प्रमाणन मिला है। यह घोषणा राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र ने की है। इसमें गरियाबंद जिले के एएएम-पीएचसी जामगांव को 91.20: अंक के साथ प्रमाण पत्र मिला है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस उपलब्धि पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार कर रही है। आठ स्वास्थ्य केंद्रों को गुणवत्ता प्रमाणन मिलना बड़ी उपलब्धि है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि केंद्रीय टीम की जांच में सभी केंद्रों ने तय मापदंड पूरे किए। टीम ने इनके काम की सराहना की है।





ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्तर पर इन संस्थानों का मूल्यांकन 5 से 10 मई 2025 के बीच हुआ। बाह्य मूल्यांकनकर्ताओं की टीम ने तय मानकों पर जांच की। सभी संस्थान गुणवत्ता के मानकों पर खरे उतरे। इन्हें उच्च अंक मिले। इससे राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और प्रतिबद्धता सामने आई है।

एनएचएसआरसी के सलाहकार जेएन श्रीवास्तव ने 14 मई को पत्र भेजा। उन्होंने लिखा कि इन आठ संस्थानों ने मूल्यांकन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी ने तय मानकों को पूरा किया। राष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्ता मान्यता प्राप्त की। उन्होंने राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग को बधाई दी। साथ ही उम्मीद जताई कि ये संस्थान आगे भी गुणवत्ता सुधार के लिए काम करेंगे।

प्रमाणन पाने वाले स्वास्थ्य केंद्रों में एएएम-पीएचसी कोडगर (87.49:), पीएचसी भानसोज रायपुर (90.33:), एएएम-पीएचसी बारियो बलरामपुर (86.39:), एएएम-यूपीएचसी चहवानी दुर्ग (89.60:), एएएम-यूपीएचसी बघेरा दुर्ग (91.10:), एएएम-पीएचसी जामगांव गरियाबंद (91.20:), एएएम-पीएचसी धोधर (87.45:) और एएएम-एसएचसी बलोदा ए जांजगीर-चांपा (91.67:) शामिल हैं।

# अलका चंद्राकर ने खल्लारी क्षेत्र के समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन




**बागबाहरा,** 22 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय रायपुर में भेंटकर खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के सड़क, पुल पुलिया समेत विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा श्रीमती अलका चंद्राकर ने मांग पत्र सौंपा है। जिस पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर पूर्ण करने का आश्वासन मुख्यमंत्री ने दिए है। श्रीमती अलका ने कहा कि जबसे छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है। तबसे छत्तीसगढ़ में तीव्रगति से विकास होने लगा है। मुख्यमंत्री को सौंपे गए प्रमुख मांगों में ग्राम बिहाझर गांजर से मोंगरापाली रेवा तक चौड़ीकरण कार्य, ग्राम अमेरा से बोईरगांव मार्ग, ग्राम दावनबोड़ से सुखरीडबरी मार्ग, ग्राम तेलीबांधा से पड़कीपाली मार्ग, ग्राम डूमरपाली से घुंचापाली मार्ग, ग्राम कमरौद से चरौदा बांध मार्ग, ग्राम बेलर से मोहदी मार्ग, ग्राम परसूली से बनियातोरा मार्ग, ग्राम भुरकोनी से मोहँदा मार्ग में पुल पुलिया निर्माण, ग्राम लोंदामुड़ा से कोकड़ी मार्ग में डामरीकरण कार्य के साथ बागबाहरा में उपपंजीयक रजिस्ट्री कार्यालय आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। भाजपा सरकार चाहती है कि छत्तीसगढ़ राज्य को हमने बनाया है, और हम ही सवारेंगे। ताकि प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो सकें। जिससे आम जनता को लाभ मिलता रहे।

# अतुल गोलछा को डीएफओ बनने पर विधायक अंबिका मरकाम ने दी बधाई

**नगरी,** 22 मई (देशबन्धु)। नगर सहित सिहावा विधानसभा क्षेत्र के लिए यह अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है कि क्षेत्र के होनहार युवक अतुल जी गोलछा ने संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा में ऑल इंडिया 27वीं रैंक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस अभूतपूर्व सफलता पर सिहावा विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि च्अतुल गोलछा जैसे युवाओं की उपलब्धि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। यह साबित करता है कि संकल्प, मेहनत और मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। विधायक अंबिका मरकाम ने इस सफलता का श्रेय अतुल गोलछा के माता-पिता एवं जैन समाज को देते हुए कहा कि जिन संस्कारों अनुशासन और सतत प्रेरणा के साथ उन्होंने अतुल का मार्गदर्शन किया, वही आज इस सफलता का आधार बना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवा यदि इसी प्रकार मेहनत और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हों, तो निश्चित ही हम आने वाले समय में और भी बड़ी उपलब्धियों के साक्षी बनेंगे।



इस उपलब्धि के लिए विधायक महोदय ने अतुल गोलछा व उनके समस्त परिवार, गुरुजनों एवं समाज को अपनी ओर से विशेष शुभकामनाएं दीं एवं क्षेत्र की ओर से आभार व्यक्त किया।

अतुल गोलछा ने अपनी प्राइमरी शिक्षा नगरी के प्रोविडेंस स्कूल, डीपीएस दुर्ग, ,कोटा मे बीटेक एमटेक, मद्रास आई. आई. टी. चेन्नई में करने के बाद दिल्ली में पड़कर इस मुकाम पर पहुंचे है। उनकी इस सफलता के लिए सिहावा विधानसभा के विधायक अंबिका मरकाम भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, जैन श्री संघ अध्यक्ष उत्तम गोलछा, नगर पंचायत नगरी अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ल, शांति लाल चोपड़ा, योगेश नाहटा, मांगीलाल बोहरा, ज्ञान गोलछा,अनिल छाजेड़, प्रिंस गोलछा, मनोज छाजेड़, टीकम संचेती, गगन नाहटा, ज्ञान डेलड़िया, खेतमल गोलछा नीष लोढ़ा, गौतम चोपड़ा, सचिन भंसाली, कमल नाहटा, टीकम बोहरा, नीलम, संचेती, सुधीर छाजेड़, प्रदीप भंसाली, गोलू मालू, अशोक संचेती विकल गुप्ता राजेंद्र गोलछा एवं समस्त युवाओं के साथ-साथ जैन श्री संघ के सदस्यों ने बधाइयां प्रेषित की।

**6 साल की कड़ी मेहनत रंग लाई-** अतुल गोलछा के चाचा खेत मल गोलछा ने चर्चा करते हुए बताया कि वह चार भाई हैं। दो भाई दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहे हैं और दो भाई नगरी में कारोबार संभालते हैं। एमटेक करने के बाद अतुल दिल्ली चला गया और यूपीएससी के तैयार में लग गया। कई बार आधा प्रतिशत एक प्रतिशत से आईएएस आईपीएस चूक जाता था लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी। इस बार आईएफएस में 27 वां रैंक हासिल कर न सिर्फ समाज को बल्कि क्षेत्र को भी गौरवान्वित किया है।

# गरियाबंद पुलिस ने चुने 'कॉप ऑफ द मंथ', चार जवानों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला सम्मान



**गरियाबंद,** 22 मई (देशबन्धु)। पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गरियाबंद पुलिस द्वारा 'कॉप ऑफ द मंथ' योजना चलाई जा रही है। इसी कड़ी में अप्रैल माह के लिए चार पुलिसकर्मियों को उनके सराहनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

थाना पांडुका के प्रधान आरक्षक थानेश्वर वर्मा ने थाना गरियाबंद क्षेत्र अंतर्गत छिन तालाब के पास एक वृद्ध व्यक्ति से 1 लाख रुपये की लूट के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभाई। तत्परता से की गई इस कार्रवाई के लिए उन्हें 'कॉप ऑफ द मंथ' के रूप में चयनित किया गया। वहीं, थाना मैनपुर के आरक्षक प्रवीण वर्मा ने 23 किलोग्राम गांजा के साथ 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। नशे की विरुद्ध उनकी कार्रवाई सराहनीय रही। थाना फिंगेश्वर के आरक्षक परमानंद साहू ने ग्राम मंदबाय से 105 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त कर आरोपी को हिरासत में लिया। अवैध शराब के विरुद्ध अभियान में यह कार्रवाई उल्लेखनीय रही। इसके अलावा, थाना राजिम के आरक्षक कमल नारायण साहू ने रेप व पॉक्सो एक्ट के गंभीर प्रकरण में पीड़िता की दस्तयाबी कराई और आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की। संवेदनशील मामले में उनकी सक्रियता की सराहना की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, एएसपी जितेंद्र चंद्राकर, एसडीओपी निशा सिन्हा, एएसपी गरीमा दादर ने सभी को बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी।

# रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियों पर 24 मई को कार्यशाला, प्रभारी मंत्री बघेल होंगे शामिल



**गरियाबंद ,** 22 मई। जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल की उपस्थिति में 24 मई को जिला पंचायत सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाला पंजीयन (रजिस्ट्री) विभाग द्वारा लागू की गई 10 नई जनोपयोगी क्रांतियों पर आधारित होगी। कार्यशाला का उद्देश्य आम नागरिकों को रजिस्ट्री प्रक्रिया में हुए नवाचारों एवं सुधारों की जानकारी देना है। साथ ही, इसका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए प्रतिभागियों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। इस कार्यशाला में संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

# बकली शास हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत



**राजिम,** 22 मई (देशबन्धु)। बकली शास हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत शासकीय हाई स्कूल बकली कक्षा 10वीं का परिणाम साथ प्रतिशत रहा है कक्षा 10वीं मे कुल दर्ज संख्या 35 है जिसमें से 35 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में शामिल हुए प्रथम श्रेणी 09 द्वितीय श्रेणी 19 तृतीय श्रेणी 04 पूरक 03 तथा अनुत्तीर्ण 00 है संस्था का कुल परीक्षा परिणाम 91.42:रहा एवन साहू 81: प्रथम हिमांशु साहू 75.16: द्वितीय एवं गौरव बंजारे 71.5: तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था के प्राचार्य मनहरण लाल यादव एवं वरिष्ठ व्याख्याता सुधीर कुमार साहू श्रीमती सरोज सेन श्रीमती पुष्पांजलि तिवारी श्रीमती डोमिन निर्मलकर सहा. शि.वि. छात्र-छात्राओं को बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना की।

## धमनी में विश्व जैवविविधता दिवस मनाया गया




**पलारी,** 22 मई (देशबन्धु)। विकास खंड पलारी अंतर्गत गांव धमनी के हिर्दय स्थल गुड़ी मेंज्ञ विश्व जैवविविधता दिवस च्वन प्रबंधन समिति धमनी के अध्यक्ष रामनारायण यादव के मार्गदर्शन एंव सरपंच ग्राम पंचायत धमनी हरदयाल पैकरा के अध्यक्षता उपसरपंच मिनेंद कुमार यादव, मतुलाल कैवर्त, रमन सिंह निषाद, सचिव दिनदयाल कन्नौजे, बृजभान यदु, तेजराम यदु के साथ च्सास-बहू महिला स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष राजकुमारी यदु, सचिव फगनी यदु सदस्य पांचो बाई, ललीता कंवर, सुखनी यदु, धनवंतिन, सोनी यदु, नीराबाई कंवर, जेठिया, तीलबाई, सहेतरिन, अनीता, रमशीला, मीराबाई, देहूती, नंदकुमारी, नर्बदा, हेमा, प्रेम बाई पंच, आंगनबाड़ी क्रमांक 3 सरिता पैकरा के गरीमामयी उपस्थिति में संकल्प लिया गया।

# महानदी एकेडमी स्कूल परीक्षा परिणाम



**नगरी,** 22 मई। महानदी एकेडमी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 2025 बोर्ड परीक्षा कक्षा 12 वीं एवम 10 वीं में शानदार प्रदर्शन किया। कड़ी मेहनत, समर्पण, शिक्षकों व अभिभावकों के सहयोग से होनहार विद्यार्थियों ने सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।कक्षा 12वीं के शीर्ष 6 विद्यार्थियों की सूची में संयम जैन पिता योगेश जैन वाणिज्य कॉमर्स में 94 प्रतिशत, छविन पटेल पिता लेमचंद पटेल 93 प्रतिशत, हर्षित जैन पिता मोहनलाल जैन 90 प्रतिशत, यशवर्धन पांडे पिता ईश्वरी प्रसाद पांडे विज्ञान गणित 78.80 प्रतिशत, मिस प्राची शर्मा पिता दीपक शर्मा विज्ञान 73.6 प्रतिशत, माही सिंह पवार पिता रविन्द्र सिंह पवार 73 प्रतिशत प्राप्त किया। वहीं कक्षा 10वीं के शीर्ष 6 विद्यार्थीयों के परीक्षा परिणाम की सूची मे भव्य चोपड़ा पिता गणेश चोपड़ा 88.20 प्रतिशत सुधांशु साहू पिता चूड़ामणि साहू 80.40 प्रतिशत, मिस सिद्रा फातिमा मेमन पिता इदरीश मेमन 80.2 प्रतिशत, मिस पलक साहू पिता विरेन्द्र कुमार साहू 80 प्रतिशत, मिस संस्कृति देवांगन पिता अजय देवांगन 79.80 प्रतिशत, मिस प्रज्ञा गंजीर पिता मनोज कुमार गंजीर 76.80 प्रतिशत, मिस अर्पिता बिसेन पिता स्व विपीन चंद्र बिसेन 76.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। महानदी एकेडमी के शाला प्रबंधक समिति अध्यक्ष मोहन नाहटा, उपाध्यक्ष निकेश्वर ठाकुर, ट्रेजरर अजय छाजेड़, सचिव अहमद रज़ा, शशांक सलाम सहित विद्यालय के सभी शिक्षको ने विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना कर शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# गांजा के साथ आरोपी मोहन सिंग कोशले गिरफ्तार

**खरोरा,** 22 मई (देशबन्धु)। पुलिस ने मुक्ति की सूचना पर थाना खरोरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम छडिया में एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है जिस पश्चात एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना खरोरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी करते हुये व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम मोहन सिंग कोशले उर्फ राकेश निवासी ग्राम छडिया खरोरा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बोरी की तलाशी लेने पर बोरी में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी मोहन सिंग कोशले उर्फ राकेश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 27.894 किलोग्राम गांजा कीमती लगभग 4,18,410/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना खरोरा में अपराध क्रमांक 308/25 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।



**सिंडीकेट चलाने वाला खपरी निवासी मुख्य आरोपी फरार**

गिरफ्तार आरोपी - मोहन सिंग कोशले उर्फ राकेश पिता चौनदास कोशले उम्र 40 साल साकिन छड़िया थाना खरोरा जिला रायपुर। कार्यवाही में निरीक्षक दीपक पासवान थाना प्रभारी खरोरा, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट से प्रभारी निरीक्षक परेश कुमार पाण्डेय प्रमुख भूमिका में रहे। वहीं आरोपी के परिजन ने बताया कि आरोपी मूलत: खपरी में काम पर जाता है और आर्थिक रूप से बहुत कमजोर है, दो दिन पूर्व खपरी के ही किसी व्यक्ति ने उसे गांजा की बोरी( बिना जानकारी के की उसमें क्या है )घर पर रखने को दी और उसके लिए उसे कुछ रूपए भी दिए ,पैसों के लालच में उसने वह बोरी अपने घर पर रख ली जिसे वह खपरी निवासी दो दिनों में ले जाने वाला था वहीं इसी बीच पुलिस ने इसे पकड़ कार्यवाही भी कर दी । वहीं पुलिस द्वारा जारी बयान अनुसार वह गांजा सिंडीकेट के मुख्य सरगना की तलाश में है।

## निधन

### पं. रमाकांत शर्मा



**रायपुर,** 22 मई। श्रीदेव पंचांग वाले पंडित रमाकांत शर्मा (सुपुत्र - स्व. पं. वासुदेव शर्मा ) का आकस्मिक निधन आज 22 मई गुरुवार को दोपहर 3.15 बजे हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा 23 मई शुक्रवार को सुबह 10.30 बजे, निवास स्थान बी-8, श्रीराम नगर, टीवी टावर के आगे, रायपुर से नयापारा दुर्गामंदिर चौक निवास होकर मारवाड़ी श्मशान घाट, रायपुर जावेगी! शोकाकुल परिवार -पं. लक्ष्मीकांत शर्मा, उमाकांत शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, नरेंद्र शर्मा (भाई) आशुतोष, अभिषेक शर्मा (पुत्र)अमिताभ, राजीव, प्रणव शर्मा (भतीजे)।

## प्रादेशिकी का शेष...

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता...

ने दिया है वही दूसरी तरफ देश भर में महिला मातृशक्ति और देशप्रेमी नागरिक ,सेना के शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित करने तिरंगा यात्रा ,सिंदूर यात्रा के माध्यम से अपनी राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रकट कर रही है । शहर के प्रमुख मार्गों से निकली इस सिंदूर यात्रा में शामिल महिलाये लाल रँग के परिधान में राष्ट्र की एकता अखंडता और देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत, भारत माता की जय,वंदेमातरम का जयघोष करते हुए गगनभेदी नारे लगाते हुए हाथों में मशाल थामे उत्साह से शामिल हुई। कार्यक्रम की प्रभारी सुधा साहू ने इस विशाल रैली में शामिल सर्वदलीय महिला कार्यकर्ताओ ,विभिन्न सामाजिक संगठनों ,जनप्रतिधिगण और गणमान्य जनो का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जब जब इस देश की स्वाभिमान और अस्मिता पर संकट आया है तब तब मातृ शक्ति ने अपनी एकजुटता प्रदर्शित करते हुए देश की रक्षा में हरसंभव योगदान दिया है।

### पितईबंद में अवैध रेत...

है। खनिज विभाग के द्वारा कभी-कभी रेड मारा जाता है। सुबह करवाई होती है और शाम को फिर से परिवहन का कार्य चलता रहता है। इससे माफियाओं की ताकत इतनी ज्यादा बढ़ गई है की स्थानीय लोग इनके खिलाफबोलने से डर रहे हैं। लोगों का कहना है कि भाजपा शासन में रेत की अवैध तस्करी के चलते गांव का माहौल बिगड़ा है और गुंडागर्दी जैसे असामाजिक तत्व लगातार बढ़ रहे हैं। जिस पर लगाम लगाना बहुत जरूरी है अन्यथा इनका दुष्परिणाम न सिर्फग्रामीणों को बल्कि सरकार और शासन प्रशासन को भी झेलनी पड़ेगी।

### समोदा-अछोला जल प्रदाय ...

योजना ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल समस्याओं का स्थायी समाधान प्रदान करने हेतु एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कलेक्टर श्री लंगेह ने अधिकारियों से योजना के विभिन्न अवयवों की अद्यतन प्रगति की जानकारी प्राप्त की एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय.सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं एवं निर्माण की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता एवं कार्य एजेंसी के अभियंता भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कलेक्टर को योजना की आगामी कार्य योजना एवं संभावित पूर्णता तिथि से भी अवगत कराया।

### नगर भवन में सुशासन तिहार...

वर्मा, राजेश वर्मा हरिश्चंद्र वर्मा, नरेश भट्टर, अजय गर्ग, रवि साहू ,रितेश श्रीवास्तव, ध्यानु गुप्ता, मितेंद्र जैन, खेल विभाग की अधिकारी प्रीति बंछोर शिक्षा विभाग के अधिकारी अविनाश तिवारी एवं नगर पालिका के उप अभियंता विनोद यादव, कमलेश्वरी गुरु पंचायन, अकाउंटेंट दुर्गेश साहू, स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप, अमित वर्मा, प्रसून शर्मा, गणेश पांडे, सत्येंद्र सिन्हा, सुरेंद्र सोना, गुरूदत्त तिवारी, सहित अन्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# स्कूलों में ताले शराब पर तालियां जय हो भाजपा की जनविरोधी नीति की : द्वारिकाधीश यादव

**बागबाहरा,** 22 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की नई आबकारी नीति और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लाया गया तथाकथित युक्तियुक्तकरण आदेश अब चौतरफा आलोचना के घेरे में है। इन दोनों निर्णयों ने राज्य की सामाजिक, शैक्षणिक और नैतिक संरचना को गंभीर रूप से झकझोर दिया है। छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव स्कूल शिक्षा विभाग और वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने इन नीतियों को सरकार की दोहरी मानसिकता और जनविरोधी सोच का स्पष्ट प्रमाण बताया है।

**शराब के सहारे खजाना भरने में जुटी सरकार**

विधायक यादव ने तीखे शब्दों में कहा कि भाजपा सरकार ने एक अप्रैल 2025 से राज्य में 67 नई शराब दुकानों को खोलने का निर्णय लेकर यह साबित कर दिया है कि उसे समाज की नैतिकता, युवाओं के भविष्य और ग्रामीण परिवारों की दुर्दशा से कोई सरोकार नहीं है। अब राज्य में कुल 741 शराब दुकानें संचालित होंगी। इसके अतिरिक्त मॉल और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में प्रीमियम शराब शॉप्स की अनुमति देकर सरकार नशे को शौक और विलासिता के रूप में परोसने की तैयारी में है। सरकार का दावा है कि इससे 1000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व अर्जित होगा। लेकिन विधायक यादव ने स्पष्ट कहा कि यह रकम समाज के भविष्य, युवाओं की मानसिकता और गरीब परिवारों के पारिवारिक ढांचे की कीमत पर इकट्ठा की जा रही है। उन्होंने सरकार के उस तर्क को सिरे से खारिज कर दिया जिसमें कहा गया है कि सीमावर्ती इलाकों में दुकानें खोलने से अवैध शराब पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि सरकार अवैध शराब के नाम पर वैध नशे को बढ़ावा दे रही है। यह नीति एक सुनियोजित सामाजिक अपराध है, जो नशामुक्ति अभियान की आत्मा की हत्या है।

**शिक्षा की बलि युक्तियुक्तकरण या युक्तिहीन संहार**

राज्य सरकार युक्तियुक्तकरण के नाम पर लगभग 4000 सरकारी स्कूलों को बंद करने की तैयारी में है, जिससे 35 हजार से अधिक शिक्षक स्थानांतरण के शिकार होंगे । विधायक यादव ने इस कदम को शिक्षा का नरसंहार करार देते हुए कहा कि शराब की दुकानें खोलने में सरकार को जनसंख्या, दूरी और लाभ दिखता है, लेकिन स्कूल बंद करते समय वह इन कसौटियों को क्यों भूल जाती है। सरकार का तर्क है कि कम दर्ज संख्या वाले स्कूलों को पास के विद्यालयों में मिलाया जाएगा। लेकिन यथार्थ यह है कि इससे ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के हजारों बच्चों को शिक्षा से वंचित कर दिया जाएगा, जहां एक स्कूल से दूसरे स्कूल की दूरी कई किलोमीटर होती है और परिवहन की कोई सुविधा नहीं होती। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य में 54000 से अधिक शिक्षक पद रिक्त हैं। शिक्षकों पर सर्वेक्षण, डाटा फीडिंग, प्रशासनिक कार्यों का भारी बोझ है। अब जब सरकार स्कूल बंद कर रही है और नई भर्तियां भी नहीं कर रही, तो यह शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त करने जैसा है। इससे आने वाले वर्षों में सामाजिक और शैक्षणिक विकास पूरी तरह बाधित होगा।



**छत्तीसगढ़ बना देश का पहला राज्य जिसने हजारों स्कूल बंद किए**

विधायक द्वारिकाधीश यादव ने एक नया और गंभीर सवाल उठाया है कि छत्तीसगढ़ भारत का पहला राज्य है जो इतनी बड़ी संख्या में स्कूलों को बंद करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह वही सरकार है जो डबल इंजन की बात करके जनता को बहलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने याद दिलाया कि 2018 के पहले इसी भाजपा सरकार ने बस्तर में सैकड़ों स्कूलों को बंद कराया था। जब 2018 में कांग्रेस की सरकार बनी, तो उन स्कूलों को पुन: चालू किया गया था। अब एक बार फिर यही भाजपा सरकार उसी जनविरोधी कृत्य को दोहरा रही है। उन्होंने पूछा कि क्या यही है सबका साथ - सबका विकास ? क्या यह नीति न्यायसंगत कही जा सकती है।

**शिक्षा के निजीकरण की खुली साजिश**

विधायक यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का असली लक्ष्य सरकारी शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करके निजी शिक्षा बाजार को बढ़ावा देना है। इससे गरीब, आदिवासी और ग्रामीण तबका सबसे ज्यादा प्रभावित होगा, जिनकी पहुंच केवल सरकारी स्कूलों तक है। मजबूरी में उन्हें महंगे निजी स्कूलों का सहारा लेना पड़ेगा जिससे आर्थिक असमानता और सामाजिक विषमता और भी गहरी होगी। उन्होंने कहा कि यह सरकार शिक्षा को अधिकार नहीं बल्कि व्यवसाय मानती है और इसी सोच के तहत यह कदम उठाए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन समेत कई शिक्षक संगठन इस नीति का खुला विरोध कर रहे हैं, लेकिन शिक्षा विभाग और लोक शिक्षण संचालनालय के उच्चाधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। कोई संवाद, सफाई या समाधान सामने नहीं आ रहा। विधायक यादव ने इसे प्रशासन की जवाबदेही की गंभीर कमी बताया और कहा कि सरकार जनता के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील हो चुकी है।

**विधायक की स्पष्ट मांगें जनहित में निर्णायक फैसलों की आवश्यकता**

पूर्व संसदीय सचिव स्कूल शिक्षा विभाग एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने सरकार के समक्ष जनहित से जुड़ी निम्नलिखित मांगें रखी हैं। जिनमे 67 नई शराब दुकानों को खोलने का निर्णय रद्द किया जाए, युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए और बंद किए जा रहे स्कूलों को पुन: संचालित किया जाए, 2008 का शिक्षक सेटअप पूरी तरह लागू किया जाए, शिक्षकों के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जाए एवं नशामुक्ति अभियान को केवल प्रचार तक सीमित न रखकर धरातल पर प्रभावी रूप से लागू किया जाए।

**यह सरकार समाज को गिरवी रख रही है: विधायक यादव का सीधा वार**

विधायक यादव ने कहा कि शिक्षा को समाप्त करके और शराब को प्रोत्साहित करके यह सरकार स्पष्ट कर रही है कि उसे समाज की भलाई से कोई लेना देना नहीं है। जब सरकारी स्कूलों में शिक्षक ही नहीं होंगे तो बच्चों से क्या और कैसे अपेक्षा की जाएगी। और जब हर चौराहे पर शराब बिकेगी तो समाज किस दिशा में जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इन जनहित मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो वे इस विषय को लेकर विधानसभा से लेकर सड़क तक आंदोलन करेंगे। साथ ही उन्होंने जनता से भी आह्वान किया कि अब समय आ गया है चुप्पी तोड़िए और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाइए।

यह केवल शिक्षा या शराब का नहीं बल्कि पूरे समाज और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का सवाल है। यह सरकार की प्राथमिकताओं का पर्दाफाश करने वाला क्षण है। यदि जनता अब भी चुप रही तो कल न स्कूल बचेंगे न समाज। सवाल यह नहीं है कि सरकार क्या कर रही है असली सवाल यह है कि जनता कब जागेगी।

# भाजपा सरकार सभी वर्गों के हित के लिए कार्य कर रहा : चंदूलाल



**राजिम,** 22 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत कार्यालय परिसर मे सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में लोगों को हितग्राही मूलक सामग्री जैसे नगर पंचायत द्वारा 30 लोगो को राशन कार्ड का वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 03 लोगो को मच्छरदानी वितरण, वही 03 लोगो को आयुष्मान कार्ड वितरण तथा 02 हितग्राहियो को पोषण आहार का वितरण किया गया।

वहीं कृषि विभाग द्वारा 05 हितग्राहियो को धान का बीज वितरण किया गया, महिला बाल विकास विभाग द्वारा 06 हितग्राहियो को गोद भराई, तथा 6 बच्चो को अन्नप्राशन कराया गया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही समस्या शिविर मे 1586 आवेदन प्राप्त हुवा था।, जिसमे अधिकांश आवेदन का निराकरण विभिन्न विभागों से किया गया।।

शिविर में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष गायकवाड, तहसीलदार अजय चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू सहित नगर पंचायत के पार्षद गण उपस्थित हुए।

छत्तीसगढ़ राज्य गृह भंडार निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव शाय की पहल पर सुशासन त्यौहार का आयोजन पूरे प्रदेश भर मे किया जा रहा हैं, सरकार के अधिकारी कर्मचारी स्वयं लोगों तक पहुंचकर उनके समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं, मुख्यमंत्री स्वयं गांव का दौरा कर लोगों की समस्या का हल व उनकी मांग को पूरा कर रहे हैं। भाजपा सरकार सभी वर्गों के हित के लिए कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि राजीम नगर के विकास के लिए हम सब संकल्पित हैं, बहुत जल्द नगर पालिका बनाने के लिए मुख्यमंत्री से यहां के जनप्रतिनिधि मुलाकात कर राजिम को नगर पालिका बनाने की मांग करेंगे।

**जन्म से मरण तक सरकार के विभिन्न योजनाएं लागू है, जिसका प्रत्यक्ष लाभ लोगों को मिल रहा : सन्तोष उपाध्याय**

पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार लोगों के हित के लिए कार्य कर रही है, जन्म से मरण तक सरकार के विभिन्न योजनाएं लागू है, जिसका प्रत्यक्ष लाभ लोगों को मिल रहा है, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समस्या समाधान शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान कर एक अच्छा प्रयास किया जा रहा है। निश्चित ही हर वर्ग को इसका लाभ मिलेगा।

**सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना : महेश यादव**

नगर अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना है, इसीलिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आम लोगों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं को जानने और समाधान करने का प्रयास कर रही है। राजिम नगर विकास के लिए मैं संकल्पित हूं, हमारा यह प्रयास रहेगा की बहुत जल्द नगर में भव्य बस स्टैंड, नगर के सभी रोड में गौरव पथ, गार्डन, आदि बने इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन पटेल समाज के जिला अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने किया, आभार व्यक्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष गायकवाड़ ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षदों में तुषार कदम, श्रीमती जानकी पटेल, नरोत्तम श्री ठाकुर, भारत यादव, अंजनी उत्तम निषाद, आकाश राजपूत, बलराम यादव, सुरेश पटेल, टंकेश्वर सोनकर, अजय पटेल, सुमित्रा बाई निराला, मंसाराम कुर्रे, कुलेश्वर साहू, श्रीमति रेखा साहू कुलेश्वर साहू, स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ डॉक्टर वीरेंद्र हिरौदिया, नायब तहसीलदार, नितेश भवर उप अभियंता, वेद प्रकाश साहू लेखपाल, रूपेश खरे समय पाल, ज्योति पटेल ए आर आई, दीपक वर्मा, सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व मितानिन उपस्थित हुए।

# विकास कार्यों का मंत्री वर्मा एवं नपा अध्यक्ष अशोक जैन ने किया भूमिपूजन



**हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में होगा 65.56 लाख का निर्माण कार्य**

**बलौदाबाजार,** 22 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 2 में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निवासियों को मूलभूत सुविधा के साथ अन्य विकास के आवश्यक कार्यों को पूर्ण किए जाने अधोसंरचना मद से प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित कार्य योजना के अनुरूप 65.56 लाख राशि स्वीकृत होने उपरांत विकास कार्य पूर्ण कराए जाने नगर पालिका द्वारा भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भूमि पूजन कार्यक्रम टंकराम वर्मा केबिनेट मंत्री के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के प्रयास से पंडित दीनदयाल उपाध्याय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में विकास कार्य, पेवर ब्लाक, सौंदर्यीकरण व अन्य कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में आमंत्रित मंत्री टंकराम वर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन का पुष्पहार से मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई व पार्षद अमितेष नेताम के द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसके साथ ही वार्डवासियों ने भी आमंत्रित अतिथिगणों का स्वागत किया। नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों के क्रम में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने नगर में विकास कार्यों की सराहना करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा नगर में विकास कार्य हेतु हर संभव सहयोग किये जाने की बात कही गई।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले, वार्ड पार्षद अमितेश नेताम, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केशरवानी, योगेश अग्रवाल, श्रीमती सुनीता वर्मा, नीलम सोनी, पार्षद कन्हैया सेन, सतीश पटेल, हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डड़सेना, गौतम चौहान, लोकेश चेलक, पार्षद प्रतिनिधि सुभाष राव, शशि भूषण शुक्ला, मनीष वर्मा, रवि फेकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, रवि शंकर वर्मा, के.के. वर्मा, रेवाराम साहू, हेमंत टिकरिया, ध्यानु गुप्ता, राजेश वर्मा, अजय गर्ग, मदन वर्मा, रवि साहू, हरिश्चंद्र वर्मा, संदीप साहू, नगर पालिका के उप अभियंता मुगल किशोर साहू, अमित वर्मा, प्रसून शर्मा, शतेन्द्र सिन्हा, रामनरेश मतावले, सालिकराम वर्मा, समीम खान, गुरुदत्त तिवारी सहित वार्ड क्रमांक 2 के वरिष्ठ नागरीकरण व जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

# देवरी गांव में ओले के साथ हुई झमाझम बारिश



**बागबाहरा,** 22 मई (देशबन्धु)।बीती रात्रि में बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत देवरी में गरज चमक एवं तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। इस दौरान जमकर बड़े बड़े ओले भी गिरे। जिससे गांव के पंचायत भवन, स्कूल भवन, अस्पताल भवन, सोसायटी केंद्र, छात्रावास भवन प्रांगण के अलावा गांव के गलियों में पानी भर गया। जिसके कारण लोगों को आने जाने में काफी असुविधा होती रही। वहीं ओले के साथ बारिश होने से रबी की धान फसल को काफी नुकसान हुआ है। इन दिनों पूरे क्षेत्र में तेज़ हवाओ एवं गरज चमक के साथ दिन एवं रात में जमकर मूसलाधार बारिश होने से भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल रही है। वहीँ दूसरी ओर धान की फसल को क्षति भी हो रही है। खेतिहर किसान मजदूर इन दिनों रबी धान फसल की कटाई में जोरों से जुटे हुए हैं। लेकिन मौसम के बदलते मिजाज से किसान परेशान है।

# स्व. राजीव गांधी आधुनिक युग के निर्माता : इन्द्र साव



**कम्युटर क्रांति के जनक को भाटापारा कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि**

**भाटापारा,** 22 मई (देशबन्धु)।कांग्रेस भवन में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में विधायक इंद्र साव की उपस्थित में मनाई गई इस अवसर पर विधायक श्री साव ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के छायाचित्र पर माल्या अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कांग्रेस भवन में उपस्थित कांग्रेस जनों से अपने संबोधन में विधायक इंद्र साव ने देश के लिए राजीव गांधी के द्वारा किए गए कार्यों का याद कर उनका संस्मरण सुनाया। श्री साव ने कहा कि उन्होंने बहुत ही कम उम्र में देश की बागडोर संभाल कर साहसिक फैसला लिए जिससे भारत देश विकसित देश की ओर अग्रसर हुआ। कंप्यूटर क्रांति के जनक के रूप में सदैव राजीव गांधी जी को याद किया जाएगा, उन्होंने महिलाओं के लिए 33त्न का आरक्षण लागू करवाया, पंचायती राज व्यवस्था भी राजीव जी की दूरगामी सोच का परिणाम हैजिसकी वजह से गांव का विकास और उनकी अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुई।

विधायक इंद्र साव ने आगे कहा कि आज पूरा देश स्व राजीव गांधी को याद करता है आधुनिक युग के निर्माता रहे, पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी ने अपने दूरदर्शी दृष्टिकोण से आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाते हुए देश को नई बुलंदियां प्रदान कीं। उनका विज़न हमारी नीतियों का मार्गदर्शक है। हम सभी कांग्रेसी स्वर्गीय राजीव गांधी के बताए गए मार्ग पर चलने का प्रण लेते हैं।

इस अवसर पर ईश्वर सिंह ठाकुर, सुशील शर्मा, अरुण यादव ब्लॉक अध्यक्ष, सतीश अग्रवाल, राजकुमार शर्मा, आलोक मिश्रा, रोशन हबलानी, दिवाकर मिश्रा, सुंदर लाल साहू जनपद सदस्य, चंद्रशेखर चक्रधारी पार्षद, अजय ठाकुर पार्षद, गेन्दू साव पार्षद, ठाकुरराम साहू पार्षद, कामलेश साहू सरपंच दतरेंगी, नारायण जोशी सरपंच टेहका, महेंद्र साहू, सचिन्द्र शर्मा, वैभव केशरवानी, मनमोहन कुर्रे, नवीन बख्स, सत्यजीत शेंडे, मोहन निषाद, राजेन्द्र वर्मा, धनंजय कुमार कुर्रे, बुद्धेश्वर रजक (पिंटू), ओमप्रकाश यदु, पप्पू यदु, रमाशंकर पटेल, उदय साहू, कीरित वर्मा सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# गर्मी की मार, ऊपर से अघोषित बिजली कटौती से जनता त्रस्त





**नवापारा में ब्लॉक कांग्रेस ने कार्यपालन यंत्री के नाम कनिष्ठ अभियंता ए के वर्मा को सौंपा ज्ञापन**

**नवापारा राजिम,** 22 मई (देशबन्धु)। अघोषित विद्युत कटौती से आम जनता को हो रही परेशानी से अवगत कराने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोबरा नवापारा के द्वारा आज 22 मई गुरुवार को संभागीय कार्यालय पारागांव पहुंचकर ज्ञापन सौंपा । उन्होंने कहा कि नवापारा नगर धार्मिक और व्यापारिक रूप से एक प्रमुख केंद्र है यहां लगातार लाइट गोल होने से नगर की आम जनता, व्यापारिक बंधु, डॉक्टर, नर्सिंग होम संचालक, मैकेनिकल कार्य करने वाले बंधु, किसान भाई, छात्रगण बहुत परेशान हैं। किसी भी वक्त बिजली चली जाती है एवं सारे कार्य रुक जाते हैं। इन कारणों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक ज्ञापन पारा गांव बिजली ऑफिस में दिया गया तथा समस्या का निराकरण नहीं होने की स्थिति में आंदोलन करने की बात कही गई।

बीच बीच में बारिश के बाद उमस भी बढ़ जाती है। दिन में तेज धूप से लोगों के पसीने छूट रहे हैं, लेकिन बिजली साथ नहीं दे रही है। जब भी बारिश होने की संभावना दिखती है, हवा चलती हैं तो बिजली बंद हो जाती है। यह समस्या पिछले कई दिनों से कुछ ज्यादा बनी हुई है। किसी किसी दिन तो दिनभर बिजली की लुकाछिपी जारी रहती है। लोग इससे काफी परेशान हो गए है।

कनिष्ठ अभियंता ए के वर्मा ने एक चर्चा में बताया कि विभाग द्वारा किसी प्रकार से कटौती नहीं की जाती। कटौती करने से विभाग का ही नुकसान होता है। तेज गर्मी और बरसात में इंसुलेटर शॉर्ट हो जाते है या कई बार फट जाते है जिससे लाइन मे फाल्ट आ जाता है। इसके साथ साथ पक्षी, जीव जंतु, बंदर आदि समय समय पर करेंट की चपेट मे आ जाते है जिससे भी इंसुलेटर शॉर्ट होता है और बिजली बंद हो जाती है। बार बार बिजली कड़कने से कई इंसुलेटर कमजोर हो जाते है जो फाल्ट का कारण बनता है।

किसी जगह पर फाल्ट की जानकारी होने पर तुरंत फाल्ट खोज कर उसे सुधार किया जाता है लेकिन कई बार फाल्ट खोजने में भी समय ज्यादा लगता है। कभी कभी फाल्ट की जानकारी नहीं मिलने से हर 3-4 खंभों में चढ़कर खोजा जाता है इन सब में समय लगता है। फाल्ट बनाते समय लाइन बंद करना ही पड़ता है साथ ही एक ही जगह से कई कनेक्शन जुड़े होने से फाल्ट आये । चालू लाइन में काम करना संभव नहीं है इससे कर्मचारियों की जान का खतरा बना रहता है इन सब कारणों से ही बिजली बंद होती है।

**ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से ये रहे शामिल:** ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ शर्मा, पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, जीत सिंह, महामंत्री राजा चावला, नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, रामकुमार शर्मा, रामरतन निषाद, अर्जुन साहू, अजय साहू, हेमंत साहनी, टिकेश गिलहरे, दीपाली राजपूत, मानसिंह ध्रुव, प्रतीक साहू, वीरेंद्र राजपूत, शहीद रजा, बलि राम उपस्थित थे।

# संकाय सदस्य अभय प्रकाश साहू को किया गया राजिम अटैच, कर्मचारियों की शिकायत पर हुई कार्यवाही



**राजिम,** 22 मई (देशबन्धु)। जनपद पंचायत फिंगेश्वर के मनरेगा शाखा के अधिकारी कर्मचारियों ने सुरसाबांधा में आयोजित सुशासन तिहार समाधान शिविर में संकाय सदस्य अभय प्रकाश साहू द्वारा अन्य कर्मचारियों से काफी दुर्व्यवहार एवं अपशब्दों का उपयोग करने की शिकायत की थी। कर्मचारियों के आवेदन पर कलेक्टर श्री उइके ने गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करते हुए अभय प्रकाश साहू को एसडीएम कार्यालय राजिम अटैच कर दिया गया है। मनरेगा विभाग के कर्मचारियों ने उनके खिलाफमोर्चा खोलते हुए कार्य बंद करने की चेतावनी दी थी।

विदित हो कि फिंगेश्वर ब्लाक के मनरेगा कर्मचारियों की शिकायत पर त्वरित कार्रवाही नहीं करने पर उनके खिलाफमोर्चा खोलते हुए कार्य बंद करने की चेतावनी दी थी। इसी तारतम्य में जिला पंचायत सीईओ गरियाबंद द्वारा आदेश जारी कर अभय प्रकाश साहू को एसडीएम कार्यालय राजिम अटैच कर दिया गया है। संकाय सदस्य एसडीएम राजिम द्वारा दिए जाने वाले दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# राजनांदगांव कृषि उपज मंडी बन रहा नया विकल्प



**समय पर कामकाज ने बढ़ाई आवक**

**भाटापारा,** 22 मई (देशबन्धु)। भाटापारा नहीं, अब राजनांदगांव कृषि उपज मंडी किसानों को लुभा रही है क्योंकि समय पर कामकाज हो जा रहा है।

अव्यवस्था के साए में बीते एक पखवाड़े से कृषि उपज मंडी का संचालन हो रहा है। असर किसान, अभिकर्ता और खाद्य प्रसंस्करण ईकाइयों पर पड़ रहा है अर्थ और समय की बर्बादी के रूप में। बचाव के उपायों के बीच उस राजनांदगांव कृषि उपज मंडी का नाम सामने आ रहा है, जहाँ न केवल भाव संतोषजनक बने हुए हैं बल्कि समय पर कामकाज हो जा रहा है।

**इन जिलों की आवक हो रही कमजोर:** बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, कवर्धा, सांरगढ-बिलाईगढ़, बेमेतरा के साथ बलौदाबाजार जिले के कुछ हिस्से के किसानों की रुचि राजनांदगांव कृषि उपज मंडी ने बढ़ा दी है। यह इसलिए क्योंकि समयबद्धता को लेकर राजनांदगांव मंडी की पहचान पूरे प्रदेश में है। इसके अलावा प्रतिस्पर्धी खरीदी का माहौल लगभग पूरे साल होता है।

**चिंता में पोहा मिलें:** अव्यवस्था के बीच संचालित पोहा मिलों के सामने इस स्थिति ने तब दस्तक दी है, जब बारिश के दिनों के लिए भंडारण का काम शुरू ही हुआ है। ऐसे में भंडारण सीमा पर प्रतिकूल असर की आशंका से इनकार नहीं कर रहीं हैं पोहा मिलें। चिंता इसलिए भी बढ़ी हुई है क्योंकि नई परिस्थितियां किसानों को हमेशा के लिए भाटापारा कृषि उपज मंडी से दूर कर सकती है।

**जरुरत स्थायी समाधान की:** खरीफ और रबी, दोनों सत्र में आवक के दिनों में जैसी अव्यवस्था बनती है, उसे दूर करने की दिशा में गंभीर प्रयास करने होंगे जिनमें पहली जरूरत श्रमिकों की संख्या में वृद्धि है। नहीं हो पाने की स्थिति में सोसायटियों की तर्ज पर व्यवस्था बनानी होगी। जिससे फिलहाल मंडी प्रबंधन इनकार कर रहा है। यही हठधर्मिता राजनांदगांव की राह खोल चुकी है।

पोहा मिलें अव्यवस्था से अब परेशान होने लगीं हैं। नई समस्या इसलिए दूरगामी असर दिखा सकती हैं क्योंकि भाटापारा मंडी छोड़ रहे किसानों को लौटा पाना कठिन होगा। इसलिए मंडी प्रबंधन को गंभीर कोशिश करनी होगी।

**-रंजीत दावानी, अध्यक्ष, पोहा मुरमुरा निर्माता कल्याण समिति, भाटापारा**

# मयूर शिशु मंदिर प्रांगण में सुशासन तिहार कार्यक्रम



**भाटापारा,** 22 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत मयूर शिशु मंदिर प्रांगण में सुशासन तिहार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करते हुए आमजन तक पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं पहुंचाना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को सुनकर मौके पर ही संबंधित विभागों को कार्यवाही के निर्देश दिए गए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को पोषण किट, किसान क्रेडिट कार्ड, श्रमिक कार्ड, लर्निंग लाइसेंस, पेंशन स्वीकृति पत्र, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ सहित अनेक सुविधाएं प्रदान की गईं। गोद भराई एवं अन्नप्राशन संस्कार के माध्यम से मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण को प्रोत्साहित करने वाली योजनाओं को भी जनसामान्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मौके पर ही हितग्राहियों को प्रमाण-पत्रों का वितरण किया गया, जिससे शिविर की उपयोगिता और प्रभावशीलता सिद्ध हुई।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, सभापति मनीष मिश्रा, गोविंद पटेल, पार्षद नंदू वैष्णव, भुवन ठाकुर, मोंटू ध्रुव, ठाकुर राम साहू, उमाशंकर वर्मा, बब्बू मंधान, चंद्रकांत खुटे, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहन बांधे, कीर्तन जायसवाल, गोपी ध्रुव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण उपस्थित रहे। वर्जन अश्वनी शर्मा - सुशासन तिहार शासन की संवेदनशीलता और जवाबदेही का प्रतीक है। इससे योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक सीधे पहुंचता है और आमजन का प्रशासन पर विश्वास बढ़ता है। जनहित में ऐसे शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि भाटापारा नगर विकास के प्रत्येक आयाम में अग्रसर हो सके।

# अहिल्या बाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति कार्यशाला का आयोजन



**अहिल्या बाई ने अपने शासनकाल में काशी, अयोध्या, केदारनाथ सहित देशभर के 3175 धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार कराया, उसके शासन काल में राज-व्यवस्था, न्याय व सुशासन की मिसाल कायम की : संध्या राव**

**नवापारा राजिम,** 22 मई (देशबन्धु)। यह यात्रा सामुदायिक भवन पहुंचकर समापन किया गया। सामुदायिक भवन में अहिल्या बाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने कहा उन्होंने अपने शासनकाल में काशी, अयोध्या, केदारनाथ सहित देशभर के 3175 धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार कराया। वे परम शिवभक्त थीं। मात्र 10 वर्ष की उम्र में उनका विवाह मल्हार राव होलकर के पुत्र से हुआ। पति और पुत्र के निधन के बाद उन्होंने राज्य की बागडोर संभाली। शासन को समृद्ध बनाया। गरीब बेटियों की शादी करवाई। भोजनालय और तालाब बनवाए। जनकल्याण के कई कार्य दान के माध्यम से कराए। 26 वर्षों तक शासन किया। उनके काल में राज-व्यवस्था, न्याय व सुशासन की मिसाल कायम की।

श्रीमती संध्या राव ने आगे कहा कि सुहाग की कीमत क्या होती है ये धर्म पूछ के मारने वाले क्या जाने ,हाथों की मेहंदी का रंग नहीं उतरा था और मांग का सिंदूर उजाड़ दिए आतंकी ,महिलाओं में आक्रोश देखने मिल रहा ,राज माता अहिल्या बाई होलकर जो महिलाओं की प्रेरणा श्रोत है उनका जीवन भी दुख तकलीफसे भरा ,और वो एक कुशल नेतृत्व की परिचायक रही ,आज देश की स्थिति भी वैसे ही दौर से गुजर रही पहलगांव में शहीद हुए पर्यटक की धरम पत्नियां जो त्याग और बलिदान दिए उनका जवाब दो महिलाओं सोफिया कुरेशी और व्योमिता सिंह के माध्यम से उस पाकिस्तान को दिया ये सच्चा इंसाफहम महिलाओं को मिला हम देश के हर उस सैनिक के साथ है जो हम महिलाओं की पीड़ा को समझ कर खुद की परवाह न करते हुए पाकिस्तान को झुका के रख दिए। सभा को नपा अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने भी संबोधित किया।